# THE BOOK WAS DRENCHED

UNIVERSAL
LIBRARY
OU_180856
UNIVERSAL
LIBRARY

OUP—556—13-7-71—4,000.

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H781·0954 V34S Accession No. PG H2954

Author वासुदेवशास्त्री

Title संगीतशास्त्र - 1958

This book should be returned on or before the date last marked below.

# संगीत शास्त्र

हिन्दी-समिति-ग्रन्थमाला—१९

# संगीत शास्त्र

लेखक
के० वासुदेव शास्त्री

प्रकाशन शाखा, सूचना विभाग
उत्तर प्रदेश

प्रथम संस्करण
१९५८

मूल्य
साढ़े छः रुपये

मुद्रक
सम्मेलन मुद्रणालय, प्रयाग

# प्रकाशकीय

भारत की राजभाषा के रूप में हिंदी की प्रतिष्ठा के पश्चात् यद्यपि इस देश के प्रत्येक जन पर उसकी समृद्धि का दायित्व है, किन्तु इससे हिन्दी भाषा-भाषी क्षेत्रों के विशेष उत्तरदायित्व में किसी प्रकार की कमी नहीं आती। हमें संविधान में निर्धारित अवधि के भीतर हिन्दी को न केवल सभी राजकार्यों में व्यवहृत करना है, वरन् उसे उच्चतम शिक्षा के माध्यम के लिए भी परिपुष्ट बनाना है। इसके लिए अपेक्षा है कि हिन्दी में वाङ्मय के सभी अवयवों पर प्रामाणिक ग्रन्थ हों और यदि कोई व्यक्ति केवल हिन्दी के माध्यम से ज्ञानार्जन करना चाहे तो उसका मार्ग अवरुद्ध न रह जाय।

इसी भावना से प्रेरित होकर उत्तर प्रदेश शासन ने हिन्दी समिति के तत्त्वावधान में हिन्दी वाङ्मय के सभी अंगों पर ३०० ग्रन्थों के प्रणयन एवं प्रकाशन के लिए पंच-वर्षीय योजना परिचालित की है। यह प्रसन्नता का विषय है कि देश के बहुश्रुत विद्वानों का सहयोग इस सत्प्रयास में समिति को प्राप्त हुआ है जिसके परिणाम-स्वरूप थोड़े समय में ही विभिन्न विषयों पर अठारह ग्रन्थ प्रकाशित किये जा चुके हैं। देश की हिन्दीभाषी जनता एवं पत्र-पत्रिकाओं से हमें इस दिशा में पर्याप्त प्रोत्साहन मिला है जिससे हमें अपने इस उपक्रम की सफलता पर विश्वास होने लगा है।

प्रस्तुत ग्रंथ हिन्दी ग्रंथमाला का १९वाँ पुष्प है। सम्प्रति हिन्दी में संगीत शास्त्र पर वस्तुतः ग्रंथों की बहुलता नहीं है, और जो ग्रंथ प्रकाशित भी हुए हैं उनमें सांगोपांगत्व, विस्तृत विवेचन एवं शोध का अभाव दिखाई पड़ता है। प्रस्तुत पुस्तक के लेखक श्री के० वासुदेव शास्त्री न केवल भारतीय संगीत की विभिन्न पद्धतियों के सुविज्ञ हैं, वरन् उन्होंने गत सैंतीस वर्षों से प्राचीन ग्रंथों में संगीत शास्त्र-विषयक समस्त उपलब्ध सामग्री का अध्ययन किया है। और इस अध्ययन, चिन्तन, एवं मनन का परिणाम है प्रस्तुत ग्रंथ। इसमें संगीत के सभी तत्त्वों का सरल, सुबोध और आकर्षक

ढंग से उद्‌घाटन हुआ है। इससे भारतीय संगीत के विद्यार्थियों एवं जिज्ञासुओं की तृप्ति तो होगी ही, साथ ही इस दिशा में आगे शोध करनेवालों को प्रचुर प्रेरणा एवं दिग्‌निर्देश भी प्राप्त होगा। इसी विश्वास से हम इसे हिन्दी के सहृदय पाठकों के सम्मुख उपस्थित करते हैं।

भगवतीशरण सिंह
सचिव, हिन्दी समिति

# भूमिका

हमारे प्राचीन ग्रन्थों में संगीत शास्त्र विषयक जो सामग्री उपलब्ध है, पिछले ३७ वर्ष से मैं उसका अध्ययन करता रहा हूँ। यह पुस्तक उसी का परिणाम है। तंजौर जिले में स्थित मेरे ग्राम कीवलूर में बहुत से शौकिया तथा पेशेवर संगीतज्ञ निवास करते थे। कन्दस्वामी नागस्वरक्कारर नामक अत्यन्त प्रसिद्ध वंशीवादक उसकी शोभा बढ़ा रहे थे। वे वंशीवादक संगीतज्ञों के मुकुटमणि थे, जिनका स्थान देश के उस अञ्चल में सामान्यतः अन्य वादकों तथा गायकों के समकक्ष ही माना जाता है। राग, छाया तथा स्वर-संचार की प्रथम शिक्षा मुझे अपने बड़े भाई श्री माधव शास्त्री से मिली जो संगीत शिक्षक थे। मुझे अपने गांव के बहुत ही कुशल संगीतज्ञ श्रीरामचन्द्र भागवतार का गायन सुनने तथा उनसे कुछ सीखने का भी अवसर प्राप्त हुआ था। पहले तो वे हिन्दुस्थानी संगीत के अद्वितीय गायक के रूप में प्रसिद्ध हुए, किन्तु बाद में उन्होंने कर्णाटक संगीत में भी ख्याति प्राप्त की। उनके नारी-सुलभ कण्ठस्वर पर नागूर के मशहूर ढोलकवादक तंजौर निवासी जनाब नन्हूं मियां साहब, मुग्ध हो गये। इन्होंने उन्हें शास्त्रीय हिन्दुस्थानी संगीत की शिक्षा दी और फिर दोनों ने साथ-साथ समस्त दक्षिण भारत का परिभ्रमण किया जिससे दोनों को ही संयुक्त लाभ पहुंचा। श्री रामचन्द्र भागवतार ने अपने प्रारम्भिक जीवन के कितने ही वर्ष उस समय के दो महान् करनाटकी संगीतज्ञों, श्री महावैद्यनाथ ऐयर तथा श्री पटनम सुब्रह्मण्य ऐयर, का संगीत सुनने में बिताये और जब उक्त दोनों प्रतिष्ठित कलाकार दिवंगत हो गये, तब स्वयं प्रथम कोटि के करनाटकी संगीतज्ञ का स्थान प्राप्त कर लिया। इसी समय सुप्रसिद्ध अभिनेत्री बालामणि ने लुभावना वेतन देकर उन्हें संगीत की शिक्षा प्रदान करने के लिए कुछ वर्षों तक अपने यहां नियुक्त कर लिया, जिससे पेशेवर संगीतज्ञ के रूप में उनका जीवन समाप्त हो गया। इसके बाद उन्होंने अपना अधिकांश समय संगीत की शिक्षा प्रदान करने में ही लगाया और वे लगभग २५ वर्षों तक "संगीतज्ञों के संगीतज्ञ" रूप में ही प्रसिद्ध रहे। मैंने देखा था कि स्वर्गीय पंचम केश भागवतार, वायलिन गोविन्द स्वामी पिल्लै, नागस्वरम् पक्किरिया पिल्लै, कोयम्बटूर तयी और बंगलौर नागरत्नम् रागों तथा कृतियों के किसी गूढ़ तत्त्व को समझने के लिए हफ्तों तक उनकी मौज का इन्तजार किया करते थे। पिछली शताब्दी

के उत्तरार्ध में कर्णाटक संगीत के उक्त दोनों आचार्यों की संयुक्त परम्परा का प्रतिनिधित्व उन्होंने किया।

मैंने उस समय तक रागों, उनकी छायाओं, उनके स्वरों तथा संचारों का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था, जब सन् १९२१ में प्रकाशित पूना ज्ञान समाज के स्मृति-ग्रन्थ में संगीत विषयक संस्कृत के भाषण मैंने देखे। उसमें मुझे श्री बलवन्त तैलंग सहस्त्रबुद्धे तथा कुछ अन्य विद्वानों के व्याख्यान पढ़ने को मिले। संगीत रत्नाकर, नारदी शिक्षा तथा पाणिनि शिक्षा, यही तीन पुस्तकें थीं जिनका अध्ययन मैंने पहले पहल किया।

संस्कृत जानने के कारण मुझे संगीत रत्नाकर तथा नारदी शिक्षा के श्लोकों का अर्थ समझने में वहाँ यथेष्ट सुविधा हुई जहां तक ऐसे विषय का सम्बन्ध था जो प्राविधिक न था, किन्तु उसके प्राविधिक अंश में हर दूसरे-तीसरे श्लोक पर कठिनाई का सामना करना पड़ा। पहली समस्या श्रुतियों और स्वरों के पारस्परिक सम्बन्ध में थी जिसका मुझे समाधान करना था। हमें बताया गया है कि सप्तक में बाईस श्रुतियां होती हैं, षड्ज में चार, ऋषभ में तीन, इत्यादि और समस्त सातों स्वरों में बाईसों श्रुतियों का समावेश हो जाता है। अब प्रश्न यह था "क्या प्रत्येक श्रुति एक स्वर का प्रतिनिधित्व करती है? ग्रन्थों में जो यह कहा गया है कि षड्ज में चार श्रुतियां होती हैं, क्या उसका यह आशय है कि षड्ज भी चार होते हैं?" कोई भी इसका उत्तर "हां" में न देगा। फिर, यदि प्रत्येक श्रुति का आशय स्वर ही हो, तो इसके लिए दो पृथक शब्द—श्रुति और स्वर—रखने की क्या आवश्यकता है? और यदि प्रत्येक श्रुति स्वर है तो फिर स्वर भी बाईस होने चाहिए, जब कि ग्रन्थों में कहीं भी इनकी अधिक से अधिक संख्या १९ के ऊपर नहीं आयी है। मैंने सहजबुद्धि से यह परिणाम निकाला कि श्रुतियां वे घटक अंग मात्र हैं जिनसे स्वरों का निर्माण हुआ है अर्थात् प्रत्येक स्वर चार, तीन या दो श्रुतियों के संयोग से बना है। कई वर्षों के बाद जब मैंने नाट्यशास्त्र का सुषिराध्याय याने ३० वां अध्याय देखा तो मेरे इस विचार की पुष्टि हो गयी। किन्तु इस पुष्टि के बहुत पहले ही मानों मेरे कान में कोई कह उठता था कि मेरा यह सोचना यथार्थ है। श्रुतियां स्वरों के निर्माणकारी अंग हैं, लेकिन फिर यह प्रश्न उपस्थित हुआ कि "किसी विशिष्ट श्रुति में प्रत्येक स्वर का अपना स्थान है", इस कथन का क्या तात्पर्य है? प्रत्येक स्वर को किसी विशिष्ट श्रुति के रूप में पहचानने में हमें अपने कानों से सहायता मिलती है जिससे इस मत की पुष्टि होती है कि प्रत्येक स्वर एक ही श्रुति-विशेष का द्योतक है। इसका उत्तर मैंने यह कहकर दिया कि यद्यपि प्रत्येक स्वर कई श्रुतियों के मेल से बनता है, फिर भी जो

श्रुति अधिक देर तक बनी रहती है, उसी से स्वर का स्थान निर्धारित करने में सहायता मिलती है।

नाट्यशास्त्र के जिस अंश से स्वरों की बनावट सम्बन्धी मेरे मत का समर्थन होता है, वह जैसा कि पहले कहा जा चुका है, नाट्यशास्त्र के सुषिर सम्बद्ध तीसवें अध्याय में आया है जहां चार श्रुतियोंवाले, तीन श्रुतियोंवाले तथा दो श्रुतियोंवाले स्वर उत्पन्न करने की विधि का उल्लेख किया गया है। वहां कहा गया है कि जब आप किसी स्वर सम्बन्धी छिद्र को पूरा खुला रखते हैं, तो चार 'श्रुतियोंवाला स्वर निकलता है, जब उसे आधा बन्द रखते हैं तब दो श्रुतियों का स्वर प्राप्त होता है और जब आप जल्दी-जल्दी उसे बन्द करते तथा खोलते हैं तो तीन श्रुतियोंवाला स्वर निकलता है। पश्चिम का "मध्यावकाश" वाला विचार, मैं भरत मुनि के[1] स्पष्ट कथन को देखते हुए स्वीकार नहीं कर सकता था। इस दिशा में मैंने बाद में जो गवेषणा किये हैं, उनसे यह बात प्रमाणित हो गयी है कि मैंने जो कहा था, वह सत्य है।

दूसरा प्रश्न, जिसका समाधान मुझे करना है, इस कथन के सम्बन्ध में था कि सप्तक में केवल २२ श्रुतियां होती हैं। केवल २२ श्रुतियों के होने की बात कहने का क्या आशय है जब कि हम सप्तक में अगणित श्रुतियों की कल्पना कर सकते हैं? संगीत रत्नाकर में "श्रुति वीणा" सम्बन्धी श्लोकों का अच्छी तरह अध्ययन करने से यह कठिनाई दूर हो गयी। "बाईस श्रुतियां, एक दूसरी से अधिक ऊंचाई पर, बाईस तारों पर स्थापित की गयी हैं, शर्त यह है कि अनुक्रम में एक के बाद एक आगेवाली दो श्रुतियों के बीच में तीसरी श्रुति नहीं रह सकती।" (देखिए "संगीत रत्नाकर", अध्याय १, प्रकरण ३, श्लोक २—"स्यान्निरन्तरता श्रुत्योर्मध्ये ध्वन्यतराश्रुतेः।") शुरू में इस शर्त का कोई मतलब मेरी समझ में नही आ रहा था। मेरा तरीका ग्रन्थ के वाक्यों को बार-बार तब तक पढ़ते रहना रहा है, जब तक कि उनका वास्तविक अर्थ समझ में न आ जाय। कभी-कभी तो श्लोकों का यथार्थ आशय समझने में मुझे वर्षों लग गये हैं। जैसा कि बहुधा हुआ है, इस दृढ़ विश्वास के साथ लगातार परिश्रम करते

**१. मैंने प्रारम्भ से ही अपनी स्थापनाओं का आधार उन वाक्यों को माना है जो प्राचीन महर्षि हमारे लिए छोड़ गये हैं। मैंने उन्हें आधुनिक विज्ञान के नतीजों से अधिक ऊंचा स्थान दिया है। आज का विज्ञान अभी दिन पर दिन "प्रगति" ही कर रहा है, अतः आज की स्थापना में कल और सुधार हो जाया करता है। मैंने उक्त शास्त्रीय वाक्यों को व्यवहार के बिलकुल अनुरूप पाया है। प्रत्येक संगीतज्ञ उन्हें देख सकता है और उनकी परीक्षा कर सकता है।**

रहने से अन्य श्लोकों की तरह इनका भी अर्थ स्पष्ट हो गया कि हमारे महर्षियों ने जो कुछ कहा है, समस्त वैज्ञानिक साधनों से युक्त आज के सामान्य व्यक्तियों की अपेक्षा अधिक निश्चयपूर्वक कहा है और वे अधिक गहराई तक जा सके हैं, अन्त में अन्य श्लोकों की तरह इनका भी अर्थ स्पष्ट हो गया। एकाएक यह बात मेरे ध्यान में आयी कि जब एक श्रुति में दो स्वर एक दूसरे के बहुत निकट होते हैं, तब वे 'डोल' (बीट) उत्पन्न करते हैं और बिना एक दूसरे में मिले पृथक्-पृथक् नहीं रह सकते। इसलिए स्वतंत्र अस्तित्व की शर्त यह है कि श्रुतियों के बीच में कम से कम दूरी हो। अब उक्त श्लोक का अर्थ स्पष्ट हो गया। इसका आशय यह हुआ कि अनुक्रम में आनेवाली ऐसी केवल बाईस श्रुतियां ही हो सकती हैं जिनके बीच में इतना अल्पतम अन्तर हो कि डोलों की उत्पत्ति न होने पाये।

दूसरी समस्या उस समय सामने आयी जब मैंने "ग्राम", फिर "मूर्च्छना" और तब "जाति" से सम्बद्ध धारणाओं पर विचार किया। इनके कारण मुझे अधिक कठिनाई नहीं हुई, क्योंकि उनका अर्थ आसानी से मेरी समझ में आ गया। फिर भी मुझे इन धारणाओं के सम्बन्ध में जनता में प्रचलित अनेक भ्रांतियों से जूझना पड़ा। इस पुस्तक में मैंने विस्तार से यह कार्य किया है। तंजौर के सरस्वती महल में कार्य करने का परम सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ था, जहां पाण्डुलिपियों का दुर्लभ संग्रह विद्यमान है, अतः संगीत के सम्बन्ध में प्रत्येक छपी हुई पुस्तक और पाण्डुलिपियों में उपलब्ध प्रायः एक-एक सामग्री का मैं अवलोकन कर चुका हूँ।

मैं समझता हूँ कि सबसे महत्त्व की बात जिसकी खोज मैंने की है, सात प्रकार के स्थायी स्वर अलंकारों के सम्बन्ध में है। एक ही स्वर का उच्चारण सात मूर्च्छनाओं से किया जा सकता है और इन मूर्च्छनाओं का प्रत्येक राग से विशिष्ट सम्बन्ध है, यह जो बात कही जाती रही है, इसने संगीत रत्नाकर के रचनाकाल से अर्थात् सन् १२०० ईसवी से आज तक के विद्वानों और संगीत शास्त्रियों को हैरान कर रखा था। बाद के सभी ग्रन्थ-लेखकों ने इस सिद्धान्त की अवहेलना की, यद्यपि 'संगीत रत्नाकर' में इसे प्रत्येक राग का लक्षण माना है। अब मैं बतलाता हूं कि बुद्धि को चक्कर में डालने वाला यह विषय किस तरह मेरी समझ में आया। इस सिद्धान्त के सम्बन्ध में मैं निरंतर विचार करता रहता था कि एक दिन मैंने देखा कि षड्ज में "यदुकुल काम्भोजी" की जिस तरह समाप्ति होती है, उसमें एक विशेष प्रकार की कोमलता (फ्लैटनेस) रहती है जो 'काम्भोजी' में विद्यमान नहीं रहती। तब मेरे मन में यह बात आयी कि षड्ज में समाप्ति के ये दोनों प्रकार ही स्थायी स्वर अलंकारों के सात प्रकारों में से दो प्रकार होने चाहिए। अब मैं अपने परिश्रम का फल सविज्ञ विद्वानों तथा संगीतज्ञों के

सामने रख दे रहा हूँ जिससे इसमें जो कुछ उपयोगी हो, उसे वे ग्रहण कर लें और जो काम का न हो उसे छोड दें।

मैं उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना विभाग की हिन्दी समिति के सचिव को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने संगीत के अध्ययन में अपना यह तुच्छ अंशदान सर्वसाधारण के समक्ष रखने का अवसर मुझे प्रदान किया।

सरस्वती महल, तंजौर ]

के० वासुदेव शास्त्री

# विषय-सूची


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| **पहला परिच्छेद** | |
| शास्त्रावतरण | १–७ |
| **दूसरा परिच्छेद** | |
| श्रुति, स्वर और ग्राम | ८–३० |
| **'तीसरा परिच्छेद** | |
| वर्णालंकार और गमक | १–३७ |
| **चौथा परिच्छेद** | |
| मूर्च्छना और क्रम | ८–४४ |
| **पांचवां परिच्छेद** | |
| जाति या रागमाता | ४५–७३ |
| **छठवां परिच्छेद** | |
| राग प्रकरण | ७४–१४० |
| **सातवां परिच्छेद** | |
| हिन्दुस्थानी और कर्णाटक संगीत पद्धति | १४१–२०५ |
| **आठवां परिच्छेद** | |
| ताल प्रकरण | २०६–२२७ |
| **नवां परिच्छेद** | |
| प्रकीर्णक अध्यायं | २२८–२३३ |
| **दसवां परिच्छेद** | |
| प्रबन्ध | २३४–२५१ |

**ग्यारहवां परिच्छेद**

वाद्याध्याय २५२–२८३

**बारहवां परिच्छेद**

वाग्गेयकारों का संक्षिप्त इतिहास २८४–२९८

**अनुबन्ध – १**

कर्णाटक पद्धति के रागों का आरोहण-अवरोहण-क्रम २९९–३५६

**अनुबन्ध – २**

हिन्दुस्थानी पद्धति के रागों का आरोहण-अवरोहणादि विवरण ३५७–३९८

**अनुबन्ध – ३**

तालों का प्रस्तार-क्रम ३९९–४२९

# संगीत शास्त्र

## पहला परिच्छेद

# शास्त्रावतरण

**संगीत का शब्दार्थ**

'सम्' (सम्यक्) और 'गीत' दोनों शब्दों के मिलन से संगीत शब्द बनता है। मौखिक गाना ही 'गीत' है। 'सम्' (सम्यक्) का अर्थ है 'अच्छा'। वाद्य और नृत्य दोनों के मिलने से ही गीत अच्छा बन जाता है—

'गीतं वाद्यं च नृत्यं च त्रयं संगीतमुच्यते।'

हम आज साधारणतया केवल 'गीत' या 'गीत' और 'वाद्य' को ही संगीत कहते हैं। इसलिए प्रधानतः गीत और वाद्य पर ही इस पुस्तक में 'संगीत-शास्त्र' शीर्षक के अन्तर्गत विचार किया जा रहा है।

**संगीत की प्रशंसा**

संगीत आनन्द का आविर्भाव है। आनन्द ईश्वर का स्वरूप है। संगीत के द्वारा ही दुःख के लेश तक से भी सम्बन्ध न रखनेवाला सुख मिलता है। दूसरे विषयों से होनेवाले सुखों के आगे या पीछे दुःख की सम्भावना है परन्तु इस दुःखपूर्ण संसार में संगीत एक स्वर्गावास है। संगीत के ईश्वर स्वरूप होने के कारण जो लोग संगीत का अभ्यास करते हैं वे तप, दान, यज्ञ, कर्म, योग आदि के कष्ट न झेलते हुए मोक्षमार्ग तक पहुँचते हैं। योग और ज्ञान के सर्वश्रेष्ठ आचार्य श्री याज्ञवल्क्य कहते हैं—

"वीणावादनतत्त्वज्ञः श्रुतिजातिविशारदः।
तालज्ञश्चाप्रयासेन मोक्षमार्गं प्रयच्छति।।"

—याज्ञवल्क्यस्मृति।

संगीत योग की विशेषता यह है कि इसमें साध्य और साधन दोनों ही सुखरूप हैं।

भक्तिमार्ग में संगीत के साथ भगवद्भजन करने से मन शीघ्र ही ईश्वर के नाम-रूप में लीन हो जाता है। इसके दो कारण हैं। संगीत के बिना नामोच्चारण मात्र करते समय मुँह सिर्फ नाम का रटन करता रहता है, मन तो दसों दिशाओं में फिरता रहता है। पर संगीत के साथ नामजप या गुणगान करते समय संगीत की मनोहर शक्ति एक दृढ़ रज्जु बनकर भगवान के नाम-रूप को मन के साथ बाँध देती है। दूसरा कारण यह है कि ईश्वर संगीत से जितना प्रसन्न होता है उतना दूसरे उपचारों से नहीं—

"गीतेन प्रीयते देवः सर्वज्ञः पार्वतीपतिः।
गोपीपतिरनन्तोऽपि वंशध्वनिवशंगतः॥
सामगीतिरतो ब्रह्मा वीणासक्ता सरस्वती।
किमन्ये यक्षगन्धर्वदेवदानवमानवाः॥"

संगीत समस्त जीवसमूह को आनन्द का वरदान देकर अपनी ओर खीच लेता है।

'पशुर्वेत्ति शिशुर्वेत्ति वेत्ति गानरसं फणी'

यह एक सुप्रसिद्ध वाक्य है।

देवर्षि नारद ने जीवन्मुक्त होने पर भी वीणावादन को नहीं छोड़ा। इससे प्रतीत होता है कि संगीतानन्द जीवन्मुक्ति के आनन्द से कम नहीं है।

संगीतरूपी एकमात्र साधन से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ मिलते हैं। भगवद्भजन से धर्म, राजाओं और प्रभुओं से मिले हुए सम्मान के रूप में अर्थ, अर्थ से काम और ईश्वरप्रसाद के फलस्वरूप मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।

**संगीत शास्त्र का अवतरण**

भारतवर्ष की कलाओं और शास्त्रों की उत्पत्ति की खोज करते समय वेद, आगम (तन्त्र) और महर्षियों के वाक्य ही हरएक कला या शास्त्र का मूल ठहरते हैं। ये मूलभूत उपदेश आज भी विद्यमान हैं। एक और विशेषता यह है कि यह शास्त्र जितना पुराना है उतना ही अगाध और सम्बद्ध विषय पर विस्तृत रूप से विचार करता हुआ दृष्टिगोचर होता है।

हमारे देश में नये ग्रन्थ लिखते समय प्राचीन ग्रन्थों का अनुसरण करने में ही ग्रन्थ का गौरव समझा जाता है, परन्तु पाश्चात्य देशों में प्राचीन ग्रन्थों का खण्डन करके लिखने में ही लेखक अपने ग्रन्थों का गौरव समझते हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि हमारे मूलभूत ग्रन्थ योगधारणा की शक्ति के द्वारा साक्षात् दृष्ट विषयों से ओतप्रोत हैं। इसी मार्ग से सब वस्तुओं का सच्चा स्वरूप प्राप्त हुआ है। यह

योगियों के प्रत्यक्ष और स्वानुभव ज्ञान से प्राप्त है, अनुमान से नहीं। पाश्चात्य देशों में इन्द्रियों से उपलब्ध ज्ञान ही एक मात्र साधन है। जिन विषयों में पाश्चात्य विद्वान् इन्द्रियों से सत्य स्वरूप नहीं जान पाते, उनमें इन्द्रियों से प्राप्त तत्सम्बद्ध ज्ञान से अनुमान करते हैं। नयी-नयी खोजों के अनुसार यह अनुमान प्रतिदिन बदलता रहता है। उनके ग्रन्थों में वस्तुओं का स्वरूप कल एक प्रकार का हुआ तो, आज और कुछ भिन्न प्रकार का होता है। वस्तुतः वस्तुस्वरूप कभी बदलनेवाला नहीं होता, परन्तु पाश्चात्य लोग वस्तुओं के लगातार बदलनेवाले सिद्धान्त को 'साइण्टिफ़िक प्रोग्रेस' नाम देकर तृप्त होते हैं। असली बात यह है कि हरएक कला और विज्ञान की शाखा में हमारे प्राचीन ग्रन्थों में पाये जानेवाले बहुत से तत्त्वों[1] पर पाश्चात्य वैज्ञानिकों और कलाकारों का ध्यान अब तक नहीं गया है।

हमारे संगीत शास्त्र के अवतरण में विविध परम्पराएँ हैं। उनमें तीन परम्पराएँ मुख्य प्रतीत होती हैं—(१) वेद-परम्परा (२) आगमों और पुराणों की परम्परा (३) ऋषि प्रोक्त संहिता परम्परा। वेद-परम्परा में हमारे संगीत की उत्पत्ति सामवेद से बतायी गयी है।

'सामवेदादिदं गीतं सञ्जग्राह पितामहः।'

गीत और वाद्य में क्रमशः नारद और स्वाति ब्रह्मा के प्रथम शिष्य हुए। कहा जाता है कि नाटक में उपयोग करने के लिए गीत और वाद्य को इन दोनों से भरत मुनि ने सीखा। भरतमुनि ने ही स्वयं यह अपने 'नाट्यशास्त्र'[2] में कहा है।

१. उदाहरण के तौर पर यहाँ एक विषय का उल्लेख किया जाता है। हमारे शस्त्रचिकित्सा ग्रन्थ 'सुश्रुत संहिता' में हमारे शरीर के १०७ मर्मस्थानों का विवरण है जिनमें शस्त्र का आघात होने से वे अंग प्रयोजन के योग्य नहीं रह जाते अथवा कुछ ही दिनों में या बहुत दिनों के बाद मृत्यु की सम्भावना होती है। पाश्चात्य चिकित्साशास्त्री इस तथ्य को नहीं जानते। फलतः पाश्चात्य चिकित्सा में सुसिद्ध 'आपरेशन' करने के कुछ दिनों के बाद, कारण जाने बिना लगभग ५ प्रतिशत लोगों का मरण होता है।

२. 'गान्धर्वञ्चैव वाद्यञ्च स्वातिना नारदेन च।
विस्तार गुणसम्पन्नम् उक्तं लक्षणकर्मतः॥
अनुवृत्त्या तथा स्वातेरातोद्यानां समासतः।
पौष्कराणां प्रवक्ष्यामि निर्वृत्तिं संभवं तथा॥'

—अध्याय ३३, श्लोक ३—४।

महर्षि नारद का आदि ग्रन्थ 'नारदीय शिक्षा' है। यही सामवेद की शिक्षा है। उसमे श्रुति, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना, सप्त मुख्य राग—इनका विवरण है। इसके अलावा सामवेद के सप्तस्वर, लौकिक संगीत के सप्तस्वर और दूसरे वेदों के स्वर आदि में परस्पर सम्बन्ध भी बताया गया है।

सामवेद के सप्तस्वरों का नाम क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र, अतिस्वार है। यह अवरोहण क्रम है। लौकिक सप्तस्वरों में ये 'म ग रि स नि ध प' के समान हैं। ऊपरी दृष्टि से देखें तो यह अनुभवविरुद्ध जान पड़ता है। यह चर्चा की ही बात है। इसका पूरा विवरण आगे स्पष्ट किया जायगा।

'स्वातिनारदसंवाद' नामक एक ग्रन्थ है। प्रयत्न करने पर यह ग्रन्थ मिल सकता है।

संगीत शास्त्र के उपलब्ध आदि ग्रन्थ भरत नाट्यशास्त्र में संगीत विभाग (अध्याय २८ से ३६ तक) है। इस ग्रन्थ में गीत और वाद्यों का पूरा विवरण है, परन्तु रागों के नाम और उनके विवरण नहीं बताये गये हैं। भरत के शिष्यों में दत्तिल, कोहल, विशाखिल—इन तीनों के द्वारा ग्रन्थ लिखे गये। उनमें दत्तिल कृत 'दत्तिलम्' नामक ग्रन्थ छपा हुआ है। कोहल कृत 'कोहलीयम्' लिखित रूप में मिल सकता है। 'विशाखिलम्' उपलभ्य नहीं है। इसी परम्परा में आये हुए मतंग मुनि ने 'बृहद्देशी' नामक ग्रन्थ लिखा है। यह ग्रन्थ भी छपा हुआ है। 'दत्तिलम्' और 'बृहद्देशी' में रागों की उत्पत्ति, नाम और लक्षण के विवरण हैं।

आगम परम्परा में संगीत के आदिकर्ता महादेव हैं। शिव-पार्वती संवाद के रूप में ३६००० श्लोकों का एक ग्रन्थ गान्धर्व नाम से प्रचलित था। परन्तु वह ग्रन्थ अब प्राप्य नहीं है। तो भी उसकी विषय सूची यामलाष्टक नामक ग्रन्थ में दी गयी है।

इसी परम्परा के ग्रन्थों में नन्दिकेश्वर कृत 'नन्दिकेश्वर संहिता' भी एक है। यह ग्रन्थ अब नहीं मिलता। परन्तु संगीत रत्नाकर के टीकाकार सिंहभूपाल ने (ई० १५००) इसके कुछ श्लोक उद्धरण के रूप में दिये हैं। यदि खोज की जाय तो कदाचित् यह ग्रन्थ मिल सकता है।

ऋषि कृत संहिता परंपरा में 'काश्यपीयम्' ही मुख्य ग्रन्थ है। इसके कुछ श्लोकों के उद्धरण पिछले दिनों के ग्रन्थों में दिये गये हैं। पर यह काश्यपीय ग्रन्थ अप्राप्य ही है।

इनके अलावा आगम-पुराण-परंपरा के शैव और वैष्णव आगम ग्रन्थों में शिल्प, नाट्य आदि विषयों के साथ संगीत विषयक विचारों के महत्त्वपूर्ण उल्लेख हैं।

अन्य परम्पराओं में याष्टिक, दुर्गा, आञ्जनेय परम्पराएँ ही मुख्य हैं। याष्टिक, दुर्गा परम्पराओं का अनुसरण करके संगीत रत्नाकर में शार्ङ्गदेव ने रागोत्पत्ति और रागविवरण दिये हैं। आञ्जनेय मत का अनुकरण चतुरदामोदर कृत 'संगीत दर्पण' (१६०० ई०) में है। संगीत परम्पराओं के प्रवर्तकों का नाम संगीत रत्नाकर में यों दिया गया है—

'सदाशिवः शिवा ब्रह्मा भरतः कश्यपो मुनिः।
मतङ्गो याष्टिको दुर्गा शक्तिः शार्दूलकोहलौ ।।
विशाखिलो दत्तिलश्च कम्बलोऽश्वतरस्तथा।
वायुविश्वावसू रम्भाऽर्जुनो नारदतुम्बुरू ।।
आञ्जनेयो मातृगुप्तो रावणो नन्दिकेश्वरः।
स्वातिर्गणो बिन्दुराजः क्षेत्रराजश्च राहलः ।।
रुद्रटो नान्यभूपालो भोजभूवल्लभस्तथा।
परमर्दी च सोमेशो जगदेकमहीपतिः ।।
व्याख्यातारो भारतीये लोल्लटोद्भटशंकुकाः।
भट्टाभिनवगुप्तश्च श्रीमत्कीर्तिधरः परः ।।
अन्ये च बहवः पूर्वे ये संगीतविशारदाः।'

इनके साथ द्रविड़ (तमिल) देश में एक अति प्राचीन पद्धति उत्पन्न हुई है। इस परम्परा के प्रवर्तक परमशिव, स्कन्द और अगस्त्य हैं। इस पद्धति में कई ग्रन्थ भी लिखे गये थे। पर अब सब ग्रन्थ नष्ट हो चुके हैं। उन ग्रन्थों से कुछ उद्धरण पिछले दिनों के काव्यों और निघण्टुओं में उपलभ्य हैं। इस पद्धति में रागों का नाम 'पण' और 'तिरम्' है। इनके लक्ष्य अब भी 'देवार' नामक स्तोत्र में वर्तमान हैं।

सन् १२०० ई० में सब पद्धतियों का मन्थन करके शार्ङ्गदेव ने 'संगीत रत्नाकर' नामक सुप्रसिद्ध ग्रन्थ लिखा, इसकी छः टीकाएँ[1] संस्कृत में थीं। पर अब दो ही प्राप्य हैं। सन् १७०० ई० में लिखी हुई 'सेतु' नाम की एक ब्रजभाषा टीका 'तंजौर सरस्वती महल पुस्तकालय' में है। टीकाकार का नाम है गंगाराम। भावभट्ट के द्वारा लिखी हुई आन्ध्रभाषा की टीका भी है। इससे इस ग्रन्थ का महत्त्व जाना जा सकता है। यही समूचे भारत के संगीत संप्रदाय में एकरूपता लानेवाला अन्तिम ग्रन्थ है।

**१. कुम्भकर्ण, केशव, कल्लिनाथ, सिंहभूपाल, हंसभूपाल—और एक टीकाकार का नाम नहीं मालूम है।**

इसके पश्चात् लिखे हुए सब ग्रन्थ हिन्दुस्थानी और कर्नाटक पद्धतियों की उत्पत्ति के बाद ही लिखे गये हैं। इस ग्रन्थ के लेखनकाल तक भारतवर्ष के संगीत में अन्तः-प्रान्तीय छाया भेदों के रहने पर भी सारे देश में एक ही प्रकार का संगीत विद्यमान था। इस ग्रन्थ की रचना के पश्चात् उत्तर और दक्षिण भारत में विदेशी आक्रमणों के कारण कलाजगत् और शास्त्रजगत् में एक शून्यता फैल गयी थी। यह अवस्था १०० वर्ष तक रही। इसके पश्चात् दक्षिण में विजयनगर साम्राज्य और उत्तर में दिल्ली के बादशाहों की सहायता से कला और शास्त्रों का पुनरुद्धार किया गया। इस पुनरुद्धार के फल-स्वरूप ही कर्नाटक और हिन्दुस्थानी नामक दो पद्धतियों का उदय हुआ। बीच के 'अन्धकारयुग या शून्ययुग' के कारण सब शास्त्रों को, उत्तर और दक्षिण के विद्वान् लोग भूल गये। संप्रदायों में भी उथल-पुथल हुई। पुनरुद्धार के समय रहे-सहे संप्र-दाय के रक्षण के लिए एक व्यवस्था करनी पड़ी। उत्तर भारत में थाट, और दक्षिण में मेल का उदय हुआ। इसके पहले के ग्रन्थों में 'थाट' या 'मेल' शब्दों का प्रयोग कहीं नहीं हुआ है। केवल श्रुति, स्वर, ग्राम, मूर्च्छना, जाति, राग, वर्ण और अलंकार—ये ही संगीत शास्त्र के अंग रहते थे।

रत्नाकर के बाद के ग्रन्थों में उत्तर भारत की पद्धति के आधारभूत ग्रन्थों में (१) रागार्णव (२) गन्धर्वराज कृत 'राग रत्नाकर' (३) पुण्डरीक विट्ठल कृत 'नर्तन निर्णय' (४) सोमेश कृत 'मानसोल्लास' (५) कुम्भकर्ण कृत 'संगीत राज' (६) भावभट्ट कृत 'हृदय प्रकाश' (७) जयदेव कृत 'षड्राग चन्द्रोदय' (८) 'रागमाला' (९) चतुरदामोदर कृत 'संगीत दर्पण'—आदि मुख्य हैं।

इनमें पहले के चार ग्रन्थ अमुद्रित हैं, जिनमें पहले के तीन ग्रन्थ तंजौर सरस्वती महल पुस्तकालय में हस्तलिखित ग्रन्थों के रूप में हैं। चौथा बड़ौदा में छापा जा रहा है। 'संगीतराज' की छपाई भी हो रही है। अन्तिम चार ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं।

कर्नाटक सम्प्रदाय के आधारभूत ग्रन्थ विद्यारण्य का 'संगीत सार', रामामात्य का 'स्वरमेलकलानिधि', रघुनाथ नायक और गोविन्द दीक्षित का 'संगीत सुधा', सोमनाथ का 'रागविबोध,' वेंकट मखी कृत 'चतुर्दण्डि प्रकाशिका', गोविन्द कृत 'संग्रह चूड़ामणि, शाहजी और उनके सभा पण्डितों के द्वारा लिखे हुए 'रागलक्षण' और 'चतु-र्दण्डिलक्ष्य' और तुलजाराज कृत 'संगीत सारामृत' आदि हैं।

इनमें 'संगीत सार' अब उपलभ्य नहीं है, परन्तु संगीत सुधा का 'रागलक्षण' इसके अनुकरण पर लिखा हुआ है। शाहजी के रागलक्षण और चतुर्दण्डिलक्ष्य के अति-रिक्त शेष सब ग्रन्थ मुद्रित हो चुके हैं। शाहजी और उनके विद्वानों के लक्षण, लक्ष्य ग्रन्थ तालपत्र के रूप में सरस्वती महल पुस्तकालय में हैं।

इनके अनुकरण पर पीछे लिखे हुए बहुत से ग्रन्थ दोनों सम्प्रदायों में मिलते हैं। साधारणतया प्राचीन शास्त्रों के बहुत भाग समझ में न आने के कारण, दोनों ही सम्प्रदायों में लक्ष्य के सहारे ही संगीत कला का रक्षण और पोषण किया गया है। शास्त्र की सहायता बहुत कम ही ली गयी है। ऐसी हालत में भी विद्वानों और गवैयों का कथन है कि शास्त्र के अनुसार ही वे गाते हैं। वे नहीं मानते कि रागच्छाया के आवश्यक शास्त्र भाग बहुत दिन पूर्व ही भूले जा चुके हैं। प्राचीन शास्त्र का एकमात्र अवशेष 'वादी-संवादी-तत्त्व' हिन्दुस्थानी सम्प्रदाय में ही है। कर्नाटक पद्धति में वह भी नहीं है। हरएक राग में स्वरों का तीव्र या कोमलस्वरूप, उनके क्रम, वक्र, वर्ज्य-भाव को ही अब दोनों संप्रदायों के व्यक्ति शास्त्र समझ बैठे हैं। गुरुकुल सम्प्रदाय में अभ्यास के कारण रागों का स्वरूप, मार्ग और छाया उनके मन में भली-भाँति ठहर जाती है। परन्तु यह उनका भ्रम है कि स्वरावली की सहायता से ही राग स्वरूप सिद्ध हो रहा है। उनको यह बात भी नहीं ज्ञात है कि इसके अतिरिक्त एक सच्चा शास्त्र हमारे प्राचीन ग्रन्थों में उपलभ्य है।

# दूसरा परिच्छेद

# श्रुति, स्वर और ग्राम

### नाद की उत्पत्ति

संगीत सुखजनक नादविशेष है। हमारे शास्त्र-सिद्धान्तों के अनुसार नाद आकाश का गुण है। तर्कशास्त्र में 'शब्दगुणकमाकाशम्' कहा गया है। परन्तु पाश्चात्य विज्ञान के अनुसार नाद आकाश का गुण नहीं है, किन्तु अन्य वस्तुओं के आघात से नाद का उद्भव होता है। हमारे सिद्धान्त में भी 'आकाश' अन्य वस्तुओं के साथ रहते समय 'आश्रिताश्रय' सम्बन्ध से विद्यमान है। अतः आकाश में नाद का उद्भव आघात के बिना स्वयं होता हो तो भी अन्य वस्तुओं में स्थित आकाश में नाद के उद्बोधन के लिये आघात की आवश्यकता है।

### पञ्चभूत तत्त्व

हमारे शास्त्रों की परिभाषा पाश्चात्य वैज्ञानिक परिभाषा से भिन्न है। हमारे शास्त्रों में प्रपञ्च के स्वरूप की धारणा के आधार पर ही विवेचन किया गया है कि इन्द्रियों से हम जो-जो अनुभव कर रहे हैं, उनकी समष्टि ही प्रपञ्च है। हरएक इन्द्रिय से अनुभव किये जानेवाले प्रपञ्च भाग को 'भूत' नाम दिया गया है। कान से अनुभव किये जानेवाले भूत का नाम आकाश[1] है। जो भूत स्पर्शेन्द्रिय से अनुभव किया जाता है उसका नाम 'वायु' है। नयनेन्द्रिय से जो अनुभव किया जाता है उसका नाम 'तेजस्' है। जो जिह्वा से अनुभव किया जाता है वह 'अप' और जो नासिका से अनुभव किया जाता है वह 'पृथ्वी' है। यह भी हमारा सिद्धान्त है कि पृथ्वी में गन्ध के साथ बाकी चारों भूतों के गुण भी हैं। 'जल' में रुचि के साथ, पृथ्वी को छोड़कर

**१. यह पूछना सरल है कि कैसे आकाश (प्रदेश) ज्ञान का अनुभव कान से किया जा सकता है। अगर किसी को कान के अलावा दूसरी इन्द्रियों की सहायता नहीं है; तो भी वह केवल श्रवण से विभिन्न शब्दों को सुनकर उनकी दिशा और उनकी दूरी समझ सकता है। दसों दिशाओं और दूरी के ज्ञान को जोड़कर प्रदेश का अनुभव उसे होता है।**

बाकी तीनों के गुण भी हैं। इसी प्रकार तेजस् में पृथ्वी और जल को छोड़कर बाकी दोनों के गुण भी हैं। वायु में आकाश का गुण भी है। आकाश में 'शब्द' ही एक गुण है। इसीलिए हमारा सिद्धान्त है कि प्रपञ्च सृष्टि क्रम में आकाश से वायु, वायु से तेजस्, तेजस् से जल, जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई है। सृष्टि में ईश्वर ही आदि है। प्रपञ्च का कर्ता और कारणवस्तु दोनों वही है। उसके स्वरूप को समझने की शक्ति हमारे मस्तिष्क मे नहीं है। वेद और महर्षियों के अनुभवों से ही ईश्वरस्वरूप को हम जान सकते हैं।

वेद और शास्त्रों में ईश्वर को 'सच्चिदानन्द' कहते हैं। 'सत्' नाश रहित; 'चित्' अखण्ड ज्ञान स्वरूप; 'आनन्द' आनन्द स्वरूप इसका अर्थ है। ईश्वर के, अपनी मायाशक्ति द्वारा अपने सच्चिदानन्द स्वरूप को अनेक प्रकारों में संकुचित करने से प्रपञ्च की सृष्टि हुई है। ईश्वर की प्रथम सृष्टि आकाश है। आकाश का गुण है नाद। इसी कारण से आकाश और उसके गुण नाद में अन्य विषयों से भी अधिक परिमाण में ईश्वर का स्वरूप विकसित है। अर्थात् आनन्द का आविर्भाव आकाश में तथा उससे सम्बद्ध श्रवणानुभव में अधिक है। इसलिए इन्द्रिय-जन्य विषय-सुखों में से कान से अनुभव किये जानेवाले संगीत में अन्य सुखों की अपेक्षा ज्यादा सुख है।

**अनाहत नाद**

नाद के दो भेद हैं। एक आहत और दूसरा अनाहत। हमारे शरीर में 'चेतन' का स्थान हृदय है। यहीं ईश्वर का आविर्भाव अधिक मात्रा में है।

हृदय में 'दहराकाश' नाम से एक छोटी-सी जगह शुद्ध आकाश से व्याप्त है। उसमें आघात के बिना नाद का आविर्भाव हमेशा हो रहा है। इसका नाम है अनाहत नाद। ऐसा होने पर भी हम उसे नहीं सुना करते, क्योंकि हमारा मन और इन्द्रिय-ग्राम बाह्य विषयों में आसक्त हैं। इन्द्रियों को बाह्य विषयों से खींचकर अन्तर्मुख होने के पश्चात् अगर हम सुनें, तो उस अनाहत नाद को सुन सकते हैं। शास्त्र में कहा गया है कि वह नाद इतना मधुर है कि उसे सुनने के बाद मन किसी दूसरे विषय में नहीं लगता। यह योगियों का ही साध्य है।

हृदय में आनन्द स्वरूपी ईश्वर का आविर्भाव अधिक होने के कारण उस आनन्द-स्वरूप की छाया अनाहत नाद में पड़ती है। इसीलिए अनाहत नाद आनन्दजनक है अर्थात् मधुर है। यही उसकी मधुरता का कारण है।

योगियों की तरह, जनसाधारण ही नहीं, जीवसाधारण को भी, इस आनन्द का अनुभव करने के लिए संगीत रूपी एक साधन ईश्वर की देन है।

**आहत नाद**

हृदयाकाश में होनेवाले नाद के अलावा बाकी सभी नाद 'आहत' हैं। संगीत का नाद भी 'आहत' ही है। अब हमें यह विचार करना चाहिए कि जनसाधारण को भी अनाहत नाद का अनुभव कराने के लिए संगीत कैसे एक साधन होता है? इसे समझने के लिए नाद-संबद्ध भौतिक शास्त्र का ज्ञान आवश्यक है। नाद विज्ञान में 'अनुनाद' नाम का एक तत्त्व है जो हमें जान लेना चाहिए। अनुनाद (Resonance) तत्त्व यह है कि जब एक सूक्ष्म शब्द उसी तरह के दूसरे शब्द से मिल जाता है, तब पहला शब्द बहुत अधिक स्थूल और गंभीर बन जाता है। यदि संगीत का नाद अनाहत नाद के समान है, तो अनाहत नाद अपनी सूक्ष्मता को छोड़कर और गंभीरता को प्राप्त करके हमारे द्वारा श्रवणीय बन जाता है। उसमें होनेवाले आत्मानन्द की छाया भी मधुरता के रूप में हमें प्राप्त होती है। हमारा संगीत, जितना अधिक अनाहत नाद का अनुकरण करता है, उतना अधिक आनन्द उससे मिलता है। महर्षि लोग जो हमारे संगीत शास्त्र के रचयिता हैं उन्होंने अनाहत नाद का प्रत्यक्ष अनुभव किया है। इसलिए अनाहत नाद के स्वरूप के अनुसार संगीत शास्त्र उन्होंने लिखा है।

**शरीर में श्रुति, स्वरों की उत्पत्ति**

हमारे योग शास्त्र और आयुर्वेद शास्त्र में 'नाड़ी' का विवरण बहुत विस्तार से लिखा हुआ है। इनके अनुसार अगर हम एक भाव को व्यक्त रूप में प्रकाशित करना चाहते हैं, तो आत्मा मन को प्रेरित करता है। मन शरीर में रहनेवाली अग्नि को जगाता है। नाभि के नीचे 'ब्रह्मग्रन्थि' नामक एक स्थान है। उसमें रहनेवाली वायु को अग्नि उठा देती है। हृदय की ऊर्ध्व नाड़ी में संलग्न तिरछी २२ नाड़ियाँ हैं। उन पर वायु का आघात होने से २२ ध्वनियाँ उच्च-उच्चतर रूप में उत्पन्न होती हैं। इसी तरह कण्ठ में इनके दुगुने प्रमाण की दूसरी २२ ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं, और इनके भी दुगुने प्रमाण की २२ ध्वनियाँ सिर में उत्पन्न होती हैं। इन ध्वनियों का नाम श्रुति है। इन तीनों ध्वनि-समूहों का नाम क्रमशः मन्द्र, मध्य और तारस्थायी (स्थान) है। इन तीनों को सूक्ष्म, पुष्ट और अपुष्ट नाम दिया गया है। कारण स्पष्ट है। इसलिए हमें यह मालूम होता है कि हमारे शरीर में ६६ श्रुतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

पर पाश्चात्य विज्ञान पद्धति में कहा जाता है कि कण्ठ में रहनेवाले द्वार के छोटा या बड़ा बनने से और कण्ठ में रहनेवाली ध्वनि की छोटी रस्सी को लम्बी या छोटी करने से ही ध्वनिसमूहों की उत्पत्ति होती है। इन श्रुतियों से सप्त स्वरों की उत्पत्ति

होती है। उसकी रीति यही है—पहली चार श्रुतियों से षड्ज स्वर उत्पन्न होता है। उसका तात्पर्य यह है कि षड्ज स्वर को उच्चारण करते समय ही चारों श्रुतियों का उच्चारण भी हो जाता है। इसी तरह पाँचवीं, छठी और सातवीं—इन तीनों श्रुतियों से ऋषभ स्वर उत्पन्न होता है। आठवी और नौवीं—इन दोनों श्रुतियों से गांधार तथा इसके बाद की चारों श्रुतियों से मध्यम की उत्पत्ति होती है। इसके बाद की चारों श्रुतियों, अर्थात् चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं और सत्रहवीं श्रुतियों से पञ्चम, अठारहवीं, उन्नीसवीं और बीसवीं श्रुतियों से धैवत तथा इक्कीसवीं और बाईसवीं श्रुतियों से निषाद की उत्पत्ति होती है। इस तरह बने हुए स्वरों का नामकरण 'प्रकृति स्वर' किया गया है।

### स्वरस्थान और स्वरगत श्रुतियाँ

यद्यपि स्वर दो, तीन या चार श्रुतियों से उत्पन्न होता है तथापि वह उनमें से एक नियत या विशेष श्रुति पर ही कुछ अधिक देर ठहरता है। जहाँ स्वर अधिक देर ठहरता है, उसे नियतश्रुति या स्वरस्थान कहते हैं। इस तरह षड्ज का स्वरस्थान चौथी, ऋषभ का सातवीं, गान्धार का नवीं, मध्यम का तेरहवीं, पञ्चम का सत्रहवीं, धैवत का बीसवीं और निषाद का स्थान बाईसवीं श्रुति है। स्वरस्थान वीणा में स्पष्टतया निर्दशित कर सकते हैं और स्वरगत श्रुतियों को बाँसुरी में ही स्पष्ट रूप से जान सकते हैं। बाँसुरी में प्रत्येक स्वर के लिए नियत रहनेवाले द्वारों को पूरा खोल देने से चतुःश्रुति स्वर की उत्पत्ति होती है। द्वार को आधा बन्द करके दूसरे आधे भाग को खुला रखने से द्विश्रुतिस्वर की उत्पत्ति होती है। और उस द्वार में उँगली को पुनः-पुनः बन्द और खुला रखने से त्रिश्रुतिस्वर की उत्पत्ति होती है।[1]

### अवधान

श्रुति और स्वर हमेशा रसभाव से सम्बन्धित रहते हैं और रसभाव की उत्पत्ति के भी कारणीभूत हैं। रस और भाव मन की वृत्तियाँ हैं। मन के अवधान के बिना

१. 'स्वराणां च श्रुतिकृतं तच्च मे सन्निबोधत।
व्यक्तमुक्ताङ्गुलिस्तत्र स्वरो ज्ञेयश्चतुःश्रुतिः॥
कम्पमानाङ्गुलिश्चैव त्रिश्रुतिश्च स्वरो भवेत्।
द्विकोऽर्धाङ्गुलियुक्तस्तु एवं श्रुत्याश्रिताः पुनः॥'

—नाट्यशास्त्र, ३०।५—६।

रस और भाव का निश्चय नहीं होता। इसलिए मन के अवधान से ही श्रुतिस्वरों के स्वरूप का निश्चय होता है। एक आधार स्वर में मन सावधान नहीं रहता, तो श्रुति स्वरों की उत्पत्ति और स्वरूप निश्चित नहीं हो सकते। यह समझा जाता है कि षड्ज या मध्यम दोनों ही आधार स्वर होने लायक हैं अर्थात् षड्ज को आधार स्वर बनाकर उससे एक सप्त स्वर समूह को तथा मध्यम को आधार स्वर बनाकर उससे एक सप्त स्वर समूह को भी उत्पन्न किया जा सकता है। षड्ज के आधार पर जिन स्वरों की उत्पत्ति होती है उनके समूह का नाम 'षड्जग्राम' है। मध्यम के आधार पर जिस स्वर समूह की उत्पत्ति होती है,वह स्वरसमूह 'मध्यमग्राम' कहलाता है। इन दोनों ग्रामों में पञ्चम और धैवत स्वरों को छोड़कर बाकी स्वर समान हैं। षड्जग्राम में पञ्चम स्वर १४, १५, १६, १७ श्रुतियों से उत्पन्न होता है। मध्यमग्राम में तो १४, १५, १६ इन्हीं तीनों श्रुतियों से पञ्चम उत्पन्न होता है। धैवत स्वर षड्जग्राम में १८, १९, २० इन तीनों श्रुतियों से उत्पन्न होता है और मध्यमग्राम में १७, १८, १९, २० इन चारों श्रुतियों से उत्पन्न होता है। आज से ७०० वर्ष पहले दोनों प्रकार के ग्रामस्वर भी आरम्भिक शिक्षा में सिखाये जाते थे। वह पद्धति मध्यकालीन शून्ययुग में विच्छिन्न हो गयी। इसके बाद पुनरुज्जीवन के समय से षड्जग्राम स्वरों को ही आरंभिक शिक्षा में सिखाया जाना आरम्भ हुआ, परन्तु षड्जग्राम, मध्यमग्राम और उभयग्राम स्वरों से बनाये हुए राग सम्प्रदाय में अब भी विद्यमान हैं। इन रागों का पता लगाने के लिए एक सुलभ मार्ग है। षड्ज को 'सुर' बनाकर गाने से कुछ राग पूर्ण रञ्जक होते हैं, तो और कुछ राग मध्यम का 'सुर' बनाकर गाने से रञ्जक होते हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि 'गान्धार' नामक भी एक ग्राम है, पर वह देव और गन्धर्वों के ही गाने योग्य है।

### श्रुति और स्वरों के बारे में होनेवाली कुछ शंकाएँ

'श्रुति' शब्द अब 'आधार श्रुति' के अर्थ में प्रयुक्त किया जा रहा है। हम कहते हैं कि इस विद्वान् का संगीत 'श्रुतिशुद्ध' है। इसका श्रुतिज्ञान अच्छा है आदि। पर शास्त्र में 'श्रुति' का शब्दार्थ ऐसा दिया गया है कि--

"प्रथमः श्रवणात् शब्दः श्रूयते ह्रस्वमात्रकः।
सा श्रुतिः संपरिज्ञेया स्वरावयव लक्षणा ॥"

इसका तात्पर्य यह है कि श्रुति ह्रस्वमात्रावाली है। श्रुति स्वर का अवयव या अंग है। अर्थात् हरएक स्वर दो-चार श्रुतियों से बना हुआ है। इस श्लोक का यह भाग 'प्रथमः श्रवणात् शब्दः' कुछ दुरूह-सा है। इसका अर्थ यह है कि एक शब्द को सुनते

समय हमें जो पहला छोटा भाग सुनाई पड़ता है, वही 'श्रुति' कहलाता है। क्योंकि लगातार सुनाई पड़ने के कारण वह 'श्रुति' रूप छोड़कर स्वररूप लेता है।

हमारे शास्त्र में कहा गया है कि एक स्थायी (सप्तक) में २२ श्रुतियाँ ही उत्पन्न हो सकती हैं। पर हरएक स्थायी के अन्दर भिन्न-भिन्न रूप में होनेवाली ह्रस्वमात्र शब्दों की संख्या अनन्त है। फिर शास्त्र वाक्य का मतलब क्या है? इन २२ श्रुतियों के बारे में संगीत-रत्नाकर में कुछ विवरण मिलता है। उस ग्रन्थ में २२ श्रुतियों को वीणा में २२ तारों में स्थापित करने का उपाय कहा गया है। उनकी स्थापना का क्रम यों दिया गया है—

......................आदिमा।
कार्या मन्द्रतमध्वाना द्वितीयोच्चध्वनिर्मनाक्॥
स्यान्निरन्तरता श्रुत्योर्मध्ये ध्वन्यन्तराश्रुतेः।'
—संगीत रत्नाकर, १।३।१२।

इसका तात्पर्य है कि पहले तार में यथासंभव नीची श्रुति का स्थापन करना। पहली श्रुति से तनिक उच्च श्रुति को दूसरे तार में स्थापन करना चाहिए। इन दोनों श्रुतियों के बीच में अगर और एक तार बजाया जाय, तो वह ध्वनि कान में नहीं पड़नी चाहिए। इस बात पर हमें जरा विचार करना आवश्यक है कि दो श्रुतियों के बीच में तीसरी ध्वनि का श्रवण नहीं होना चाहिए। यहाँ 'ध्वनि विज्ञान' हमें सहारा दे सकता है। दो तारों में होनेवाली ध्वनियों में अगर थोड़ी भिन्नता रहती है, तो दोनों को बजाते समय दोनों शब्द अलग-अलग नहीं सुनाई पड़ते हैं। पर दोनों मिलकर ऊँचे और नीचे बदलनेवाला एक शब्द सुनाई पड़ता है। इसे पाश्चात्य वैज्ञानिक परिभाषा में 'बीट्स' (Beats) कहते हैं। दोनों तारों की ध्वनियाँ जितना निकट होती हैं उतना विलंब 'बीट्स' होते हैं। दोनों ध्वनियाँ एक रूप हो जायें तो 'बीट्स' नहीं होते। इसी तरह दोनों ध्वनियों की दूरी को अधिक करते जायें, तो 'बीट्स' वेग से होने लगते हैं। पर ऐसा होते-होते एक नियत दूरी पर बीट्स रुक जाते हैं। इससे यह बात निश्चित होती है कि दो श्रुतियों के बीच का अन्तर नियमित दूरी को पार न करे, तभी 'बीट्स' सुनाई पड़ता है। जिस दूरी में 'बीट्स' रुक जाता है उसी को हमारे शास्त्रों में दो श्रुतियों का अन्तर माना गया है। एक स्थायी में २२ ऐसी ही श्रुतियों को ही उत्पन्न किया जा सकता है। यही बाईस श्रुतियों का तत्त्व है।

### श्रुतियों में स्वरस्थानों का निदर्शन

दो समान नाद देनेवाली दो वीणाओं पर हरएक में २२ तारों की स्थापना करनी

चाहिए। फिर इनमें, अब बतायी हुई रीति से, दोनों वीणाओं में समान रूप की २२ श्रुतियों को स्थापित करना चाहिए। इनमें एक वीणा में श्रुतियाँ स्थिर रहती हैं। उसे 'ध्रुव वीणा' नाम दे सकते हैं। और दूसरी वीणा में श्रुतियों को बदला जाता है, उसका नामकरण 'चलवीणा' किया जा सकता है।

चलवीणा में दूसरे तार की श्रुति को ध्रुववीणा के पहले तार की श्रुति के समान (उतारकर अर्थात् शिथिल करके) करना है। इस तरह क्रम से चलवीणा के हर तार की श्रुति को ध्रुववीणा के आगे के तार की श्रुति के समान करने के लिए उतारना है। अब ध्रुववीणा के स्वरों से चलवीणा के स्वर एक श्रुति नीचे होते हैं। इसी तरह पहले उतारी हुई चलवीणा की हरएक श्रुति को उसके आगे की श्रुति के समान नीचा करना है। अब ध्रुववीणा के स्वरों से चलवीणा के स्वर २ श्रुति नीचे होते हैं। हमारे शास्त्र का कथन है कि गान्धार का स्वरस्थान ऋषभ के स्वरस्थान से दो श्रुति ऊँचा है।

इसलिए चलवीणा का गान्धार ध्रुववीणा के ऋषभ के समान रहना चाहिए। अब इन दोनों वीणाओं के गान्धार और ऋषभ तार बजाये जायँ, तो इस बात का निदर्शन होता है। इसी प्रकार चलवीणा का निषाद ध्रुववीणा के धैवत के समान रहता है।

इसी तरह तीसरी बार चलवीणा की श्रुतियों को और एक श्रुति नीचा करना चाहिए। तब चलवीणा के स्वर ध्रुववीणा के स्वरों से तीन श्रुति नीचे होते हैं। इसी कारण चलवीणा के ऋषभ और धैवत, ध्रुववीणा के षड्ज और पञ्चम के समान रहते हैं। इससे इस बात का निदर्शन होता है कि ऋषभ और धैवत, षड्ज और पञ्चम से तीन श्रुतियों से ऊँचे हैं।

अगर इसी तरह चलवीणा के स्वरों को और एक श्रुति नीचा किया जाय, तो चलवीणा के पञ्चम और षड्ज, ध्रुववीणा के मध्यम और निषाद के समान रहते हैं। और चलवीणा का मध्यम ध्रुववीणा के गान्धार के समान होता है। क्योंकि षड्ज, मध्यम्, पञ्चम—इन तीनों स्वरों में चार श्रुतियाँ हैं। इनके स्वरस्थान क्रमशः नि, ग, म स्वरों से चार श्रुति ऊँचे हैं।

**स्वरों में रञ्जन का रहस्य**

स्वर का निजी अर्थ ग्रन्थों में ऐसा दिया गया है—

'श्रुत्यनन्तरभावी यः शब्दोऽनुरणनात्मकः।
स्वतो रञ्जयते श्रोतुश्चित्तं स स्वर ईर्यते॥'

इस श्लोक में स्वर का लक्षण ऐसा कहा है—(१) श्रुतियों को लगातार उत्पन्न कराने से स्वर की उत्पत्ति होती है।

(२) शब्द का अनुरणन रूप ही 'स्वर' कहलाता है। अर्थात् हरएक शब्द में, आहृति के बाद होनेवाला शब्द, लहरों के क्रम से उत्पन्न होकर फिर क्रम से लीन हो जाता है। इसका नाम 'अनुरणन' है। अनुरणन ही स्वर का मुख्य स्वरूप है। क्योंकि अनुरणन में स्वरगत श्रुतियों का प्रकाशन होता है।

(३) हरएक स्वर, दूसरे स्वर की सहायता के बिना स्वयं रञ्जक है।[1]

एक स्वर में अगर रञ्जन देखना है, तो क्रमशः प्रसाद और दीप्ति के साथ स्वरों का उच्चारण करना आवश्यक है। रेल के इञ्जिन की सीटी की तरह प्रसाद और दीप्ति के बिना उच्चारण करें, तो उसमें रञ्जन नहीं रहता, अतः वह स्वर कहलाने योग्य भी नहीं होता।

हरएक श्रुति और हरएक स्वर का निश्चित रसभाव है। भाव के अनुसार २२ श्रुतियों को ५ जातियों में बाँटा गया है। जातियों को दीप्ता, आयता, करुणा, मृदु और मध्या नाम दिये गये हैं। इसके अलावा प्रत्येक जाति की श्रुतियों को उनके विशिष्ट भाव के कारण अलग-अलग नाम दिया गया है। २२ श्रुतियों का नाम ऐसा है—

| श्रुति | श्रुति का नाम | जाति | |
|---|---|---|---|
| १ | तीव्रा | दीप्ता | |
| २ | कुमुद्वती | आयता | |
| ३ | मन्दा | मृदु | |
| ४ | छन्दोवती | मध्या | स |
| ५ | दयावती | करुणा | |
| ६ | रञ्जनी | मध्या | |
| ७ | रतिका | मृदुः | रि |
| ८ | रौद्री | दीप्ता | |

**१. श्रुति और स्वर का भेद प्राचीन ग्रन्थों में सुस्पष्ट बताया गया है। पर पिछले ग्रन्थों में श्रुति और स्वरों के भेद का विवेचन उतना स्पष्ट नहीं है। नाट्यशास्त्र में बताया गया है कि दो, तीन या चार श्रुतियों से स्वर बनाये हुए है। एक ही श्रुति से स्वर बनाया हुआ हो, तो स्वर की 'स्वतो रञ्जकत्व' शक्ति नहीं होती। स्वर का अनुरणनत्व भी सिद्ध नहीं होता। शास्त्र वचन के अनुसार श्रुति स्वरावयव न होकर स्वर ही बन जाती है। यह शास्त्र के विरुद्ध है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ९ | क्रोधा | आयता | ग |
| १० | वज्रिका | दीप्ता | |
| ११ | प्रसारिणी | आयता | |
| १२ | प्रीतिः | मृदुः | |
| १३ | मार्जनी | मध्या | म |
| १४ | क्षिति | मृदु | |
| १५ | रक्ता | मध्या | |
| १६ | संदीपनी | आयता | |
| १७ | आलापिनी | करुणा | प |
| १८ | मदन्ती | करुणा | |
| १९ | रोहिणी | आयता | |
| २० | रम्या | मध्या | ध |
| २१ | उग्रा | दीप्ता | |
| २२ | क्षोभिणी | मध्या | नि |

स्वरप्रयोग में, आवश्यक विशिष्ट भाव के अनुसार स्वरगत श्रुतियों में उस भाव से सम्बन्ध रखनेवाली श्रुति जरा अधिक देर ठहरानी पड़ती है। स्वरों के भी अपने-अपने विशिष्ट रसभाव हैं। षड्ज और ऋषभ, वीर-अद्भुत और रौद्र रस प्रधान हैं। धैवत, वीभत्स और भयानक रस का अभिव्यञ्जक है। गान्धार और निषाद करुण रस प्रधान हैं। मध्यम और पञ्चम हास्य और शृंगार रस प्रधान हैं।

**वादी, संवादी, अनुवादी और विवादी**

प्रायः समान रसभाव देनेवाले दो स्वर पास-पास एक ही स्वरसमूह में रहने पर परस्पर रक्तिवर्धक होते हैं। इसलिए वे परस्पर संवादी स्वर कहलाते हैं। एक का नाम वादी और दूसरे का नाम संवादी है। हमारे काम आनेवाले मुख्य रस देनेवाले स्वर वादी हैं। प्रायः उन्हींके समान रसभाव देनेवाले स्वर संवादी हैं। हरएक स्वरसमूह के आदि या अन्त में स्वर का संवादी रहने से ही वह स्वरसमूह पूर्ण रञ्जक होता है। जिन दो स्वरों के स्वरस्थान के बीच नौ या तेरह श्रुति अन्तर है, वे ही परस्पर संवादी हैं। संवादी के संवादी में रञ्जन शक्ति कुछ कम रहती है। उनके संवादियों में रक्ति और भी कम रहती है। इस प्रकार होनेवाले द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ आदि संवादियों का नाम अनुवादी है। इसी तरह संवादी के संवादियों को ढूंढते समय दस अनुवादियों के बाद पहले की तरह स्वर फिर भी प्राप्त होते हैं।

अनुवादियों की दूरियाँ क्रमशः ऐसी ही रहती हैं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (१) | ४ | या | १८ |
| (२) | ५ | या | १७ |
| (३) | ८ | या | १४ |
| (४) | १ | या | २१ |
| (५) | १० | या | १२ |
| (६) | ३ | या | १९ |
| (७) | ६ | या | १६ |
| (८) | ७ | या | १५ |
| (९) | २ | या | २० |
| (१०) | ११ | | |

इनमें पिछले के अनुवादियों मे क्रम से रक्ति कम होती है। इनमे २ या २० में रक्ति न होने के अलावा रक्ति का भंग भी होता है। इसलिए २ या २० श्रुतियों के आगे रहनेवाले स्वर विवादी हैं।

**संवादी प्रकृति स्वरों में**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| षड्ज | (४) | के संवादी | मध्यम (१३) और पञ्चम (१७) हैं। | |
| ऋषभ | (७) | का संवादी | धैवत (२०) | |
| गान्धार | (९) | का संवादी | निषाद (२२) | |
| मध्यम | (१३) | ,, | निषाद (२२) और षड्ज (४) | |
| पञ्चम | (१७) | ,, | षड्ज (४) | |
| धैवत | (२०) | ,, | ऋषभ (७) | |
| निषाद | (२२) | ,, | गान्धार (९) और मध्यम (१३) | |

मतङ्ग आदि महर्षियों के मत के अनुसार समश्रुति संख्या रखनेवाले स्वर ही संवादी हो सकते हैं। इस मत के अनुसार देखें तो 'मध्यम' और 'निषाद' संवादी नहीं हैं।

हमारे शास्त्रों के अनुसार रागों में वादी राजा है। संवादी मन्त्री है। अनुवादी परिजन है। विवादी शत्रु है।

**प्रकृति स्वर और विकृत या साधारण स्वर**

स्वाद के लिए षड् रस हैं। ये छः रस अलग-अलग स्वाद के कारण होते हैं, परन्तु रसना उनसे तृप्त नहीं होती। वह और कुछ मिश्र रसों को चाहती है। रंगों

के सात प्रकार हैं। पर हमारी आँखें केवल इन सात रंगों से तृप्त नहीं होतीं। इनके सम्मिश्रित रंगों का भी प्रकार भेद सुन्दरता की दृष्टि से आवश्यक जान पड़ता है।

इसी तरह, संगीत में भी सात प्रकृति स्वरों से भिन्न रुचिवाले लोगों की तृप्ति नहीं हुई। कुछ मिश्रित स्वरों की भी आवश्यकता हुई।

मिश्रित स्वरों का जन्म पहले विवादी दोष के परिहार के रूप में हुआ। स्वरावली में ऋषभ और गान्धार तथा धैवत और निषाद पास-पास आते हैं। पर ये ऋषभ गान्धार परस्पर विवादी हैं और धैवत निषाद भी परस्पर विवादी हैं। इसलिए ऋषभ गान्धार को साथ-साथ उच्चारण करने से रक्तिभंग होता है। इसी तरह धैवत निषाद को भी। इसे परिहृत करने के लिए गान्धार और मध्यम को मिश्रित करके एक नये स्वर की उत्पत्ति हुई। उसका नाम 'अन्तरस्वर' है। उसका स्वरस्थान मध्यम की द्वितीय श्रुति अर्थात् ग्यारहवीं श्रुति है। स्वरगत श्रुतियाँ ८, ९, १०, ११ हैं। इसी तरह धैवत निषाद के विवादित्व के परिहार के लिए 'काकली' नामक एक नया स्वर उत्पन्न हुआ। स्वर के 'कलत्व' अर्थात् अव्यक्त मधुरता के कारण इसका 'काकली' नाम पड़ा। इसका स्वरस्थान षड्ज की द्वितीय श्रुति है। स्वरगत श्रुतियाँ २१, २२, १, २ हैं। इस तरह के मिश्रित स्वरों का नाम साधारण या विकृत स्वर है। कालान्तर और देशान्तर में कुछ और विकृत स्वरों की उत्पत्ति हुई है। इनमें काकली स्वर के स्वरस्थान को एक श्रुति नीचा करके 'कैशिकी' नाम का एक स्वर उत्पन्न हुआ है। इन काकली व कैशिकी स्वरों का अंतर केशमात्र यानी अतिस्वल्प है। इसलिए इसका नाम कैशिकी पड़ा। उसका स्वरस्थान षड्ज की प्रथम श्रुति है। स्वरगत श्रुतियाँ २१, २२,, हैं। इसी तरह अन्तरगांधार के स्वरस्थान को भी एक श्रुति नीचा करके साधारण गांधार नामक एक नया स्वर उत्पन्न हुआ। इसका स्वरस्थान दसवीं श्रुति है। स्वरगत श्रुतियाँ ८, ९, १० है। षड्जस्वर का स्वरस्थान एक श्रुति नीचा करके च्युतषड्ज नाम का एक विकृत स्वर हुआ। इसी तरह च्युतमध्यम भी मध्यम स्वरस्थान की एक श्रुति नीची करके हुआ।

मध्यमग्रामीय पञ्चम और धैवत, तथा काकली और कैशिकी निषाद, अन्तर एवं साधारण गान्धार ये पहले उत्पन्न विकृतस्वर हैं। बाद में एक श्रुति को मिलाकर चतुःश्रुति ऋषभ का जन्म हुआ; और ऋषभस्वर से गान्धार की दो श्रुतियों को मिलाकर पञ्चश्रुति ऋषभ भी हुआ। और मध्यम की प्रथम श्रुति को भी मिलाकर षट्श्रुति ऋषभ भी हुआ। इसी तरह धैवत में भी चतुःश्रुति धैवत, पञ्चश्रुति धैवत और षट्श्रुति धैवत भी उत्पन्न हुए। ये सब विकृतस्वर कर्नाटक और हिन्दुस्थानी संप्रदायों में अब भी इस्तेमाल किये जाते हैं। परन्तु इनके नाम में आज के कर्नाटक सम्प्रदाय

में थोड़ा अन्तर है, तो हिन्दुस्थानी सम्प्रदाय के स्वरों के नामों में अधिक अन्तर है।

| स्वरस्थान श्रुति | प्राचीन नाम | कर्नाटक सम्प्रदाय | हिन्दुस्थानी सम्प्रदाय |
|---|---|---|---|
| १ | कैशिकी या साधारण निषाद[1] | कैशिकी निषाद (षट्श्रुति धैवत) | कोमलतर निषाद |
| २ | काकली निषाद | — | कोमल निषाद |
| ३ | च्युतषड्ज | काकली निषाद | शुद्ध निषाद |
| ४ | षड्ज (प्रकृति) | षड्ज | षड्ज |
| ५ | — | — | — |
| ६ | — | — | — |
| ७ | ऋषभ (प्रकृति) | शुद्ध ऋषभ | कोमल ऋषभ |
| ८ | — | चतुःश्रुति ऋषभ | शुद्ध ऋषभ |
| ९ | गान्धार (प्रकृति) | शुद्ध गान्धार (पञ्चश्रुति ऋषभ) | (तीव्र ऋषभ) अति कोमलतर गान्धार |
| १० | साधारण गान्धार | साधारण गान्धार (षट्श्रुति ऋषभ) | कोमलतर गान्धार |
| ११ | अन्तर गान्धार | — | कोमल गान्धार |
| १२ | च्युत मध्यम | अन्तर गान्धार | शुद्ध गान्धार |
| १३ | मध्यम (प्रकृति) | शुद्ध मध्यम | शुद्ध मध्यम |
| १४ | — | — | — |
| १५ | — | — | — |
| १६ | मध्यम ग्राम पञ्चम | प्रतिमध्यम | तीव्रमध्यम |
| १७ | पञ्चम (प्रकृति) | पञ्चम | पञ्चम |
| १८ | — | — | — |
| १९ | — | — | — |
| २० | धैवत (प्रकृति) | शुद्ध धैवत | कोमल धैवत |
| २१ | — | चतुःश्रुति धैवत | शुद्ध धैवत |
| २२ | निषाद (प्रकृति)[2] | शुद्ध निषाद (पञ्चश्रुति धैवत) | अति कोमलतर निषाद |

१. कर्नाटक सम्प्रदाय में प्रथम श्रुति में स्थान रखनेवाले स्वर को ही कैशिकी निषाद कहते हैं। पर कुछ रागों में द्वितीय श्रुति पर स्थित स्वर भी प्रयुक्त किया जा रहा है। उसका अलग नाम नहीं है। उसे भी कैशिकी निषाद ही कहते हैं। इसी तरह गान्धार में भी १०, ११ दोनों श्रुतियों में स्थान रखनेवाले स्वरों को भी साधारण गान्धार ही कहते हैं।

२. इन स्वरों के अलावा 'रत्नाकर' में अच्युत षड्ज, अच्युत मध्यम, साधारण

**स्वरस्थानों का निश्चय करने का मार्ग**

स्वरों के उच्चारण को सुनने से स्वरस्थानों का निर्द्धारण करना सरल नहीं है, परन्तु निश्चय करने का एक सुलभ मार्ग यह है कि वादी एवं संवादी तत्त्व के सहारे स्वरस्थानों को निश्चित करना चाहिए। कर्नाटक पद्धति, हिन्दुस्थानी पद्धति, पाश्चात्य पद्धति इन तीनों पद्धतियों के प्रयोग में आनेवाले स्वरों का श्रुतिस्थान और दो स्वरों के बीच के अन्तर—इन्हें निश्चित करने के लिए वादी संवादी तत्त्व की बड़ी आवश्यकता है। इनके बारे में प्रचलित सिद्धान्त का भी संशोधन करना आवश्यक है।

षड्ज का स्थान तीनों सम्प्रदायों में चौथी श्रुति ही है। मध्यम का स्थान उससे ९ श्रुतियों के आगे है। इसलिए उसका स्थान १३ वीं श्रुति है। पञ्चम का स्थान षड्ज से १३ श्रुतियों के आगे है। इसलिए इसका स्थान १७ वीं श्रुति है। यह भी तीनों पद्धतियों में समान है।

पञ्चम से उसके संवादी ऋषभ का स्थान निश्चित कर सकते हैं। ऋषभ का स्थान पञ्चम से ९ श्रुतियों के नीचे है। अर्थात् इस ऋषभ का स्थान आठवीं श्रुति है। कर्नाटक पद्धति में ऋषभ के चार भेद हैं। प्राचीन काल के प्रकृति ऋषभ को शुद्ध ऋषभ कहते हैं। उसका स्थान शास्त्रों के अनुसार सातवीं श्रुति है। उससे उच्च ऋषभ को चतुःश्रुति ऋषभ कहते हैं। और उससे उच्च ऋषभ को पञ्चश्रुति ऋषभ कहते हैं। और भी ऊँचे ऋषभ को षट्श्रुति ऋषभ कहते हैं। पञ्चम का संवादी होने वाला ऋषभ, शंकराभरण राग में प्रयोग किये जानेवाला चतुःश्रुति ऋषभ भी है। इसलिए कर्नाटक पद्धति में ८ वीं श्रुति में स्थान रखनेवाले ऋषभ का नाम चतुःश्रुति ऋषभ है। इसका उदाहरण शंकराभरण में ऋषभ से शुरू होकर पञ्चम में समाप्त होनेवाली (री, गा, मपा) रक्तिदायक पकड़ है। हिन्दुस्थानी पद्धति में इस स्वर का नाम शुद्ध ऋषभ है। हिन्दुस्थानी पद्धति के सारङ्ग राग में ऋषभ पञ्चम का संवादी है। उसका नाम उस पद्धति में शुद्ध ऋषभ है।

**ऋषभ, साधारण पञ्चम नामक चार विकृत स्वर भी दिये गये हैं। अच्युत षड्ज षड्ज स्वर की तृतीय और चतुर्थ श्रुतियों से बना हुआ है। उसका स्वरस्थान षड्ज की चतुर्थ श्रुति ही है। इस तरह अच्युत मध्यम भी मध्यम की तृतीय और चतुर्थ श्रुतियों से बना हुआ है। साधारण ऋषभ ४, ५, ६, ७ श्रुतियों से बना हुआ है। स्वरस्थान सातवीं श्रुति है। साधारण पञ्चम मध्यमग्राम में १३, १४, १५, १६ श्रुतियों से बना हुआ है। स्वरस्थान १६वीं श्रुति है। ये नाम अब प्रचार में नहीं हैं।**

पाश्चात्य पद्धति में सुप्रसिद्ध मेल का नाम है 'डायटॉनिक स्केल' (Diatonic Scale)। स्वरों के नाम C, D, E, F, G, a, b, c, हैं। उसमें शुद्ध रूप स्वरों को 'नेचुरल' कहते हैं। तीव्रस्वर को 'शार्प' (sharp) और कोमलस्वर को 'फ्लैट' (flat) कहते हैं। उनके चिह्न 'H' और 'b' हैं।

पाश्चात्य पद्धति में विकृत या शार्प और फ्लैट की उत्पत्ति ऐसी होती है कि 'डायटॉनिक स्केल' के हरएक स्वर को उसके 'पञ्चम भाव' (Dominant or Fight) के अनुसार चढ़ाने से[1] एक विकृत स्वर उत्पन्न होता है। इसी तरह दूसरी बार स्वरों को पञ्चम भाव करने से दूसरा विकृत स्वर उत्पन्न होता है। इस तरह सात 'शार्प' (sharp) स्वरों की उत्पत्ति होती है। इसी तरह मध्यम भाव[2] करने से सात 'फ्लैट' (flat) स्वरों की उत्पत्ति होती है। यही पाश्चात्य सम्प्रदाय

**१. पञ्चम भाव से तीव्र स्वरों की उत्पत्ति**

| स्वर | — | C | D | E | F | G | a | b | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वरस्थान | — | 4 | 8 | 12 | 13 | 17 | 21 | 25(3) | |
| पहली दफा | — | 17 | 21 | 25 | 4 | 8 | 12 | 16 | —$F^H$ |
| दूसरी दफा | — | 8 | 12 | 16 | 17 | 21 | 25 | 7 | $C^H$ |
| तीसरी दफा | — | 21 | 25 | 7 | 8 | 12 | 16 | 20 | $G^H$ |
| चौथी दफा | — | 12 | 16 | 20 | 21 | 25 | 7 | 11 | $D^H$ |
| पाँचवीं दफा | — | 25 | 7 | 11 | 12 | 16 | 20 | 2 | $a^H$ |
| छठीं दफा | — | 16 | 20 | 2 | 25 | 7 | 11 | 15 | $E^H$ |
| सातवीं दफा | — | 7 | 11 | 15 | 16 | 20 | 2 | 6 | $b^H$ |

**२. मध्यमभाव के अनुसार चढ़ाने से कोमल स्वरों की उत्पत्ति**

| C | D | E | F | G | a | b | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 12 | 13 | 17 | 21 | 25(3) | |
| 13 | 17 | 21 | 22 | 4 | 8 | 12 | $b^b$ |
| 22 | 4 | 8 | 9 | 13 | 17 | 21 | $E^b$ |
| 9 | 13 | 17 | 18 | 22 | 4 | 8 | $a^b$ |
| 18 | 22 | 4 | 5 | 9 | 13 | 17 | $D^b$ |
| 5 | 9 | 13 | 14 | 18 | 22 | 4 | $G^b$ |
| 14 | 18 | 22 | 23(1) | 5 | 9 | 13 | $C^b$ |
| 23 | 5 | 9 | 10 | 14 | 18 | 22 | $F^b$ |

में विकृतस्वरों का उत्पत्ति विवरण है। इस पद्धति में ८ वीं श्रुति ऋषभ को 'डी' नेचुरल ('D' natural) कहते हैं।

इस ऋषभ का संवादी धैवत है। उसका स्थान २१ वीं श्रुति है। उसका नाम कर्नाटक संप्रदाय में चतु:श्रुति धैवत है। यह स्वर शंकराभरण राग में है। हिन्दुस्थानी पद्धति में उसका नाम शुद्ध धैवत है। राग सारङ्ग में शुद्ध ऋषभ और शुद्ध धैवत वादी संवादी हैं। पाश्चात्य सम्प्रदाय में इस धैवत को नेचुरल ए (Natural 'A') कहते हैं।

धैवत का संवादी गान्धार है। इस गान्धार का स्थान १२ वीं श्रुति है। अर्थात् मध्यम से एक श्रुति नीचे है। इन धैवत और गान्धार को वादी संवादी रखनेवाले राग हिन्दुस्थानी, कर्नाटक दोनों पद्धतियों में हैं। कर्नाटक पद्धति के राग 'मोहनम' को हिन्दुस्थानी पद्धति में 'भूप' कहते हैं। इन दोनों रागों में गान्धार और धैवत वादी संवादी हैं। इस गान्धार को अब कर्नाटक पद्धति में अन्तर गान्धार कहते हैं। प्राचीन सम्प्रदाय में इस स्वर का नाम च्युत मध्यम है। इससे एक श्रुति नीचे स्थान रखनेवाले स्वर को ही अन्तरगान्धार नाम दिया गया था। हिन्दुस्थानी पद्धति में इसका नाम शुद्ध गान्धार कहते हैं। पर कई रागों में इस स्वर से एक श्रुति नीचे होनेवाला स्वर भी प्रयोग में है। उसे भी 'शुद्ध गान्धार' कहते हैं। पाश्चात्य सम्प्रदाय में भी यह सन्देह है कि 'E' नेचुरल का स्थान ११ वीं 'की' है या १२ वीं। सन्देह निवृत्ति का एक मार्ग यह है। शुद्ध धैवत से एक श्रुति नीचे दूसरा धैवत है। उसका नाम प्राचीन काल में 'प्रकृति धैवत' दिया गया है। हिन्दुस्थानी सम्प्रदाय में उसका नाम कोमल धैवत है। कर्नाटक सम्प्रदाय में उसे 'शुद्ध धैवत' कहते हैं। उसका स्थान बीसवीं श्रुति है। इसके संवादीस्वर का स्थान ११ वीं श्रुति होना चाहिए। इसलिए इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कोमल धैवत और गान्धार के जिन रागों में वादी-संवादी है, उनमें गान्धार का स्थान ११ वीं श्रुति है और २१ वीं श्रुति के अर्थात् हिन्दुस्थानी पद्धति के शुद्ध धैवत और गान्धार जहाँ वादी-संवादी हैं, वहाँ उन रागों में गान्धार का स्थान बारहवीं श्रुति है।

बारहवीं श्रुति के अन्तरगान्धार का सवादी, तीसरी श्रुति में स्थान रखनेवाला निषाद स्वर है। उसका नाम प्राचीन काल में च्युतषड्ज था। अब तो इसका नाम कर्नाटक पद्धति में काकली निषाद, हिन्दुस्थानी पद्धति में शुद्ध निषाद और पाश्चात्य पद्धति में नेचुरल 'बी' (Natural 'B') है। उसके स्वरस्थान के बारे में नेचुरल ई (Natural 'E') की तरह संदेह है कि उसका स्थान तीसरी या दूसरी श्रुति है।

तीसरी श्रुति के इस निषाद का संवादी, पञ्चम से एक श्रुति नीचे का स्वर है।

इसका नाम प्राचीन काल में च्युत पञ्चम, आधुनिक कर्नाटक पद्धति में प्रतिमध्यम और हिन्दुस्थानी पद्धति में तीव्र मध्यम है। पाश्चात्य पद्धति में इसका नाम 'एफ़' शार्प ('F' sharp) है।

उस मध्यम का संवादी प्राचीन काल का शुद्ध ऋषभ है। उसका स्थान सातवीं श्रुति है। उसे कर्नाटक पद्धति में शुद्ध ऋषभ और हिन्दुस्थानी पद्धति में कोमल ऋषभ कहते हैं। पाश्चात्य पद्धति में इसका नाम 'सी' शार्प ('C' sharp) है।

इस ऋषभस्वर का संवादी प्राचीन काल का शुद्ध धैवत है। उसका नाम कर्नाटक पद्धति में शुद्ध धैवत, हिन्दुस्थानी पद्धति में कोमल धैवत और पाश्चात्य पद्धति में 'जी' शार्प ('G' sharp) है। उसका संवादी प्राचीन कालीन अन्तरगान्धार है। इनका विवरण अन्तर गान्धार के स्वर स्थान की चर्चा में बताया गया है। ग्यारहवीं श्रुति में स्थान रखनेवाले गान्धार का संवादी प्राचीन काल का काकली निषाद है। अब कर्नाटक पद्धति में इसका अलग नाम नहीं है। हिन्दुस्थानी पद्धति में इसे भी शुद्ध निषाद कहते हैं। पाश्चात्य पद्धति में इसका नाम 'ए' शार्प ('A' sharp) है।

उसका संवादी १५ वीं श्रुति का होना चाहिए। इसका प्रयोग केवल पाश्चात्य संगीत में है। इसका नाम 'ई' शार्प ('E' sharp) है।

इसका संवादी ६ वीं श्रुति में है। इसका प्रयोग सिर्फ़ पाश्चात्य संगीत में ही है। इसका नाम '६हीं' शार्प ('B' sharp) है।

उसका संवादी १९ वीं श्रुति में होना चाहिए। किसी भी पद्धति में इसका प्रयोग नहीं दिखाई पड़ता है। उसका संवादी प्राचीन काल का कैशिकी या साधारण गान्धार है। उसका स्थान १० वीं श्रुति है। अब इसे कर्नाटक पद्धति में साधारण गान्धार कहते हैं। इस पद्धति में प्राचीन काल के अन्तरगान्धार का अलग नाम प्रचलित न होने के कारण ग्यारहवीं श्रुति में स्थान रखनेवाले स्वर को भी साधारण गान्धार ही कहा जाता है। हिन्दुस्थानी पद्धति में इसका नाम कोमलतर गान्धार है। पाश्चात्य पद्धति में इसका नाम 'एफ़' फ्लाट ('F' flat) है।

इसके आगे भी संवादियों को ढूँढ़कर जायँ तो पहले आये हुए स्वरस्थान ही मिलते हैं। २२ श्रुतियों की उत्पत्ति कर दिखाने के लिए यह भी एक मार्ग है।

दो स्वर परस्पर संवादी हैं या नहीं इसके निश्चय का उपाय जान लेना आवश्यक है। दोनों स्वरों में एक से आरंभ करके दूसरे स्वर में समाप्त होनेवाली एक पकड़ या स्वरावली को गाते समय अन्तिम स्वर पर खड़े होते समय रञ्जन हो तो यह निश्चय होता है कि वे दोनों स्वर परस्पर संवादी हैं। स्वरों के परस्पर संवादित्व के निश्चय हो जाने से हमें यह ज्ञात हो जाता है कि वे स्वर एक दूसरे से ९ या १३ श्रुतियों के

अन्तर के हैं। इसी तरह निर्धारित किये हुए स्वरस्थान से अनिर्धारित स्वरस्थान का निश्चय कर सकते हैं।

**कर्नाटक सम्प्रदाय में वादी-संवादी**

| वादी | संवादी |
|---|---|
| षड्ज (४) | शुद्धमध्यम और पञ्चम (१३ और १७) |
| शुद्ध ऋषभ (७) | प्रतिमध्यम और शुद्ध धैवत (१६ और २०) |
| चतुःश्रुति ऋषभ (८) | पञ्चम और चतुःश्रुति धैवत (१७ और २१) |
| पञ्चश्रुति ऋषभ (९) | पञ्चश्रुति धैवत (२२) |
| शुद्ध गान्धार (९) | शुद्ध निषाद (२२) |
| साधारण गान्धार (१०) | कैशिकी निषाद (१) |
| अनामी गान्धार (११) | कैशिकी निषाद (२) |
| अन्तरगान्धार (१२) | चतुःश्रुति धैवत और काकली निषाद (२१ और ३) |
| शुद्ध मध्यम (१३) | शुद्ध निषाद और षड्ज (२२ और ४) |
| प्रतिमध्यम (१६) | काकली निषाद और शुद्ध ऋषभ (३ और ७) |
| पञ्चम (१७) | षड्ज और चतुःश्रुति ऋषभ (४ और ८) |
| शुद्ध धैवत (२०) | शुद्ध ऋषभ (७) |
| चतुःश्रुति धैवत (२१) | चतुःश्रुति ऋषभ और अन्तरगान्धार (८ और १२) |
| शुद्ध निषाद (२२) | शुद्ध गान्धार और शुद्ध मध्यम (९ और १३) |
| कैशिकी निषाद (१) | साधारण गान्धार (१०) |
| काकली निषाद (३) | अन्तर गान्धार (१२) और प्रतिमध्यम (१६) |

**हिन्दुस्थानी सम्प्रदाय में वादी-संवादी**

| वादी | संवादी |
|---|---|
| षड्ज (४) | शुद्ध मध्यम और पञ्चम (१३ और १७) |
| कोमल ऋषभ (७) | तीव्र मध्यम और कोमल धैवत (१६, २०) |
| शुद्ध ऋषभ (८) | पञ्चम और शुद्ध धैवत (१७, २१) |
| तीव्र ऋषभ (९) | तीव्र धैवत (२२) |
| अति कोमलतर गान्धार (९) | अति कोमलतर निषाद (२२) |

| | |
|---|---|
| कोमलतर गान्धार (१०) | कोमलतर निषाद (१) |
| कोमल गान्धार (११) | कोमल धैवत और शुद्ध निषाद (२० और २) |
| शुद्ध गान्धार (१२) | शुद्ध धैवत और शुद्ध निषाद (२१ और ३) |
| शुद्ध मध्यम (१३) | अतिकोमलतर निषाद और षड्ज (२२ और ४) |
| तीव्र मध्यम (१६) | शुद्ध निषाद और कोमल ऋषभ (३ और ७) |
| पञ्चम (१७) | षड्ज और शुद्ध ऋषभ (४ और ८) |
| कोमल धैवत (२०) | कोमल ऋषभ और कोमल गान्धार (७ और ११) |
| शुद्ध धैवत (२१) | शुद्ध ऋषभ और शुद्ध गान्धार (८ और १२) |
| अतिकोमलतर निषाद या तीव्र धैवत (२२) | अतिकोमलतर गांधार या तीव्र ऋषभ और शुद्ध मध्यम (९ और १३) |
| कोमलतर निषाद (१) | कोमलतर गान्धार (१०) |
| कोमल निषाद (२) | कोमल गान्धार (११) |
| शुद्ध निषाद (३) | शुद्ध' गान्धार और तीव्र मध्यम (१२ और १६) |

**१. प्रकृति या शुद्ध स्वर क्या है? हिन्दुस्थानी शुद्ध स्वर या कर्नाटक शुद्ध स्वर?** यह प्रश्न अब सुलझाना है कि हमारे प्राचीन शास्त्र में कहे हुए प्रकृति या शुद्ध स्वर का रूप क्या है? स्वर्गीय भातखण्डे जी, जिन्होंने हिन्दुस्थानी पद्धति की विस्तृत रूप से चर्चा कर एक सरल मार्ग का निर्माण किया है, दस से अधिक प्रश्नों को पीछे आनेवाले गवेषकों के द्वारा सुलझाने के लिए छोड़ गये हैं। उनमें यह प्रश्न भी एक है। इसे निर्धारित करने के लिए प्राचीन ग्रन्थों में दिये हुए प्रकृतिस्वरों के लक्षण पर विचार करना आवश्यक है। स्वर लक्षण को स्पष्ट रूप से बतानेवाला प्राचीन ग्रन्थ भरत का नाट्यशास्त्र है। उसमें प्रकृति स्वरों का लक्षण यों दिया गया है—

"षड्जश्च ऋषभश्चैव गान्धारो मध्यमस्तथा।
पञ्चमो धैवतश्चैव निषादः सप्त च स्वराः॥
चतुर्विधत्वमेतेषां विज्ञेयं श्रुतियोगतः।
वादी चैवाथ संवादी अनुवादी विवाद्यपि॥"

तत्र यो यत्रांशः स तस्य वादी, ययोश्च नवकत्रयोदश श्रुत्यन्तरे तावन्योऽन्यं संवादिनौ। यथा षड्ज मध्यमौ, षड्जपञ्चमौ, ऋषभधैवतौ, गान्धारनिषादौ इति षड्जग्रामे। मध्यमग्रामेऽप्येवमेव षड्जपञ्चमवर्जं पञ्चमऋषभयोश्चात्र संवादः।

कुछ रागों में हम देखते हैं कि संवादी न होनेवाले स्वर भी 'गमक' और 'स्वर-गुम्फन' नामक क्रिया से संवादी होकर रक्तिजनक होते हैं। एक स्वर, उसके आगे या पीछे होनेवाला स्वर इन दोनों को एक के बाद दूसरे को वेग से बार-बार उच्चारण करने से 'गमक' होता है। वेग के अनुसार गमकों को अनेक नाम दिये गये हैं। स्वर का उच्चारण करते समय उसके आगे या पीछे के स्वर की छाया को भी मिलाकर उच्चारण करने को 'स्वरगुम्फन' कहते हैं। इसलिए यह सिद्ध होता है कि संगीत में स्वर-विवेचन का काम बड़ा कठिन है। कई जगहों में असाध्य भी है।

**अत्र श्लोक :**

**'संवादो मध्यमग्रामे पञ्चमस्यर्षभस्य च।**
**षड्जग्रामे च षड्जस्य संवादः पञ्चमस्य च॥**
**विवादिनस्तु ये तेषां द्विश्रुति स्वरमन्तरम्'**

**यथा ऋषभ, गान्धारौधैवत-निषादौ। एवं वादि-संवादि-विवादिषु स्थापितेषु शेषा अनुवादिसंज्ञकाः।**

**''षड्जश्चतुःश्रुतिर्ज्ञेय ऋषभस्त्रिश्रुतिः स्मृतः।**
**द्विश्रुतिश्चापि गान्धारो मध्यमश्च चतुः श्रुतिः॥**
**चतुः श्रुतिः पञ्चमः स्यात् त्रिःश्रुतिर्धैवतस्तथा।**
**द्विश्रुतिस्तु निषादः स्यात् षड्जग्रामे भवन्ति हि॥**
**चतुः श्रुतिस्तु विज्ञेयो मध्यमः पञ्चमः पुनः।**
**त्रिश्रुतिर्धैवस्तु स्याच्चतुः श्रुतिक एव च॥**
**निषादषड्जौ विज्ञेयौ द्विचतुःश्रुतिसंभवौ।**
**ऋषभस्त्रिश्रुतिश्च स्यात् गान्धारो द्विश्रुतिस्तथा॥''**

**—अध्याय २४ श्लोक १९-२६।**

**इसका तात्पर्य यह है कि स्वर सात हैं—षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद।**

**स्वर चतुर्विध हैं, वादी, संवादी, अनुवादी और विवादी। किसी गाने में प्रधान स्वर वादी है। उससे ९ या १३ श्रुतियों के अन्तर पर रहनेवाला स्वर संवादी है। उदाहरणार्थ 'स' और 'म', 'स' और 'प', 'री' और 'ध', 'ग' और 'नि' परस्पर वादी संवादी हैं। षड्जग्राम में वादी संवादी का सम्बन्ध ऐसा है। इस तरह मध्यम ग्राम में 'री' और 'प' वादी संवादी हैं, 'स' और 'प' नहीं। अन्य स्वरों का संवाद षड्जग्राम के अनुसार**

**सामगान से संगीत की उत्पत्ति**

'नारदीय शिक्षा' में सामवेद का और लौकिक संगीत के स्वरों का सम्बन्ध ऐसा बताया गया है कि सामवेद के सप्तस्वर अर्थात् क्रुष्ट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ,

ही हैं। उद्धृत श्लोक का अनुवाद यह है—"मध्यम ग्राम में ऋषभ और पञ्चम वादी संवादी हैं।" दो स्वर परस्पर विवादी हैं जिनमें दो श्रुतियों का अन्तर है। उदाहरणार्थ ऋषभ और गान्धार, धैवत और निषाद। संवादी विवादियों का निर्धारण करने से यह निश्चित होता है कि बाकी स्वर परस्पर अनुवादी हैं।

षड्जग्राम में षड्ज की चार श्रुतियाँ हैं। ऋषभ की तीन, गान्धार की दो, मध्यम की चार, पञ्चम की चार, धैवत की तीन और निषाद की दो, मध्यमग्राम में षड्ज की चार, ऋषभ की तीन, गान्धार की दो, मध्यम की चार, पञ्चम की तीन, धैवत की चार, और निषाद की दो श्रुतियाँ हैं।

इन श्लोकों से प्राचीन ग्रन्थों के प्रकृति या शुद्धस्वर का अर्थात् षड्जग्राम स्वर का स्वरूप निश्चित हो सकता है। पहले मध्यम और पञ्चम के बारे में संदेह नहीं है। अब ऋषभ का स्वरूप निश्चय करना है। कहा गया है कि (श्लोक २१) ऋषभ और पञ्चम, मध्यमग्राम में वादी संवादी हैं। मध्यमग्राम का पञ्चम, षड्जग्राम के पञ्चम से एक श्रुति नीचे का है। उसका प्रमाण 'नाट्यशास्त्र' में है यथा—

"मध्यम ग्रामेतु श्रुत्यपकृष्टः पञ्चमः कार्यः—मध्यम ग्राम में पञ्चम को एक श्रुति नीचे करना है"—२२वें श्लोक के बाद का गद्य भाग।

यह त्रिश्रुति पञ्चम, मामूली पञ्चम से एक श्रुति कम है। उसका नाम कर्नाटक पद्धति में प्रतिमध्यम है और हिन्दुस्थानी पद्धति में तीव्रमध्यम। यह मध्यमग्राम-पंचम ही ऋषभ का संवादी बताया गया है। कर्नाटक पद्धति में 'पूर्वी कल्याण' में शुद्ध ऋषभ और प्रतिमध्यम का परस्पर संवादित्व है। इसी तरह हिन्दुस्थानी पद्धति में भी उसी राग में कोमल ऋषभ और तीव्र मध्यम का संवादित्व है। हिन्दुस्थानी पद्धति का शुद्ध ऋषभ तीव्र मध्यम का संवादी नहीं हो सकता। पञ्चम या शुद्ध धैवत का ही संवादी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन ग्रन्थों में बताया हुआ प्रकृति या शुद्ध ऋषभ हिन्दुस्थानी पद्धति का कोमल ऋषभ अर्थात् कर्नाटक पद्धति का शुद्ध ऋषभ ही है। इससे यह निश्चित होता है कि कर्नाटक पद्धति में शुद्ध ऋषभ का नामकरण ठीक है। इसी तरह शुद्ध ऋषभ का संवादी शुद्ध धैवत भी कर्नाटक पद्धति में ठीक है। गान्धार का अब विचार करना है। कहा गया है कि गान्धार, ऋषभ का विवादी (श्लोक २२ के बाद का गद्य भाग) है। इस कारण शुद्ध ऋषभ और शुद्ध गान्धार का प्रयोग साथ-

मन्द्र और अतिस्वार्य क्रमशः लौकिक स्वरों में ये 'म ग रि स नि ध प' के समान हैं।[1] पर सामगान करते समय उन स्वरों का स्वरस्थान हिन्दुस्थानी पद्धति के काफी थाट अर्थात् कर्नाटक पद्धति के खरहरप्रिया मेल का 'ग रि स नि ध प म' के समान दिखाई देता है। इनका समन्वय करना आवश्यक है।

पहले हमें याद रखना चाहिए कि काफी थाट या खरहरप्रिया मेल विकृत स्वरों से बनाया हुआ है, क्योंकि उसके ऋषभ, गान्धार, धैवत और निषाद ये चार स्वर प्रकृति स्वरों से ऊँचे हैं। अर्थात् प्रकृति ऋषभ सातवीं श्रुति पर है, परन्तु इस थाट का ऋषभ ८ वीं श्रुति पर है। प्रकृति गान्धार ९ वीं श्रुति पर है, इस थाट या मेल का गान्धार १० वीं श्रुति पर है। प्रकृति धैवत २० वीं श्रुति पर है, परन्तु इस थाट का धैवत २१ वीं श्रुति पर है। प्राचीन काल में काकली और अन्तर—ये दो विकृत स्वर ही प्राचीन ग्रन्थों में बताये गये हैं।

**साथ नहीं हो सकता। पर हिन्दुस्थानी पद्धति में शुद्ध गान्धार कोमल ऋषभ के साथ बहुत से रागों में आता है। अतः प्राचीन ग्रन्थों का शुद्ध गान्धार हिन्दुस्थानी पद्धति का शुद्ध गान्धार नहीं हो सकता। कर्नाटक पद्धति के शुद्ध गान्धार का स्थान चतुःश्रुति ऋषभ के ऊपर और साधारण गान्धार के नीचे है। अर्थात् हिन्दुस्थानी पद्धति के शुद्ध ऋषभ के ऊपर और कोमल गान्धार के नीचे है। उसका नाम कोमलतर गान्धार है। इस गान्धार के साथ कोमल ऋषभ का प्रयोग हिन्दुस्थानी पद्धति में नहीं है। कारण, दोनों परस्पर विवादी हैं। इस कारण कर्नाटक पद्धति में भी शुद्ध ऋषभ और शुद्ध गान्धार का प्रयोग साथ-साथ नहीं हो रहा है। इसलिए कर्नाटक पद्धति में ही शुद्ध गान्धार का नामकरण ठीक है। शुद्ध गान्धार के संवादी शुद्ध निषाद का नामकरण भी कर्नाटक पद्धति में ठीक है। कर्नाटक पद्धति में जो स्वर शुद्धस्वर कहे जाते हैं वे ही प्राचीन काल के शुद्धस्वर हैं। परन्तु यह हमें मालूम नहीं होता कि हिन्दुस्थानी पद्धति में कब और किस कारण से शुद्धस्वरों के नाम बदल गये हैं। केवल यह बताया जा सकता है कि यह नवीन नामकरण १७, १८वीं शताब्दी तक नहीं हुआ था।**

**१. यः सामगानां प्रथमः स वेणोर्मध्यमः स्वरः। यो द्वितीयः स गान्धारः। तृतीय स्त्वृषभः स्मृतः। चतुर्थः षड्ज इत्याहुः पञ्चमो धैवतो भवेत्। षष्ठो निषादो वक्तव्यः सप्तमः पञ्चमः स्मृतः। नारदीय शिक्षा प्रथमप्रकरणे, खण्डिका ५, श्लो० १—२। इन श्लोकों में धैवत और निषाद स्थान विवर्तित हैं।**

दूसरी बात यह है कि सामगान करते समय हमें खरहरप्रिया मेल या काफी ठाट की याद नहीं आती है। परन्तु हिन्दुस्थानी पद्धति के 'पीलू' और कर्नाटक पद्धति के

| प्रकृतिस्वर की श्रुतियाँ | | सामगान में अवरोह रूप में रहते समय उनके रूप | बैठने के स्थान | काफी या खरहरप्रिया के स्वरों की | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | श्रुतियाँ | | बैठने के स्थान |
| म | १० | १३ | | | | |
| | ११ | १२ | | | ८ | |
| | १२ | ११ | | | ९ | |
| | १३ | १० | १० | ग | १० | १० |
| | | | — | | ५ | — |
| | | | | | ६ | |
| ग | ८ | ९ | | | ७ | |
| | ९ | ८ | ८ | रि | ८ | ८ |
| रि | ५ | ७ | — | | १ | — |
| | | | | | २ | |
| | ६ | ६ | | | ३ | |
| | ७ | ५ | ५ | स | ४ | ४ |
| स | १ | ४ | — | | | - |
| | २ | ३ | | | २१ | |
| | ३ | २ | | | २२ | |
| | ४ | १ | १ | नि | १ | १ |
| | | | — | | १८ | — |
| | | | | | १९ | |
| नि | २१ | २२ | | | २० | |
| | २२ | २१ | २१ | ध | २१ | २१ |
| | | | — | | १४ | — |
| ध | १८ | २० | | | १५ | |
| | १९ | १९ | | | १६ | |
| | २० | १८ | १८ | प | १७ | १७ |
| प | १४ | १७ | — | | १० | — |
| | १५ | १६ | | | ११ | |
| | १६ | १५ | | | १२ | |
| | १७ | १४ | १४ | म | १३ | १३ |
| | | | — | | | — |

'रीतिगौड़' रागों की याद थोड़ी आती है। इन दोनों रागों के पकड़ गान्धार से शुरू होकर षड्ज में खतम होते हैं। इस पकड़ में रक्ति के रहने के कारण आदि और अन्त के स्वर का परस्पर संवादी होना आवश्यक है, परन्तु षड्ज का संवादी गान्धार नहीं; मध्यम है। इसलिए यह निश्चय होता है कि इन रागों का गान्धार मध्यम को छूकर आता है। क्योंकि षड्ज का स्वरस्थान चौथी श्रुति है। इस ठाट के गान्धार का स्वर-स्थान १० वीं श्रुति है। मध्यम का स्वरस्थान १३ वीं श्रुति है। संवादित्व होने के लिए नौ श्रुतियों का अन्तर रहना चाहिए। इसलिए ऐसा दिखाई पड़ता है कि यह गान्धार १३ वीं श्रुति से आरम्भ होकर अवरोह करता हुआ दसवीं श्रुति पर समाप्त होता है। इससे हमें एक विषय की स्फूर्ति होती है कि मध्यम की चार श्रुतियाँ १३, १२, ११, १० इन चारों को अवरोह क्रम में उच्चारण करें, तो इन रागों की गान्धार के समान ध्वनि सुनाई पड़ती है। अतः मध्यम का अवरोह रूप सामगान के प्रथमस्वर का रूप ले लेता है। इसी तरह अन्य प्रकृति स्वरों को भी अर्थात् ग, रि, स, नि, ध, प को अवरोह रूप में गाते हैं, तो उनके स्वरस्थान काफी थाट या खरहरप्रिया मेल के रि, स, नि, ध, प, म स्वरों के स्थानों में प्रायः बैठ जाते हैं। अतः हम इस सिद्धान्त पर पहुँच सकते हैं कि सामगान के स्वरों का उनकी श्रुतियों पर अवरोहात्मक रूप में उच्चारण किया जाता है, परन्तु लौकिक स्वर अपनी श्रुतियों के आरोहात्मक रूप मार्ग में उच्चरित होते हैं और 'नारदीय शिक्षा' के सामगान स्वरों और लौकिक स्वरों के सम्बन्ध की व्यवस्था ठीक निकलती है।

सामगान स्वरों के उच्चारण की अवरोहात्मक गति सामगान करते समय और ध्यानपूर्वक सुनने पर स्पष्ट दिखाई पड़ेगी।

इससे यह स्पष्ट होता है कि सामगान में प्रकृति स्वरों का ही प्रयोग किया जाता है, परन्तु हरएक स्वर का उच्चारण मार्ग श्रुतियों के अवरोह क्रम में है।

हमारे लौकिक संगीत मे ये ही स्वर अपनी श्रुतियों के आरोह क्रम में उच्चरित किये जाते हैं।

## तीसरा परिच्छेद

# वर्णालंकार और गमक

**स्वरों में रञ्जन की उत्पत्ति का साधन**

हरएक स्वर स्वतन्त्र रूप में भी रञ्जक होना चाहिए अन्यथा उसका नामकरण 'स्वर' हो ही नहीं सकता। रञ्जन के लिए अनुरणन, प्रसन्नता और दीप्ति का प्रयोग आवश्यक है। 'दीप्ति' का अर्थ है गंभीरता और 'प्रसन्नता' का अर्थ है शांत होना। इन दोनों के साथ-साथ प्रयोग करने की रीति मे सात भेद हैं। उनके नाम भी शास्त्रों में दिये गये हैं।

पहली रीति में स्वर का उच्चारण प्रसन्नता से शुरू होकर क्रम से गंभीर होता है। इसका प्रयोग हिन्दुस्थानी पद्धति में राग 'विहाग' में है। उस राग में हरएक स्वर शान्त भाव से शुरू होने के पश्चात् क्रमशः गंभीर होकर पुनः शान्त भाव को प्राप्त न करके उसी गंभीरता में स्थिर रहता है। यही रीति कर्नाटक पद्धति में 'भैरवी' और यदुकुल काम्बोजी रागों में पायी जाती है। इसका नाम **'प्रसन्नादि'** है।

दूसरी रीति में स्वर का उच्चारण गंभीरता के साथ आरम्भ होकर फिर शान्त होता है। इसका प्रयोग हिन्दुस्थानी पद्धति मे राग 'मालकोस' में है। कर्नाटक पद्धति में कल्याणी राग में है। इस रीति का नाम है **'प्रसन्नान्त'**।

तीसरी रीति में स्वरों का उच्चारण गंभीरता से शुरू कर शान्त अवस्था को प्राप्त होता और पुनः गंभीरता में ही स्थिर रहता है। इसका नाम है **'प्रसन्न मध्यम'**। इसका प्रयोग कर्नाटक पद्धति में शंकराभरण और तोड़ी रागों में और हिन्दुस्थानी पद्धति के राग सिन्धुभैरवी में है।

चौथी रीति में स्वरों का उच्चारण प्रसन्नता से आरम्भ होकर गंभीर होता हुआ अन्त में प्रसन्नता को प्राप्त कर लेता है। इसका प्रयोग हिन्दुस्थानी पद्धति में राग 'मांड़' और कर्नाटक पद्धति में 'काम्बोजी' राग में है। इस रीति का नाम है **'प्रसन्नाद्यन्त'**।

पाँचवीं रीति में स्वर का विस्तार होता है। उसका नाम है **'प्रस्तार'**। हिन्दुस्थानी पद्धति में राग गौड़ सारङ्ग के आरोहण में इसका प्रयोग होता है। कर्नाटक पद्धति में श्रीराग के आरोहण में भी इसका प्रयोग दिखाई पड़ता है।

छठीं रीति में स्वर केवल शान्त हो जाते हैं। इसका नाम है **'प्रसाद'**। प्रस्तार और प्रसाद दोनों रीतियाँ प्रायः एक ही राग मे आती हैं। आरोहण में प्रस्तार और अवरोहण में प्रसाद का प्रयोग होता है। प्रसाद रीति का प्रयोग हिन्दुस्थानी पद्धति के राग गौड़ सारङ्ग में और कर्नाटक पद्धति के श्रीराग के अवरोहण मे किया जा रहा है।

सातवीं रीति में चार-पाँच स्वरों के द्वारा वेग से आरोह या अवरोह करना पड़ता है। इसका नाम **'क्रमविरेचित'** है। यह रीति 'यमनकल्याण' के अवरोह मे और कर्नाटक पद्धति के सहाना राग के आरोहण मे मिलती है।

इन सातों प्रकारों में प्रत्येक राग की एक ही रीति का प्रयोग सब स्वरों मे करना चाहिए। पर स्थायी स्वर मे ही रीति का स्वरूप स्पष्ट दीख पड़ता है। इसीलिए इन रीतियों को 'स्थायी स्वर अलंकार' कहते हैं। गानक्रिया में एक स्वर मे स्थिर रहने को 'स्थायी वर्ण' कहते हैं। 'वर्ण' गानक्रिया का साधारण नाम है। स्थायी के अलावा, आरोही वर्ण, अवरोही वर्ण और सचारी वर्ण भी गानक्रिया में हैं। आरोही, अवरोही, सचारी वर्णों मे भी अनेक प्रकार के अलकार हैं।

प्रारम्भिक शिक्षा मे ही इन सब अलकारों का अभ्यास कराना चाहिए। इनमें अनेक अलकार अब भी प्रारम्भिक शिक्षाभ्यास मे वर्तमान हैं। जो अलंकार आज के अभ्यास में नहीं है, उन्हें भी शिक्षाभ्यास में सम्मिलित कर लेना चाहिए। स्थायी स्वर अलंकारों का इस तरह अभ्यास करना चाहिए कि जिस स्थायी स्वर अलंकार का जिस राग में प्रयोग किया जा रहा हो, उस राग के संचार से उस अलकार का विलंब, मध्य और द्रुत—इन तीनों कालों मे अभ्यास हो जाय। और प्रत्येक राग मे प्रयुक्त गीत, वर्ण और चीजों का उस राग के विशिष्ट स्थायी स्वर अलंकार के साथ तीनों कालों में अभ्यास हो जाय।

आरोही, अवरोही और सचारी वर्णों के अलंकार नाटचशास्त्र और संगीत रत्नाकर में दिये गये हैं। आरोही वर्ण में १३ अलंकार, अवरोही में ५ और संचारी में १४ अलंकार नाटचशास्त्र में बताये गये हैं, परन्तु सगीत रत्नाकर में आरोही में १२, अवरोही में १२ और संचारी मे २५ अलंकार दिये गये हैं। इनके अलावा सात प्रसिद्ध अलकारों के नाम भी दिये गये हैं। इन सब अलंकारों का वर्णन मात्र नाटचशास्त्र मे है। सगीत रत्नाकर मे उनके उदाहरण भी हैं। आजकल बिना उनके नाम के प्रारम्भिक शिक्षा मे उनका अभ्यास किया जा रहा है। कर्नाटक पद्धति में 'सरली वरिस', 'जण्ट वरिस', 'दाट्टु वरिस', सप्तालकार कहलाते हैं। हिन्दुस्थानी पद्धति में सरगम, मीड, मुरकी, खटका, तान, बोलतान कहते हैं।

**आरोही वर्ण के अलंकार**

१. विस्तीर्ण—सा री गा मा पा धा नी

२. निष्कर्ष—सस - रिरि - गग - मम - पप - धध - निनि,
गात्रवर्ण—ससस - रिरिरि - गगग - ममम - पपप - धधध - निनिनि,
सससस - रिरिरिरि - गगगग - मममम - पपपप - धधधध - निनिनिनि।

३. बिन्दु—सा,रि[१] – गा,म – पा,ध – नी,स – सा,रि।

४. अभ्युच्चय—सगपनिरि।

५. हसित—सा – रीरी – गागागा – मामामामा – पापापापापा – धा धा धा-
धा धा धा – नीनीनीनीनीनीनी – सासासासासासासासा।

६. प्रेंखित—सरी – रिगा – गमा – मपा – पधा – धनी – निसा।

७. आक्षिप्त—सगा – गपा – पनी – निरी।

८. संधिप्रच्छादन—सरिगा – गमपा – पधनी – निसरी।

९. उद्गीत—सससरिगा – मममपधा – निनिनिसरी।

१०. उद्वाहित—सरिरिरिगा – मपपपधा – निसससरी।

११. त्रिवर्ण—सरिगगगा – मपधधधा – निसरिरिरी।

१२. पृथग्वेणु—सरिग सरिग सरिग – रिगम रिगम रिगम – मपध मपध मपध
पधनि पधनि पधनि – धनिस धनिस धनिस।

इसी नाम के और इसी क्रम में १२ अवरोही अलंकार हैं।

**संचारी वर्ण के अलंकार**

१. मन्द्रादि—सगरी – रिमगा – गपमा – मधपा – पनिधा – धसनी – निरिसा–
सधनी – निपधा – धमपा – पगमा – मरिगा – गसरी – रिनिसा।

२. मन्द्रमध्यम—गसरी – मरिगा – पगमा – धमपा– निपधा – सधनी –
रिनिसा – सगरी – निरिसा – धसनी – पनिधा – मधपा – गपमा –
रिमगा – सगरी।

३. मन्द्रान्त—रिगसा – गमरी – मपगा – पधमा – धनिपा – निसधा – सरिनी–
सनिरी – निधसा – धपनी – पमधा – मगपा – गरिमा – रिसगा।

४. प्रस्तार—सगा – रिमा – गपा – मधा – पनी – धसा – सधा – निमा –
धमा – पगा – मरी – गसा।

१. इसमें 'सा' 'प्लुत' या त्रि-मात्रिक है।

५. प्रसाद—सरिसा – रिगरी – गमगा – मपमा – पधपा – धनिधा – निसनी – सरिसा – सनिसा – निधनी – धपधा – पमपा – मगमा – गरिगा – रिसरी – सनिसा।

६. व्यावृत्त—सगरिमासा – रिमगपारी – गपमधागा – मधपनीमा – पनिधसापा – धसनिरीधा – निरिसगानी – सगरिमासा – सधनिपासा – निपधपानी – धमपगाधा – पगमरीपा – मरिगसामा – गसरिनीगा – रिनिसधारी – सधनिपासा।

७. स्कलित—सगरिममरिगसा – रिमगपपगमरी – गपमपपमपगा – मधपनिनिपधमा – पनिधससधनिपा – धसनिरिरिनिसधा – निरिसगगसरिनी – सधनिपपनिधसा – निपधममधपनी – धमपगगपपध – पगमरिरिमगपा – मरिगससगरिमा – गसरिनिनिरिसगा।

८. परिवर्तक—सगम – रिमपा – गपधा – मधनी – पनिसा – सनिपा – निधमा – धपगा – पमरी – मगसा।

९. आक्षेप—सरिगा – रिगमा – मपधा – पधनी – धनिसा – सनिधा – निधपा – धपमा – पमगा – मगरी – गरिसा।

१०. बिन्दु – सा, रिसा – री, गरी – गा, मगा – मा, पमा – धा, निधा – नी, सनी – सा, रिसा – नी, धनी – धा, पधा – पा, मपा – गा, मगा – री, सरी – सा, निसा।

११. उद्वाहित—सरिगरी – रिगमगा – गमपमा – मपधपा – पधनिधा – धनिसनी – निसरिसा – सनिधनी – निधपधा – धपमपा – पमगमा – मगरिगा – गरिसरी – रिसनिसा।

१२. ऊर्मि—मासमा – पारिपा – धागधा – नीमनी – सापसा – पासपा – मानिमा – गाधगा – रीपरी – सामसा।

१३. सम—सरिगममगरिसा – रिगमपपमगरी – गमपधधपमगा – मपधनिनिधपमा – पधनिससनिधपा – सनिधपपधनिसा – निधपममपधनी – धपमगगमपधा – पमगरिरिगमपा – मगरिससरिगमा।

१४. प्रेंख—सरीरिसा – रिगागरी – गमामगा – मपापमा – पधाधपा – धनीनिधा – निसासनी – सनीनिसा – निधाधनी – धपापधा – पमामपा – मगागरी – गरीरिगा – रिसासरी – सनीनिसा।

१५. निष्कूजित—सरिसागसा – रिगरीमरी – गमगापगा – मपमाधमा – पधपा-

निधा – धनिधासनी – निसनीरिसा – सनिसाधनी – निधनीपधा – धपधामपा – पमपागमा – मगमारिगा – रिसरीनिसा ।

१६. श्येन—सपा – रिधा – गनी – पसा – सपा – निगा – धरी – पसा ।

१७. क्रम—सरिसरिगसरिगमा – रिगरिगमरिगमपा – गमगमपगमपधा – मपमपधमपधनी – पधपधनिपधनिसा – सनिसनिधसनिधप – निधनिधप-निधपम – धपधपमधपमगा – पमपमगपमगरी – मगमगरिमगरिसा ।

१८. उद्वहित—सरिपमगरी – रिगधपमगा – गमनिधपमा – मपसनिधपा – पधरिसनिधा – धनिगरिसनी – निसमगरिसा–सनिमपधनी – निधगमपधा –धमरिगमपा – पमसरिगमा – मगनिसरिगा – गरिधनिसरी – रिसप-धनिसा ।

१९. रञ्जित—सगरिसगरिसा – रिमगरिमगरी – गपमगपमधा – मधपमधपमा– पनिधपनिधपा – धसनिधसनिधा – निरिसनिरिसनी – सगरिसगरिसा – सधनिसधनिसा – निपधनिपधनी – धमपधमपधा–पगमपगमपा – मरिगम-रिगमा – गसरिगसरिगा – रिनिसरिनिसरी – सधनिसधनिसा ।

२०. सन्निवृत्त प्रवृत्तक—सपामगरी – रिधापमगा – गनीधपमा – मसानिधपा– परीसनिधा – धगारिसनी – निमागरिसा – समापधनी – निगामपधा– धरीगमपा – पसारिगमा – मनीसरिगा – गधानिसरी – रिपाधनिसा ।

२१. वेणु—सासरिमागा – रीरिगपामा – गागमधापा – मामपनीधा – पापध-सानी – धाधनिरीसा – सासनिपाधा – नीनिधमापा – धाधपगामा – पापमरीगा – मामगसारी – गागरिनीसा ।

२२. ललितस्वर—सरिमरिसा – रिगपगरी – गमधमगा – मपनिपमा – पधस-धपा – धनिरिनिधा – निसगसनी – सरिमरिसा – सनिपनिसा – निधमधनी – धपगपधा – पमरिमपा – मगसगमा – गरिनिरिगा – रिसध-सरी – सनिपनिसा ।

२३. हुँकार—सरिस – सरिगरिस – सरिगमगरिस – सरिगमपमगरिस – सरिगमपधपमगरिस – सरिगमपधनिधपमगरिस – सरिगमपधनिसनिधप-मगरिस – सनिस – सनिधनिस – सनिधपधनिस– सनिधपमगमपधनिस – सनिधपमगरिगमपधनिस – सनिधपमगरिसरिगमपधनिस ।

२४. ह्लादमान—सगरिसा – रिमगरी – गपमगा – मधपमा – पनिधपा – धसनिधा – निरिसनी – सगरिसा – सधनिसा – निपधनी – धमपधा – पगमपा – मरिगमा – गसरिगा – रिनिसरी – सधनिसा ।

२५. अवलोकित—सगमामरिसा – रिमपापगरी – गमधाधमगा – मधनीनिपमा– सधपापनिसा–निपमामधनी–धमगागपधा – पगरोरिमपा–मरिसासगमा।

**गमक**

एक स्वर में रञ्जन के साथ कम्पन देने को गमक कहते हैं। एक स्वर के ऊपर या नीचे होनेवाले स्वर को भी मिलाकर ऊपर और नीचे वेग से उच्चारण करने से ही 'गमक' उत्पन्न होता है। गमकों के पन्द्रह भेद हैं—

(१) तिरिप (२) स्फुरित (३) कम्पित (४) लीन (५) आन्दोलित (६) वलि (७) त्रिभिन्न (८) कुरुल (९) आहत (१०) उल्लासित (११) प्लावित (१२) गुम्फित (१३) मुद्रित (१४) नामित (१५) मिश्रित।

१. तिरिप—एक ह्रस्वाक्षर के $\frac{१}{८}$ मात्रा काल के वेग से होनेवाले कम्पन का नाम 'तिरिप' है।

२. स्फुरित—एक ह्रस्वाक्षर के $\frac{१}{६}$ मात्रा काल के वेग से किये जानेवाले कम्पन का नाम 'स्फुरित' है।

३. कम्पित—एक ह्रस्वाक्षर के $\frac{१}{४}$ मात्रा काल के वेग से कम्पन किया जाय तो वह 'कम्पित' कहा जाता है।

४. लीन—एक ह्रस्वाक्षर के $\frac{१}{२}$ मात्रा काल के वेग से कम्पन किया जाय तो वह 'लीन' है।

५. आन्दोलित—एक ह्रस्वाक्षर काल के अर्थात् एक मात्रा के वेग से कम्पन करने को 'आन्दोलित' कहते हैं।

६. वलि—वेग से कम्पन करते समय थोड़े वक्रत्व के साथ कम्पन करने को 'वलि' कहते हैं।

७. त्रिभिन्न—तीनों स्थानों में वेग से संचार करने का नाम 'त्रिभिन्न' है।

८. कुरुल—'वलि' में ही स्वरों को घनता के साथ उच्चारण करने को 'कुरुल' कहते हैं।

९. आहत—संचार करते समय आगे के स्वर पर आघात करके लौटने को 'आहत' कहते हैं।

१०. उल्लासित—संचार में एक स्वर को पार करके जाने को 'उल्लासित' नाम दिया गया है।

११. प्लावित—तीन ह्रस्वाक्षर काल के वेग से कम्पन करने को 'प्लावित' नाम दिया गया है।

१२. गुफित—हुँकार और गंभीरता के साथ कम्पन करने का नाम गुम्फित है।

१३. मुद्रित—मुँह बन्द करके कम्पन करने को 'मुद्रित' कहते हैं।

१४. नामित—स्वरों का नमन करके कम्पन करना 'नामित' है।

१५. मिश्रित—ऊपर बताये हुए गमकों में दो या अधिक गमकों को मिश्रित करके प्रयोग करने को 'मिश्रित' कहते हैं।

# चौथा परिच्छेद

# मूर्च्छना और क्रम

भारतीय संगीत का विशिष्ट स्वरूप है 'राग'। रागों के स्वरूप और रागों के पारस्परिक भेद को हमारे देश के समस्त संगीत-संप्रदायज्ञ और रसिकजन अनुभव से जानते हैं। परन्तु यदि एक विदेशी पूछे कि 'राग क्या है?' तो उसे समझाने के लिए आजकल के लक्षण पर्याप्त नहीं हैं।

आज रागलक्षण के नाम से प्रचलित लक्षण केवल हरएक राग में प्रयोज्य स्वरों के कोमल और तीव्र रूप एवं वक्र वर्ज्यभाव ही हैं। उत्तर भारत में वादी-संवादी रूप में एक लक्षण और भी है। परन्तु रागच्छाया देनेवाले दूसरे लक्षणों को भूले हमें बहुत दिन हो गये। केवल सम्प्रदाय के कारण रागों का जीवन और छाया सुरक्षित है। रागच्छाया के निश्चित लक्षणों को प्राचीन ग्रन्थों से ढूंढ़ निकालना हमारा आवश्यक कर्तव्य है।

प्राचीन ग्रन्थों मे राग का स्वरूप इस प्रकार वर्णित किया गया है कि श्रुति से स्वर, स्वरों से ग्राम, ग्राम से मूर्च्छना, मूर्च्छना से जाति और जाति से रागों की उत्पत्ति होती है। श्रुति, स्वर, ग्राम—इन तीनों का स्वरूप पहले ही बताया जा चुका है। अब मूर्च्छना पर विचार किया जाय।

**मूर्च्छना का स्वरूप**

एक स्वर से आरम्भ करके क्रमशः सातवे स्वर तक आरोह करने के पश्चात् उसी मार्ग से अवरोह करने को मूर्च्छना कहते हैं। हरएक ग्राम में हरएक स्वर से शुरू करने पर सात मूर्च्छनाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। मूर्च्छना रागच्छाया का आधार है। यह कैसे हो सकता है?

कहा गया है कि राग का स्वरूप 'रञ्जक स्वर-सन्दर्भ' है। वैसे तो हरएक स्वर अलग रहते समय भी रञ्जक होता है, परन्तु राग में स्वरसमूह के प्रयोग से और भी रञ्जन की उत्पत्ति होती है। हरएक स्वर एक रसभाव का पोषक है। **उस स्वर को उसके संवादी के साथ एक स्वरसमूह में प्रयोग करने से उस रसभाव का प्रकाशन**

**और रञ्जन शक्ति और भी ज्यादा होती है। एक ही रसभाव देनेवाले अनेक पकड़ों को कल्पना के साथ गाते जाना 'राग' है।**

हरएक पकड़ में आरम्भिक स्वर का प्राधान्य अधिक है। उसके संवादी तक आरोहण करने से रसभाव-पूर्ण एक पकड़ हमें मिल जाता है। दूसरे स्वर से शुरू करें तो उस पकड़ से दूसरा रसभाव ही मिलता है। राग की प्राप्ति के लिए हमें एक ही प्रकार का रसभाव देनेवाले बहुत पकड़ों की उत्पत्ति चाहिए। पर अब हमें एक ही पकड़ मिला हुआ है। तार और मन्द्र स्थानों में अगर इसी स्वर से शुरू करके उसके संवादी तक आरोहण करें तो और दो पकड़ों की प्राप्ति होती है। इस तत्त्व को लेकर इसी तरह बहुत से पकड़ों को उत्पन्न करने का एक उपाय किया जाय तो उसका नाम मूर्च्छना है।

एक स्वर से आरम्भ करके उसके संवादी तक आरोहण करने से एक रसभाव की पूर्ति होने के कारण, उसके ऊपर लगातार संचार करें तो भी आदि में उत्पन्न रसभाव की हानि नहीं होती। प्रायः एक स्वर का संवादी उसका चौथा या पाँचवाँ स्वर ही रहता है। उस चौथे या पाँचवें स्वर के आगे भी संचार करके जायँ तो रसभाव का भंग नहीं होता। पर इसे याद रखना आवश्यक है कि आरम्भिक स्वर का आठवाँ स्वर तारस्थान में वही स्वर है और उससे शुरू कर संवादी तक आरोहण करने से हमें काम आनेवाला राग का दूसरा पकड़ मिलता है। अगर आठवें स्वर में शुरू करना है तो सातवें स्वर पर रुकना चाहिए। अन्यथा संचार लगातार होने के कारण आठवें स्वर से आरम्भ हमें प्राप्त नहीं होता। इसलिए चौथे या पाँचवें स्वर के आगे संचार करते समय सातवें स्वर तक आरोहण करने पर रुक जाना पड़ता है। अगर और संचार करना है तो अवरोह ही करना चाहिए। अवरोह करते समय भी आरम्भ स्वर तक अवरोहण करके रुक जाना चाहिए। **इस प्रकार एक स्वर से शुरू करके उसके सातवें स्वर तक आरोह करने के पश्चात् पुनः आरम्भ स्वर तक अवरोहण करने से एक चक्राकार संचार मिलता है। उस चक्र में संचार करते हैं तो एक ही रसभाव प्राप्त होता है।**

हरएक राग का अपना निजी मूर्च्छना-चक्र है। इसे ढूंढ़ने का एक सरल मार्ग है। **राग में संचार करते समय, (i) एक स्वर तक पहुँचने के पश्चात् उसके आगे न जाकर उसी स्वर में कुछ देर स्थिर रहना और तत्पश्चात् ही ऊपर जाना पड़ता है। (ii) या उस स्वर तक पहुँचने के बाद तत्काल लौटना पड़ता है। (iii) या उस स्वर को छोड़कर जाना पड़ता है। इन तीनों में किसी एक प्रकार में संचार रुक जाय तो यह निश्चित होता है कि वही स्वर उस राग की मूर्च्छना का आरम्भक स्वर**

हैं। इसी प्रकार अवरोहण के द्वारा भी निश्चय कर सकते हैं। जैसे कर्नाटक पद्धति के नाट राग में गान्धार से ऋषभ तक आरोहात्मक संचार ('गपधनिसरि') निर्विघ्न किया जाता है। ऋषभ तक पहुँचकर लौटना पड़ता है। अगर उसके आगे जाना चाहें, तो ऋषभ के बाद के स्वर गान्धार का लंघन करके 'रिमा' या 'सगा'—ऐसा संचार करना पड़ता है। 'रिगा' या 'गरी'—ऐसा संचार नहीं किया जाता। अवरोहण में भी मूर्च्छना के अन्तिम स्वर गान्धार के नीचे जाना चाहें तो 'गसा' या 'मरी'—ऐसा संचार करना चाहिए। 'गरी', 'रिगा'—ऐसा संचार नहीं किया जाता।

इसी तरह हिन्दुस्थानी पद्धति के मांड़ राग में मूर्च्छना का आरम्भ गान्धार से होकर ऋषभ तक समाप्ति होती है, तत्पश्चात् गान्धार तक अवरोह होता है। ऋषभ के ऊपर इस राग मे भी 'रिगा, गरी'—ऐसा संचार नहीं है। ऋषभ के ऊपर जाना चाहे, तो ऋषभ पर ठहरकर पुनः आगे जाना पड़ता है। और ऋषभ को पार कर 'सगा'—ऐसा आरोह करना पड़ता है। उसी प्रकार गान्धार के नीचे जाना चाहे तो गान्धार पर ठहरकर संचार करना पड़ता है या 'रि' का लंघन करके नीचे 'गसा'—ऐसा संचार कर सकते हैं।

## रागों की सीमाएँ और आधार, मूर्च्छना और न्यासस्वर

राग स्वरमय चित्र है। एक चित्र के ऊपर और एक नीचे की सीमा है। उसी तरह एक आधार है। एक ही आधार और सीमाओं में अनेक चित्रों का अंकन किया जा सकता है। रागस्वरूप की सीमाएँ ही 'मूर्च्छना' है। क्योंकि मूर्च्छनाचक्र के अन्दर ही राग का स्वरूप उत्पन्न होता है।

अब यह विचार किया जाय कि 'आधार' क्या वस्तु है। राग में संचार करते समय यह अनुभव होता है कि कुछ स्वरों पर कुछ देर ठहरे। दूसरे स्वरों पर ठहरने की इच्छा नहीं होती। हरएक राग में एक ऐसा स्वर है जहाँ जाने पर और आगे, नीचे बढ़ने की इच्छा ही नही होती। रागविस्तार की इच्छा से विवश होकर एक नया प्रस्थान करना पड़ता है। इस स्वर का नाम 'न्यास' है जहाँ हमें इस तरह स्थिर रहने की इच्छा होती है। न्यास शब्द का अर्थ है (नि—नितराम्=अच्छी तरह+आस=बैठना) अच्छी तरह बैठना। यही न्यासस्वर रागों की बुनियाद है जहाँ अनेक संचार करने के बाद राग समाप्त होते हैं। चित्रों के आधार और सीमाओं में परस्पर निर्धारक सम्बन्ध है। इसी तरह मूर्च्छना और न्यासस्वर का परस्पर निर्धारक सम्बन्ध है। न्यासस्वर मूर्च्छना से उत्पन्न हुआ है।

एक ही स्वर में आकर समाप्त होनेवाले बहुत से राग हैं। हमें अनुभव है कि

षड्ज स्वर में आकर बहुत से राग समाप्त होते हैं। अनेक राग एक ही न्यासस्वर के आधार में रहने पर भी भिन्न-भिन्न रसभाव के पोषक रहते हैं। इसका कारण यह है कि हरएक राग एक विशिष्ट रसभाव देनेवाले स्वर को अंश रूप में लेता है। अर्थात् वही स्वर उस राग का मुख्य स्वर बन जाता है। उसका नाम अंश या वादी है।

न्यासस्वर से मूर्च्छना निर्धारित होती है। जिससे कि एक ही न्यासस्वर के आधार पर रहनेवाले सब राग एक ही मूर्च्छना से उत्पन्न हो जायँ।

एक मूर्च्छना एक रसभाव देती है। फिर उसके आधार पर भिन्न-भिन्न रसभाव का पोषण करनेवाले बहुत से रागों की उत्पत्ति कैसे होती है? इस प्रश्न का जबाब देने के लिए ही क्रम संचार है।

**क्रमसंचार और वादी-संवादी**

हरएक मूर्च्छना चक्राकार में है। इस चक्र मे किसी भी स्वर से शुरू कर उस चक्र की पूर्ति कर सकते हैं। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि संगीत मे हरएक पकड़ या संचार का रसभाव आरम्भ स्वर से निश्चित होता है। इसके कारण एक मूर्च्छना चक्र में हरएक स्वर से शुरू करके चक्र की पूर्ति करने से एक-एक रसभाव उत्पन्न होता है। अर्थात् हरएक संचार मे वादी सवादी भिन्न होते हैं।

हरएक मूर्च्छना हरएक रसभाव का पोपण करती है; और उसमे हरएक स्वर से शुरू करके संचार करते समय भिन्न-भिन्न प्रकार के रसभाव उत्पन्न होते हैं। मूर्च्छना के साथ रसभाव और संचारों के साथ रसभाव का क्या सम्बन्ध है?

काव्य और नाटकों में रसनिष्पत्ति के समय मुख्य रस एक होता है और उसमें उपरस दूसरे होते हैं। उदाहरणतया शृङ्गार रस मे ही हास्य, करुण, रौद्र इत्यादि रसभाव उत्पन्न होते है। उनमे मुख्य रसभाव मूर्च्छना से उत्पन्न होता है। उपरसों की उत्पत्ति क्रमसंचारों से होती है। नीचे सात मूर्च्छनाएँ चक्राकार में लिखी गयी हैं। हरएक चक्र में १२ स्थान हैं जिनसे शुरू कर चक्र-संचार की पूर्ति कर सकते हैं।

**प्रथम मूर्च्छना**

स
रि रि
ग ग
म म
प प
ध ध
नि

**द्वितीय मूर्च्छना**

नि
स स
रि रि
ग ग
म म
प प
ध

**तृतीय मूर्च्छना**

ध
नि नि
स स
रि रि
ग ग
म म
प

**चतुर्थ मूर्च्छना**

प
ध ध
नि नि
स स
रि रि
ग ग
म

**पंचम मूर्च्छना**

म
प प
ध ध
नि नि
स स
रि रि
ग

**षष्ठ मूर्च्छना**

ग
म म
प प
ध ध
नि नि
स स
रि

**सप्तम मूर्च्छना**

रि
ग ग
म म
प प
ध ध
नि नि
स

इनमें प्रथम मूर्च्छना में उत्पन्न होनेवाले क्रमसंचार यों है—

१. सरिगमप धनि धपमगरिस
२. रिगमप धनि धपमगरिसरि
३. गमप धनि धपमगरिसरिग

४. मप धनि धपमगरिसरिगम
५. प धनि धपमगरिसरिगमप
६. धनिधपमगरिसरिगमप ध
७. नि धपमगरिसरिगमप धनि
८. धपमगरिसरिगमप धनि ध
९. पमगरिसरिगमप धनि धप
१०. मगरिसरिगमप धनि धपम
११. गरिसरिगमप धनि धपमग
१२. रिसरिगम पधनि धपमगरि

द्वितीय मूर्च्छना में उत्पन्न होनेवाले क्रमसंचार—

१. निसरिगमप धपमगरिसनि
२. सरिगमप धपमगरिसनिस
३. रिगमप धपमगरिसनिसरि
४. गमप धपमगरिसनिसरिग
५. मप धपमगरिसनिसरिगम
६. प धपमगरिसनिसरिगमप
७. धपमगरिसनिसरिगमप ध
८. पमगरिसनिसरिगमप धप
९. मगरिसनिसरिगमप धपम
१०. गरिसनिसरिगमप धपमग
११. रिसनिसरिगमप धपमगरि
१२. सनिसरिगमप धपमगरिस

तृतीय मूर्च्छना के क्रमसचार—

१. धनिसरिगमपमगरिसनि ध
२. निसरिगमपमगरिसनि धनि
३. सरिगमपमगरिसनि धनिस
४. रिगमपमगरिसनि धनिसरि
५. गमपमगरिसनि धनिसरिग
६. मपमगरिसनि धनिसरिगम
७. पमगरिसनि धनिसरिगमप

८. मगरिसनि धनिसरिगमपम
९. गरिसनि धनिसरिगमपमग
१०. रिसनि धनिसरिगमपमगरि
११. सनि धनिसरिगमपमगरिस
१२. नि धनिसरिगमपमगरिसनि

इसी तरह चतुर्थ, पञ्चम, षष्ठ और सप्तम मूर्च्छनाओं के क्रमसंचारों को भी लिख सकते हैं। हरएक क्रमसंचार में पहला स्वर रसनिष्पत्ति का कारण है। यही स्वर अंशस्वर है। पर इस स्वर का संवादी निकट में न हो तो यह स्वर अंश होने के योग्य नहीं बनता। तब क्रमसंचार का अन्तिम स्वर अंशस्वर बन जाता है। इसी रीति में हरएक क्रमसंचार के वादी-संवादी यहाँ दिये जाते हैं। वादी-संवादी निर्धारण के लिए यहाँ सब स्वर प्रकृति-स्वर माने गये हैं। विकृत स्वर हो तो वादी-सवादी उनके स्वरस्थान के अनुसार रहते हैं।

पहली मूर्च्छना के क्रमसंचारों में वादी-संवादी--

| **क्रमसंचार की संख्या** | **वादी** | **संवादी** |
|---|---|---|
| १ | स | म |
| २ | रि | ध |
| ३ | ग | नि |
| ४ | म | स |
| ५ | प | स |
| ६ | ध | रि |
| ७ | नि | ग |
| ८ | ध | रि |
| ९ | प | स |
| १० | म | स |
| ११ | ग | नि |
| १२ | रि | ध |

इसी प्रकार दूसरे क्रमसंचारों में वादी-संवादी ऊहनीय हैं।

## पाँचवाँ परिच्छेद

# जाति या रागमाता

वादी संवादी में विभिन्नता होने पर भी एक ही मूर्च्छना से उत्पन्न रागों में कई लक्षण एक ही प्रकार के होते हैं। उन लक्षणों में न्यासस्वर प्रधान हैं। सप्त स्वरों में से किसी भी एक स्वर को न्यास रूप में ग्रहण करनेवाली जाति की उत्पत्ति हो सकती है। जिस जाति में 'षड्ज' न्यास स्वर रहता है उसका नाम षाड्जी है। इसी प्रकार आर्षभी, गांधारी, मध्यमा, पञ्चमी, धैवती, नैषादी—ये क्रमशः ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद आदि को न्यास रूप में ग्रहण करनेवाली जातियों के नाम हैं।

हर जाति या राग के बारह लक्षण होते हैं, यानी (१) न्यासस्वर लक्षण (२) अंशस्वर लक्षण (३) ग्रहस्वर लक्षण (४) अपन्यास स्वर लक्षण (५, ६) संन्यास-विन्यास लक्षण (७, ८) अल्पत्व-बहुत्व लक्षण (९) संपूर्णषाडवौडव लक्षण (१०) अन्तरमार्ग लक्षण (११) तार लक्षण (१२) मन्द्र लक्षण।

जाति या राग का विस्तार करते समय अंशस्वर में पहले थोड़ी देर स्थिर रहना चाहिए। इसलिए अंशस्वर को स्थायी स्वर भी कहते हैं। कभी-कभी स्थायी स्वर से ही संचार शुरू करते हैं। कभी-कभी अन्य स्वर से शुरू करके स्थायी स्वर में आकर रागविस्तार करते हैं। इस तरह के प्रारम्भस्वर का नाम ग्रहस्वर है। अंश या न्यास भी ग्रहस्वर हो सकता है तथा कोई दूसरा स्वर भी।

हरएक जाति में अंशस्वरों को बदलकर भिन्न-भिन्न रागों की उत्पत्ति की जा सकती है। एक या दो स्वरों को वर्ज्य करके भी भिन्न-भिन्न रागों को उत्पन्न कर सकते हैं। उनमें छः स्वरों से उत्पन्न राग और जातियों का नाम षाडव और पाँच स्वरों से उत्पन्न होनेवालों का नाम औडव है।

न्यासस्वर को ही अंश रखकर, सातों स्वरों के साथ अगर जाति विस्तार किया जाय तो शद्ध जाति होती है। अंशस्वर को बदलकर अथवा एक या दो स्वरों को वर्ज्य करके अर्थात् षाडव, औडव कर जाति विस्तार किया जाय, तो उन्हें विकृत जाति कहते हैं। विकृत जातियाँ ही राग हैं।

राग की सृष्टि एक आत्मानुभव की अभिव्यक्ति है। जब रागों की सृष्टि करते हैं, तब रागों के लक्षण अपने आप रागकल्पना में विद्यमान रहते हैं। राग की उत्पत्ति, लक्षणों से नहीं, बल्कि रागों से लक्षणों की उत्पत्ति होती है। इस बात को याद रखना आवश्यक है।

राग और जाति के विस्तार में न्यासस्वर और अंशस्वर विस्तार का केन्द्र होने योग्य हैं। इनके अलावा न्यास और अंश के संवादी और निकट सम्बन्ध रखनेवाले अनुवादी भी संचार का केन्द्र बनने लायक हैं। इस तरह के स्वरों को **अपन्यास** स्वर कहते हैं। राग संचार में छोटे भागों के केंद्र या आरम्भस्वर **संन्यास** और **विन्यास** हैं।

जाति और रागविस्तार में कई स्वरों का प्रयोग अधिक होता है और दूसरे स्वरों का प्रयोग कम होता है। इस लक्षण का नाम अल्पत्व, बहुत्व है। न्यास और अंश स्वरों के संवादी और उनके निकट के अनुवादी बहुत्वपूर्ण स्वर होते हैं। दूर के अनु-वादी और विवादी अल्पत्वपूर्ण स्वर हैं। इन बहुल स्वरों के प्रयोग में दो प्रकार हैं। संचार में उन स्वरों का सम्यक् उच्चारण एक मार्ग है, इसका नाम 'अलंघन' है। इन स्वरों से युक्त पकड़ों का तुरन्त प्रयोग करना दूसरा मार्ग है। इसका नाम 'अभ्यास' है। अल्प स्वरों के प्रयोग में भी दो प्रकार हैं। संचार में उन स्वरों को वर्ज्य कर अर्थात् उनको लांघकर संचार करना एक प्रकार है, उसका नाम 'लंघन' है। जिन पकड़ों में ऐसे स्वर रहते है उन पकड़ों को प्रयोग में न लाना दूसरा मार्ग है। उसका नाम 'अनभ्यास' है।

हर राग मे संचार करते समय तारस्थान में एक सीमा होती है, उसके आगे संचार नहीं करना चाहिए। तारस्थान में अंश स्वर का संवादी ही वह सीमा है। उसका नाम तारलक्षण है। इसी तरह नीचे भी एक सीमा है, वह मन्द्रस्थान में अंशस्वर या न्यासस्वर का संवादी या मन्द्र षड्ज है। उसका नाम मन्द्रलक्षण है। मन्द्र और तार अवधि के बीच में संचार करने से राग का पूर्ण स्वरूप मिल जाता है। तार स्वर के ऊपर अगर संचार करने की अभिलाषा होती हो तो दूसरी बार इसी तरह अति तारस्थान सीमा तक संचार करने की शक्ति होनी चाहिए, अन्यथा वह चेष्टा रागस्वरूप के चरण या कटि मात्र छूकर आने की भाँति प्रतीत होगी। इसी तरह मन्द्रस्थायी के नीचे संचार करना भी साध्य नहीं है।

कभी-कभी अल्प या विवादी स्वरों का प्रयोग भी करते हैं। उस दशा में ऐसे स्वरों को अंश या अंश के संवादी स्वरों के साथ मिलाकर प्रयुक्त करना होता है। यह प्रयोग मिठाइयाँ खाते समय स्वाद बदलने के लिए बीच-बीच में कुछ नमकीन या

तिक्त पदार्थों को खाने के समान किया जाता है। इस तरह के प्रयोग का नाम 'अन्तर मार्ग' है।

**विकृत जातियों की उत्पत्ति**

विकृत जातियों की उत्पत्ति चार प्रकार से हो सकती है। अंशस्वर न्यास से भिन्न होना, अपन्यासस्वर भिन्न होना, ग्रहस्वर भिन्न होना, असम्पूर्ण अर्थात् षाडव या औडव होना; इन चारों कारणों से विकृत जातियों की उत्पत्ति हो सकती है। इन कारणों में एक कारण मात्र से चार प्रकार की विकृत जातियों की उत्पत्ति हो सकती है (क, ख, ग, घ)। दो-दो कारण मिलकर छः विकृत जातियों की उत्पत्ति हो सकती है (कख, कग, कघ, खग, खघ, घक)। तीन-तीन कारण मिलकर चार विकृत जातियों की उत्पत्ति हो सकती है (कखग, कखघ, कगघ, खगघ)। चार कारणों से एक विकृत जाति की उत्पत्ति हो सकती है (कखगघ)। कुल मिल कर पन्द्रह विकृत जातियों की उत्पत्ति होती है। उनमें भी असम्पूर्णता में षाडव, औडव के दो भेद हैं। यह असम्पूर्णता इन पन्द्रह विकृत जातियों में से आठ विकृत जातियों का कारण होती है (१+३+३+१)। ये आठों विकृत जातियाँ षाडव, औडव के दो भेद होने के कारण सोलह बन जाती हैं। इसलिए हरएक जाति से २३ जातियाँ उत्पन्न होती हैं।

रागोत्पत्ति के लिए सात शुद्ध जाति मात्र काफी नहीं है। इस कारण से दो, तीन आदि विकृत जातियों को मिलाकर नयी ग्यारह जातियों को उत्पन्न किया गया है। उनका नाम संकीर्ण जाति है। इन ग्यारह संकीर्ण जातियों का उत्पत्तिक्रम यों है—

१. षड्जकैशिकी = षाड्जी + गान्धारी
२. षड्जमध्यमा = षाड्जी + मध्यमा
३. गान्धारपञ्चमी = गान्धारी + पञ्चमी
४. आन्ध्री = गान्धारी + आर्षभी
५. षड्जोदीच्यवती=षाड्जी + गान्धारी + धैवती
६. कार्मारवी=आर्षभी + पञ्चमी + नैषादी
७. नन्दयन्ती = आर्षभी + गान्धारी + पञ्चमी
८. गान्धारोदीच्यवा = गान्धारी + धैवती + षाड्जी + मध्यमा
९. मध्यमोदीच्यवा = मध्यमा + पञ्चमी + गान्धारी + धैवती
१०. रक्तगान्धारी = गान्धारी + मध्यमा + पञ्चमी + नैषादी
११. कैशिकी = षाड्जी + गान्धारी + मध्यमा+पञ्चमी + धैवती +नैषादी

इस तरह शुद्ध और संकीर्ण जातियाँ कुल मिलकर अठारह हुईं। इनमें सात जातियाँ षड्जग्राम-मूर्च्छनाओं से उत्पन्न हुई हैं। वे षाड्जी, षड्जकैशिकी, षड्ज-

मध्यमा, षड्जोदीच्यवती, आर्षभी, धैवती और नैषादी हैं। बाकी ११ जातियाँ मध्यमग्राम-मूर्च्छनाओं से उत्पन्न हुई हैं। जातियों के सम्बन्ध में कई विशिष्ट नियम हैं—

**१. जातियों की मूर्च्छनाएँ**

| जाति | ग्राम | मूर्च्छना |
|---|---|---|
| १. षाड्जी | षड्जग्राम | धैवतादि मूर्च्छना |
| २. आर्षभी | ,, | पञ्चमादि मूर्च्छना |
| ३. गान्धारी | मध्यमग्राम | ,, |
| ४. मध्यमा | ,, | ऋषभादि मूर्च्छना |
| ५. पञ्चमी | ,, | ,, |
| ६. धैवती | षड्जग्राम | ,, |
| ७. षड्जकैशिकी | ,, | षड्जादि मूर्च्छना (?) |
| ८. नैषादी | ,, | गान्धारादि मूर्च्छना |
| ९. षड्जोदीच्यवा | ,, | ,, |
| १०. षड्जमध्यमा | ,, | मध्यमादि मूर्च्छना |
| ११. गान्धारोदीच्यवा | मध्यमग्राम | धैवतादि मूर्च्छना |
| १२. रक्तगान्धारी | ,, | ऋषभादि मूर्च्छना |
| १३. कैशिकी | मध्यमग्राम | गान्धारादि मूर्च्छना |
| १४. मध्यमोदीच्यवा | ,, | मध्यमादि मूर्च्छना |
| १५. कार्मारवी | ,, | षड्जादि मूर्च्छना |
| १६. गान्धारपञ्चमी | ,, | गान्धारादि मूर्च्छना |
| १७. आन्ध्री | ,, | मध्यमादि मूर्च्छना |
| १८. नन्दयन्ती | ,, | पञ्चमादि मूर्च्छना |

**२. न्यासस्वरों के प्रयोग-नियम**

(अ) सात शुद्ध जातियों में अपने-अपने नाम के स्वर ही न्यास हैं; जैसे—षाड्जी का षड्ज, आर्षभी का ऋषभ इत्यादि।

(आ) षड्जकैशिकी, रक्तगांधारी, गांधारपंचमी, आंध्री और नंदयंती—इन पाँच जातियों का न्यास-स्वर गांधार है।

(इ) षड्जोदीच्यवा, गांधारोदीच्यवा और मध्यमोदीच्यवा—इन तीन जातियों का न्यास-स्वर मध्यम है।

(ई) कार्मारवी जाति का न्यास-स्वर पंचम है।
(उ) षड्जमध्यमा जाति के "स" और "म" दो न्यास-स्वर हैं।
(ऊ) कैशिकी जाति के "ग" "प" तथा "नि" न्यास-स्वर हैं।

यह बात पहले ही बतायी गयी है कि मूर्च्छना से ही न्यास-स्वर निश्चित होता है। हर मूर्च्छना में अंतिम स्वरों पर ठहरना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त मूर्च्छना के आरोहण एवं अवरोहण में, आरभ-स्वर के अंश-स्वर में ठहरना भी उचित है। इसलिए मूर्च्छना के आरंभ और अंतिम स्वर तथा उनके संवादी—इन सब में कोई एक भी न्यास-स्वर बनने योग्य है। दो-चार जातियों को छोड़कर बाकी सब जातियों मे ऐसा ही एक स्वर न्यास-स्वर रहता है।

प्रत्येक जाति के सातों स्वर भी अंश-स्वर नहीं हो सकते। न्यासस्वर उसके संवादी तथा पास के अनुवादी; ये ही अंशस्वर हो सकते है। इसके नियम नीचे यों दिये जाते हैं—

**जातियों में अंश और अपन्यासों के नियम**

| जातियाँ | अंश | अपन्यास |
|---|---|---|
| १. षाड्जी | सगमपध | गप |
| २. आर्षभी | रिधनि | रिधनि |
| ३. गांधारी | सगमपनि | सप |
| ४. मध्यमा | सरिमपध | सरिमपध |
| ५. पंचमी | रिप | रिपनि |
| ६. धैवती | रिध | रिमध |
| ७. नैषादी | निरिग | निरिग |
| ८. षड्जकैशिकी | सगप | सपनि |
| ९. षड्जोदीच्यवा | समधनि | सध |
| १०. षड्जमध्यमा | सरिगमपधनि | सरिगमपधनि |
| ११. गांधारोदीच्यवा | सम | सध |
| १२. रक्तगांधारी | सगमपनि | सगमपधनि |
| १३. कैशिकी | सगमपधनि | सगमपधनि |
| १४. मध्यमोदीच्यवा | प | सधा |
| १५. कार्मारवी | रिपधनि | रिपधनि |

| जातियाँ | अंश | अपन्यास |
|---|---|---|
| १६. गांधारपंचमी | प | रिप |
| १७. आंध्री | रिगपनि | रिगपनि |
| १८. नन्दयंती | प | मप |

**जातियों में षाडव तथा औडवलोपी स्वर**

| जातियाँ | षाडवलोपी स्वर | औडवलोपी स्वर |
|---|---|---|
| १. षाड्जी | नि | — |
| २. आर्षभी | स | सप |
| ३. गांधारी | रि | रिध |
| ४. मध्यमा | ग | गनि |
| ५. पंचमी | ग | गनि |
| ६. धैवती | प | सप |
| ७. नैषादी | प | मप |
| ८. षड्जकैशिकी | — | — |
| ९. षड्जोदीच्यवा | रि | रिप |
| १०. षड्जमध्यमा | नि | गनि |
| ११. गांधारोदीच्यवा | रि | — |
| १२. रक्तगांधारी | रि | रिध |
| १३. कैशिकी | रि | रिध |
| १४. मध्यमोदीच्यवा | — | — |
| १५. कार्मारवी | — | — |
| १६. गांधारपंचमी | — | — |
| १७. आंध्री | स | — |
| १८. नंदयन्ती | — | — |

जातियों का रसभाव उनके न्यास एवं अंशस्वरों के अनुसार है।

## जातियां और रस[1]

| जातियां | रस |
|---|---|
| षड्जोदीच्यवती, षड्जमध्यमा, मध्यमा, पंचमी, नंदयन्ती | शृङ्गार, हास्य |
| आर्षभी, षाड्जी | वीर, अद्भुत, रौद्र |
| गांधारी, रक्तगांधारी | करुण |
| षड्जकैशिकी, धैवती, कैशिकी, गांधारपंचमी | बीभत्स, भयानक |

१. संगीतरत्नाकर में १८ जातियों के लक्षण और एक जाति में ब्रह्मा कृत साहित्य भी दिया गया है। उन लक्षणों में ऊपर बताये हुए न्यासस्वर, अंशस्वर, अपन्यासस्वर, षाडव-औडवलोपी स्वरों के अलावा, काकली आदि साधारण स्वरों की विशेष विधि, दो-दो स्वरों को जोड़कर प्रयोग करने की रीति, अल्पत्व-बहुत्व स्वर, स्वरलोप की विशेष विधि, हरएक जाति में साहित्य के लायक प्रबंधों का नियत लक्षण, ताल के नाम व मार्ग, गीतिविशेष, प्रत्येक जाति का नाटक में प्रयोगसंदर्भ और उस जाति की छाया से युक्त तात्कालिक विवरण दिये गये हैं।

ताल के बारे में आगे तालाध्याय में विस्तार किया जायगा। इनमें से पहले-पहल उत्पन्न ताल ही उपयुक्त किये गये हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ—चच्चत्पुटं | (८ अक्षर) | ई—संपक्वेष्टाक | (१२ अक्षर) |
| आ—चाचपुटं | (६ अक्षर) | उ—पंचपाणि | (१२ अक्षर) |
| इ—षट्पितापुत्रकं | (१२ अक्षर) | ऊ—उद्घट्टं | (६ अक्षर) |

ये आदिकाल के ताल हैं। ताल के अंगों को दुगुना या चौगुना करके नये तालों के रचना-नियमों की—यानी कला के बारे में प्रत्येक जाति की—विधि भी बतायी गयी है। प्रत्येक कला के मात्राकाल के भेद—अर्थात्, मार्ग के विषय में नियम—दिये गये हैं।

| | |
|---|---|
| मध्यमोदीच्यवा } गांधारोदीच्यवा } | वीर, रौद्र |
| कार्मारवी } आंध्री } | अद्भुत |
| षड्जमध्यमा | सर्वरस |

अव प्रत्येक जाति का लक्षण यहाँ दिया जाता है।

**जातिलक्षण**

**१. षाड्जी**

(१) इस जाति मे (षाडव-औडव रहित) संपूर्ण रूप में काकली-स्वरों क प्रयोग है। (२) सगा, सधा जोड़कर प्रयोग करना है। (३) गांधार जब अंश होता है तब निषाद का लोप नहीं है। (४) इस जाति के प्रबंध में ताल है। "पंचपाणि" जो पट्पितापुत्रक नामक ताल का एक भेद है। (५) यह ताल एक कला, द्विकला और चतुष्कला मे प्रयुक्त किया जाता है। इस ताल के मार्ग में चित्र, वार्तिक तथा दक्षिण का (अर्थात् हर कला की दो, चार और आठ मात्राओं का) प्रयोग होता है (६) गीति में मागधी, संभाविता और प्रथुला—इन तीनों का प्रयोग है। (७) नाटक मे इस जाति का प्रयोग, "नैष्क्रामिक" ध्रुवा में, पहले दृश्य में किया जाता था। संगीतरत्नाकर-काल के (ई० सन् १२०० के) वराटी राग की छाया इस जाति मे थी।

**२. आर्षभी**

इस जाति में, गांधार और निषाद का, दूसरे पाँच स्वरों के साथ मिलाकर प्रयोग करना पड़ता है। इस जाति में, गांधार और निषाद बहुल स्वर हैं। पंचम अल्प स्वर है। पंचम का लंघन होता है। ताल चच्चत्पुट (८ अक्षर) है। कलाएं आठ हैं। नैष्क्रामिक ध्रुवा में प्रयोग किया जाता था। इस जाति में देशी मधुकरी की छाया है।

**३. गांधारी**

इस जाति में न्यासस्वर एवं अंशस्वर अन्य स्वरों के साथ-साथ प्रयुक्त किये जाते हैं। "रि" और "ध" का साथ-साथ प्रयोग किया जाता है। पंचम के अंश होने पर जाति षाडव-औडव रहित अर्थात् पूर्ण होती है। नि, स, म—इनमें कोई एक स्वर

अंश होता है तो औडव रूप नहीं होता। पूर्ण और षाडव रूप ही होते हैं। इसका ताल "चच्चत्पुट" है। प्रत्येक अक्षर की कलाएँ सोलह हैं। इसका प्रयोग, तीसरे दृश्य में, ध्रुवा गान में होता था। गांधारपंचमी, देशी वेलावली—इन दोनों रागों की छाया इस जाति में है।

**४. मध्यमा**

इस जाति में षड्ज और मध्यम बहुल स्वर हैं। इस जाति में साधारण स्वर अर्थात् अन्तर, काकली स्वरों का प्रयोग है। गांधार और निषाद अल्पत्व स्वर हैं। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ आठ हैं। इसका प्रयोग, दूसरे दृश्य में, ध्रुवा गान में होता था। चोक्ष (शुद्ध) षाडव और देशी आंधाली—इन दोनों की छाया इस जाति में है।

**५. पंचमी**

इस जाति में, "सग" और "म" अल्पत्व स्वर हैं। "रिम" और "गनि" के प्रयोग साथ-साथ होते हैं। इस जाति में भी अन्तर, काकली स्वरों का प्रयोग है। ऋषभ, अंश रहता है, तो औडव रूप नहीं होता। पूर्ण और षाडव मात्र होते हैं। ताल चच्च-त्पुट है। तीसरे दृश्य में, ध्रुवा गान में, इसका प्रयोग होता था। चोक्ष पंचम तथा देशी आंधाली की रागच्छायाएँ इस जाति में हैं।

**६. धैवती**

आरोह में षड्ज और पंचम लंघ्य या वर्ज्य हैं। "रिध" बहुल स्वर हैं। ताल पंचपाणि है। मार्ग, गीति, प्रयोग इत्यादि षाड्जी जाति की तरह होते हैं। कलाएँ बारह हैं। इस जाति में चोक्ष कैशिकी, देशी सिंहली इत्यादि रागों की छाया है।

**७. नैषादी**

समपध अल्पत्वस्वर हैं और निरिध बहुल स्वर हैं। विनियोग षाड्जी की ही तरह होता है। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ सोलह हैं। चोक्ष, साधारित, देशी, वेलावली इत्यादि की छाया इस जाति में पायी जाती है।

**८. षड्जकैशिकी**

ऋषभ और मध्यम अल्पत्वस्वर हैं। धनि बहुल स्वर हैं। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ सोलह हैं। दूसरे दृश्य में, प्रावेशिकी ध्रुवा में, इसका प्रयोग होता था। इस जाति में, गांधार पंचम, हिंदोल और देशी वेलावली की छायाएँ हैं।

### ९. षड्जोदीच्यवा

स म नि और ग—इन चारों में दो-दो स्वरों का प्रयोग साथ-साथ होता है। मंद्र व गांधार बहुलस्वर हैं। षड्ज और ऋषभ अतिबहुलस्वर हैं। निषाद और गांधार अंश होते हैं तो निषाद का अल्पत्व नहीं होता। गीति, ताल, कला, विनियोग इत्यादि षाड्जी ही के समान हैं। इसका प्रयोग, दूसरे दृश्य में, ध्रुवा गान में होता था।

### १०. षड्जमध्यमा

इस जाति में, सब अंशस्वरों में से (सरिगमपधनि) दो-दो स्वरों का प्रयोग साथ-साथ होता है। इस जाति में अन्तर काकली स्वरों का प्रयोग है। निषाद का अल्पत्व है। गांधारांश न होने पर षाडव-औडव में निषाद का लोप होता है। षाडव-औडव मे निषाद का लोप है। षाडव-औडव में गांधार और निषाद विवादी स्वर हैं। गीति, ताल, कला—ये सब षाड्जी की तरह हैं। यह दूसरे दृश्य में, ध्रुवा गान में, प्रयुक्त होती है।

### ११. गांधारोदीच्यवा

पूर्ण स्वरूप में, अंश के सिवा अन्य स्वर अल्पत्व के है। षाडव-रूप में भी, "नि, ध, प," तथा "ग" का अल्पत्व है। रि और ध साथ-साथ आते हैं। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ सोलह हैं। चौथे दृश्य में, ध्रुवा गान में, इसका प्रयोग है।

### १२. रक्तगांधारी

षड्ज और गांधार का, साथ-साथ प्रयोग होता है। धैवत और निषाद बहुल स्वर हैं। ताल, गीति और कला षाड्जी ही के अनुसार हैं। तीसरे दृश्य में, ध्रुवा गान में, इसका प्रयोग होता था।

### १३. कैशिकी

इस जाति में, निषाद और धैवत अंश हों तो पंचम-न्यास रहना चाहिए। इस विषय में मतांतर भी है कि "नि" एवं "ग" अंश होने पर नि, ग और प—इन तीनों को न्यास स्वर रहना चाहिए। ऋषभ अल्प स्वर है। निषाद और पंचम बहुलस्वर हैं। सारे अंशस्वरों में अर्थात्, सगमपधनि में—दो-दो स्वरों का प्रयोग, साथ-साथ होता है। ताल, कला और गीति षाड्जी के समान हैं। इसका प्रयोग, पाँचवें दृश्य में, ध्रुवा गान में, होता था।

**१४. मध्यमोदीच्यवा**

इस जाति में, अल्पत्व, बहुत्व और स्वरसंगति गांधारोदीच्यवा के समान हैं। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ सोलह हैं। चौथे दृश्य में, ध्रुवा गान में, इसका प्रयोग होता था।

**१५. कार्मारवी**

इस जाति में, जो स्वर अंश के नहीं हैं, वे अंतरमार्ग प्रयोग से बहुलस्वर हैं। गांधार अति बहुल स्वर है। अंश स्वरों में से दो-दो स्वरों का, साथ-साथ प्रयोग होता है। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ सोलह हैं। पाँचवें दृश्य में, ध्रुवा गान में, इसका प्रयोग होता था।

**१६. गांधारपंचमी**

इस जाति में गांधारी और पंचमी—दोनों जातियों के समान, स्वरों का प्रयोग साथ-साथ होता है। ताल चच्चत्पुट है। कलाएँ सोलह हैं। चौथे दृश्य में, ध्रुवा गान में, इसका प्रयोग होता था।

४. **मधुरी**—अंशस्वर षड्ज है। न्यासस्वर धैवत है। गांधार, पंचम और निषाद, धैवत के साथ-साथ प्रयुक्त होते हैं।

५. **शकमिश्र**—ग्रह एवं अंश निषाद हैं। न्यास ऋषभ है। पंचम-निषाद तथा ऋषभ-धैवत का साथ-साथ प्रयोग है।

### (३) ककुभ के विभाषाराग

१. **आंभीरिका**—ग्रह, अंश और न्यास मध्यम हैं। तारस्थान में पंचम का प्रयोग है। मंद्रस्थान में धैवत का प्रयोग है। निषाद, ऋषभ और षड्ज के साथ-साथ द्रुत-प्रयोग हैं। मध्यम बहुलस्वर है।

२. **मधुकरी**—ग्रह एवं न्यास षड्ज है। अपन्यास गांधार है। षड्ज, ऋषभ, पंचम, धैवत और निषाद बहुलस्वर हैं।

### (४) ककुभ के अन्तर-भाषाराग

१. **शालवाहिनी**—इसका ग्रह और अंश ऋषभ हैं। न्यास धैवत हैं। ऋषभ एवं गांधार का साथ-साथ प्रयोग है।

### (५) टक्कभाषाराग

१. **त्रवणा**—इसमें ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। षड्ज, धैवत तथा निषाद बहुलस्वर हैं। ऋषभ एवं पंचम वर्ज्य हैं। मंद्रस्थान में षड्ज का प्रयोग है। तार-स्थान में गांधार और मध्यम का प्रयोग है। दिन के अंतिम याम में गेय है। वीर रस का पोषक है। देवता रुद्र है।

२. **त्रवणोद्भवा**—अंशस्वर मध्यम है। न्यास षड्ज है। अपन्यास गांधार है। ऋषभ एवं धैवत बहुलस्वर हैं।

३. **वेरञ्जी**—इसमें ग्रह एवं अंश गांधार हैं। न्यास षड्ज है। पंचम अल्पस्वर है। "समा" एवं "रिगा" का प्रयोग साथ-साथ होता है। षाडवराग है।

४. **मध्यमग्रामदेहा**—इसका ग्रह, अंश और न्यास मध्यम हैं। षड्ज एवं मध्यम का साथ-साथ प्रयोग है।

५. **मालववेसरी**—इसमें अंश एवं ग्रह निषाद है। न्यास षड्ज है। षड्ज तथा गांधार एवं षड्ज एवं मध्यम का साथ-साथ प्रयोग है।

६. **चेवाटी**—षाडव राग है। इसमें ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। षड्जमध्यम तथा गांधारनिषाद का साथ-साथ प्रयोग है। मध्यम बहुल स्वर है।

७. **पंचमलक्षिता**—इसमें ग्रह एवं न्यास षड्ज हैं और अंश पंचम है। तारस्थान में षड्ज, गांधार, मध्यम और पंचम के प्रयोग हैं। ऋषभ वर्ज्य है।

८. **पञ्चमी**—इसमें ग्रह एवं अंश पंचम हैं। न्यास षड्ज है। ऋषभपंचम तथा षड्जपंचम के प्रयोग साथ-साथ हैं।

९. **गांधारपंचमी**—इसमें ग्रह और अंशस्वर धैवत हैं। न्यास षड्ज है। गांधार बहुलस्वर है। षड्जमध्यम का साथ-साथ प्रयोग है।

१०. **मालवी**—पंचम और धैवत मिलकर अंश एवं न्यास हैं। ऋषभ वर्ज्य है। तारस्थान के षड्ज, गांधार और मध्यम में कंपित गमक है।

११. **तानवलिता**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यासस्वर षड्ज है। षड्ज और पंचम का मृदुभाव से लालन है।

१२. **रविचन्द्रिका**—इसमें ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। ऋषभ और पंचम का अल्प प्रयोग है। ऋषभ गांधार तथा षड्जमध्यम का प्रयोग साथ-साथ है।

१३. **ताना**—इसमें ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। अपन्यास धैवत है। ऋषभ और पंचम वर्ज्य हैं। निषाद तथा षड्ज में गमक है। करुणरस का पोषक है।

१४. **अंबाहेरी**—इसमें ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास षड्ज है। गांधार एवं धैवत का बहुल प्रयोग है। पंचम वर्ज्य है। वीर रस का पोषक है।

१५. **दोह्या**—इसमें ग्रह तथा अंश गांधार हैं। न्यास षड्ज है। ऋषभ एवं पंचम वर्ज्य हैं।

१६. **वेसरी**—इसमें ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। धैवत तथा निषाद का साथ-साथ प्रयोग है एवं षड्ज और धैवत का भी। काकली निषाद का प्रयोग है। वीर रस का पोषक है।

## (६) टक्क के विभाषाराग

१. **देवारवर्धनी**—अंश एवं ग्रह पंचम हैं; न्यास षड्ज है।

२. **आंध्री**—अंश तथा ग्रह मध्यम हैं, न्यास पंचम है।

३. **गुर्जरी**—ग्रह एवं अंश निषाद है और न्यास षड्ज हैं। "सम" तथा "रिनि" साथ-साथ आते हैं।

४. **भावनी**—ग्रह, अंश और न्यास पंचम हैं।

## (७) शुद्धपंचम के भाषाराग

१. **तानोद्भवा**—अंश मध्यम है। पंचम न्यास है। "धप" साथ-साथ आते हैं। पंचम बहुलस्वर है।

२. **आभीरी**—ग्रह, अंश तथा न्यास पंचम हैं। काकली स्वर का प्रयोग है, निषाद बहुलस्वर है। "सम" साथ-साथ प्रयोग किया जाता है।

३. **गुर्जरी**—ग्रह, अंश और न्यास पंचम हैं। तारस्थान में षड्जमध्यम का प्रयोग है। गांधार तथा पंचम अपन्यास हैं।

४. **आंध्री**—ग्रह एवं अंशस्वर ऋषभ हैं। न्यासस्वर पंचम है। षड्ज का हलका प्रयोग है।

५. **मांगली**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत है। काकली निषाद का प्रयोग है। 'सध' तथा 'रिप' साथ-साथ आते हैं।

६. **भावनी**—ग्रह, अंश तथा न्यास पंचम है। ऋषभ वर्ज्य है। स, म, नि बहुलस्वर हैं। "म" अपन्यास है।

### (८) भिन्नपंचम के भाषाराग

१. **धैवतभूषिता**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। "सध" तथा "रिध" साथ-साथ आते हैं।

२. **शुद्धभिन्ना**—अंश, ग्रह तथा न्यास धैवत हैं। "रिध" और "सम" साथ-साथ आते हैं। संपूर्ण राग है।

३. **वराटी**—अंश एवं ग्रह मध्यम हैं। न्यास धैवत है। "ऋषभ" का हलका प्रयोग है। "सधा" व "रिगा" का साथ-साथ प्रयोग है। धम बहुलस्वर हैं।

४. **विशाला**—ग्रह और अंश पंचम हैं। न्यास धैवत है। धैवत बहुलस्वर है। 'सधा' साथ-साथ आते हैं। संपूर्ण राग है।

### (९) भिन्नपंचम का विभाषाराग

१. **कौशली**—ग्रह एवं अंश निषाद हैं। न्यास धैवत है। ऋषभ वर्ज्य है।

### (१०) टक्ककैशिक के भाषाराग

१. **मालवा**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। "सध" "रिध" साथ-साथ आते हैं।

२. **भिन्नवलिता**—ग्रह एवं अंश षड्ज हैं। न्यास धैवत है। धैवत एवं निषाद बहुलस्वर हैं। मध्यम एवं निषाद का साथ-साथ प्रयोग है।

## (११) टक्ककैशिक का विभाषाराग

१. **द्राविड़ी**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास धैवत है। "गनि" तथा "सधा" के प्रयोग साथ-साथ होते हैं।

## (१२) हिंदोल के भाषाराग

१. **वेसरी**—ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। पंचम एवं धैवत अल्पस्वर हैं। "सग" व "रिनि" का प्रयोग साथ-साथ होता है।

२. **प्रथममंजरी**—ग्रह एवं अंश पंचम हैं तथा न्यास षड्ज है। पधनिस बहुल स्वर हैं। ऋषभ का अल्प प्रयोग है।

३. **षड्जमध्यमा**—ग्रहस्वर षड्ज और न्यासस्वर मध्यम है। निषाद एवं ऋषभ वर्ज्य हैं। "समा" तथा "गमा" के प्रयोग साथ-साथ होते हैं।

४. **माधुरी**—ग्रह व अंश मध्यम हैं। न्यास षड्ज है। पधनिस बहुलस्वर हैं। ऋषभ का अल्प प्रयोग है।

५. **भिन्नपौराली**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास षड्ज है।

६. **मालववेसरी**—ग्रह, अंश और न्यास षड्ज है। अपन्यास गांधार है। मध्यम एवं पंचम मे गमक हैं। ऋषभ तथा धैवत वर्ज्य हैं।

## (१३) बोट्ट राग का भाषाराग

१. **मांगली**—ग्रह और अंश पंचम हैं। न्यास मध्यम है। मध्यम बहुलस्वर है। ऋषभ एवं धैवत का साथ-साथ प्रयोग होता है।

## (१४) मालवकैशिक के भाषाराग

१. **बांगली**—अंश एवं ग्रह मध्यम हैं। न्यास षड्ज है। मध्यम बहुलस्वर है। रि, नि का साथ-साथ प्रयोग है।

२. **मांगली**—ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। मध्यम एवं पंचम अल्पस्वर हैं। मध्यम और पंचम स्फुरित गमक से युक्त हैं। धैवत का दीर्घप्रयोग है। तारस्थान में ऋषभ और मध्यम का प्रयोग है।

३. **मालववेसरी**—ग्रह, अंश तथा न्यास षड्ज हैं। धैवत वर्ज्य है। तारस्थान में ऋषभ और मंद्रस्थान में पंचम का प्रयोग हैं। मध्यम और पंचम कंपितगमक से युक्त हैं।

४. **खंजनी**—ग्रह एवं अंश पंचम है। न्यास षड्ज हैं। धैवत वर्ज्य है। निस तथा रिमा का प्रयोग साथ-साथ होता है।

**५. गुर्जरी**—ग्रह और अंश निषाद हैं, न्यास षड्ज है। "रिनि" तथा "रिमा" साथ-साथ आते हैं।

**६. पौराली**—ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। षड्ज एवं मध्यम बहुलस्वर हैं।

**७. अर्धवेसरी**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं और न्यास षड्ज है। 'स' एवं 'म' बहुलस्वर हैं। नि अल्पस्वर है।

**८. शुद्धा**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास षड्ज हैं।

**९. मालवरूपा**—ग्रह, अंश तथा न्यास षड्ज हैं। धनि वर्ज्य हैं। गांधार बहुलस्वर है।

**१०. आभीरी**—ग्रह, अंश तथा न्यास षड्ज हैं। गनि अल्पस्वर हैं। स और रि साथ-साथ आते हैं। वीर रस का पोषक है।

## (१५) मालवकैशिक के विभाषाराग

**१. कांबोजी**—ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। नि बहुलस्वर है। गमयुक्त भी हैं। रिप वर्ज्य हैं। मंद्रस्थानीय षड्ज का प्रयोग होता है।

**२. देवारवर्धनी**—षड्ज न्यास है। गांधार एवं निषाद वर्ज्य हैं। न्यास पंचम है।

## (१६) गांधारपंचम का भाषाराग

**१. गांधारी**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। षड्ज और गांधार बहुलस्वर हैं। लोकरंजक राग है।

## (१७) भिन्नषड्ज के भाषाराग

**१. गांधारवल्ली**—ग्रह एवं अंश मध्यम और न्यास धैवत है। 'सधा' साथ-साथ आते हैं।

**२. कच्चेली**—ग्रह एवं अंश षड्ज हैं। न्यास मध्यम है। कूट तान का प्रयोग है। ग, ध वर्ज्य हैं। मतान्तर में ग्रह तथा अंश मध्यम हैं। तार व मंद्रस्थान में ऋषभ का प्रयोग है। ग और नि वर्ज्य हैं।

**३. स्वरवल्लिका**—ग्रह निषाद है। अश एवं न्यास धैवत हैं। ऋषभ वर्ज्य है। स्वरों का मृदुभाव से प्रयोग होता है।

**४. निषादिनी**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं।

**५. मध्यमा**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं।

६. **शुद्धा**—ग्रह, अंश तथा न्यास धैवत हैं। धैवत का मृदु प्रयोग होता है। रिप वर्ज्य हैं। मतान्तर में "प" मात्र वर्ज्य है। सग का साथ-साथ प्रयोग है। अप-न्यास षड्ज है। मंद्रस्थान में स, ग, धा के प्रयोग हैं। पंचम का दीर्घ प्रयोग है।

७. **दाक्षिणात्या**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। पंचम अल्पस्वर है। षाडव राग है। "समा" तथा "सधा" के साथ-साथ प्रयोग होते हैं।

८. **पुलिन्दी**—ग्रह एवं अंश धैवत हैं और न्यास षड्ज है। गप वर्ज्य हैं। "सध" तथा "सम" के साथ-साथ प्रयोग हैं।

९. **तुम्बुरा**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। ऋषभ वर्ज्य है।

१०. **कालिन्दी**—ग्रह एवं अंश गांधार हैं और न्यास धैवत है। रिप वर्ज्य हैं। निषाद का अल्प प्रयोग है। चतुःस्वर राग है। आरोहण व अवरोहण में राग का प्रकाशन होता है।

११. **श्रीकण्ठी**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। पंचम वर्ज्य है। अपन्यास ऋषभ है। रिमा का प्रयोग साथ-साथ आता है।

१२. **गांधारी**—ग्रह व अंश गांधार हैं, और न्यास मध्यम है। मध्यम वर्ज्य है।

## (१८) भिन्नषड्ज के विभाषाराग

१. **पौराली**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास धैवत है। ऋषभ अल्पस्वर है। रिमप का प्रयोग साथ-साथ होता है।

२. **मालवी**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। सरिगम बहुलस्वर हैं। मंद्र स्थान में धैवत का प्रयोग है।

३. **कालिन्दी**—ग्रह और अंश गांधार हैं। न्यास धैवत है। ऋषभ एवं पंचम वर्ज्य हैं। निषाद अल्पस्वर है। अद्भुत रस का पोषक है।

४. **देवारवर्धनी**—ग्रह एवं अंश निषाद हैं। न्यास धैवत है। ऋषभ वर्ज्य है।

## (१९) वेसरषाडव के भाषाराग

१. **नाद्या**—ग्रह एवं अंश षड्ज हैं। न्यास मध्यम है। "ग" बहुलस्वर है। पंचम वर्ज्य है।

२. **बाह्यषाडवा**—अंश, ग्रह और न्यास मध्यम हैं। "निग" तथा "रिग" के साथ-साथ प्रयोग है।

### (२०) वेसरषाडव के विभाषाराग

१. **पार्वती**—अंश एवं ग्रह षड्ज हैं।

२. **श्रीकंठी**—ग्रह, अंश और न्यास मध्यम हैं। "निध" तथा "रिध" का साथ-साथ प्रयोग है। पंचम वर्ज्य है।

### (२१) मालवपंचम के विभाषाराग

१. **वेगवती**—अंश धैवत है। ग्रह एवं न्यास षड्ज हैं। आंजनेयप्रोक्त है।

२. **भावनी**—ग्रह, अंश और न्यास पंचम हैं। अपन्यास षड्ज है। ऋषभ वर्ज्य है।

३. **विभावनी**—ग्रह, अंश और न्यास पंचम हैं। गांधार, मध्यम और धैवत अल्पस्वर हैं। मंद्रस्थान में पंचम का प्रयोग है।

### (२२) भिन्नतान का भाषाराग

१. **तानोद्भवा**—अंश, ग्रह और न्यास पंचम हैं। ऋषभ वर्ज्य है। काकली अंतर स्वरों का प्रयोग है।

### (२३) पंचमषाडव का भाषाराग

१. **पोता**—अंश, ग्रह और न्यास ऋषभ हैं। निषाद एवं षड्ज बहुलस्वर हैं। धैवत वर्ज्य है।

### (२४) रेवगुप्त का भाषाराग

१. **शका**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास षड्ज है। गांधार, पंचम, ऋषभ और धैवत बहुलस्वर हैं।

### अज्ञातजनक भाषाराग

१. **पल्लवी**—यह विभाषा राग है। ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। षड्ज एवं ऋषभ बहुलस्वर हैं। तारस्थान में गांधार का प्रयोग है।

२. **भासवलिता**—यह अंतरभाषाराग है। ग्रह, अंश तथा न्यास धैवत हैं। ऋषभ अल्पस्वर है। पंचम वर्ज्य है।

३. **किरणावलि**—यह अंतरभाषाराग है। ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। तारस्थान में गांधार और निषाद का प्रयोग है। मंद्रस्थान में भी निषाद का प्रयोग है।

४. **शकवलिता**—ग्रह एवं अंश मध्यम हैं। न्यास धैवत है। धनि का साथ-साथ प्रयोग है।

## उपराग (मार्ग)

१. **शकतिलक**—यह षाड्जी एवं धैवती जातियों से उत्पन्न है। ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। पंचम अल्पस्वर है।

२. **टक्कसैंधव**—यह षाड्जी और कैशिकी जातियों से उत्पन्न है। ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। पंचम अल्पस्वर है।

३. **कोकिलपंचम**—यह राग पंचमी एव मध्यमा जातियों से उत्पन्न है। अंश एवं ग्रह पंचम हैं और न्यास मध्यम है।

४. **भावनापंचम**—यह राग गांधारपचमी जाति से उत्पन्न है। गांधार ग्रह स्वर है, पंचम अंशस्वर है।

५. **नागगांधार**—यह राग गांधारी और रक्तगांधारी जातियों से उत्पन्न है। अंश, ग्रह तथा न्यास गांधार हैं। काकली और अतर स्वरों का प्रयोग है।

६. **नागपंचम**—यह राग आर्षभी व धैवती जातियों से उत्पन्न है। न्यास धैवत है और ग्रह तथा अश ऋषभ है। गांधार वर्ज्य है।

## निरुपपद राग

१. **नट्टराग**—मध्यमोदीच्यवा जाति से उत्पन्न है। अश, ग्रह और न्यास मध्यम है। तारस्थान में षड्ज का प्रयोग है।

२. **भास**—यह राग आंध्री जाति से उत्पन्न है। ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं।

३. **रक्तहंस**—रक्तगांधारी जाति से उत्पन्न राग है। अंश, ग्रह तथा न्यास धैवत हैं और ऋषभ वर्ज्य है। तारस्थान में गांधार का प्रयोग है।

४. **कोल्लास**—नैषादी व धैवती जातियों से यह राग उत्पन्न है। ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। धैवत अल्पस्वर है।

५. **प्रसव**—नन्दयंती जाति से यह उत्पन्न है। ग्रह व अंश मध्यम हैं और न्यास षड्ज है। षड्ज, मध्यम तथा निषाद बहुलस्वर हैं। वीर रस का पोषक है।

६. **ध्वनि**—गांधारपंचमी जाति से उत्पन्न राग है। ग्रह, अंश और न्यास पंचम है। पंचम व धैवत बहुलस्वर हैं। निषाद एवं गांधार अल्पस्वर है। मंद्रस्थान में मध्यम का प्रयोग है।

७. **कन्दर्प**—यह राग षड्जकैशिकी जाति से उत्पन्न है। ग्रह, अंश तथा न्यास षड्ज हैं। पंचम वर्ज्य है। मंद्र षड्ज का प्रयोग है।

८. **देशाख्या**—धैवती तथा मध्यमा जातियों से उत्पन्न राग है। ग्रह, अंश और न्यास धैवत हैं। गांधार अल्पस्वर है। पंचम वर्ज्य है। मंद्र मध्यम का प्रयोग है।

९. **कैशिककुभ**—मध्यमा, पंचमी और धैवती जातियों से उत्पन्न राग है। ग्रह, अंश तथा न्यास धैवत हैं। तार गांधार और मंद्र पंचम का प्रयोग है।

१०. **नट्टनारायण**—मध्यमा एवं पंचमी जातियों से उत्पन्न है। ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं। काकली अंतरस्वर का प्रयोग है। तारस्थान मे गांधार का प्रयोग है। करुण रस का पोषक है। शरत्काल में गेय है। कालप्रिय राग है।

# देशीराग

## (१) रागाङ्गराग

१. **शंकराभरण**—मध्यमादि राग को मंद्रस्वर के साथ और दूसरी छाया के साथ गायें तो वही शंकराभरण राग है।

२. **घण्टारव**—भिन्नषड्ज राग का यह अंग है। ग्रह एवं अंश धैवत और न्यास मध्यम है। तारस्थान में निषाद तथा मंद्रस्थान में गांधार का प्रयोग है।

३. **हंसक**—भिन्नषड्ज का यह अंग है। ग्रह एवं अंश धैवत हैं और षड्ज वर्ज्य है।

४. **दीपक**—भिन्नकैशिक का अग है। ग्रह एवं अंशस्वर षड्ज और न्यास मध्यम हैं। दीप्तमध्यम का प्रयोग है। गांधार एवं पंचम अल्पस्वर हैं। मतान्तर के अनुसार धन्याशी का उच्चतर प्रयोग दीपक है।

५. **रीति**—ग्रह, अश और न्यास षड्ज हैं। भिन्नषड्ज का अंग है।

६. **पूर्णाटिका**—ग्रह और न्यास षड्ज हैं और अंश धैवत है। तारस्थान में षड्ज और मंद्रस्थान में मध्यम का प्रयोग है।

७. **लाटी**—लाट देश में उत्पन्न राग है। ग्रह, अंश और न्यास षड्ज हैं।

८. **पल्लवी**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत है। तारगांधार और मंद्रमध्यम का प्रयोग है। षड्ज, ऋषभ और गांधार बहुलस्वर है।

## (२) भाषाङ्गराग

१. **गांभीरी**—ग्रह एवं अंश षड्ज हैं और न्यास पंचम। तारस्थान में षड्ज का प्रयोग है।

२. **वेहारी**—ग्रह, अंश और न्यास मध्यम हैं। निषाद वर्ज्य है। तारषड्ज तथा मंद्रमध्यम का प्रयोग है।

३. **स्वसिता**—ग्रह एवं न्यास गांधार हैं और अंश षड्ज है। ऋषभ एवं पंचम वर्ज्य हैं। तारस्थान में संचार नहीं है। मंद्रस्थान में षड्ज का प्रयोग है।

४. **उत्पली**—ग्रह, अंश और न्यास मध्यम है। तारस्थान में षड्ज, पंचम और धैवत का प्रयोग है। मंद्रस्थान में निषाद का प्रयोग है।

५. **गोल्ली**—ग्रह, अंश और न्यास धैवत है। गांधार एवं निषाद वर्ज्य हैं। षड्ज, ऋषभ और धैवत बहुलस्वर हैं। तारस्थान मे ऋषभ का प्रयोग है।

६. **नादान्तरी**—ग्रह एवं अश मध्यम है और न्यास पंचम है। षड्ज, धैवत और निषाद बहुलस्वर है। गांधार अल्पस्वर है। तारमंद्रस्थानों मे ऋषभ का प्रयोग है।

७. **नीलोत्पली**—ग्रह एवं अंश धैवत है और न्यास तारषड्ज हैं। मंद्रस्थान में पंचम का प्रयोग है। निषाद व गांधार वर्ज्य है।

८. **छाया**—अंश, ग्रह और न्यास मध्यम हैं। पंचम बहुलस्वर है। मंद्रऋषभ और तारगांधार का प्रयोग है। धनि अल्पस्वर है। षड्ज वर्ज्य है।

९. **तरङ्गिणी**—ग्रह एव न्यास ऋषभ है। अंश धैवत है। मंद्रस्थानीय षड्ज-मध्यम का अधिक प्रयोग है। तारस्थान मे ऋषभ एवं धैवत का प्रयोग है। संकीर्ण राग है।

१०. **गांधारगति**—अश गांधार, न्यास षड्ज और पंचम ग्रह है। तारस्थान में ऋषभ, धैवत और निषाद का प्रयोग है।

११. **वेरंजी**—न्यास अंश और ग्रहस्वर षड्ज है। मंद्रस्थान में षड्ज का प्रयोग है। धैवत तथा निषाद का बहुल प्रयोग है। पचम अल्पतर स्वर है। तारस्थान में पंचम का प्रयोग है। वीर रस का पोषक है।

## (३) क्रियाङ्गराग

भावक्रिया, स्वभावक्रिया, शिवक्रिया, मकरक्रिया, त्रिनेत्रक्रिया, कुमुदक्रिया, धनुक्रिया, ओजक्रिया, इंद्रक्रिया, नागक्रिया, धन्यक्रिया, विजयक्रिया—इन सबों का लक्षण यों है—ग्रह, अंश तथा न्यास षड्ज हैं। अल्पत्व, पूर्णत्व, वर्ज्यत्व और गमक इत्यादि का प्रयोग लक्ष्य के सहारे निर्धारित करना चाहिए।

## (४) उपाङ्गराग

१. **पूर्णाट**——अंश एवं ग्रह धैवत हैं। न्यास मध्यम है। पंचम बहुलस्वर है। भिन्न षड्ज का उपाङ्ग है।

२. **देवाल**——अंश, ग्रह और न्यास मध्यम हैं। ऋषभ एवं धैवत का मृदु प्रयोग है। मध्यम में कंपित गमक है। निषाद, ऋषभ और धैवत अल्पस्वर हैं। बंगाल राग का उपाङ्ग है। प्राचीन मत के अनुसार इस राग का नाम कामोद है।

३. **कुरंजी**——अंश, ग्रह और न्यास पंचम हैं। ललित का उपाङ्ग है। षड्ज एवं पंचम बहुलस्वर हैं। ऋषभ एवं निषाद वर्ज्य हैं। मंद्रस्थान में गांधार का प्रयोग है।

## सातवाँ परिच्छेद

# हिन्दुस्थानी और कर्नाटक संगीत पद्धति

### कर्नाटक पद्धति

राग, भाषा, रागाङ्ग तथा भाषाङ्ग इनके विवरण का संप्रदाय शार्ङ्गदेव के काल तक अर्थात् ई० बारहवीं शताब्दी के अंत तक—प्रचार में था। उसके बाद मुसलमानों के आक्रमण के कारण उत्तर और दक्षिण भारत में यह संप्रदाय विच्छिन्न हो गया। उत्तर भारत में राग-रागिनी संप्रदाय अवशिष्ट रह गया। दक्षिण भारत में इसका भी भंग हो गया। मुसलमानों के आक्रमण रुक जाने के बाद १४ वीं शताब्दी के आरंभ से हमारी कलाओं के पुनरुज्जीवन का शुभ कार्य आरम्भ हुआ। दक्षिण भारत में कर्नाटक साम्राज्य अर्थात् विजयनगर साम्राज्य इस काम का केन्द्र-स्थान हुआ। इस कार्य के मूलपुरुष विजयनगर के मंत्री विद्यारण्य (माधवाचार्य) हैं।

उन्होंने भारत की ललितकलाओं का ही नहीं अपितु समस्त वेदों, शास्त्रों और कलाओं का भी उज्जीवन किया है। वेदचतुष्टयी के भाष्य, समस्त दर्शनों के संग्रह, धर्मशास्त्र के विचार, पुराणों के संग्रह, वेदांत के प्रकाशन के अतिरिक्त अन्य शास्त्रों में भी उनकी प्रशसनीय सेवाएँ हैं।

संगीत के क्षेत्र में उनका कार्य यह है कि देश के कोने-कोने में शेष रहनेवाले रागों को बहुत प्रयास से ढूंढ-ढूंढकर उन्होंने एकत्र किया, तो भी उन्हें लगभग पचास राग ही मिले थे। उनके लक्षणों के बारे में विचार करते-करते उन्हें यह बात प्रतीत हुई कि लक्ष्य कुछ जगह में शेष रहने पर भी लक्षणशास्त्र के संप्रदाय का पूर्ण रूप से भंग हो गया है। प्राचीन संगीत ग्रंथों का अर्थ भी अच्छी तरह समझ में नहीं आया था। देश-देश के रुचिभेद से लक्ष्य में भिन्नता होने के कारण वे, प्राचीन ग्रंथों में पाये जानेवाले लक्षण और तात्कालिक मिले हुए लक्ष्य—इन दोनों में समन्वय कर नहीं सके। इसलिए उन्हें उपलब्ध पचास रागों के लक्ष्यमार्ग का संरक्षण करने के लिए एक नया प्रबन्ध करना पड़ा।

प्राचीन ग्रंथों में बताया गया है कि ग्राम से मूर्च्छना, मूर्च्छना से जाति और जाति से राग उत्पन्न हुए हैं। प्रत्येक राग के ग्रह, अंश, न्यासादि दस लक्षण, वर्णलक्षण और स्थायी स्वर अलंकार लक्षण—ये सब प्राचीन ग्रंथों में दिये गये हैं। विद्यारण्य को मिले

हुए पचास रागों के सम्बन्ध में इन लक्षणों को ढूँढने का काम नहीं हो सका। नया प्रबन्ध इस तरह करना पड़ा कि वीणावाद्य के सहारे हर-एक राग में प्रयुक्त होनेवाले प्रकृति-विकृति स्वरों का निर्धारण किया गया। जिन रागों के स्वरों का प्रकृति-विकृतिरूप समान था उन्हें एक समूह में रखकर हर समूह का नाम "मेल" रखा गया। इस तरह ये पचास राग पंद्रह मेलों के अंदर रखे गये। हरएक मेल में रहनेवाले रागों में प्रसिद्ध राग के नाम के अनुसार ही तत्सम्बद्ध मेल का नामकरण किया गया।

बाद में जगह-जगह से कुछ और रागों का पता लगने लगा। उनके प्रकृति-विकृतिस्वरों के अनुसार और चार मेलों की सृष्टि हुई। विद्यारण्य के बाद विजयनगर साम्राज्य के सेनापति और राजप्रतिनिधि राम रायर की आज्ञा के अनुसार रामामात्य की लिखी हुई "स्वरमेल कलानिधि" (सन् १५५६) पुस्तक में इनका विवरण मिलता है। इन्होंने १९ मेलों तथा ६४ रागों के लक्षण दिये हैं।

सन् १६०५ में, आंध्रदेश में रहनेवाले वैणिक और शास्त्रज्ञ सोमनाथ ने "रागविबोध" नामक ग्रंथ लिखा है। इस ग्रंथ में ७६ रागों के विवरण दिये गये हैं। इनके प्रकृति-विकृतिस्वरों के अनुसार २३ मेलों की आवश्यकता हुई।

उनके बाद सोमनार्य और भावभट्ट दोनों ने "स्वरराग सुधार्णवम्" और "संगीत चंद्रिका" नामक ग्रंथ लिखे हैं। उनमें लगभग १०० रागों के विवरण हैं। परंतु उन्होंने २० मेलों के अंदर ही इन १०० रागों को बाँट दिया है। आये दिन मेलों की संख्या में अनियमित वृद्धि देखकर संगीतज्ञ लोग इस पर ऐसा विचार करने लगे कि व्यवहार में रहनेवाले रागों में, काम आनेवाले प्रकृति विकृत स्वरभेदों का निश्चय करके, प्रस्तारक्रम के अनुसार, साध्य मेलों की संख्या का निर्धारण किया जाय। इस विषय पर विद्वान् लोग तरह-तरह के मत देने लगे। कुछ लोगों का कथन था कि ३० मेल ही प्रचार में रहनेवाले रागों के लिए पर्याप्त हैं। और कुछ लोग, मेलों की संख्या को एक सहस्र से भी अधिक बढ़ाना चाहते थे। अंत में, बहुत-से वाद-विवाद के बाद सब एक निष्कर्ष पर आ पहुँचे। उनके मतानुसार, तब के प्रचलित रागों में उपयोग किये जानेवाले प्रकृति-विकृतस्वरों की संख्याएँ १६ थीं। उनमें सात स्वर शुद्ध स्वर हैं। ऋषभ के तीन प्रकार—शुद्ध, पञ्चश्रुति और षट्श्रुति। गान्धार के तीन प्रकार—शुद्ध, साधारण और अन्तर। मध्यम के दो भेद—शुद्ध और प्रति-मध्यम। पञ्चम का एक ही रूप था। धैवत के तीन प्रकार—शुद्ध, पञ्चश्रुति और षट्श्रुति। निषाद में तीन रूप—शुद्ध, कैशिकी और काकली। इन १६ स्वरों में

एक ही स्वरस्थान में दो-दो नाम रखनेवाले स्वर भी हैं। तीन ऋषभों और तान गान्धारों में, दूसरी, तीसरी, ऋषभ के स्थान पहली, दूसरी गान्धार के समान है। ९ वीं श्रुति, पञ्चश्रुति ऋषभ और शुद्ध गान्धार का स्थान है। १० वीं श्रुति षट्श्रुति ऋषभ और साधारण गान्धार का स्थान है। इसी तरह धैवत, निषाद में भी दूसरी, तीसरी धैवत का स्थान पहली दूसरी निषाद के स्थान में है। अर्थात् २२ वीं श्रुति पञ्चश्रुति धैवत और शुद्ध निषाद का स्थान है। २३ वीं या पहली श्रुति षट्श्रुति धैवत और कैशिकी निषाद का स्थान है। इसलिए १६ स्वर रहने पर भी स्वरस्थान १२ ही अर्थात् ४, ७, ९, १०, १२, १३, १६, १७, २०, २२ और तीसरी श्रुति हुए।

इसमें और कुछ विशेषता है। कुछ रागों में नवीं श्रुति पर स्थित पञ्चश्रुति ऋषभ का प्रयोग है। और कुछ रागों में आठवीं श्रुति पर स्थित चतुश्रुति ऋषभ का प्रयोग है। इन दोनों को और इसी तरह आनेवाले अन्यस्वरों को भी अलग-अलग गिना जाय तो स्वरों की संख्या २० हो जायेगी। तब मेलों की संख्या २०० से ज्यादा हो जाती है। इसलिए मेलों की संख्या को अधिक होने से बचाने के लिए चतु:श्रुति और पञ्चश्रुति स्वर एक ही स्वर-जैसे गिने गये और इसी तरह आनेवाले दोनों स्वरों को भी एक स्वर-जैसा ही गिनकर, अर्थात् केवल १६ स्वरों के रूप रखकर, ७२ मेलों की सृष्टि की गयी है। पर प्रयोग में इन दोनों स्थानों के भेद पर अच्छी तरह ध्यान दिया जाता है।

**७२ मेल कर्ता की योजना**

ऋषभ के तीन रूप और गान्धार के भी तीन रूप हैं। पहले ऋषभ और पहले गान्धार को मिलाकर (७, ९ स्थान में होनेवाले स्वर) प्रथम मेलचक्र बनाया गया। पहला ऋषभ और दूसरा गान्धार (७, १० श्रुतिस्थान के स्वर) मिलाकर दूसरा मेलचक्र बनाया गया। पहला ऋषभ तथा तीसरा गान्धार (७, १२ श्रुतिस्थान के स्वर) मिलाकर तीसरा मेलचक्र बनाया गया। दूसरा ऋषभ और दूसरा गान्धार (९, १० श्रुतिस्थान के स्वर) मिलाकर चौथा मेलचक्र बनाया गया। दूसरा ऋषभ और तीसरा गान्धार (९, १२ श्रुतिस्थान के स्वर) मिलाकर पांचवाँ मेलचक्र बनाया गया। तीसरा ऋषभ एवं तीसरा गान्धार (१०, १२ वीं श्रुति के स्वर) मिलाकर छठा मेलचक्र बनाया गया। इन छ: मेलचक्रों में भी शुद्ध मध्यम (१३ श्रुति) ही रखा गया। अब प्रत्येक चक्र के पूर्वभाग की जानकारी हमें हुई है। और इसी तरह धैवत और निषाद का मेलन करने से हरएक चक्र को ६ उत्तर भाग मिलेंगे। तब मेलों के रूप यों हुए—

| | | |
|---|---|---|
| पहले चक्र के पहले मेल में | पहला धैवत (२०वीं श्रुति) | पहला निषाद (२२ वीं श्रुति) रह गया। |
| ,, दूसरे मेल में | ,, | दूसरा निषाद (१ ली श्रुति) रह गया। |
| ,, तीसरे मेल में | ,, | तीसरा निषाद (३ री श्रुति) रह गया। |
| ,, चौथे मेल में | दूसरा धैवत (२२वीं श्रुति) | दूसरा निषाद ( १ ली श्रुति) रह गया। |
| ,, पांचवें मेल में | ,, | तीसरा निषाद (३ री श्रुति) रह गया। |
| ,, छठे मेल में | तीसरा धैवत (१ ली श्रुति) | ,, ,, |

इसी तरह बाकी पांच चक्रों के प्रत्येक चक्र में भी छ: मेल मिलेंगे। कुल मिलकर ३६ मेल प्राप्त होते हैं। हर मेल में षड्जपञ्चम मिलेंगे तो मेल का पूर्ण रूप पाया जाता है।

इस तरह छ: चक्रों से पहले ३६ मेलों की उत्पत्ति हुई। इन ३६ मेलों में ही शुद्ध मध्यम (१३ वीं श्रुति) के स्थान पर प्रतिमध्यम (१६ वीं श्रुति) को रखकर और ३६ मेलों की सृष्टि इसी रीति पर हुई।

हर एक मेल के प्रकृति, विकृति स्वर जिन रागों में दिखाई पड़ें उन्हें उसी मेल से जन्य कहा गया। यद्यपि मेलों की सृष्टि आधुनिक काल में हुई, तो भी इनको 'जनक' नाम प्राप्त हो गया। इस तरह जनक, जन्य नाम रागों की उत्पत्ति के विषय में बहुत भ्रम का कारण बन गया। रागोत्पत्ति के बारे में प्राचीन ग्रन्थों से परिचय न होने के कारण लोग मेलों को ही, जो आधुनिक काल की सृष्टि है, प्राचीन जनकराग समझने लगे। कुछ पुस्तकों में ७२ मेलों को ही प्राचीन रागाङ्गराग नाम से कहा जाने लगा। करीब ६० वर्ष पहले के सुब्बराम दीक्षित के द्वारा संपादित 'संगीत संप्रदाय प्रदर्शनी' में इसी प्रकार बताया गया है। जिन्हें प्राचीन शास्त्रों का ज्ञान कम है उनमें यह आधार ग्रन्थ माना जाता है।

इन ७२ मेलों के अन्दर रहनेवाले रागों में सब से प्रसिद्ध राग का नाम ही मेलों का नाम बन गया। मेल संख्या की सूचना देने के लिए प्रसिद्ध राग के नाम के साथ कटपयादि संख्या का अनुसरण करके दो अक्षर नाम के आगे जोड़ दिये गये हैं, परंतु बहुत मेलों के अन्दर रखने के लिए एक राग भी न मिला। इस तरह के मेलों की सृष्टि

व्यर्थ प्रतीत हुई। इन ७२ मेलों के रचयिता वेंकट मखी ने इसका समाधान यों दिया है कि भविष्य में आविष्कृत किये जानेवाले रागों और विदेशों से आनेवाले रागों को भी स्थान देने के लिए इन्हें रखा जाय (मद्रपुरी संगीत विद्वत्सभा द्वारा मुद्रित चतुर्दण्डि-प्रकाशिका के ४ थे प्रकरण के श्लोक ८० से ९२ देखिए)।

इस तरह के मेलों को नये नाम दिये गये। इन नामों में पहले दो अक्षर कटपयादि सख्यानुसार मेल के संख्यासूचक थे। इस तरह नाम रखने में भी मतभेद हुआ है।

आजकल व्यवहृत मेलों में मेल राग बने हुए रागों के नाम यों है—

| मेल | राग | मेल का नाम |
|---|---|---|
| ८ | तोडी | हनुमत्तोडी |
| १५ | मालवगौड़ | मायामालवगौड़ |
| २० | भैरवी | नटभैरवी |
| २८ | काम्बोजी | हरिकाम्बोजी |
| २९ | शंकराभरण | धीर शंकराभरण |
| ३६ | नाट | चलनाट |
| ४५ | पन्तुवराली | शुभपन्तुवराली |

मेलकर्ता की योजना केवल गणित मार्गानुसार सृष्टि है। परन्तु रागों में स्वरों का रूप तो वादी-संवादी तत्त्व पर निर्भर है। इसलिए कई रागों को ७२ मेलों में किसी के अन्दर भी रखना साध्य नहीं हुआ। कुछ रागों में वादी-संवादी तत्त्व की आवश्यकता के कारण आरोहण में एक विकृत स्वर और अवरोहण में दूसरा विकृत स्वर प्रयोग में है। उन्हें भी मेलकर्ता योजना में युक्त स्थान नहीं मिला।

इस योजना में और एक दोष यह है कि चतुःश्रुति (८ वीं श्रुति), पञ्चश्रुति (९ वीं श्रुति), ऋषभ धैवत स्वरों को एक स्वर-जैसा मानना और साधारण गान्धार, प्राचीन काल के अन्तर गान्धार तथा कैशिकी निषाद और प्राचीन काल के काकली निषाद—इन्हें एक ही स्वर-जैसा मानना। इस प्रकार की मान्यताओं के कारण ७२ मेलकर्ता योजना को याद में रखकर गाने से वादी-संवादी सम्बन्ध भग्न होकर रक्ति-भंग का कारण बन जाता है।

इन १६ स्वरों के अतिरिक्त रहनेवाले चार स्वर, ८ वीं श्रुति पर स्थित चतुः-श्रुति ऋषभ, ११ वीं श्रुति पर स्थित प्राचीन काल का अन्तरगान्धार, २१ वीं श्रुति पर स्थित चतुःश्रुति धैवत और दूसरी श्रुति पर स्थित काकली निषाद हैं। रागों में

जिस स्थान के स्वर का प्रयोग होता है यह बात वादी-संवादी सम्बन्ध के सहारे अत्यन्त सरलतापूर्वक निश्चित हो सकती है।

ई० सन् १५६५ में तलकोट्टा युद्ध में विजयनगर राजधानी के ध्वंस हो जाने के पश्चात् उस साम्राज्य की इकाइयों के प्रतिनिधि स्वतंत्र होकर अपनी-अपनी इकाइयों के राजा हो गये। उनको नायक राजा कहा जाता है। तंजौर, मदुरा, मैसूर, जिन्जी और पेनुकोण्डा—ये पांच स्वतंत्र नायक राज्य बन गये। उनमें से तंजोर राज्य धन, धान्य, सम्पत्ति में अन्य राज्यों से बढ़कर था। अतः विजयनगर के कलाकार अपने अपने कलाग्रन्थों के साथ तंजौर पहुँचे। विजयनगर में पुनरुज्जीवित और संवर्धित कलाएँ और भी उन्नति पाने लगीं।

संगीत के लक्ष्य संप्रदाय में रागों का स्वरूप निश्चित करने के लिए 'संगीत रत्नाकर' के समय के पश्चात् आलाप और कई प्रबन्ध बनाये गये, वे प्रचार में भी थे। ये चार प्रकारों में बाँटे गये थे। उस विभाग के कर्ता गोपाल नायक हैं जो कर्नाटक देश में संगीत कला में बहुत प्रसिद्धि पाकर दिल्ली बादशाह के द्वारा बुलाये गये। यह भी कहा जाता है कि उन्होंने वहाँ अमीर खुसरो नामक विद्वान् पर विजय प्राप्त की।

गोपाल नायक के अनुसार लक्ष्यसाहित्य आलाप, ठाय, गीत और प्रबन्ध नामक चार भागों में विभाजित किया गया। आलाप का लक्षण संगीत रत्नाकर में दिया गया है।

**१. आलाप**—आलाप के पहले भाग में रागस्वरूप की रूपरेखा है। इसका नाम 'आक्षिप्निका' है। इसमें जो 'आयत्तम्' नाम से भी पुकारा जाता है, उसके चार भाग हैं। इसके हर एक भाग का नाम 'स्वस्थान' है।

प्रथमस्वस्थान—प्रथम स्वस्थान में यों गान करना चाहिए—राग के स्थायी स्वर या अंश स्वर पर खड़े होकर आगे और पीछे थोड़ा जाकर जिस प्रकार रागभाव का प्रकाशन हो सकता हो, उस प्रकार राग के स्थायी स्वर का उच्चारण अलंकार और गमक सहित अन्य स्वरों के साथ किया जाय।

यदि वह राग अवरोही वर्ण में प्रकाशित होता हो, तो नीचे के एक-एक स्वर को मिलाकर चालन करना है। वह आरोही वर्ण में प्रकाशित होता हो तो ऊपर के एक-एक स्वर को मिलाकर गाते जाना है। संचारी वर्ण में राग का प्रकाशन हो तो आगे और पीछे के स्वरों को मिलाकर गाना चाहिए। इसका नाम 'मुखचालन' है। हर एक चालन को अन्ततः स्थायी स्वर में न्यस्त करना चाहिए। अंश के संवादी पहले स्वर तक इसी तरह करना चाहिए। यह आलाप का पहला स्वस्थान है। प्रायः संवादी स्वर अंश का चौथा या पाँचवाँ स्वर ही होगा। इसलिए इसका नाम 'द्व्यर्ध-स्वर' है।

द्वितीय स्वस्थान—द्व्यर्धस्वर पर खड़े रहकर चालन करने के पश्चात् स्थायी स्वर में आकर न्यास करने का नाम द्वितीय स्वस्थान है।

तृतीय स्वस्थान—दूसरे सप्तक में रहनेवाले अंश स्वर का नाम द्विगुणस्वर है। द्विगुणस्वर और द्व्यर्धस्वर दोनों के बीच में होनेवाले स्वरों का नाम 'अर्धस्थित स्वर' है। अर्धस्थित स्वरों में चालन करके अंश स्वर में आकर समाप्त किये जानेवाले भाग का नाम तृतीय स्वस्थान है।

चतुर्थ स्वस्थान—द्विगुणस्वर में खड़े रहकर चालन करके अंशस्वर में आकर समाप्त करने को चतुर्थ स्वस्थान कहते हैं। आक्षिप्तिका के बाद राग को बहुत पकड़ों के साथ विस्तार करना चाहिए। इसे कई भागों में विभाजित किया गया है। उनके नाम रागवर्धनी, स्थायी, मकरिणी और न्यास हैं।

रागवर्धनी को प्रथम रागवर्धनी, द्वितीय रागवर्धनी और तृतीय रागवर्धनी नामक तीन भागों में विभाजित किया गया है। हर एक रागवर्धनी में मध्य, तारस्थान में संचार, द्वितीय रागवर्धनी में मन्द्र, मध्य स्थानों में संचार, तृतीय रागवर्धनी में तीनों स्थानों में संचार करना होता है। प्रत्येक रागवर्धनी में विलम्ब, मध्य, द्रुत काल रहते हैं। किन्तु प्रथम रागवर्धनी में विलम्ब काल संचार, द्वितीय रागवर्धनी में मध्यकाल संचार, तृतीय रागवर्धनी में द्रुतकाल के संचार ज्यादा रहते हैं।

इसके बाद 'स्थायी' नामक भाग का गान करना होता है। 'स्थायी' अर्थात् अंशस्वर से शुरू करके प्रत्येक संचार में जिन स्वरों तक संचार करते हैं, उसके ऊपर नहीं जाना होता। इसी क्रम में आरोहण क्रम में एक से आठ स्वर तक दो बार संचार करना है, परन्तु नीचे इच्छानुसार संचार कर सकते हैं। इसके बाद अवरोह क्रम में इसी तरह तारस्थानीय अंश स्वर से मध्यस्थानीय अंश स्वर तक नीचे के एक से आठ स्वर तक दो बार संचार करना होता है। इन संचारों में इच्छानुसार ऊपर के स्वरों में घूम सकते हैं, पर नीचे नहीं घूम सकते। जिस तरह अंश स्वर से स्थायी संचार आरम्भ किया जाता है उसी तरह हर एक अपन्यास स्वर से भी आरम्भ करके आठवें स्वर तक ऊपर और नीचे संचार कर सकते हैं।

इसके बाद आलाप के मुकुटरूप भाग का गान करना है। उसका नाम 'मकरिणी' है। मकरिणी में हर एक स्थान में अन्तिम संचार करके न्यास स्वर में पूर्ति करना होता है। इसमें मन्द्रस्थान में अधिक संचार होता है।

अंत में न्यास स्वर से आरम्भ करके इच्छानुसार संचार करते हुए न्यास स्वर पर समाप्त करना चाहिए। उसका नाम न्यास है।

१५, १६, १७ वीं शताब्दियों में इसी प्रकार के आलापों की कल्पना साम्प्रदायिक आचार्य कर चुके हैं।

२. **ठाय**—दूसरे लक्ष्यसाहित्य का नाम है 'ठाय'। यह शब्द 'स्थाय' नामक संस्कृत शब्द का प्राकृत रूप है। एक छोटे संचार का नाम 'ठाय' है। हर एक ठाय, राग के भिन्न-भिन्न रूप को प्रदर्शित करने का काम करता है। इस प्रकार उनके रूप कार्य के अनुसार उनके नामकरण भी किये गये हैं। संगीत रत्नाकर में 'ठाय' के नाम-रूप वर्णित किये गये हैं। उस जमाने में प्रसिद्ध ठाय रूप के अनुसार दशविध, और कार्य के अनुसार तैंतीस प्रकार के बताये गये हैं। अप्रसिद्ध ठाय में मिश्रित या संकीर्ण ठाय ३६ और असंकीर्ण ठाय २६ हैं। कुल मिलकर ९६ ठायों का उल्लेख है। रूप के अनुसार स्थायों के उदाहरण—

१. शब्द स्थाय—व्यक्त रूप में शब्दों को अलग-अलग दिखानेवाले हैं।

२. ढाल स्थाय—मोती के ढाल के अनुसार चलन करने का नाम है।

३. लषनी—स्वरों को कोमलतर नमन के साथ उच्चारण करने का नाम है।

४. वहनी—इसमें गीत वहनी, आलप्ति वहनी; ये दो भेद होते हैं। आरोह या अवरोह में स्वरकम्पन, और संचारी में स्थिर स्वरकम्पन के साथ स्वर उच्चारण करने का नाम 'वहनी' है। हर एक वहनी के और दो भेद हैं। स्थिर वहनी और वेगाढ्या वहनी। और तीन भेद स्थायी के भेद से हैं; हृद्या, कण्ठ्या, शिरस्या। हृद्या में दो तरह के प्रयोग हैं। स्वरों को अन्दर घुसने की तरह उच्चारण किया जाय, तो उसका नाम 'कुन्ता' है। बाहर निकलने की तरह उच्चारण किया जाय तो उसका नाम 'फुल्ला' है।

५. वाद्यशब्द स्थाय—इसमें वीणा आदि वाद्यों से उपन्न शब्दों की तरह उच्चारण करने का नाम 'वाद्य शब्द' है।

६. छाया स्थाय—राग, स्वर आदियों के साथ दूसरे राग या स्वरों की छाया को भी मिलाकर उच्चारण करने का नाम है 'छाया स्थाय'।

७. स्वर लंघित—दो, तीन या चार स्वरों को उच्चारण न करके लंघन करने का यह नाम है।[1]

**१. रूप के अनुसार स्थायों के नाम—ऊपर दिये हुए स्थायों को छोड़कर और भी दो हैं। वे प्रेरित और तीक्ष्ण हैं।**

**काम के अनुसार स्थायों के नाम—भजन, स्थापना, गति, नादध्वनि, छबि,**

काम के अनुसार स्थायों के नाम के उदाहरण--

१. भजन स्थाय---राग को रक्ति के साथ प्रकाशित करने का नाम है।

२. स्थापना स्थाय---राग को निश्चयपूर्वक स्थापित करने का काम करता है।

ये स्थाय भी बहुत से रागों में साम्प्रदायिक आचार्यों द्वारा कल्पित हैं। इनमें तानप्प आर्य के द्वारा रचित साहित्य विशेष है।

इस तरह के ठायों की कल्पना करके उन्हें याद रखने के लिए एक सम्प्रदाय मार्ग है। उसके अनुसार राग के अंश, न्यास या अपन्यास स्वर को स्थायी बनाकर ऊपर तीन-चार स्वरों तक चार बार संचार करके उसी तरह नीचे भी संचार करने के पश्चात् मन्द्र षड्ज या न्यास स्वर पर समाप्त करना होता है। संचार का नाम 'येडुप' है। अन्त करने का नाम मुक्तायी या मकरिणी है।

३. **गीत**---बहुत दिन पूर्व से हजारों तरह के प्रबन्धभेद वर्तमान थे। उनका विवरण संगीतरत्नाकर प्रबन्धाध्याय मे दिया गया है। उनमें कुछ प्रबन्धों को छोड़कर बाकी सब अंधयुग में अप्रचलित हो गये। बचे हुए प्रबन्धों में 'सालग सूड' नामक प्रबन्ध ज्यादा प्रचार में थे। ये प्रबन्ध तालों के नामों में प्रचलित हैं। ध्रुव, मण्ठ, प्रतिमण्ठ, निस्सारुक, अड्डुताल, रासताल, एक-ताल हैं।

इन सातों तालों में सालगसूड की तरह नयी चीजों की सृष्टि भी हुई। राग-स्वरूप का प्रकाशन करने के लिए साहित्य लक्ष्यों के चार भेदों में 'गीत' का भी एक स्थान है। इसमें राग का रूप सुलभ तालबद्ध छोटे-छोटे संचारों से बना हुआ होता है।

**उपसम, काण्डारण, निर्जवनगाढ़, ललित गाढ़, ललित, लुठित, सम, कोमल, प्रसृत, स्निग्ध, घोस, उचित, सुदेशिक, अपेक्षित घोष, स्वर।**

**अप्रसिद्ध स्थायों के नाम---असंकीर्ण-वह, अक्षराडम्बर, उल्लासित, तरंगित, प्रलम्बित, अवस्खलित, त्रोटित, संप्रविष्टक, उत्प्रविष्ट, निस्सारुग, भ्रामित, दीर्घ-कम्पित, प्रीतप्रहोल्लासित, अविलम्ब, विलम्बक, त्रोटित, प्रतीष्ट, प्रसृताकुञ्चित, स्थिर, स्थायुक, क्षिप्त, सूक्ष्मान्त।**

**मिश्रित स्थायों के नाम---प्रकृतिस्थ, शब्द, कला, आक्रमण, प्लुत, रागेष्ट, अपस्वराभास, बद्ध, कलरव, छन्दस, सुकराभास, संहित, लघु, अन्तर, वक्र, दीप्त प्रसन्न, प्रसन्न मृदु, गुरु, ह्रस्व, शिथिल गाढ़, दीप्त, असाधारण, साधारण, निरादर, दुष्कराभास, मिश्र।**

**प्रबन्ध**—प्रबन्धों के ४ धातु या अवयव और उनके **६ अंग—प्रबन्धों** में बहुत कुछ अप्रचलित होने के बाद भी कुछ प्रबन्ध बच गये। उनमें पञ्चतालेश्वर प्रबन्ध और श्रीरङ्ग प्रबन्ध मुख्य हैं। प्रबन्धों में ६ अंग और ४ धातु होते हैं। स्वर, विरुद, पद, तेनक, पाट और ताल—ये ६ अंग हैं।

१. स्वर—स, रि, ग, म आदि हैं।

२. विरुद—प्रस्तुत नायक के धैर्य, शौर्य आदि का वर्णन करके उसको संबोधित करना या कर्ता के नाम, कुल आदि का वर्णन करना।

३. पद—केवल प्रस्तुत नायक के गुणों का वर्णन।

४. तेनक—'तेन' आदि अक्षरों के उच्चारण के साथ आलाप करने का नाम है। 'तेन' शब्द 'तत्' शब्द की तृतीया विभक्ति है। 'तेन' शब्द का अर्थ 'तत्' या 'ब्रह्म' है। इसलिए यह मंगलकर शब्द है।

५. पाट—तक, तनादि वाद्य शब्दों से बद्ध साहित्य का नाम है।

६. ताल—एक ही प्रबन्ध में भिन्न-भिन्न ताल साहित्य के अंग हों तो इसका नाम ताल है।

## धातु या अवयव

चार धातु हैं—उद्ग्राह, मेलापक, ध्रुव, आभोग।

कभी-कभी उद्ग्राह और ध्रुव के मध्य भाग में अन्तर नामक एक पाँचवाँ धातु भी होता है। प्रबन्ध का आरम्भ भाग 'उद्ग्राह' है। उद्ग्राह को तृतीयाङ्ग ध्रुवा के साथ मिलानेवाला होने के कारण द्वितीयाङ्ग का नाम 'मेलापक' पड़ा। अंगों में अनिवार्यता के कारण तृतीय धातु का नाम 'ध्रुव' हुआ। प्रबन्ध की पूर्ति करने की जगह 'आभोग' है।

प्रबन्ध षडङ्ग, पञ्चाङ्ग, चतुरङ्ग, त्र्यङ्ग या द्व्यङ्ग बनाये गये थे। मेदिनी, आनन्दिनी, दीपनी, भावनी, तारावली आदि इनके नाम हैं।

धातुओं की दृष्टि से चतुर्धातु, त्रिधातु, द्विधातु प्रबन्ध भी हैं। इनमें उद्ग्राह और ध्रुव अनिवार्य हैं। त्रिधातु प्रबन्ध में 'मेलापक' नहीं है। 'आभोग' में दो भाग हैं। पहला भाग बिना ताल के 'आलाप' है। उसका नाम 'वाक्य' है। पूर्वार्ध में साहित्यकर्ता और उत्तरार्ध में प्रस्तुत नायक का नाम रहता है।

ये चारों तरह के लक्ष्य साहित्य 'चतुर्दण्डी' नाम से प्रसिद्ध हुए। 'चतुर्दण्डी' शब्द का अर्थ है संगीत कला को वश में करने के चार उपाय। 'चतुर्दण्डी' सम्प्रदाय के आदिकर्ता गोपाल नायक हैं। इस सम्प्रदाय ने विजयनगर के पतन के पश्चात्

तंजौर में नायकों के आश्रित रहकर संरक्षण पाया। बहुत से चतुर्दण्डी साहित्यों की सृष्टि हुई।

नायकों के बाद तंजौर का शासन महाराष्ट्र राजाओं के हाथ में आ गया। इन राजाओं में दूसरे राजा 'शाहजो' संगीत और साहित्य कलाओं में पारङ्गत हुए। उनका दरबार बहुत से विद्वान् लोगों, शास्त्रज्ञों, गवैयों और कवियों से अलंकृत था। इनके समय रागों के लक्षण को निश्चय करने के लिए दस सम्प्रदायों के विद्वानों के मत के अनुसार लगभग एक सौ कर्नाटक रागों के लक्षणों को सुनकर, तालपत्र कोशों में लिखवाया गया।

चतुर्दण्डी लक्ष्य साहित्य को भी २० तालपत्र की पुस्तकों में लिखाकर सुरक्षित किया गया है। उनमें आलाप, ठाय, गीत और प्रबन्ध स्वररूप में लिखे गये हैं। सब ग्रन्थ अब भी 'तंजौर सरस्वती महल पुस्तकालय' में सुरक्षित हैं।

वैणिक, विद्वान्, शास्त्रज्ञ और साहित्यकार वेंकट मखी ने, जो १६२० ई० में तंजौर में थे, अपने "चतुर्दण्डिप्रकाशिका" नामक ग्रंथ में चतुर्दण्डी के लक्षण दिये हैं। उनके पिता गोविंद दीक्षित नायक राजाओं के मंत्री थे। राजा रघुनाथ नायक और गोविंद दीक्षित, इन दोनों की लिखी हुई "संगीतसुधा" में ५० रागों के आलापन क्रम विस्तृत रूप में दिये गये हैं। शाहजी (१६७८–१७११) के लक्ष्य-लक्षण ग्रन्थ में पाये जानेवाले लक्षण और लक्ष्यमार्ग ही आज की कर्नाटक संगीत पद्धति में भी विद्यमान हैं, परन्तु यह संप्रदाय संगीतरत्नाकर में दिये हुए रागस्वरूप और रागलक्षणों से बहुत भिन्न है।

संगीतरत्नाकर के बाद लिखे गये ग्रंथों में तात्कालिक रागों की मूर्च्छना, जाति, वर्ण और अलंकार इत्यादि के लक्षण नहीं दिये गये हैं। केवल हर एक राग के प्रकृति-विकृतिस्वर बताये गये हैं। इन ग्रंथों में दी हुई ग्रह, अंश, न्यास इत्यादि संज्ञाएँ भी उनके असली अर्थ में प्रयुक्त नहीं हैं। क्योंकि इन संज्ञाओं के मूलभूत मूर्च्छना-तत्त्व को वे सब भूल गये थे।

शाहजी द्वारा निष्कर्ष रूप में प्राप्त सब राग लक्षणों और लक्ष्य साहित्य से उद्धृत उदाहरणों को उनके भाई तुलजा महाराज ने अपने ग्रंथ "संगीत सारामृत" में यथा-तथ्य लिखा है। इस ग्रंथ में रागों के प्रकृति-विकृतिस्वर और चतुर्दण्डी लक्ष्य से विशेष संचार के उद्धरण मात्र दिये गये हैं। मूर्च्छना, ग्रह, अंश, न्यास, वर्ण और अलंकार आदि का उल्लेख नहीं है, किंतु संप्रदाय-परंपरा की विशुद्धता के कारण रागों की छाया पूर्ण जीवन के साथ, लगभग बीस वर्ष पहले तक विद्यमान थी। गुरुकुल संप्रदाय की

विच्छिन्नता के कारण संगीतकला के एक मात्र आश्रय संप्रदाय की भी कमी होती जा रही है।

आज कर्नाटक संप्रदाय के प्रचलित रागों में लगभग १०० राग प्रसिद्ध हैं। १५० अप्रसिद्ध अपूर्व राग हैं।

कर्नाटक पद्धति में मेल और रागों का इतिहास—

१. विद्यारण्य का मत—संगीतसार[1] (लगभग १४०० ई०)
२. रामामात्य का मत—स्वरमेल कलानिधि (१५५० ई०)
३. सोमनाथ का मत—रागविबोध (१६०९ ई०)
४. वेंकट मखी का मत[2]—चतुर्दण्डिप्रकाशिका (१६१५)
५. शाहजी और तुलजाजी का मत—संगीत सारामृत (१७१०–१७२५)
६. ७२ मेलकर्ता (उद्भवकाल लगभग १६०० ई०)
(प्रचार का काल लगभग १७५० ई०)

१ विद्यारण्य का 'संगीतसार' अब उपलब्ध नहीं है। परन्तु उनका मत रघुनाथ नायक और गोविन्द दीक्षित की 'संगीतसुधा' में उद्धृत किया गया है।

२. यह रचना ७२ मेलकर्ता के काल में परिष्कृत हुई, परन्तु इस योजना का प्रचार पिछले दिनों में ही हुआ।

## १—५० राग और १५ मेल

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | पञ्चश्रुति ऋषभ शुद्ध गान्धार | षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | अन्तर गान्धार | अच्युत मध्यम | शुद्ध मध्यम | | वराटी मध्यम | प्रतिमध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | चतुः श्रुति धैवत | पञ्चश्रुति धैवत | षट्श्रुति धैवत कैशिकी निषाद | काकली निषाद | च्युतषड्ज |
| १ | नट्टा मेल | स | | | | | | रि | ग | | म | | | | प | | | | | | ध | नि | |
| २ | गुर्जरी मेल | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| | २. सौराष्ट्र | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. मेचबौलि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. छाया गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. गुण्डक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. सालगनाटिका | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. शुद्ध वसन्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. नादरामक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | पञ्चश्रुति ऋषभ शुद्ध गान्धार | षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | अन्तर गान्धार | अच्युत मध्यम | शुद्ध मध्यम | | वराटी मध्यम | प्रतिमध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | चतुः श्रुति धैवत | पञ्चश्रुति धैवत | षट्श्रुति धैवत कैशिकी निषाद | काकली निषाद | च्युतषड्ज |
| | ९. गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. बौलि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. कर्नाट बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. ललित | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. मलहरि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. पाठी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १५. सावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १६. रेवगुप्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ३ | वराटी मेल | स | | | रि | | ग | | | | | | म | | प | | | ध | | | | नि | |
| ४ | श्रीराग मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २. सालग भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. घण्टारव | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. वेलावली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. देवगान्धारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. रीतिगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. मालवश्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. मध्यमादि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. धनाशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ५ | भैरवी मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. भिन्न षड्ज | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. हिन्दोल वसन्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. हिन्दोल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. भूपाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ६ | शंकराभरण मेल | स | | | | | रि | | ग | | म | | | | प | | | | | ध | | नि | |
| | २. आरभी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. पूर्वगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. नारायणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. नारायण देशाक्षी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ७ | आहीरी मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| | २. आभेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ षड्ज | ५ | ६ | ७ शुद्ध ऋषभ | ८ | ९ पञ्चश्रुति ऋषभ शुद्ध गान्धार | १० षट्श्रुति ऋषभ साधारण गांधार | ११ अन्तर गान्धार | १२ अच्युत मध्यम | १३ शुद्ध मध्यम | १४ | १५ वराटी मध्यम | १६ प्रतिमध्यम | १७ पञ्चम | १८ | १९ | २० शुद्ध धैवत | २१ चतुश्रुति धैवत | २२ पञ्चश्रुति धैवत | १ षट्श्रुति धैवत कैशिकी निषाद | २ काकली निषाद | ३ च्युतषड्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ८ | वसन्त भैरवी मेल | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| ९ | सामन्त मेल | स | | | | | | रि | ग | | म | | | | प | | | | | | ध | नि | |
| १० | काम्बोजी मेल | स | | | | | रि | | ग | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| ११ | मुखारी | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | नि | | | |
| १२ | शुद्ध रामक्रिया | स | | | रि | | | | ग | | | | म | | प | | | ध | | | | नि | |
| १३ | केदारगौड़ | स | | | | | रि | | ग | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| | २. नारायण गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १४ | हिजुज्जी | स | | | रि | | | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| १५ | देशाक्षी | स | | | | | | रि | ग | | म | | | | प | | | | | ध | | नि | |

## २—६४ राग और २० मेल

| मेलों की संख्या | मेल व राग | श्रुति सख्या ४ षड्ज | ५ | ६ | ७ शुद्ध ऋषभ | ८ | ९ पञ्चश्रुति ऋषभ शुद्धगान्धार | १० साधारण गांधार षट्श्रुति ऋषभ | ११ अन्तर गान्धार | १२ च्युत मध्यम गान्धार | १३ शुद्ध मध्यम | १४ | १५ | १६ च्युत पञ्चम मध्यम | १७ पञ्चम | १८ | १९ | २० शुद्ध धैवत | २१ | २२ पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | १ षट्श्रुति धैवत कैशिकी निषाद | २ काकली निषाद | ३ च्युतषड्ज निषाद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | मुखारी मेल | स | | | रि | | | | | | म | | | | प | | | ध | | नि | | | |
| २ | मालवगौड़ मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | १. मालव गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २. ललित | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. बौलि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. सौराष्ट्र | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. गुर्जरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. मेचबौलि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. फलमञ्जरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल व राग | श्रुति संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | पञ्चश्रुति ऋषभ शुद्ध गान्धार | साधारण गान्धार षट्श्रुति ऋषभ | अन्तर गान्धार | अच्युत मध्यम गान्धार | शुद्ध मध्यम | | | च्युत पञ्चम मध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | | पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | षट्श्रुति धैवत कैशिकी निषाद | काकली निषाद | च्युतषड्ज |
| | ८. गुण्डक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. छायागौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. सिन्दुरामक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. कुरञ्जी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. कन्नड बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. मंगल कौशिक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. मल्हारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ३ | श्रीराग मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| | २. भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. गौड़ी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ४. धन्याशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. शुद्ध भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. वेलावली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. मालवश्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. शंकराभरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. आन्दोली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. देवगान्धारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. मध्यमादि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ४ | सारङ्गनाट मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| | २. सावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. सालग भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. नटनारायणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. शुद्ध वसन्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. पूर्व गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. कुन्तल वराली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. भिन्न षड्ज | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. नारायणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ५ | हिन्दोल मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. मार्ग हिन्दोल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. भूपाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | पञ्चश्रुति ऋषभ शुद्ध गान्धार | साधारण गान्धार षट्श्रुति ऋषभ | अन्तर गान्धार | च्युतमध्यम गान्धार | शुद्ध मध्यम | | | च्युत पञ्चम मध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | | पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | षट्श्रुति धैवत कैशिकी निषाद | काकली निषाद | च्युत षड्ज निषाद |
| ६ | शुद्ध रामक्रिया | स | | | रि | | | | | ग | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. षाढी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. आर्षदेशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. दीपक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ७ | देशाक्षी मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| ८ | कन्नड गौड़ | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| | २. घण्टारव | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. शुद्ध बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. छाया नाट | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. तुरुष्क तोडी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ६. नागध्वनि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. देवक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ९ | शुद्ध नाट | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | | ध | | नि |
| १० | आहीरी | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| ११ | नादरामक्रिया | स | | | रि | | | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| १२ | शुद्ध वराली | स | | | रि | | ग | | | | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| १३ | रीति गौड़ | स | | | रि | | | | | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| १४ | वसन्तभैरवी मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. सोमराग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १५ | केदारगौड़ मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| | २. नारायण गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १६ | हेज्जुज्जीमेल | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| १७ | सामवराली मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| १८ | रेवगुप्ति मेल | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | नि | | | |
| १९ | सामन्त मेल | स | | | | | | रि | ग | | म | | | | प | | | | | | ध | नि | |
| २० | काम्बोजी मेल | स | | | | | रि | | ग | | म | | | | प | | | | | ध | | नि | |

### ३—७६ राग और २३ मेल

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ षड्ज | ५ | ६ | ७ शुद्ध ऋषभ | ८ तीव्र ऋषभ | ९ तीव्रतर ऋषभ शुद्ध गान्धार | १० तीव्रतम ऋषभ साधारण गान्धार | ११ अन्तर गान्धार | १२ मृदु मध्यम | १३ शुद्ध मध्यम | १४ | १५ तीव्रतम मध्यम | १६ मृदु पञ्चम | १७ पञ्चम | १८ | १९ | २० शुद्ध धैवत | २१ तीव्र धैवत | २२ तीव्रतर धैवत शुद्ध निषाद | १ तीव्रतर धैवत कैशिक निषाद | २ काकली निषाद | ३ मृदु षड्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | मुखारी मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | नि | | | |
| | २. तुरुष्क तोडी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| २ | रेवगुप्ति मेल | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | नि | | | |
| ३ | सामवराली मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| | २. वसन्तवराली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ४ | तोडी मेल | स | | | रि | | | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| ५ | नादरामक्री मेल | स | | | रि | | | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| ६ | भैरव मेल | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. पौरविका | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ७ | वसन्त | स | | | रि | | | | ग | | म | | | | प | | | ध | | | | नि | |
| | २. डक्क | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. हिजेजा | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. हिन्दोल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ८ | वसन्तभैरवी मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. मारविका | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ९ | मालवगौड़ मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. चैंतीगौड़ी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. पूर्वी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. पाडी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. देवगान्धार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. गोण्डक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. कुरञ्जी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. बाहुली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. रामक्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. पावक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. असावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. पञ्चम | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. शुद्ध ललित | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ षड्ज | ५ | ६ | ७ शुद्ध ऋषभ | ८ तीव्र ऋषभ | ९ तीव्रतर ऋषभ शुद्ध गान्धार | १० तीव्रतम ऋषभ साधारण गान्धार | ११ अन्तरगान्धार | १२ मृदु मध्यम | १३ शुद्ध मध्यम | १४ | १५ तीव्रतम मध्यम | १६ मृदु पञ्चम | १७ पञ्चम | १८ | १९ | २० शुद्ध धैवत | २१ तीव्र धैवत | २२ तीव्रतर धैवत शुद्ध निषाद | १ तीव्रतर धैवत कैशिक निषाद | २ काकलि निषाद | ३ मृदु षड्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १५. गुर्जरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १६. फरज (परज) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १७. शुद्ध गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १० | रीतिगौड़ मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| ११ | आभीर मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| १२ | हम्मीर मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. विषंगड | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. केदार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १३ | शुद्ध वराटी मेल | स | | | रि | | | ग | | | | | म | | प | | | ध | | | | | नि |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १४ | शुद्ध रामक्री मेल | स | | | रि | | | | | ग | | | म | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. ललित | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. जेतश्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. त्रावणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. देशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १५ | श्रीराग मेल | स | | | | रि | | ग | | | म | | | | प | | | | ध | | नि | | |
| | २. मालवश्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. धन्याशिकी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. धवला | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. सैन्धवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १६ | कल्याण मेल | स | | | | | रि | ग | | | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| १७ | काम्बोदी मेल | स | | | | | रि | | ग | ग | म | | | | प | | | | | ध | | नि | |
| | २. देवक्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १८ | मल्लारी | स | | | | | रि | | | | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| | २. नटमल्लारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. पूर्व गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. भूपाली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. शंकराभरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | तीव्र ऋषभ | तीव्रतर ऋषभ शुद्ध गान्धार | तीव्रतम ऋषभ साधारण गान्धार | अन्तर गान्धार | मृदु मध्यम | शुद्ध मध्यम | | तीव्रतम मध्यम | मृदु पञ्चम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | तीव्र धैवत | तीव्रतर धैवत शुद्ध निषाद | तीव्रतर धैवत कैशिकी निषाद | काकली निषाद | मृदु षड्ज |
| | ७. नटनारायण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. नारायण गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. द्वितीय केदार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. सालङ्क नाट | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. वेलावली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. मध्यमादि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. सावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. सौराष्ट्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १९ | सामन्त मेल | स | | | | | | रि | ग | | म | | | | प | | | | | | ध | | नि |
| २० | कर्नाटगौड़ मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | ध | | नि | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २. अटाणा | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. नागध्वनि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. शुद्ध बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. वर्ण नाटक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. ईराक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| २१ | देशाक्षी मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | |
| २२ | शुद्ध नाट मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | | ध | | नि |
| २३ | सारङ्ग मेल | स | | | | | रि | | | ग | | | | म | प | | | | | | ध | | नि |

## ४—५४ राग और १९ मेल

श्रुति संख्या

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | शुद्ध गान्धार पञ्चश्रुति ऋषभ | षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | | अन्तर गान्धार | शुद्ध मध्यम | | | राली मध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | | पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | कैशिक निषाद | | काकली निषाद |
| १ | मुखारी मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | नि | | | |
| २ | सामवराली मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| ३ | भूपाल मेल | स | | | रि | | | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| ४ | हेज्जुज्जीमेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. रेवगुप्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ५ | वसन्तभैरवी मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| ६ | गौड़ मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. सौराष्ट्रम् | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. सारङ्गनाट | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ४. गुण्डक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. नादरामक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. ललिता | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. पाडी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. गुर्जरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. कन्नड बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. बौली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. सावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. मलहरि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. छाया गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. पूर्वगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ७ | भैरवी मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| | २. हिन्दोल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. घण्टारव | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. रीतिगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ८ | आहीरी मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. हिन्दोल वसन्तम् | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. आभेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ९ | श्रीराग मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | | ध | | नि | | |
| | २. सालग भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ षड्ज | ५ | ६ | ७ शुद्ध ऋषभ | ८ | ९ शुद्ध गान्धार पञ्चश्रुति ऋषभ | १० षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | ११ | १२ अन्तर गान्धार | १३ शुद्ध मध्यम | १४ | १५ | १६ वराली मध्यम | १७ पञ्चम | १८ | १९ | २० शुद्ध धैवत | २१ | २२ पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | १ कैशिक निषाद | २ | ३ काकली निषाद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ३. धन्याशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. मालवश्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. देवगान्धारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. जयन्तसेना | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. मध्यमादि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. आन्थाली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. वेलावली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. कन्नडगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १० | काम्बोजी मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| | २. केदार गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ३. नारायण गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ११ | शंकराभरण मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| | २. शुद्ध वसन्ता | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. आरभी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. नागध्वनि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. साम | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. नारायण देशाक्षी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. नारायणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १२ | सामन्त मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | | ध | | नि |
| १३ | देशाक्षी मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| १४ | नाट मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | | ध | | नि |
| १५ | शुद्ध वराली मेल | स | | | रि | | ग | | | | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| १६ | पन्तुवराली मेल | स | | | रि | | | ग | | | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| १७ | शुद्धरामक्रिया मेल | स | | | रि | | | | | ग | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| १८ | सिंहरव मेल | स | | | | | रि | | | | | | | म | प | | | | | ध | नि | | |
| १९ | कल्याणी मेल | स | | | | | रि | | | ग | | | | म | प | | | | | ध | | | नि |

## ५—१०० राग और १९ मेल

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या ४ षड्ज | ५ | ६ | ७ शुद्ध ऋषभ | ८ | ९ शुद्ध गान्धार पञ्चश्रुति ऋषभ | १० षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | ११ | १२ अन्तर गान्धार | १३ शुद्ध मध्यम | १४ | १५ | १६ वराली मध्यम | १७ पञ्चम | १८ | १९ | २० शुद्ध धैवत | २१ | २२ पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | १ कैशिक निषाद | २ | ३ काकली निषाद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १. | श्रीराग मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. कन्नड गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. देवगान्धार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. सालगभैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. शुद्ध देशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. माधवमनोहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. मध्यमग्रामराग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. सैन्धवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. खापी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | १०. हुसेनी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. श्रीरञ्जनी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. मालवश्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. देवमनोहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. जयन्त सेना | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १५. मणिरंगु | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १६. मध्यमादि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १७. शुद्ध धन्यासी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| २ | शुद्ध नाट मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | | ध | | नि |
| | २. उदयरविचन्द्रिका | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ३ | मालवगौड़ मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. सारङ्ग नाटी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. आर्ददेशी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. छाया गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. टक्क | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. गुर्जरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. गुण्डक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. फलमञ्जरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. नादरामक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. सौराष्ट्री | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | शुद्ध गान्धार पञ्चश्रुति ऋषभ | षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | | अन्तर गान्धार | शुद्ध मध्यम | | | वराली मध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | | पञ्चश्रुति धैवत शुद्धनिषाद | कैशिक निषाद | | काकली निषाद |
| | ११. मेचबौली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. मागधी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. गौरीमनोहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. मारुवा | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १५. गौड़ीपन्तु | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १६. सावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १७. पूर्वी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १८. बिभासुक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १९. गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २०. कन्नड बंगाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | २१. बहुली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २२. पाडी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २३. मलहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २४. ललित | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २५. पूर्णपञ्चम | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २६. शुद्ध सावेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २७. मेघ रञ्जी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २८. रेवगुप्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | २९. मालवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ४ | वेलावली मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| ५ | वराली मेल | स | | | रि | | ग | | | | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| ६ | शुद्ध रामक्रिया मेल | स | | | रि | | | | | ग | | | | म | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. दीपक | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ७ | शंकराभरण मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| | २. आरभी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. शुद्ध वसन्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. सरस्वती मनोहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. पूर्वगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. नारायणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. नारायण देशाक्षी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या। | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ |
| | | षडज | | | शुद्ध ऋषभ | | शुद्ध गान्धार पञ्चश्रुति ऋषभ | षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | | अन्तर गान्धार | शुद्ध मध्यम | | | वराली मध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | | पञ्चश्रुति धैवत शुद्ध निषाद | कैशिक निषाद | | काकली निषाद |
| | ८. सामन्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. कुरञ्जिका | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. पूर्णचन्द्रिका | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. सुरसिन्धु | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. जुलाऊ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. बिलाहुरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. गौड़मल्लार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १५. केदार | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ८ | काम्बोजी मेल | स | | | | | रि | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| | २. नारायण गौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ३. केदारगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. बलहंस | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. नागध्वनि | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. छायातरङ्गिणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ७. ईशमनोहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. गुरुकुल काम्भोजी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. नाटकुरञ्जी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. कन्नड | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. नटनारायणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १२. आन्दाली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १३. सामा | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १४. मोहन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १५. देवक्रिया | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १६. मोहन कल्याणी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| ९ | भैरवी मेल | स | | | | | रि | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | नि | |
| | २. आहरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. घण्टारव | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ४. इन्दुघण्टारव | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ५. रीतिगौड़ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ६. हिन्दोल वसन्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| मेलों की संख्या | मेल एवं रागों के नाम | श्रुति संख्या | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ ३ |
| | | षड्ज | | | शुद्ध ऋषभ | | शुद्ध गान्धार पञ्चश्रुति ऋषभ | षट्श्रुति ऋषभ साधारण गान्धार | | अन्तर गान्धार | शुद्ध मध्यम | | | वराली मध्यम | पञ्चम | | | शुद्ध धैवत | | पञ्चश्रुति धैवत शुद्धनिषाद | कैशिक निषाद | काकली निषाद |
| | ७. आनन्द भैरवी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ८. आभेरी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ९. नागगान्धारी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | १०. धन्यासी | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ११. हिन्दोल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १० | मुखारी मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | नि | | |
| ११ | वेगवाहिनी मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | | | ध | नि | |
| १२ | सिन्धुरामक्रिया मेल | स | | | रि | | | ग | | | | | | म | प | | | ध | | | | नि |
| | २. पन्तुवराली | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १३ | हेज्जुज्जी मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | नि | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १४ | सामवराली मेल | स | | | रि | | ग | | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. गान्धार पञ्चम | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | ३. भिन्न पञ्चम | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १५ | वसन्तभैरवी मेल | स | | | रि | | | | | ग | म | | | | प | | | ध | | | नि | | |
| | २. ललितपञ्चम | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १६ | भिन्न षड्ज मेल | स | | | रि | | | ग | | | म | | | | प | | | ध | | | | | नि |
| | २. भूपाल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| १७ | देशाक्षी मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | ध | | | नि |
| १८ | छाया नाट मेल | स | | | | | | रि | | ग | म | | | | प | | | | | ध | नि | | |
| १९ | सारङ्ग मेल | स | | | | | रि | | | ग | | | | म | प | | | | | ध | | | नि |

## ७२ मेलकर्ता

| मेलकर्ता का नाम | स | ऋषभ | गान्धार | मध्यम | पञ्चम | धैवत | निषाद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १. कनकांगी | स | शुद्ध | शुद्ध | शुद्ध | प | शुद्ध | शुद्ध |
| २. रत्नांगी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ३. गानमूर्ति | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ४. वनस्पति | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ५. मानवती | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ६. तानरूपी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ७. सेनापति | ,, | ,, | साधारण | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| ८. हनुमत्तोड़ी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ९. धेनुका | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| १०. नाटकप्रिया | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ११. कोकिलप्रिया | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| १२. रूपवती | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| १३. गायकप्रिय | ,, | ,, | अन्तर | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| १४. बकुलाभरण | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| १५. मायामालवगौड़ | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| १६. चक्रवाक | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| १७. सूर्यकान्त | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १८. हाटकांबरी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| १९. झंकारध्वनि | ,, | चतु:श्रुति | साधारण | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| २०. नटभैरवी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| २१. कीरवाणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| २२. खरहरप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| २३. गौरी मनोहरी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| २४. वरुणप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| २५. माररंजनी | ,, | ,, | अन्तर | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| २६. चारुकेशी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| २७. सरसांगी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| २८. हरिकांभोजी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| २९. धीरशंकराभरण | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ३०. नागानंदिनी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ३१. यागप्रिया | ,, | षट्श्रुति | ,, | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| ३२. रागवर्धिनी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ३३. गांगेयभूषणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | क,कली |
| ३४. वागधीश्वरी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कै,शिक |
| ३५. शूलिनी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | क.कली |
| ३६. चलनाट | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ३७. सालग | ,, | ,, | ,, | प्रति | ,, | शुद्ध | शुद्ध |

| मेलकर्ता का नाम | स | ऋषभ | गान्धार | मध्यम | पञ्चम | धैवत | निषाद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३८. जलार्णव | स | षट्श्रुति | अन्तर | प्रति | प | शुद्ध | कैशिक |
| ३९. झालवराली | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ४०. नवनीत | ,, | ,, | , | ,, | , | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ४१. पावनी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ४२. रघुप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ४३. गवांबोधि | ,, | ,, | साधारण | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| ४४. भवप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ४५. शुभपंतुवराली | ,, | शुद्ध | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ४६. षड्विधमार्गिणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ४७. सुवर्णांगी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ४८. दिव्यमणि | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ४९. धवलांबरी | ,, | ,, | अन्तर | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| ५०. नामनारायणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ५१. कामवर्धनी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ५२. रामप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ५३. गमनश्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ५४. विश्वंभरी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ५५. श्यामलांगी | ,, | चतु:श्रुति | साधारण | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ५६. षण्मुखप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ५७. सिंहेन्द्रमध्यम | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ५८. हेमवती | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ५९. धर्मवती | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ६०. नीतिमती | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ६१. कांतामणि | ,, | ,, | अन्तर | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| ६२. ऋषभप्रिय | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ६३. लतांगी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ६४. वाचस्पति | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ६५. मेचकल्याणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ६६. चित्रांबरी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |
| ६७. सुचरित्र | ,, | षट्श्रुति | ,, | ,, | ,, | शुद्ध | शुद्ध |
| ६८. ज्योति:स्वरूपिणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | कैशिक |
| ६९. धातुर्वधिनी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ७०. नासिकाभूषणी | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | चतु:श्रुति | कैशिक |
| ७१. कोसल | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | काकली |
| ७२. रसिकप्रिया | ,, | ,, | ,, | ,, | ,, | षट्श्रुति | ,, |

# हिन्दुस्थानी पद्धति

विदेशी आक्रमणों के कारण हमारी बहुत-सी धार्मिक और कलासंबंधी संप्रदाय-संस्थाएँ मिट गयी थीं। लगभग १००० ईसवी से १२०० ईसवी तक आक्रमणकारियों की नीयत मंदिरों को मिटाना, धन, आभूषण आदि को लूट ले जाना आदि ही थी। कुछ समय के बाद वे आर्थिक निधियों के साथ-साथ कला एवं विज्ञान की निधियों को भी ले जाने लगे। धीरे-धीरे उन्हें इसी देश में रहकर शासन करने की इच्छा हुई। महमूद ग़ोरी ने दिल्ली में अपने एक प्रतिनिधि को नियुक्त करके उत्तर भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग पर शासन किया था। उसके बाद उसका प्रतिनिधि कुतुबुद्दीन, जो पहले उसका गुलाम था, दिल्ली का बादशाह हुआ। यह ई० सन् १२०६ की बात है। उस समय से दिल्ली के बादशाह, उनके वंशज और उनके परिजन, ये सब भारत को अपनी मातृभूमि मानने लगे। हिंदूधर्म की मूर्तिपूजा उन्हें पसंद न आयी परंतु भारतीय कलाएँ उनके मन को आकर्षित करने लगीं। एक सौ वर्षों के बाद ही दिल्ली दरबार में भारतीय कलाकार स्थान पाने लगे। अलाउद्दीन खिलजी ने, जो अपने राज्य को सुदूर दक्षिण तक विस्तृत कर सका था, भारतीय गायक गोपाल नायक को बहुत आदर के साथ अपने दरबार के गवैयों में एक प्रतिष्ठित स्थान दिया। अलाउद्दीन के दरबार में अमीर खुसरो एक प्रसिद्ध कवि और गायक था। कहा जाता है कि गोपाल नायक और अमीर खुसरो में प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें विजय किसकी हुई, यह विवादग्रस्त है। कुछ लोगों का कथन है कि यह घटना अलाउद्दीन के काल में नहीं, अपितु और बीस-तीस वर्ष पश्चात् हुई है।

बात कुछ भी हो, यह स्पष्ट है कि दिल्ली बादशाहों के दरबार में १४०० ई० से भारतीय कलाओं के पोषण करने का कार्य आरम्भ हुआ।

दक्षिण भारत में जिस तरह विजयनगर साम्राज्य के विशेष प्रयत्न से कर्नाटक संप्रदाय उत्पन्न होकर बढ़ा, उसी तरह दिल्ली बादशाहों के आश्रय में उत्तर भारत का अवशिष्ट संगीत संप्रदाय "हिंदुस्थानी संगीत" नाम से बढ़ने लगा।

बादशाहों का मन बहलाने के लिए उनके आश्रय में रहनेवाले भारतीय गायक फारसी भाषा का भी थोड़ा-थोड़ा मिश्रण करने लगे। फारसी भाषा के प्रबंधों का अनुसरण करके भारतीय साहित्यकार प्रबंध रचने लगे। टप्पा, ख्याल, ठुमरी, ग़ज़ल इत्यादि इसी तरह उत्पन्न हुए हैं। इस तरह भारतीय-फारसी मिश्रित रीति की रचनाओं में अमीर खुसरो का साहित्य ही मुख्य है। स्वरों के उच्चारण की रीति में भी थोड़ा-सा परिवर्तन हुआ। हरएक स्वर के साथ उसके ऊपर के स्वर को छूकर

उच्चारण करने की यह रीति हो गयी। अब तक भारतीय संगीत कुछ-कुछ प्रांतीय छायाभेद होने पर भी देशभर में एक-जैसा था। इसके बाद स्वरों के उच्चारण की रीति में भिन्नता होने के कारण दक्षिण के संगीत और उत्तर के संगीत के रागों में स्वरों की समानता रहने पर भी छायाभेद होने लगे।

परंतु वृन्दावन, अयोध्या आदि भारतीय पुण्यस्थलों में रहनेवाले संत और भक्त दरबार के संगीत से संबंध न रखकर गाते और साहित्य रचना करते आते थे। प्राचीन संगीत साहित्यों में जयदेव का गीतगोविंद, कवि विद्यापति का साहित्य इत्यादि प्रचार में थे और आज भी हैं।

संगीतशास्त्र में रागों का वादी-संवादीतत्त्व मात्र ही अवशिष्ट था। बाकी सब लक्षण—ग्राम, मूर्च्छना, जाति आदि—विस्मृत हो गये थे। रागों के मुख्य संचार "पकड़" नाम से प्रचार में थे।

प्राचीन काल में रागों का विभाग दो प्रकार से था। एक प्रकार में याष्टिक, दुर्गा, मतङ्ग आदि के मत के अनुसार राग, भाषा, रागाङ्ग, भाषाङ्ग, क्रियाङ्ग और उपाङ्ग इत्यादि विभाग थे। इसी को संगीतरत्नाकर में शार्ङ्गदेव ने दिया है। दूसरा विभाग राग-रागिनी पद्धति में है। राग-रागिनी मत के आदिकर्ता कौन हैं? यह नहीं जाना जाता है। कदाचित् इसकी उत्पत्ति शैव आगमों में से हुई होगी। चतुर दामोदर (१६०० ई०) कृत संगीतदर्पण में राग-रागिनी मत के तीन संप्रदाय दिये गये हैं। रागार्णव मत, सोमनाथ मत, हनुमन्मत ये ही तीन हैं। इन तीनों मतों में थोड़ा-थोड़ा भेद है। इन तीनों मतों के अनुसार राग विभाग इस प्रकार हैं—

**संगीतदर्पण में राग-रागिनीमत**

१. **सोमेश्वर मत** (प्राचीन मत)—यह मत पार्वतीजी के प्रति शिवजी के द्वारा उपदिष्ट माना जाता है।

**पुरुषराग—६**

१. श्रीराग—शिवजी के सद्योजात मुख से उत्पन्न।
२. वसंत— ,, ,, वामदेव ,, ,, ,,
३. भैरव— ,, ,, अघोर ,, ,, ,,
४. पंचम— ,, ,, तत्पुरुष ,, ,, ,,
५. मेघ— ,, ,, ईशान ,, ,, ,,
६. नट्टनारायण—पार्वतीजी के मुख से उत्पन्न।

**ये सब शिव-पार्वती नर्तन के समय उत्पन्न हुए हैं।**

**श्रीराग की रागिनियाँ—६**

(१) मालवी (४) केदारी
(२) त्रिवेणी (५) मधुमाधवी
(३) गौड़ी (६) पहाड़ी

**वसंत की रागिनियाँ—६**

(१) देशी (४) तोड़िका
(२) देवगिरि (५) ललिता
(३) वराटी (६) हिंदोली

**भैरव की रागिनियाँ—६**

(१) भैरवी (४) गुणकरी
(२) गुर्जरी (५) बंगाली
(३) रेवा (६) बहुली

**पंचम की रागिनियाँ—६**

(१) विभास (४) बडहंसा
(२) भूपाली (५) मालवश्री
(३) कर्नाटी (६) पटमंजरी

**मेघराग की रागिनियाँ—६**

(१) मल्लारी (४) कौशिकी–(कैशिकी)
(२) सोरठी (५) गांधारी
(३) सावेरी (६) हरिश्रृंगारा

**नट्टनारायण की रागिनियाँ—६**

(१) कामोदी (४) नाटिका
(२) कल्याणी (५) सालंगनाटी
(३) आभेरी (६) हंवीरा

**उस मत के अनुसार राग-गायन का समय**

**सवेरे से—**

मधुमाधवी भूपाली
देशी भैरवी

| | |
|---|---|
| वेलावली | मेघराग |
| मल्हारी | पंचम |
| बंगाली | देशकार |
| साम | भैरव |
| गुर्जरी | ललित |
| धनाश्री | वसंत |
| मालवश्री | |

**पहले प्रहर के बाद**

| | |
|---|---|
| [1]गुर्जरी | गुणकरी |
| कौशिक (कैशिक) | भैरवी |
| सावेरी | रामकरी |
| पटमंजरी | सोरठी |
| रेवा | |

**दूसरे प्रहर के बाद**

| | |
|---|---|
| वैराटी | नाग गांधारी |
| तोडिका | देशी |
| कामोदी | शंकराभरण |
| गुडायिका | |

**तीसरे प्रहर के बाद--अर्धरात्रि तक गाने योग्य**

| | |
|---|---|
| मालव | केदारी |
| गौडी | कर्नाटी |
| त्रिवण | आभीरी |
| नटकल्याण | बडहंसी |
| सालंगनाट | पहाड़ी |
| सरा नाट नामक राग | |

रागों को गाने में काल या समय का नियम अवश्य पालनीय है। राजाज्ञा से सब राग सदा गेय हैं।

१. देश भेद के अनुसार गुर्जरियाँ कई प्रकार की होती हैं।

**रागों के ऋतुनियम**

श्रीराग और उसकी रागिनियाँ — शिशिर ऋतु में
वसंत ,, ,, — वसंत ,,
भैरव ,, ,, — ग्रीष्म ,,
पंचम ,, ,, — शरद ,,
मेघराग ,, ,, — वर्षा ,,
नट्टनारायण ,, ,, — हेमंत ,,

रागों के गाने में जो ऋतुनियम कहे गये हैं वे इच्छानुकूल हैं

२. **हनुमन्मत**

**पुरुषराग—६**

(१) भैरव
(२) कौशिक (कैशिक)
(३) हिंदोल
(४) दीपक
(५) श्रीराग
(६) मेघराग

**भैरव की रागिनियाँ—५**

(१) मध्यमादि
(२) भैरवी
(३) बंगाली
(४) वराटिका
(५) सैंधवी

**कौशिक की रागिनियाँ—५**

(१) तोडी
(२) खंभावती
(३) गौड़ी
(४) गुणक्री
(५) ककुभा

**हिंदोल की रागिनियाँ—५**

(१) वेलावली
(२) रामक्री
(३) देशाख्या
(४) पटमंजरी
(५) ललिता

**दीपक की रागिनियाँ—५**

(१) केदारी
(२) कानडा
(३) देशी
(४) कामोदी
(५) नाटिका

**श्रीराग की रागिनियाँ—५**

(१) वसंती
(२) मालती (मालवी)
(३) मालश्री
(४) धनाश्री
(५) असावेरी

**मेघराग की रागिनियाँ—५**

(१) मल्लारी
(२) देशकारी
(३) भूपाली
(४) गुर्जरी
(५) टक्क

### ३. रागार्णवमत

**पुरुषराग—६**

(१) भैरव
(२) पंचम
(३) नाट
(४) मल्लार
(५) गौडमालव
(६) देशाख्य

**भैरव की रागिनियाँ—५**

(१) बंगाली
(२) गुणकरी
(३) मध्यमादी
(४) वसंता
(५) धनाश्री

**पंचम की रागिनियाँ—५**

(१) ललिता
(२) गुर्जरी
(३) देशी
(४) वराटी
(५) रामकृति

**नाट की रागिनियाँ—५**

(१) नटनारायण
(२) पूर्वगांधार
(३) सालग
(४) केदार
(५) कर्णाट

### मल्हार की रागिनियाँ—५

(१) मेघमल्लारिका (३) पटमंजरी
(२) मालवकौशिका (कैशिका) (४) असावेरी

### गौड़मालव की रागिनियाँ—४

(१) हिंदोल (३) आंधारी
(२) त्रवणा (४) गौड़ी
(५) पडहंसिका

### देशाख्य राग की रागिनियाँ—५

(१) भूपाली (३) कामोदी
(२) कुडायी (४) नाटिका
(५) वेलावली

## हनूमन्मत की राग-रागिनियों के लक्षण

| राग-रागिनी | अंश | न्यास | ग्रह | वर्ज्य | विशेष | मूर्च्छना | संचार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भैरव | ध | ध | ध | रि, प | मा बहुत्व ध विकृत औडव | ध आदि | धनिसगमधनि । |
| मध्यमादि | म | म | म | रि, ध (कभी) | संपूर्ण | म आदि | पधमनिसरिगम (या) मम,पम,पनि,सनि गम । |
| भैरवी | म | म | म | . . . | मध्यम ग्राम मतांतर में भैरव के समान | (सौवीरी) म आदि | मपधनि सरिगम (या) धनिसगमधप । |
| बंगाली | स | स | स | रिध | मत्रप्रयुत | स आदि | सगमपनिसा (या) मपधनिसरिगमा । |
| वराटी | स | स | स | | कीर्तिवर्धनी संपूर्णा | स आदि | सरिगमपधनिसा । |
| सैंधवी | स | स | स | रि | मतांतरे संपूर्णा वीररसवर्धनी | स आदि | सरिगमपधनिसा (या) सगमधनिसा । |
| कौशिक (मालवकैशिका) | स | स | स | . . . | पूर्ण काकलीयुत | स आदि | सरिगमपधनिसा सनिधमगरिसा । |
| तोडी | म<br>स<br>(मतांतरे) | म<br>स<br>(मतांतरे) | म<br>स<br>(मतांतरे) | . . .<br>. . . | पूर्ण | म आदि | मपधनिसरिगमा (या) सरिगमपधनिसा |
| खंभावती | ध | ध | ध | प | म ग्राम | ध आदि | धनिसरिगमधा । |
| गौडी | स | स | स | रिप | सुखप्रदा | स आदि | सगमधनिसा सनिधम गमा (गसा) |

| राग-रागिनी | अंश | न्यास | ग्रह | वर्ज्य | विशेष | मूर्च्छना | संचार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गुणक्री | नि<br>स<br>(मतांतरे) | नि<br>स<br>(मतान्तरे) | नि<br>स<br>(मतान्तरे) | रिध | औडव | नि आदि | निसगमपनि निपमग-सनि (या) सगमपनिसा। |
| ककुभा | ध | ध | ध | ... | संपूर्णा | ध आदि | धनिसरिगमपधा। |
| हिंदोल | स | स | स | रिध | मध्यम ग्राम काकलीयुत | स आदि | सगमपनिमपसा। |
| वेलावली | ध | ध | ध | | मध्यमग्राम वीररस | ध आदि | धनिसरिगमपधा। |
| रामक्री | स | स | स | रिध<br>(मतांतरे)<br>प<br>(अन्यमत) | पूर्णा करुणरस | स आदि | सगमपनिस (या) सरि-गमपधनिसा (या) सरिगमधनिसा। |
| देशाख्या | ग | ग | ग | रि | मध्यमग्राम<br>(मतांतरे संपूर्ण) | गा आदि | गमपधनिसगा (या) गमपधनिसरिगा। |
| पटमंजरी | प | प | प | ... | मध्यमग्राम | प आदि | पधनिसा रीगमपा |
| ललिता | स | स | स | रिप | मध्यमग्राम<br>(मतांतर में संपूर्णा) | स आदि | सगमधनिसा (या) धनिसगमधा। |
| (द्वितीय ललिता) | ध | ध | ध | | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दीपक | स | स | स | ... | म ग्राम | स | आदि | सरिगमपधनिसा |
| केदारी | नि | नि | नि | रिंव | ,, ,, | नि | ,, | निसगम पनिनि पमगसनि |
| कर्णाटी | नि | नि | नि | ... | काकलीयुत म ग्राम | नि | ,, | निसरिगमपधनि |
| देशी | रि | रि | रि | प | काकलीयुत म ग्राम | रि | ,, | रिमगधनिसरि |
| कामोदी | ध | ध | ध | | विकृत ऋषभ म ग्राम | ध | ,, | धनिसरिगमपधा |
| नाटिका | स | स | स | | बहु गमकवाली | स | ,, | सरिगमपधनिसा सनिधपमगरिसा |
| श्रीराग | स | स | स | ... | रित्रययुत | स | ,, | सरिगमपधनिसा (या) रिगमपधनिस |
| वसंतिका | स | स | स | ... | | श्रीराग | ,, | सरिगमपधनिसा |
| मालवी | नि | नि | नि | परि | काकलीयुत | नि | ,, | निसपसगनि (या) निसरिमगनि |
| मालवश्री | स | स | स | | शृंगाररस | स | ,, | सरिगमपधनिसा |
| धनाश्री | स | स | स | रि | वीररस | स | ,, | सगमपधनिसा |
| असावरी | प | ध | प | रिग | करुण | ... | | धनिसमपधा मधनिसरिग धगरिसनिध |

| रागरागिनी | अंश | न्यास | ग्रह | वर्ज्य | विशेष | मूर्च्छना | संचार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेघराग | ध | ध | ध | . . . | विकृत धैवत शृंगार | ध आदि | धनिसरिगमपधा |
| मल्हारी | ध | ध | ध | सप | म ग्राम | ध ,, | धनिरिगमधा |
| देशकारी | स | स | स | | वराटीमिश्रित | स ,, | सरिगमपधनिसा |
| भूपाली | स | स | स | रिम हीना (मतांतर में) | शांतरस | स ,, | सरिगमपधनिसा |
| गुर्जरी | रि | रि | रि | | बहुन्यास | रि ,, | रिगमपधनिसरि |
| टक्क | स | स | स | | | स ,, | सरिगमपधनिसा |
| कल्याणनाट | रि (प) (मतांतर में) | रि (प) | रि (प) | | | | रिगमपधनिसरि सरिग-मपधनिसा |
| सारंगनाट | स | स | स | | | स ,, | सरिगमपधनिस |
| देवक्री | सारङ्गसम | सारङ्गसम | सारङ्गसम | | | | सरिगमपधनिस |
| सोरठी | प (स) (मतांतर) | प (स) | प (स) | रिवर्ज्य | | | पधनिसगमा (या) सग-मपधनिसा |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रिवणा | ध | ध | ध | रिप | | | धनिसगमधा |
| पहाड़ी | स | स | स | रिप | गौरीवत् | | |
| पंचम | स | स | स | प | (संपूर्ण मतांतर) शृंगाररस | स आदि | सरिगमधनिसा (या) सरिगमपधनिसा |
| शंकराभरण | वेलावली जैसे | वेलावली जैसे | | | | | |
| बडहंसा | कर्नाट जैसे | कर्णाट जैसे | | | | | |
| विभास और रेवा | ललिता जैसे | ललिता जैसे | | | | | |
| कुडाई | देशाख्य स्वर जैसे | देशाख्य स्वर जैसे | | | | | |
| आभीरी | कल्याण जैसे | कल्याण जैसे | | | | | |
| मालश्री, जयंतश्री, धनाश्री, मारुका | देशभेद से भिन्न, लक्ष्य से लक्षण जान सकते हैं। | | | | | | |

सरस्वती महल पुस्तकालय में "रागरत्नाकर" नामक एक ग्रंथ है। बताया गया है कि ग्रंथकर्ता का नाम गंधर्वराज है। इस ग्रंथ में हनुमन्मत के अनुसार रागरागिनी-मत और रागों के लक्षण दिये गये हैं। इसमें 'संगीत रत्नाकर' के अतिरिक्त दूसरे ग्रंथों का उल्लेख नहीं है। इस ग्रंथ में दिये हुए लक्षण और संगीतदर्पण में वर्तमान लक्षण दोनों समान हैं। परंतु संगीतदर्पण में न पाये जानेवाले पुत्र, स्नुषारागों के नाम और रूप भी दिये गये हैं। लक्षण नहीं हैं। आजकल के हिंदुस्थानी संप्रदाय के बहुत-से रागों के लक्षण, इन दोनों ग्रंथों के लक्षणों के अनुसार हैं। इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदुस्तानी पद्धति के प्रामाणिक ग्रन्थ ये दो ही हैं। पुण्डरीकविट्ठल कृत "नर्तन निर्णय" में भी रागरागिनी मत बताया गया है। इस ग्रंथ में, इन तीनों मतों को मिश्रित करके ६ पुरुष राग, ३० स्त्रीराग और ३० पुत्रराग दिये गये हैं। हर एक राग का लक्षण और रूप भी दिये गये हैं।

हिंदुस्थानी संगीत का उच्च काल नायक, बैजूबावरा आदियों के काल से स्वामी हरिदास, तानसेन, सदारङ्ग, अदारङ्ग आदियों के काल तक का है। इस काल में दक्षिण के चतुर्दण्डी लक्ष्यों के अनुसार उत्तर भारत में भी लक्ष्यसाहित्य संगीत का रक्षण किया जाने लगा। उस समय में ही 'चीजों' की उत्पत्ति हुई। अनेक संप्रदाय होने के कारण कई घराने हो गये।

किंतु दक्षिण भारत के अनुसार उत्तर भारत में भी मेल या थाट की सृष्टि हुई और उनके अंदर प्रकृति-विकृतिस्वरों के अनुसार राग रखे गये। भावभट्ट (ई० १७००) ने, जो बीकानेर के नरेश के दरबार में थे, अपने "अनूपसंगीतरत्नाकर" में मेल या थाटों के नाम दिये हैं। (देखिए **अनूपसंगीतरत्नाकर** की मझली किताब पुट ३१)

कुछ दिन तक थाटों की संख्या पर अनेक मतभेद होने के बाद ऐसा निर्धारण हुआ कि थाटों की संख्या दस है। वे ये हैं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| थाट | विलावल | थाट | मार्वा |
| ,, | कल्याण या यमन | ,, | काफी |
| ,, | खमाज | ,, | असावरी |
| ,, | भैरव | ,, | भैरवी |
| ,, | पूर्वी | ,, | तोडी |

पूना गायन समाज के प्रकाशन बालसंगीतबोध में १५ थाटों का उल्लेख है।

### हिन्दुस्थानी पद्धति में प्रचलित थाट
### (पूना गायन समाज से प्रकाशित बाल संगीतबोध के प्रकार)

| | श्रुतियाँ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | १ | २ | ३ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | थाट का नाम | षड्ज | | कोमल-रि | | तीव्र-रि | कोमल-ग | | तीव्र-ग | | कोमल-म | | तीव्र-म | | पञ्चम | | कोमल-ध | | तीव्र-ध | कोमल-नि | | तीव्र निषाद | | |
| १ | कल्याण | स | | | | रि | | | | | | | म | | प | | | | ध | | | नि | | |
| २ | शंकराभरण | स | | | | रि | | | ग | | म | | | | प | | | | ध | | | नि | | |
| ३ | श्रीराग | स | | रि | | | | | ग | | म | | | | प | | ध | | | | | नि | | |
| ४ | भैरव | | | रि | | | | | ग | | म | | | | प | | ध | | | | | नि | | |
| ५ | तोडी | स | | रि | | | | | ग | | | | म | | प | | ध | | | | | नि | | |
| ६ | बागेसरी | स | | | | रि | ग | | | | म | | | | प | | | | ध | नि | | | | |
| ७ | भैरवी | स | | रि | | | ग | | | | म | | | | प | | ध | | | नि | | | | |
| ८ | पीलू | स | | | | रि | | | ग | | म | | | | प | | ध | | | | | नि | | |
| ९ | झिंजोटी | स | | | | रि | | | ग | | | | म | | प | | | | ध | नि | | | | |
| १० | मारवा | स | | रि | | | | | ग | | | | म | | प | | | | ध | | | नि | | षाडव |
| ११ | सोहनी | स | | रि | | | | | ग | | म | | | | (प) | | ध | | | | | नि | | |
| १२ | सारंग | स | | | | रि | | | (ग) | | म | | | | प | | | | (ध) | नि | | | | औडव |
| १३ | भूप | स | | | | रि | | | ग | | (म) | | | | प | | | | ध | | | (नि) | | औडव |
| १४ | विभास | स | | रि | | | | | ग | | (म) | | | | प | | ध | | | | | (नि) | | औडव |
| १५ | मालकौंस | स | | (रि) | | | ग | | | | म | | | | प | | ध | | | नि | | | | |

## हिन्दुस्थानी पद्धति में प्रचलित रागों का स्वर लक्षण
### (पूना गायन समाज से प्रकाशित बालसंगीतबोध के प्रकार)

| संख्या | रागों के नाम | | षड्ज | कोमल-रि | तीव्र (रि या शुद्ध रि) | कोमल-ग | तीव्र-ग (या शुद्ध ग) | कोमल-म (या शुद्ध म) | तीव्र-म (या शुद्ध-म) | पञ्चम | कोमल-ध | तीव्र-ध (या शुद्ध ध) | कोमल-नि | तीव्र-नि (या शुद्ध नि) | अंश स्वर | संपूर्ण, षाडव या औडव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | भैरव | (उष:काल) | स | रि | | | ग | म | | प | ध | | | नि | ध | सं |
| २ | विभास | (प्रभात) | स | | | | ग | म | | | ध | | | नि | ध | औ |
| ३ | रामकली | (प्रात:काल) | स | रि | | | ग | म | | प | ध | | | नि | ध | औ |
| ४ | गुणकली | ,, | स | रि | | | ग | म | | प | ध | | | | | षा |
| ५ | भैरवी | (पहला प्रहर) | स | रि | | ग | | म | | प | ध | | नि | | ध | सं |
| ६ | सिंध भैरवी | ,, | स | रि | | ग | | म | | प | ध | | नि | | ध | सं |
| | | | | | रि | | ग | म | | | | ध | | नि | | |
| ७ | जोगी | ,, | स | रि | | | | म | | प | ध | | नि | | स | षा |
| ८ | तोडी | (दूसरा प्रहर) | स | रि | | ग | | | म | प | ध | | | नि | ग | सं |
| ९ | बिलासखानी (मिया की) तोडी | ,, | स | रि | | ग | | म | | प | ध | | | नि | ग | सं |
| १० | पीलू | ,, | स | | रि | ग | | म | | | ध | | | | ग | सं |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ११ | आसावरी | ,, | स | | रि | ग | | म | | प | ध | | नि | | नि | सं |
| १२ | बिलावल | ,, | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | ग | सं |
| १३ | सारंग | (मध्याह्न) | स | | रि | | | म | | प | | | | नि | रि | औ |
| १४ | बृन्दावनी सारंग | ,, | स | | रि | | | म | | प | | | नि | | रि | औ |
| १५ | मधुमाद सारंग | ,, | स | | रि | | | म | | प | | ध | | नि | रि | षा |
| १६ | सौरठ | (तीसरा प्रहर) | स | | रि | | | म | | प | | | | नि | रि | औ |
| १७ | देश | ,, | स | | रि | | | म | | प | | | | नि | | औ |
| | | | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | नि | | | सं |
| १८ | मल्हार (मेघ) | ,, | स | | रि | | | म | | प | | ध | | | | औ |
| १९ | मिया का मल्हार | ,, | स | | रि | ग | | म | | प | | ध | नि | नि | रि | सं |
| २० | भीमपलासी | (चौथा प्रहर) | | रि | रि | ग | | म | | | ध | | नि | | म | सं |
| २१ | धनाश्री | (चौथा प्रहर) | स | | | | ग | म | | प | | | नि | | स | औ |
| | | | | | | ग | | म | | | ध | | नि | | | स |
| २२ | मारवा | ., | स | रि | | | ग | | म | | | ध | | नि | ध | षा |
| २३ | मुल्तानी | ,, | स | | रि | | ग | | म | प | ध | | | नि | | सं |
| २४ | श्रीराग | ,, | स | रि | | | | म | | प | ध | | | नि | रि | सं |
| | | | | | | | ग | | | | | | | | | |
| २५ | गौरी | ,, | स | रि | | | ग | म | म | प | ध | | | नि | रि | सं |
| २६ | पूर्वी | (सायंकाल) | स | रि | | | ग | | म | प | ध | | | नि | प | सं |
| २७ | पूरिया कल्याण | ,, | स | रि | | | ग | | म | | | ध | | नि | ग | षा |

| संख्या | रागों के नाम | | षड्ज | कोमल-रि | तीव्र-रि (या शुद्ध रि) | कोमल-ग | तीव्र-ग (या शुद्ध ग) | कोमल-म (या शुद्ध म) | तीव्र-म (या तीव्र म) | पञ्चम | कोमल-ध | तीव्र-ध (या शुद्ध ध) | कोमल-नि | तीव्र-नि (या शुद्ध नि) | अंश स्वर | संपूर्ण, षाडव या औडव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| २८ | कल्याण | (रात्रि का प्रथम प्रहर) | स | | रि | | ग | | म | प | | ध | | नि | ग | सं |
| २९ | यमन कल्याण | ,, | स | | रि | | ग | म | म | प | | ध | | नि | ग | सं |
| ३० | भूप कल्याण | ,, | स | | रि | | ग | | | प | | ध | | | ग | औ |
| ३१ | हमीर कल्याण | ,, | स | | रि | | ग | म | म | प | | ध | | नि | ध | सं |
| ३२ | कामोद कल्याण | ,, | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | रि | सं |
| ३३ | झिंजोटी | (सर्वदा) | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | स | सं |
| ३४ | खमाच | ,, | स | | | | ग | म | | प | | ध | | नि | म | षा सं |
| ३५ | काफी | (सर्वदा) | स | | रि | ग | | म | | प | | ध | नि | | प | सं |
| ३६ | छायानाट | (रात्रि का दूसरा प्रहर) | सं | नि | धप | म म॑ | गरि | गम | पम म॑ | ग म॑ | रिसं | | | | प | सं |
| ३७ | बिहाग | ,, | स | | | | ग | म | म॑ | प | | | | नि | नि | औ सं |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३८ | मांड | | ,, | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | ध | सं |
| ३९ | केदारा | | ,, | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | म | सं |
| ४० | कानड़ा | | (मध्यरात्रि) | स | | रि | ग॒ | | म | | प | ध॒ | | नि॒ | | ग | सं |
| ४१ | दरबारी कानड़ा | | ,, | स | | रि | | ग | म | | प | ध॒ | | नि॒ | | ग | सं |
| ४२ | शहाणा | (रात्रि का तीसरा प्रहर) | | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | नि॒ | | ग | सं |
| ४३ | अडाणा | ,, | ,, | स | | रि | ग॒ | | म | | प | | ध | | | ग | सं |
| ४४ | मालकौंस | (रात्रि का चौथा प्रहर) | | स | | | ग॒ | | म | | | ध॒ | | नि॒ | | म | औ |
| ४५ | कालंगडा | ,, | ,, | स | रि॒ | | ग | | म | | प | ध॒ | | | नि | ग | सं |
| ४६ | परज | ,, | ,, | स | रि॒ | | | ग | | म | | ध॒ | | | नि | ग | औ |
| | | ,, | | स | रि॒ | | | ग | म | | प | ध॒ | | | नि | | सं |
| ४७ | सोहनी | ,, | ,, | स | | रि | | ग | म | म | | ध॒ | | नि॒ | | ग | षा |
| ४८ | हिंदोल | ,, | ,, | स | | | | ग | | म | | | ध | | नि | ग | औ |
| ४९ | बागेसरी | ,, | ,, | स | | रि | ग॒ | | म | | | | ध | | नि | म | षा |
| | | ,, | | स | | रि | ग॒ | | म | | प | | ध | | नि | ध | सं |
| ५० | बहार | ,, | ,, | | | | ग॒ | | म | | | | | नि॒ | | स | सं |
| ५१ | वसंत | | ,, | स | | | | ग | म? | म | | ध॒ | | | नि | प | औ |
| | | | | स | | रि | | ग | | म | प | ध॒ | | | नि | | सं |
| ५२ | पंचम | ,, | ,, | स | | | | ग | | म | | | ध | | नि | प | औ षा |
| ५३ | ललत | ,, | ,, | स | | रि | | ग | म | | | | ध | | नि | म | षा |

| संख्या | रागों के नाम | | षड्ज | कोमल-रि | तीव्र-रि (या शुद्ध रि) | कोमल-ग | तीव्र-ग (या शुद्ध ग) | कोमल-म (या शुद्ध म) | तीव्र-म (या शुद्ध म) | पञ्चम | कोमल-ध | तीव्र-ध (या शुद्ध ध) | कोमल-नि | तीव्र-नि (या शुद्ध नि) | अंश स्वर | संपूर्ण, षाडव या औडव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ५४ | तिलक | (रात्रि का चौथा प्रहर) | स | | | | ग | म | | प | | | | नि | | औ |
| ५५ | शंकराभरण | प्रातःकाल | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | स | सं |
| ५६ | नटनारायण | अपराह्ण | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | ग | सं |
| ५७ | आरभी | दो प्रहर | स | | रि | | | म | | प | | ध | | | प | औ |
| | | | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | | सं |
| ५८ | नारायणी | प्रातःकाल | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | स | सं |
| ५९ | पूर्वकल्याणी | सायंकाल | स | रि | | | ग | | म | प | | ध | | नि | ग | सं |
| ६० | आनंद भैरवी | सर्वदा | स | | रि | ग | ग | म | | प | | ध | नि | | प | सं |
| ६१ | गरुडध्वनि | | स | | रि | | ग | म | | प | | ध | | नि | रि | सं |
| | (आखिर के सात राग कर्नाटक पद्धति में हैं) | | | | | | | | | | | | | | | |

यह सब कुछ होने पर भी थाटों को अधिक मुख्यत्व नहीं था, क्योंकि रागों का संचार थाटों के विकृतस्वर विभाग का अतिक्रमण करके ही करना पड़ा। इससे यह निश्चित होता है कि "थाट" रागों में प्रयुक्त होनेवाले स्वरों को याद रखने के लिए कल्पित तात्कालिक प्रबन्धमात्र हैं, रागोत्पत्ति के शास्त्रीय मार्ग के अनुसार नहीं हैं। क्योंकि रागों की छाया के लिए मूर्च्छना, वादी, संवादी और वर्णालंकार इन तीनों का लक्षण ही प्राण है।

कुछ दिनों से कर्नाटक पद्धति के ७२ मेलकर्ता प्रबन्ध और दक्षिणी गवैयों के स्वर-ज्ञान ने विद्वानों को आकर्षित किया है। इसलिए थाटों को अधिक मुख्यत्व दिया जाने लगा। रागों के लिए थाट की सृष्टि हुई है। किंतु आजकल लोग यह समझते हैं कि थाट या मेल ही संगीत शास्त्र है। इसका कुफल यह हुआ है कि रागच्छाया और राग-भाव में ध्यान देने की प्रवृत्ति कम हुई और थाटों एवं उनके स्वरों पर ध्यान अधिक दिया जाता है। लोग यह नहीं जानते कि रागों के लिए स्वर हैं, बल्कि स्वरों के लिए राग नहीं है। मकान के लिए पत्थर है, मकान पत्थर के लिए नहीं है। बहुत-से रागों में स्वरों की स्पष्टतया विवेचना करना असाध्य है। इस तत्त्व को भूलकर स्थूल स्वरों पर ही पूरा ध्यान देने से रागों की रक्ति और आकर्षण शक्ति हर रोज कम होती जाती है। रक्ति के संरक्षण के लिए, मूर्च्छना, वादी, संवादी वर्णालंकार आदि लक्षणों पर गवैयों का ध्यान देना आवश्यक है। रागों में इन लक्षणों को ढूंढने का क्रम अब दिया जाता है।

### राग यमन

इस राग में मुख्य संचार "मपगा, रि, सा—धपमगारीसा—निसरिगा, मपा, धपमगा रिसा—सनिसरिगा—मपा, धपमागा, रिसागा, रिसधा सरिगा।"

इसमें गांधार स्वर पर—राग का जीवन निर्भर है। ऊपर के संचार और नीचे के संचार दोनों गांधार में ही आकर स्थिर होते हैं। आरोह-संचार धैवत के ऊपर नहीं चलता। अवरोह में षड्ज से निषाद को पारकर धैवत तक चलता है। इनसे यह मालूम होता है कि राग की मूर्च्छना धैवत से शुरू होकर अवरोहण मार्ग पर निषाद तक आती है। आरोहण में नहीं, अपितु, अवरोहण में राग का प्रकाशन होता है। निषाद, मूर्च्छना के नीचे का सिरा है। यह इससे पता चलता है कि षड्ज से नीचे संचार करते समय निषाद को पारकर संचार करना पड़ता है। इसलिए यह निर्धारित होता है कि निषाद ही मूर्च्छना का एक सिरा है। क्रमसंचार षड्ज में आरंभ होकर षड्ज में समाप्त होता है। इसलिए मूर्च्छना और क्रमसंचार का रूप ऐसा है।

मूर्च्छना—निसरिगमपधपमगरिसनि।

क्रमसंचार—सनिसरिगा, मपधपमगारिसा।

इस राग का अंशस्वर गांधार और न्यास षड्ज है। निषाद से शुरू करके ही गांधार में आकर खड़े रहने के कारण इस राग का ग्रहस्वर निषाद है। गांधार का संवादी सप्तक के ऊपरी भाग में धैवत और नीचे के सप्तक में निषाद है।

### मूर्च्छना, क्रमसंचार, अंश, न्यास, अपन्यासस्वरों को ढूँढ़ने का मार्ग

१. राग के आरोह या अवरोह में, जिस स्वर पर आने के बाद आगे संचार करना साध्य न होकर लौटना पड़ता है।

**या**

२. जिस स्वर में आकर आगे संचार करना चाहें तो उसके बाद के स्वर को पार कर ही संचार करना पड़ता है।

या

३. जिस स्वर में आकर कुछ देर वहीं खड़े रहने के बाद ही ऊपर या नीचे का संचार साध्य होता है।

इन तीनों प्रकारों में मूर्च्छना के दोनों सिरों के स्वरों को निश्चित कर सकते हैं। राग के बहुत-से संचार जहाँ आकर सम्पन्न होते हैं उन स्वरों से शुरू करके मूर्च्छना-चक्र में संचार करने से राग का क्रमसंचार मिल जाता है। इसमें आरोहण क्रम से आकर रागसंचार का अंत होता हो तो उस स्वर से अवरोहण मार्ग में क्रमसंचार का आरम्भ करना है। अवरोह मार्ग में आकर रागसंचार का अंत होता हो तो उस स्वर से आरोह मार्ग में क्रमसंचार का आरम्भ करना है।

जिस स्वर में रागभाव निर्भर है, जिस स्वर को बार-बार छूए बिना रागभाव प्रकाशित नहीं होता और जिस स्वर के संवादी या निकट अनुवादी स्वरों में खड़े होकर ही रागसंचार किया जा सकता है उसी स्वर का नाम है अंशस्वर। कई रागों में राग का आरम्भ अंशस्वर में ही है। और कई रागों में दूसरे स्वर में शुरूकर अंशस्वर तक पहुँचते हैं। अंशस्वर से ही शुरू करें तो अंश ही ग्रहस्वर हो जाता है। अन्यथा दूसरा स्वर, जिसमें राग शुरू करते हैं, ग्रहस्वर है। अंशस्वर में ही खड़े रहकर संचार करना पड़ता हो तो वही ग्रहस्वर भी है। जिन स्वरों में रहकर रागविस्तार करते हैं, उन स्वरों का नाम अपन्यास स्वर है।

इसी तरह सब रागों में इन लक्षणों को ढूंढ सकते हैं। १९०६ ई० में पूना गायन समाज से प्रकाशित "बालसंगीत बोध" नामक क्रमिक पुस्तकमाला में तात्कालिक प्रसिद्ध हिंदुस्थानी रागों के लक्षण दिये हुए हैं। (देखिए पुट ३३, ३४, ३५ संगीत-बालबोध)।

इन लक्षणों के साथ हरएक राग को मूर्च्छना, क्रमसंचार, रागप्रकाशन होनेवाले वर्ण, राग के स्थायी स्वर, अलंकार, अंश, ग्रह, न्यास और अपन्यास स्वर आदि को विद्वानों के सम्मिलित प्रयत्न के सहारे निश्चय करके ध्यान में रखना आवश्यक है। तभी हमारा संगीत शास्त्र पूर्ण हो सकता है। तभी हमारा संगीत, जिसकी आकर्षण शक्ति दिन-प्रतिदिन घटती जाती है, पूर्ण जीवन से आनन्ददायक हो सकता है।

*

## आठवाँ परिच्छेद

# ताल प्रकरण

बालक आनन्दातिरेक में गाते, ताल बजाते और नाचते हैं। इससे यह जान पड़ता है कि गीत, ताल और नाच आनन्द की अभिव्यक्ति हैं। गीत और नाच की प्रतिष्ठा ताल से है। केवल ताल वाद्यों का वादन सुनते समय स्वतः हमारे हाथ, शिर या पैर हिलने लगते या ताल गति का अनुसरण करने लगते हैं। संकोच के कारण हम तो नहीं नाचते, परंतु संकोचहीन बालक नाचने लगते हैं। इसलिए यह कहना अत्युक्तिपूर्ण नहीं कि आनन्द ही ताल के रूप में विद्यमान है।

'काल' और 'मान' दोनों को मिलाने से ताल उत्पन्न होता है। 'ताल' शब्द प्रतिष्ठार्थक 'तल्' धातु से उत्पन्न हुआ है। इससे ताल का नाम सार्थक होता है।

ताल में सशब्द और निश्शब्द क्रियाओं से काल का 'मान' या 'नाप' किया जाता है।

ताल का स्वरूप स्पन्द है। संसार में सारी शक्तियाँ स्पन्दन रूप में हैं। कहा गया है कि ताल शब्द का अर्थ शिवशक्ति (ता=शिव; ल=शक्ति) है।

**तालोत्पत्ति**

बहुत समय से ताल के अंग, लघु, गुरु, प्लुत आदि के आधार पर हैं। ये तीनों शब्द अक्षरों के मात्राकाल के नाम हैं। इसलिए यह प्रतीत होता है कि तालों की उत्पत्ति वृत्तों के गुरु, लघु आदि के अक्षर-नियम अर्थात् छन्द से ही हुई है।

अक्षरों का नियम ऋग्वेद काल से चला आता है। इस नियम का नाम 'छन्द' है। ऋग्वेद में हरएक मन्त्र का अलग-अलग छन्द है। मन्त्र का 'छादन' या छिपाकर रक्षण करने के कारण इसका नाम छन्दस् पड़ा।

छन्दों की उत्पत्ति के विषय में वेदों में एक कहानी है। देवासुर-युद्ध में देवता मन्त्रबल के सहारे युद्ध करने लगे। असुर लोग इन मन्त्रों के रूप को अपनी आसुरी माया से अस्तव्यस्त करने लगे। मन्त्रों को अस्तव्यस्तता से बचाने के लिए हर मन्त्र का एक कवच रूप 'छन्द' अर्थात् गुरु, लघु और प्लुत के अक्षरों के नियम बनाये गये।

फलतः मन्त्रों का रक्षण हुआ। वेदों में देवता एवं असुर शब्द सात्विक, राजस या तामस स्वभावों के अर्थ में प्रयुक्त किये गये हैं। 'देवता' शब्द से बुद्धि का प्रकाश और मन का अवधान सूचित किया जाता है। 'असुर' शब्द इन्द्रियों के वश में पड़कर मन की इच्छा के अनुसार चलने के मनोभाव, असावधानी इत्यादि का सूचक है। इसलिए छन्द का लाभ यह हुआ कि असावधान लोगों से भी मन्त्र अस्तव्यस्त न हो पाया।

इसी तरह गीत, वाद्य और नृत्यों के स्वरूप के रक्षण के लिए वृत्ताक्षरों के नाम अर्थात् लघु, गुरु, प्लुत शब्दों से ही ताल के अंग उत्पन्न हुए हैं।

'तालबद्ध' और 'अनिबद्ध'—ये दो गीत के भेद हैं। इसलिए कुछ समय तक गीत के लिए ताल की आवश्यकता नहीं है। परंतु नृत्त के लिए ताल प्राणरूप है। इसी लिए गीत शास्त्रों की अपेक्षा नर्तन शास्त्रों में तालों का विवरण अधिक मिलता है।

### ताल सम्बन्धी ग्रंथ

प्राचीन काल के ताल सम्बन्धी ग्रंथ जो आज उपलब्ध हैं वे भरत का नाट्यशास्त्र (अध्याय ३२), आदिभरतम्, दत्तिलम्, भरतार्णवम्, संगीतरत्नाकर—इत्यादि हैं। इनके अलावा तामिल भाषा में कई सहस्र वर्ष पूर्व गीत, ताल और वाद्य के शास्त्र अगस्त्य आदि आचार्यों के द्वारा रचे गये हैं। इनमें बहुत से ग्रन्थ नष्ट हो चुके हैं। अवशिष्ट रहने वाले ग्रन्थों में 'तालसमुद्र' नामक ग्रन्थ मुद्रित हो चुका है।

नाट्यशास्त्र के तालाध्याय में ताल के दस प्राण, आदिकाल में उत्पन्न पाँच तालों के नाम, ताल कलाओं की वृद्धि करके, तथा तालों को मिश्रित करके तालों की संख्या को अधिक करने का मार्ग, नर्तन में उपयोग करने के लिए तालशब्दों से बनाये हुए साहित्य या ताल प्रबन्ध का विवरण, नाटकों में प्रयुक्त होनेवाले प्रबन्धों को उपयोग करने के अवसर इत्यादि दिये गये हैं।

प्राचीन नाट्य एवं नृत्यग्रन्थों से उद्धृत किये हुए भागों से संकलित ग्रन्थ आदिभरत है। यह ग्रन्थसंग्रह सभा में नाट्याचार्यों से नाट्यकला के बारे में विचार विनिमय के लिए तैयार किया गया है। इस ग्रन्थ में तालों के दस प्राण, चच्चत्पुट आदि प्राचीन ताल, १०८ ताल, ध्रुव आदि सात सालगसूडक ताल—ये सब दिये गये हैं। यह बात उल्लेख योग्य है कि 'नाट्यशास्त्र' में १०८ तालों के नाम या विवरण नहीं हैं।

'दत्तिलम्' में नाट्यशास्त्र में पाये जानेवाले विवरण ही संक्षिप्त रूप में हैं।

संगीत रत्नाकर में नाट्यशास्त्र आदिभरत और दूसरे संगीत ग्रन्थों में लिखे हुए सब विषयों को मिलाकर विशद तालाध्याय लिखा हुआ है, परन्तु इस ग्रन्थ के १०८ ताल और आदिभरत तथा भरतार्णव में दिये हुए १०८ तालों में कुछ भेद है।

आदिभरत और भरतार्णव में पाये जानेवाले १०८ ताल एक-से हैं। इन दोनों ग्रन्थों में गुरु लघु आदि तालाङ्गों को हस्तकौशल से दिखाने का मार्ग दिया गया है।

परन्तु इन ग्रन्थों में दिये हुए तालों में बहुत से ताल आजकल उत्तर या दक्षिण भारत में प्रचार में नहीं हैं। 'अधकारयुग' में अन्य कलाभागों के साथ इनका संप्रदाय भी नष्ट हो गया है।

दक्षिण भारत के पुनरुज्जीवित सप्रदाय में 'सालगसूड' नामक प्रबन्ध में प्रयुक्त किये हुए सात ताल मात्र प्रचार में आने लगे। उनके नाम ध्रुवा, मठ्य, झम्पा, अड्डु, त्रिपुट, रूपक और एक ताल हैं। केवल यही सात ताल, नये साहित्य के लिए पर्य्याप्त नहीं हुए। इसलिए हरएक अंग को तिगुना, चौगुना, पचगुना, छगुना और नौगुना करके सातों तालों के ३५ ताल बना दिये गये। इसमें भी एक संकट था। अर्ध मात्रा वाले अंग को ३, ५, ७, ९ से गुणित करते हुए ताल को बढ़ाते समय सार्ध संख्याएँ—याने १½, २½ इत्यादि—उत्पन्न हुईं। इससे बचने के लिए नियमरहित एक सम्प्रदाय की सृष्टि हुई है। अर्ध मात्राओं को ३, ५, ७, ९ आदि से गुणित करने के अवसर पर उन अंकों से उन्हें गुणित न करके सब जगह ४ से गुणित करना ही साम्प्रदायिक परम्परा है।

यही संप्रदाय दक्षिण भारत में आज व्यवहार में है। उत्तर भारत में प्रायः चतुष्कला रूप में ताल की सृष्टि १, २, ३, ४ मात्राओं के द्वारा नये नाम से की गयी। इनके साथ फारसी [illegible] ताल भी प्रचार में आने लगे। दक्षिण और उत्तर भारत में ताल शास्त्र जो बहुत विस्तृत रूप में था आज बहुत संक्षिप्त बन गया है।

### ताल के दस प्राण

१. **काल**—संसार में काल की गणना क्षण[1], लव, कला, त्रुटि या अनुद्रुत, द्रुत, लघु, गुरु, प्लुत से की जाती है। अनुद्रुत, द्रुत, लघु, गुरु, प्लुत, काकपाद—

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | ८ क्षण | = | १ लव |
| | ८ लव | = | १ काष्ठा |
| | ८ काष्ठा | = | १ निमेष |
| | ८ निमेष | = | १ कला |
| | २ कला | = | १ त्रुटि या अनुद्रुत |
| | २ त्रुटि या अनुद्रुत | = | १ द्रुत |
| | २ द्रुत | = | १ लघु |
| | २ लघु | = | १ गुरु |
| | ३ लघु | = | १ प्लुत |

इनके द्वारा ताल में काल का नाप किया जाता है। लघु अक्षर का काल एक मात्रा है। इसलिए अनुद्रुत ¼ मात्राकाल है। द्रुत ½ मात्राकाल है। गुरु २ मात्राकाल है। प्लुत ३ मात्रा और काकपाद चार मात्राकाल है।

भिन्न-भिन्न देशों के अलग-अलग संप्रदायों में मात्राओं का काल एक निमेष से चार पाँच निमेष तक का प्रयोग में आता था। प्राचीन ग्रन्थों में लिखा है कि मार्गताल में अर्थात् प्राचीन शास्त्रसम्मत ताल में एक मात्रा का पाँच निमेष काल है। लघु, गुरु, प्लुत इत्यादि अंगों का कालप्रमाण इस तरह के मात्रा-काल प्रमाण के अनुसार गिना हुआ है। तामिल ग्रन्थों में बताया गया है कि देशी ताल में मात्रा का काल चार निमेषों का है।

२. **अंग**—ताल में काल की गिनती करने के लिए प्रयुक्त किये जानेवाले प्रामाणिक नाप ही अंग कहलाते हैं। इन अंगों से ही हरएक ताल बनाया जाता है। अंगों के नाम अनुद्रुत, द्रुत, द्रुतविराम, लघु, लघुविराम, गुरु, प्लुत, काकपाद (हंसपाद) हैं। द्रुत काल के अंग के साथ उसके आधे भाग को मिलाना द्रुतविराम है। इसी तरह लघु के साथ लघुकाल के आधे भाग को मिलाना लघुविराम[1] है।

अंगों के सांकेतिक चिह्न ये ही हैं—

| | | |
|---|---|---|
| अनुद्रुत | = | ◡ (अर्धचन्द्र) |
| द्रुत | = | ० (पूर्णचन्द्र) |
| द्रुतविराम | = | ὸ (द्रुत के ऊपर एक आंकडा) |
| लघु | = | । (बाण) |
| लघुविराम | = | ˋ। (बाण के ऊपर तिरछी रेखा) |
| गुरु | = | ऽ (झुका हुआ धनुष) |
| प्लुत | = | ˋऽ (बिजली) |
| काकपाद | = | + (कौए या हंस के पाँव) |

इन अंगों को मिलाने का नियम[2]—

**१. 'विराम' लघु या द्रुतकाल के प्रयोग करने के बाद सुख भाव के लिए थोड़ी विश्रान्ति के साथ समाप्ति करना है। विराम शब्द का अर्थ ही 'समाप्ति करना' है। लघु या द्रुत के विश्रान्तिकाल के आधे भाग में कुछ कमी भी हो सकती है। इसमें मतभेद भी है। उसके अनुसार लघुविराम में भी विराम का काल पाव मात्रा का ही है।**

**२. ये नियम 'तालसमुद्र' नामक तामिल ग्रन्थ से लिये गये हैं। संगीत-दर्पण में भी इनका विवरण है, पर इतना विशदतर नहीं है।**

विराम—यह अलग नहीं आता; द्रुत या लघु के साथ ही आता है; गुरु और प्लुत के साथ नहीं आता।

काकपाद या हंसपाद—काकपाद अलग, पहले और बीच में; गुरु के आगे या पीछे या प्लुत के साथ नहीं आता; अपितु किसी ताल के अन्तिम भाग में लघु या द्रुत के साथ आता है। लघु, गुरु, प्लुत—ये तीन अलग-अलग या मिलकर और सब जगह आते हैं।

**हस्तचेष्टाओं से अंगों की सूचना**

द्रुत के लिए चार अंगुलों (3/4 इंच) की ऊँचाई से हाथ का आघात होता है। लघु के लिए ८ अंगुलों की ऊँचाई से हाथ का आघात है। गुरु के लिए ८ अंगुल ऊँचे से आघात करके ८ अंगुल नीचे तक हाथ ले जाना होता है। प्लुत के लिए ८ अंगुल ऊँचे से हाथ का आघात करने के पश्चात् एक हाथ पर प्रदक्षिणा करके नीचे आठ अंगुल ले जाना होता है। काकपाद के लिए ऊपर-नीचे और दाहिनी-बायीं ओर हाथ दिखाना पड़ता है। शब्द न होने के कारण काकपाद का नाम निःशब्द भी है।

**नामों के पर्यायवाची शब्द**

**अनुद्रुत**—अणु, अर्धचन्द्र, करज, अर्धबिन्दु, अर्धद्रुत, अंकुश, धनु।

**द्रुत**—बिन्दु, व्यञ्जन, शून्य, द्रु, द्रुत, अर्धमात्र, सुवृत्त, आकाश, उत्तम, ख, कूप, वलय।

**लघु**—व्यापक, सरल, ह्रस्व, शर, दण्ड, ल, मात्रिक, द्यौ, लमेरु, बाण।

**गुरु**—दीर्घ, वक्र, द्विमात्र, पूज्य, ग, कला[1], केयूर, नूपुर, हार, ताटङ्क, कंकण।

**प्लुत**—त्रिमात्रा, सामज, शृङ्गी, प्लुत, दीप्त, त्र्यङ्ग, सामोद्भव, तारस्थान।

**काकपाद**—हंसपाद, निःशब्द, स्वस्तिक।

३. **क्रिया**—ताल की आनन्दजनक गणित क्रिया में है। क्रिया दो प्रकार की है—सशब्द क्रिया और निःशब्द क्रिया। सशब्द क्रिया चार प्रकार की है—ध्रुवा, शम्पा, ताल और सन्निपात। निःशब्द क्रिया चार प्रकार की है—आवाप, निष्काम, विक्षेप, प्रवेशक। सशब्द क्रिया का दूसरा नाम 'पात' है। निश्शब्द क्रिया का पर्याय 'कला' है।

**१. 'कला' शब्द ताल शास्त्र में तीन अर्थों में प्रयोग किया जाता है—(१) दो मात्रा या गुरु का नाम (२) तालों के रूप का वर्धन करने के लिए हरएक अंग को दुगुना, तिगुना, चौगुना करने का एक कला, द्विकला, चतुष्कला आदि में प्रयोग है (३) निश्शब्द क्रिया का नाम है।**

सशब्द क्रिया—(१) ध्रुवा—चुटकी बजाने का शब्द है, (२) शम्पा—दाहिने हाथ के द्वारा आघात का नाम है, (३) ताल—बायें हाथ को ऊँचा करके उसके द्वारा आघात करने का नाम है, (४) सन्निपात—दोनों हाथों के परस्पर आघात का नाम है।

निश्शब्द क्रिया—आवाप—हाथ को ऊपर उठाकर अंगुलियों को कुञ्चित करने का नाम 'आवाप' है। फिर हथेली को अधोमुख रखकर ही अंगुलियों को फैलाने का नाम 'निष्क्राम' है। हथेली ऊपर करके अंगुलियों को फैलाकर दाहिनी ओर हाथ ले जाने का नाम 'विक्षेप' है। हथेली को अधोमुख करके अंगुलियों को कुञ्चन करने का नाम 'प्रवेश' है।

४. **मार्ग**—गुरु का नाम है कला। कला का कालप्रमाण विभिन्न देशों और संप्रदायों में भिन्न-भिन्न रूप में है। इस कलाप्रमाण के भेदों से भिन्न होने का नाम 'मार्ग' है। मार्ग के तीन प्रकार 'नाटयशास्त्र' में दिये गये हैं—'चित्र, वार्त्तिक और दक्षिण।' चित्र मार्ग में कला की दो मात्राएँ हैं। वार्त्तिक मार्ग में कला की चार मात्राएँ हैं। दक्षिण मार्ग में कला की ८ मात्राएँ हैं। 'संगीत रत्नाकर' में 'ध्रुव' नामक मार्ग भी कहा गया है। इसमें कला की मात्रा एक है।

'मणि दर्पण' नामक ग्रन्थ से उद्धृत भाग, 'संगीत दर्पण' में है। उसके द्वारा निर्दिष्ट प्रकार—'चित्रतर, चित्रतम, अतिचित्रतम, चतुर्भाग, त्रुटि, अनुत्रुटि, घर्षण, अनुघर्षण और स्वर' हैं। उनमें 'चित्रतर' मार्ग ही 'ध्रुवमार्ग' है। इसमें भी कला की मात्रा एक है। 'चित्रतम' में कला की मात्रा आधी है। 'अतिचित्रतम' में कला का मात्राकाल पाव है। 'चतुर्भाग' की मात्रा $\frac{१}{८}$ है। त्रुटि में कला का मात्राकाल $\frac{१}{१६}$ है। अनुत्रुटि में $\frac{१}{३२}$ मात्रा है। घर्षण में $\frac{१}{६४}$ मात्रा है और अनुघर्षण में $\frac{१}{१२८}$ मात्रा है। स्वर में कला का मात्राकाल $\frac{१}{२५६}$ मात्रा है।

'देशी पद्धति' में कला की हरएक मात्रा की प्रत्येक क्रिया भी बतायी गयी है जिसका नाम 'देशी क्रिया' है। मात्राओं का नाम भी दिया गया है। पहली मात्रा का नाम 'ध्रुवका' है। इसका सशब्द उच्चारण होता है। दूसरी मात्रा का नाम 'सर्पिणी' है। इसकी क्रिया बाईं तरफ हाथ फैलाना है। 'कृष्या' तीसरी मात्रा का नाम है। इसमें हाथ को नीचे लाना है। 'विसर्जिता' में हाथ को बाहर लाना है। विक्षिप्ता में 'कुञ्चन' करना है। 'पताका' में ऊपर ले जाना। 'पतिता' हाथ से आघात करने का नाम है।

'चित्र' मार्ग में 'ध्रुव' और 'पतिता' के प्रयोग हैं। वार्त्तिक मार्ग में ध्रुवा, सर्पिणी, विक्षिप्ता और पताका के प्रयोग हैं। दक्षिण मार्ग में आठ मात्राओं की क्रिया का भी प्रयोग है। सशब्द क्रिया का प्रयोग करते समय ही इनका विनियोग है। क्योंकि

निश्शब्द क्रिया-प्रयोगों में इन मात्राओं की निश्शब्द क्रियाएँ खलबली मचा देती हैं।

**५. जाति**—ताल की जाति नाट्यशास्त्र और संगीतरत्नाकर में दो प्रकार की बतायी गयी है—त्र्यश्र और चतुरश्र। चतुरश्र ताल चच्चत्पुट है। त्र्यश्रताल चाचपुट है। उनका अंग विभाग नामाक्षरों से ही प्रतीत होता है।

चच्चत्पुट का अंग चत्+चत्+पु+टम्[1] (गुरु, गुरु, लघु, प्लुतम् ऽ ऽ । ऽ̀) है। अनुस्वारान्त अन्तिम भाग को प्लुत करना है। चाचपुट का अंग (गुरु, लघु, लघु, गुरु ऽ ।। ऽ)। इससे प्रतीत होता है कि जाति, ताल के अन्तर्गत गति है; क्योंकि 'चच्चत्पुट' में चतुरक्षर के दो भाग हैं। पहले भाग में दो-दो अक्षर मिलकर चतुरक्षर बना हुआ है। दूसरे भाग में एक और तीन अक्षर, मिलकर चार अक्षर बन गये हैं। ताल चार-चार पद रख कर चलता है। इस तरह रखने में भी दो प्रकार हैं। इस बात को चच्चत्पुट हमें समझा देता है कि चार पद रखकर चलने में भी दो प्रकार हैं। चाचपुट तीन-तीन अक्षरों से बनाया हुआ है। पहले भाग में दो और एक अक्षर मिलकर दूसरे भाग में एक और दो अक्षर मिलकर तीन अक्षर हुए हैं।

चतुरश्र और त्र्यश्र जाति को मिलाकर एक नयी गतिवाली जाति 'मिश्र' नाम से उत्पन्न हुई है। उस जाति का उदाहरण 'षट्पितापुत्रक' ताल है। उस ताल में आदि और अन्त में प्लुत है। बाकी नामाक्षर के प्रकार गुरु-लघु हैं। ताल का रूप ऐसा है—(ऽ̀ । ऽ ऽ । ऽ̀) मिलकर १२ मात्राएँ हैं। इन १२ मात्राओं को तीन-तीन या चार-चार मात्राओं में बाँट सकते हैं। इसलिए इस जाति का नाम 'मिश्र' है।

'जाति' शब्द का यह अर्थ और प्रयोग 'अंधयुग' में विस्मृत हो गये और जाति शब्द नये अर्थ में प्रयोग में आने लगा। लघु के अक्षरकाल या मात्राकाल का नाम 'जाति' हो गया। लघु के तीन मात्राकाल रहे तो उस ताल को त्र्यश्र जाति कहते हैं। ४ मात्राएँ हों तो चतुरश्र जाति, पांच मात्राएँ हों तो खण्डजाति, सात मात्राएँ हों तो मिश्रजाति और नौ मात्राएँ हों तो संकीर्ण जाति कहते हैं। इस तरह कर्नाटक पद्धति में बचे हुए सात तालों से ३५ ताल बना दिये गये हैं।

**६. कला**—कला शब्द का अर्थ है 'भाग'। ताल शास्त्र में यह शब्द तीन अर्थों में प्रयुक्त किया गया है। एक कालप्रमाण का नाम है। इस अर्थ में कला ही गुरु है। आदिकाल में चच्चत्पुट, चाचपुट, षट्पितापुत्रक, सम्यक्वेष्टाक, उद्घट्ट नामक पांच ताल ही थे। हरएक ताल के अंग को दुगुना, चौगुना और अठगुना करके नये तालों की कल्पना किया करते थे। इनको द्विकल, चतुष्कल, अष्टकल इत्यादि नाम

दिये गये। आदि काल म कलावृद्धि का यही नियम था। चतुरश्रजाति ताल में अर्थात् चच्चत्पुट में एक कल, द्विकल, चतुष्कल आदि तीन ही रूप थे। श्यश्र जाति में अर्थात् चाचपुट में त्रिकल, षट्कल, द्वादशकल, चतुर्विंशतिकल, अष्टाचत्वारिंशत्कल, षण्णवतिकल आदि तक कला वृद्धि की जाती थी। यह नियम तालप्रबन्धों में उपयोग में था। आजकल दक्षिण और उत्तर भारत में व्यवहृत हरएक ताल का एककल, द्विकल, चतुष्कल इत्यादि प्रयोग करते हैं। अष्टकल भी तालशास्त्र विशारदों के द्वारा प्रयुक्त किया जा रहा है।

७. **ग्रह**—गीत का आरम्भ और ताल का आरम्भ दोनों समकाल या आगे या पीछे होना संगीत सम्प्रदाय में व्यवहृत है। इस व्यवस्था का नाम 'ग्रह' है। गीत और ताल समकाल में आरम्भ हों तो उसका नाम 'समग्रह' है। गीत आरम्भ होने के बाद अर्थात् अतीत होने के बाद ताल आरम्भ हो तो इसका नाम 'अतीतग्रह' है। गीत आरम्भ होने के पहले अर्थात् अनागत में ताल शुरू हो तो उसका नाम 'अनागत-ग्रह' है। अनियम रूप से ताल और गीत शुरू हो तो उसका नाम 'विषमग्रह' है। इनके पर्य्याय नाम क्रमशः समपाणि, अवपाणि, उपरिपाणि और विषमपाणि हैं। दूसरे पर्य्याय नाम ताल, विताल, अनुताल और प्रतिताल हैं।

८. **लय**—दो क्रियाओं के बीच में रहनेवाले अवकाश का 'लय' नाम है। साधारणतया कहें तो 'लय' ही ताल और गीत का वेग है। 'लय' विलम्ब, मध्य और द्रुत—इन तीनों प्रकार के हैं। विलम्ब का दुगुना वेग 'मध्यलय' है। मध्यलय का दुगुना वेग 'द्रुतलय' है।

९. **यति**—द्रुत, मध्य आदि विविध लयों को सुन्दर रूप में मिलाने का मार्ग ही 'यति' है। इसमें पांच प्रकार हैं।

(१) समयति—आदि, मध्य और अन्त सब जगह में एक ही प्रकार का लय रहे तो इसका नाम 'समयति' है।

(२) स्रोतोगता (नदी के प्रवाहस्वरूप)—विलम्ब, मध्यद्रुत—इस क्रम में लयों को मिलायें तो इसका नाम स्रोतोगता है।

(३) मृदङ्गयति—इसमें तीन प्रकार हैं—(अ) आदि और अन्त में द्रुतगति और मध्य में विलम्ब गति (आ) आदि और अन्त में द्रुतगति और मध्य में मध्यगति (इ) आदि और अन्त में मध्यगति और मध्य में विलम्ब गति।

(४) पिपीलिका यति (चींटी का रूप)—आदि और अन्त में विलम्ब, मध्य में द्रुतगति। आदि और अन्त में मध्यलय और मध्य में द्रुतलय। आदि और अन्त में विलम्ब और मध्य में मध्यलय।

(५) गोपुच्छा यति—द्रुत, मध्य और विलम्ब इस क्रम में लयों को मिलाना या द्रुत और मध्य, मध्य और विलम्ब—यही गोपुच्छा यति है।

**१०. प्रस्तार**—हरएक ताल के कई अंग हैं। इन अंगों के कालप्रमाणों को मिलाने से ताल का पूरा कालप्रमाण प्राप्त होता है। इसी पूरे कालप्रमाण को रखकर भिन्न-भिन्न रूप से अंगों का जोड़ना साध्य है। इस तरह भिन्न-भिन्न रूप से किये जानेवाली अंग कल्पना का मार्ग 'प्रस्तार' है। प्रस्तार में यह रूप-कल्पना क्रम से की जाती है। क्रम का लाभ यह है कि सब रूपों की कल्पना निश्चयपूर्वक साध्य होती है। दूसरा प्रयोजन एक ही प्रकार के रूप को बार-बार न आने देना है।

प्रस्तार, चतुरङ्ग प्रस्तार, षडङ्ग प्रस्तार—इत्यादि है। चतुरङ्ग प्रस्तार में प्लुत, गुरु, लघु, द्रुत—इन चार अंगों से ही प्रस्तार करना होना हैं। षडङ्ग प्रस्तार में प्लुत, गुरु, लघुविराम, लघु, द्रुतविराम, द्रुत—इन छः अंगों से प्रस्तार करना होता है। प्रस्तार का क्रम ऐसा है—

१. प्रथमतः ताल का पूरा कालप्रमाण यथासम्भव बड़े अंगों से जोड़ लेना है।

२. दाहिनी ओर बड़ा अंग, बायीं ओर छोटा अंग—इस क्रम में लिखना चाहिए। तब दाहिनी ओर से देखें तो क्रमशः छोटे-छोटे अंग रहते हैं। यह पहला प्रस्तार है।

३. दूसरा प्रस्तार लिखने का क्रम यह है—ऊपरी प्रस्तार के अंगों में से सब से छोटे अंग के नीचे उससे छोटा अंग हो, तो उसको लिखना चाहिए, अगर नहीं, तो इसके निकट के बड़े अंग के नीचे उससे छोटे अंग को लिखना चाहिए। उसके बाद उस अंग की दाहिनी ओर रहनेवाले ऊपरी अंगों को ज्यों का त्यों नीचे भी लिखना चाहिए। अब लिखे हुए सब अंगों को जोड़कर देखने पर पूर्ण कालप्रमाण की कमी होती हो तो पूरक अंग के बायीं ओर यथासम्भव बड़े अंगों से ही पूर्ति करनी चाहिए। इसमें भी पूरक अंगों का क्रम बड़े अंग के बायीं ओर ही छोटे अंग को लिखकर रखना चाहिए। इसी प्रकार तीसरे आदि अन्य प्रस्तारों को भी लिखना है। सर्वद्रुत होने के बाद प्रस्तार की पूर्ति समझनी चाहिए।

उदाहरणार्थ—

| **काल प्रमाण** | **प्रस्तारों का रूप और संख्या** |
|---|---|
| १. एक द्रुत काल | o[1] एक ही प्रस्तार साध्य है। |
| २. एक लघु प्रमाण काल | । पहला प्रस्तार |
| | o o दूसरा प्रस्तार = प्रस्तार = २ |

**१. प्रत्येक प्रस्तार में पहले लेखनीय अंग नीचे रेखांकित दिखाये गये हैं।**

३. एक द्रुत और एक लघु

o । पहला प्रस्तार
। o̲ दूसरा प्रस्तार
o o̲ o तीसरा प्रस्तार = प्रस्तार = ३

४. एक गुरु प्रमाण काल

S̲ पहला प्रस्तार
। ।̲ दूसरा प्रस्तार
o o̲ । तीसरा ,,
o । o̲ चौथा ,,
। o̲ o पांचवाँ ,,
o o̲ o o छठा ,, = प्रस्तार = ६

५. एक द्रुत और एक गुरु प्रमाणकाल

o S̲ पहला प्रस्तार
o । ।̲ दूसरा ,,
। o̲ । तीसरा ,,
o o̲ o । चौथा ,,
S o̲ पांचवाँ ,,
। ।̲ o छठा ,,
o o̲ । o सातवाँ ,,
o । o̲ o आठवाँ ,,
। o̲ o o नवाँ ,,
o o̲ o o o दसवाँ ,, = प्रस्तार = १०

६. एक प्लुत प्रमाण काल

`S̲ पहला प्रस्तार
। S̲ दूसरा ,,
o o̲ S तीसरा ,,
S ।̲ चौथा ,,
। ।̲ । पांचवाँ ,,
o o̲ । । छठा ,,
o । o̲ । सातवाँ ,,
। o̲ o । आठवाँ ,,
o o̲ o o । नवाँ ,,

ο ऽ ο̲ दसवाँ प्रस्तार
ο । ।̲ ο ग्यारहवाँ ,,
। ο̲ । ο बारहवाँ ,,
ο ο̲ ο । ο तेरहवाँ ,,
ऽ ο̲ ο चौदहवाँ ,,
। ।̲ ο ο पन्द्रहवाँ ,,
ο ο̲ । ο ο सोलहवाँ ,,
ο । ο̲ ο ο सत्रहवाँ ,,
। ο̲ ο ο ο अठारहवाँ ,,
ο ο̲ ο ο ο ο उन्नीसवाँ ,, = प्रस्तार = १९.

## १०८ ताल

१. चच्चत्पुटम् —ऽ ऽ । ऽ̀ = (८)
२. चाचपुटम् —ऽ । । ऽ =(६)
३. षट्पितापुत्रकम् —ऽ̀ । ऽ ऽ । ऽ̀ = (१२)
४. सम्पक्वेष्टाकम् —ऽ̀ ऽ ऽ ऽ ऽ̀ = (१२)
५. उद्घट्टम्—ऽ ऽ ऽ = (६)
६. आदिताल —। = (१)
७. दर्पणताल —० ० ऽ = (३)
८. चच्चरी —० δ́ । ० δ । ० δ । ० δ । ० δ । ० δ । ० δ । ० δ ॥ = (१८)
९. सिंहलीला —। ० ० ० । = (३½)
१०. कन्दर्प —० ० । ऽ ऽ = (६)
११. सिंहविक्रम —ऽ ऽ ऽ । ऽ̀ । ऽ ऽ̀ = (१६)
१२. श्रीरङ्ग —। । ऽ । ऽ̀ = (८)
१३. रतिलील —। । ऽ ऽ = (६)
१४. रङ्गताल —० ० ० ० ऽ = (४)
१५. परिक्रम —० ० । । ऽ = (५)
१६. प्रत्यङ्ग —ऽ ऽ ऽ । । = (८)
१७. गजलीला —। । । ।̀ = (४½)
१८. त्रिभिन्न —। ऽ ऽ̀ = (६)
१९. वीरविक्रम —। । ० ० ऽ = (५)

२०. हंसलील —ˋ| ˋ| = (२½)

२१. वर्णभिन्न —S | o o = (४)

२२. राजचूड़ामणि —o o | | | o o | S = (८)

२३. रङ्गद्योतन —S S S | ˋS = (१०)

२४. राजताल —o ˋS o o S | ˋS = (११)

२५. सिंहविक्रीडितम् —| ˋS S | ˋS S ˋS | ˋS = (१९)

२६. वनमाली —o o o o | | o o S = (७)

२७. चतुरश्रवर्ण —S | | o o S = (७)

२८. त्र्यश्रवर्ण —| o o | | S = (६)

२९. मिश्रवर्ण —o o δ o o δ o o δ o o δ = (७)

३०. वर्णताल — δ o o o o o | | | | | |
| | | | o o δ = (१५)

३१. खण्डवर्णताल —ˋS ˋS S o S S | S = (१५½)

३२. रङ्गप्रदीप —| | S S ˋS = (९)

३३. हंसनाद —| ˋS o o ˋS = (८)

३४. सिंहनाद —| S S | S = (८)

३५. मल्लिकामोद —| | o o o o = (४)

३६. शरभलील —| o | o | o | o | | = (८)

३७. रङ्गाभरण —S S | | ˋS = (९)

३८. तुरङ्गलील —o o | = (२)

३९. सिंहनन्दन —S S | S | S o o S S | ˋS | ˋS
S | | + = (३२)

४०. जयश्री —S | S | S = (८)

४१. विजयानन्द —| | S S S = (८)

४२. प्रतिताल —| | o o = (३)

४३. द्वितीयक —o o | = (२)

४४. मकरन्द —o o | | | S = (६)

४५. कीर्तिताल —| S ˋS S | ˋS = (१२)

४६. विजयताल —ˋS S ˋS S = (१०)

४७. जयमङ्गल —| | S | | S = (८)

४८. राजविद्याधर —| S o o = (४)

४९. मंठ (मठ्य) ताल—। । S । । । । = (८)
५०. नेत्रमंठ —S S । S S + = (१३)
५१. प्रतिमंठ —। । । । S । । = (८)
५२. जयताल —। S । । । o o ˋS = (१०)
५३. कुडुक्क —o o । । = (३)
५४. निस्सारुक —। ˋ। = (२¼)
५५. निस्सानुक —। । S S । । = (८)
५६. क्रीडाताल —o δ = (१¼)
५७. त्रिभङ्गी —। । S S = (६)
५८. कोकिलप्रिय —S । ˋS = (६)
५९. श्रीकीर्तिताल —S S । । = (६)
६०. बिन्दुमाली —S o o o o S = (६)
६१. नन्दन —। । o o ˋS = (६)
६२. श्रीनन्दन —S o o S = (५)
६३. उद्वीक्षण —। । S = (४)
६४. मंठिकाताल —S o ˋS = (५½)
६५. आदि मठ्य —। । ˋ। ˋ। = (४½)
६६. वर्ण मठ्य —। । o o । o o = (५)
६७. ढेङ्कीताल —S । S = (५)
६८. अभिनन्दन —। । o o S = (५)
६९. नवक्रीड —o δ = (१¼)
७०. मल्लताल —। । । । o δ = (५¼)
७१. दीपक —o o । । S S = (७)
७२. अनङ्गताल —। ˋS । । S ˋS = (११)
७३. विषमताल —o o o δ o o o δ = (४½)
७४. नान्दीताल —। o o । । S S = (८)
७५. मुकुन्दताल —। o o । S = (५), । o o o o S = (५)
७६. कर्षुक —। । । । S = (६)
७७. एकताल —o = (½)
७८. पूर्णकंकाल —o o o o S । = (५)

७९. खण्डकंकाल —o o ऽ ऽ = (५)
८०. समकंकाल —ऽ ऽ | = (५)
८१. असमकंकाल —| ऽ ऽ = (५)
८२. झोंबड —| | ˋ| = (३$\frac{1}{4}$)
८३. पणताल —| o | = (२$\frac{1}{2}$)
८४. अभङ्गताल —| ˋऽ = (४)
८५. रायरङ्गाल —ऽ | ऽ o o = (७)
८६. लघुशेखर —ˋ| = (१$\frac{1}{4}$)
८७. द्रुतशेखर —δ = ($\frac{3}{4}$)
८८. प्रतापशेखर —ˋऽ o ˋऽ = (४$\frac{1}{4}$)
८९. गजझम्पा —ऽ o δ = (३$\frac{1}{4}$)
९०. चतुर्मुखताल —| ऽ | ˋऽ = (७)
९१. झंपाताल —o δ | = (२$\frac{1}{4}$)
९२. प्रतिमठ्य —| | ऽ ऽ | | = (८)
९३. तृतीयताल —| | o o δ = (३$\frac{3}{4}$)
९४. वसन्त —| | | ऽ ऽ ऽ = (९)
९५. ललित —o o | ऽ = (४)
९६. रतिताल —| ऽ = (३)
९७. करणताल —o o o o = (२)
९८. षट्ताल —o o o o o o = (३)
९९. वर्धन —o o | ˋऽ = (५)
१००. वर्णताल —| | ˋऽ ˋऽ = (८)
१०१. राजनारायण —o o | ऽ | ऽ = (७)
१०२. मदनताल —o o ऽ = (३)
१०३. पार्वतीलोचन —o o | | o o ऽ ऽ | | | | ऽ | | = (१६)
१०४. गारुगी —o o o δ = (२$\frac{1}{4}$)
१०५. श्रीनन्दन —ऽ | | ˋऽ = (७)
१०६. जयताल —| ऽ | | o o ˋऽ = (९)
१०७. लीलाताल —o | ˋऽ = (४$\frac{1}{2}$)
१०८. विलोकित —| ऽ ऽ o o ˋऽ ˋऽ = (१२)

१०९. ललितप्रिय —। । ऽ । ऽ = (७)
११०. जनक —। । । । ऽ ऽ । । ऽ ऽ = (१४)
१११. लक्ष्मीश —० ० δ । । ऽ̆ ऽ̆ = (९$\frac{३}{४}$)
११२. भद्रबाण[1] —। ० । = (२$\frac{१}{२}$)

**कर्नाटक पद्धति में प्रचलित ताल**

१. **ध्रुवताल**= ।०।।=लघु, द्रुत, लघु, लघु=३$\frac{१}{२}$ मात्राएँ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्र्यश्र जाति में ताल का अक्षर | = | ३ | + २ | + ३ | + ३ | = | ११ | अक्षर |
| चतुरश्रजाति ,, ,, | = | ४ | + २ | + ४ | + ४ | = | १४ | ,, |
| खण्ड जाति ,, ,, | = | ५ | + २ | + ५ | + ५ | = | १७ | ,, |
| मिश्र जाति ,, ,, | = | ७ | + २ | + ७ | + ७ | = | २३ | ,, |
| संकीर्णजाति ,, ,, | = | ९ | + २ | + ९ | + ९ | = | २९ | ,, |

२. **मठ्यताल**=।०।=लघु द्रुत, लघु=२$\frac{१}{२}$ मात्राएँ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्र्यश्र जाति में ताल अक्षर | = | ३ | + २ | + ३ | = | ८ | अक्षर |
| चतुरश्र ,, ,, ,, | = | ४ | + २ | + ४ | = | १० | ,, |
| खण्ड ,, ,, ,, | = | ५ | + २ | + ५ | = | १२ | ,, |
| मिश्र ,, ,, ,, | = | ७ | + २ | + ७ | = | १६ | ,, |
| संकीर्ण ,, ,, ,, | = | ९ | + २ | + ९ | = | २० | ,, |

३. **रूपकताल**=० । = द्रुत, लघु = १$\frac{१}{२}$ मात्राएँ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| त्र्यश्र जाति में ताल अक्षर | = | २ | + ३ | = | ५ | अक्षर |
| चतुरश्र ,, ,, ,, | = | २ | + ४ | = | ६ | ,, |
| खण्ड ,, ,, ,, | = | २ | + ५ | = | ७ | ,, |
| मिश्र ,, ,, ,, | = | २ | + ७ | = | ९ | ,, |
| संकीर्ण ,, ,, ,, | = | २ | + ९ | = | ११ | ,, |

४. **झंपाताल** = । ˘ ० = लघु, अनुद्रुत, द्रुत = १$\frac{३}{४}$ मात्राएँ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| त्र्यश्र जाति में ताल अक्षर | = | ३ | + ३ | = | ६ | अक्षर |
| चतुरश्र ,, ,, ,, | = | ४ | + ३ | = | ७ | ,, |

**१. इन तालों को '१०८ ताल' ही कहते हैं, पर यहाँ ४ ताल अधिक दिये गये हैं। ये ११२ ताल नन्दिकेश्वर कृत नर्तनग्रन्थ 'भरतार्णव' से उद्धृत हैं।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खण्ड ,, ,, ,, | = ५ + ३ | = ८ | ,, |
| मिश्र ,, ,, ,, | = ७ + ३ | = १० | ,, |
| संकीर्ण ,, ,, ,, | = ९ + ३ | = १२ | ,, |

**५. त्रिपुट ताल**=। ० ०=लघु, द्रुत, द्रुत=२ मात्राएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| त्र्यश्र जाति में ताल अक्षर | = ३ + २ + २ | = ७ | अक्षर |
| चतुरश्र ,, ,, ,, | = ४ + २ + २ | = ८ | ,, |
| खण्ड ,, ,, ,, | = ५ + २ + २ | = ९ | ,, |
| मिश्र ,, ,, ,, | = ७ + २ + २ | = ११ | ,, |
| संकीर्ण ,, ,, ,, | = ९ + २ + २ | = १३ | ,, |

**६. अड्डुताल**= । । ० ० =लघु, लघु, द्रुत, द्रुत=३ मात्राएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| त्र्यश्रजाति में ताल अक्षर | = ३ + ३ + २ + २ | = १० | अक्षर |
| चतुरश्र जाति में ताल अक्षर | = ४ + ४ + २ + २ | = १२ | ,, |
| खण्ड जाति में ,, ,, | = ५ + ५ + २ + २ | = १४ | ,, |
| मिश्र ,, ,, ,, | = ७ + ७ + २ + २ | = १८ | ,, |
| संकीर्ण ,, ,, ,, | = ९ + ९ + २ + २ | = २२ | ,, |

**७. एकताल**=।=१ मात्रा

| | | |
|---|---|---|
| त्र्यश्रजाति में ताल अक्षर | = ३ | अक्षर |
| चतुरश्र ,, ,, ,, | = ४ | ,, |
| खण्ड ,, ,, ,, | = ५ | ,, |
| मिश्र ,, ,, ,, | = ७ | ,, |
| संकीर्ण ,, ,, ,, | = ९ | ,, |

हरएक जाति में अंग सशब्द और निःशब्द क्रियाओं से गिने जाते हैं। लघु को एक शंपा के बाद बाकी अक्षरों का अंगुलियों के पातन से गणन करते हैं। द्रुत को एक शंपा के बाद एक विक्षेपकर के गिनते हैं। अनुद्रुत को एक शंपा से गिनते हैं।

हरएक ताल में एक या दो जाति ही प्रायः व्यवहार में हैं।

ध्रुवताल में चतुरश्रजाति (४ + २ + ४ + ४ = १४ अक्षर) व्यवहार में हैं।
मठ्य ,, ,, (४ + २ + ४ = १० ,, ) ,,
रूपक ,, ,, (२ + ४ = ६ ,, ) ,,
झंपा ,, मिश्र ,, (७ + १ + २ = १० ,, ) ,,
त्रिपुट ,, चतुरश्र (४ + २ + २ = ८) और त्र्यश्र ( ३ + २ + २ =७) जाति व्यवहार में है

इस ताल में चतुरश्रजाति को 'आदिताल' कहते हैं।
,, त्र्यश्र ,, त्रिपुट ,, ,,
अड्ड ,, खण्ड ,, (५ +५ + २ + २=१४ अक्षर अमल में हैं)
एक ,, चतुरश्र ,, ४ अक्षर ,, ,,

कभी-कभी त्र्यश्रजाति के लघु को दो शंपा और एक विक्षेप से गिनते हैं उसको 'चापु' कहते हैं। इस तरह प्रयोग में त्र्यश्रजाति रूपकताल (२+ ३=५अक्षर) प्रसिद्ध हैं। इसलि त्र्यश्रजाति रूपकताल को 'चापुताल' कहते हैं।

**तालों का अभ्यास मार्ग**

व्यवहार में रहनेवाली ताल जातियों का अभ्यास करने के लिये सप्तालंकार नामक 'स्वरवर्णालंकार' बनाये गये हैं।

**हिन्दुस्थानी पद्धति के प्रचलित तालों का विवरण**

हिन्दुस्थानी पद्धति में तालों के अंगों पर ज्यादा ध्यान न देकर तालों की मात्राओं और तालों में 'पात' एवं 'खाली' की जगह और ठेके एवं बोल पर अधिक ध्यान दिया जाता है। प्रचलित मुख्य ताल ये हैं—

१. त्रिताल[१]—मात्रा १६

तीन पात और एक खाली

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | धीं | धीं | ना | ना | धी | धीं | ना | ना | तीं | तीं | ना | ना | धीं | धीं | ना |
| पा | | | | पा | | | | खा | | | | पा | | | |

**१. प्राचीन सूडादि सप्ततालों में त्रिपुटा एक है। 'त्रिपुटा' 'तिवटा' होकर 'त्रिताल' हो गया है। त्रिपुट के अंग '००।' हैं। चतुरश्रजाति त्रिपुट ताल ८ अक्षर काल से युक्त है। उसे दक्षिण के संप्रदाय में आदि ताल कहते हैं। इसमें हरएक अक्षर**

## २. एक ताल[1]—मात्रा १२

चार पात और दो खाली

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धीं | धीं | धागे | त्रक | तू | ना | क | त्ता | धागे | त्रक | धीं | ना |
| पा | | खा | | पा | | खा | | पा | | पा | |

## ३. चौताल[2]—मात्रा १२

चार पात और दो खाली

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | धा | धीं | ता | किट | धा | धीं | ता | किट | कत | गदी | गन |
| पा | | खा | | पा | | खा | | पा | | पा | |

## ४. आड़ा चौताल[3]—मात्रा १४

चार पात और तीन खाली

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धी | तृक | धी | ना | तू | ना | क | त्ता | धि | धि | ना | धि | धि | ना |
| पा | | पा | | खा | | पा | | खा | | पा | | खा | |

को दुगुना करके हिन्दुस्थानी संप्रदाय में १६ मात्राएँ बनायी गयी हैं। पर पात का स्थान प्राचीन अंगों का अनुसरण करता है। दोनों द्रुतों के लिए दो पात और एक लघु के लिए तीसरा पात और एक खाली।

१. एक ताल का प्राचीन अंग एक लघु है। उसकी त्र्यश्रजाति में ३ मात्राएँ हैं। हरएक मात्रा को चौगुनी करके पहली दो मात्राओं के लिए दो पात और तीसरी मात्रा को दो पात दिये गये हैं। इसी रीति से एक ताल का निर्माण हुआ है।

२. चौताल प्राचीन अड्डताल से उत्पन्न हुआ है। अड्डताल के अंग ।। ०० हैं। इसकी चतुरश्रजाति में ४+४+२+२ = १२ मात्राएँ हैं। पर अंगों का अनुसरण करके पात दिये गये हैं। हरएक लघु का एक पात और एक खाली और हरएक द्रुत का एक पात दिया गया है।

३. कर्नाटक संप्रदाय में अड्डताल की खण्डजाति और ध्रुवताल की चतुरश्र-जाति प्रायः प्रयोग में है। दोनों की मात्राएँ १४ हैं। हिन्दुस्थानी पद्धति के आडाचौताल नामक ताल में अड्डताल के अनुसार ५+५+२+२ इस प्रकार विभाग न करके २+४+४+४—ऐसा विभाग किया गया है।

### ५. झपताल[1]—मात्रा १०

तीन पात और एक खाली

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
| धी | ना | धी | धी | ना | ती | ना | धी | धी | ना |
| पा | | पा | | | खा | | पा | | |

### ६. रूपकताल[2]—मात्रा ७

तीन पात

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
| ती | ती | ना | धी | ना | धी | ना |
| पा | | | पा | | पा | |

### ७. दादरा[3]—मात्रा ६

दो पात और एक खाली

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | |
| धा | गे | ना | धा | ती | ना | |
| पा | | पा | खा | | | संप्रदाय १ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | |
| धी | ग | ना | ना | तु | न्ना | |
| पा | | पा | | खा | | संप्रदाय २ |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | |
| धा | धी | ना | धा | ती | ना | संप्रदाय ३ |

१. झपताल के प्राचीन अंग । ०० हैं । कर्नाटक संप्रदाय के अनुसार मिश्रजाति झम्पताल की ७+२+१ = १० मात्राएँ हैं । अंगों के अनुसार करें तो तीन पात होते हैं । पर इन तीनों पातों के विनियोग में हिन्दुस्थानी पद्धति में कुछ अन्तर है ।

२. रूपकताल के प्राचीन अंग ० । हैं । खण्डजाति में इसके २+५ = ७ अक्षर हैं । अंगों का अनुसरण करें तो दो पात ही होते हैं । पर यहाँ लघु के दो पात और द्रुत का एक पात दिया गया है ।

३. इनमें पहले दोनों संप्रदायों में मात्रा और पात व खाली के स्थान समान हैं । पर ताल की मात्राओं का 'पाद भाग' करने में अन्तर है । प्राचीन काल से ताल की मात्राओं का कई पादों जैसा विभाग करने की परम्परा थी, उसका नाम 'पाद भाग' है । दादरे

## ८. धमार—मात्रा १४

### तीन पात

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | धे | ऽ | धे | ऽ | धा | ऽ | त | कि | ट | कि | ट | त | क | |
| पा | | | | | पा | | | पा | | | | | | संप्रदाय—१ |

### तीन पात और एक खाली

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | धे | ऽ | धे | ऽ | धा | ऽ | त | धि | न | दि | न्न | धा | ऽ | |
| पा | | | | | पा | | | पा | | | | | | खा. संप्रदाय—२ |

### इस ठेके के दूसरे प्रकार के बोल

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | ऽ | ऽ | धि | ट्ट | धा | ऽ | ग | द्दि | न्न | ति | ट्ट | ता | ऽ | |
| पा | | | | | पा | | | | | पा | | | | खा. संप्रदाय—२ |

### तीसरे प्रकार के बोल

| २ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | धी | न | धी | न | धा | ऽ | क | द्धो | न | तो | न | ता | ऽ | |
| पा | | | | | पा | | | | | पा | | | | खा. संप्रदाय—२ |

| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | धी | न | धी | न | धा | ऽ | क | द्धो | न | तो | न | धा | ऽ | |
| पा | | | | | पा | | खा | | | पा | | | | संप्रदाय—३ |

## ९. कहरवा—मात्रा ४

### एक पात और एक खाली

| १ | २ | ३ | ४ |
|---|---|---|---|
| धागे | नति | नक | धो ऽ |
| पा | | खा | |

में पहले संप्रदाय में तीन-तीन मात्राओं के दो पाद हैं। दूसरे संप्रदाय में दो-दो मात्राओं के तीन पाद हैं। तीसरे संप्रदाय में पाद भाग पहले संप्रदाय के समान है। परन्तु पात व खाली में अन्तर है। पहले संप्रदाय में २ पात और एक खाली है। तीसरा संप्रदाय एक पात और एक खाली है।

### १०. झूमरा—मात्रा १४

तीन पात और एक खाली

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४
क धी न धी न धा ऽ क धी न ती न ता ऽ
पा पा खा पा संप्रदाय—

इस ठेके के दूसरे प्रकार के बोल

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४
धि धातृ कट धि धि धागे तृकट ति तातृ कट धिंधि धागे तृकट
पा पा खा पा

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४
धा तृक धि धि धा गि तृक धि तातृक धि तागि तृक ति
पा पा खा पा संप्रदाय—

### ११. दीपचंदी—मात्रा १४

तीन पात और एक खाली

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४
धि ऽ धि ऽ धा गे ति ति ऽ ति ऽ धा गे ति
पा पा खा पा संप्रदाय—

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४
धि धि ऽ धातृ कट तूना कत्ति ऽ धा तृकट तू ना
पा पा खा पा संप्रदाय—

### १२. धीमा तिताल—मात्रा १६

तीन पात और एक खाली

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५ १६
धा तृक धा धी ना धी नि ति ता तृक धा धी ना धी धिंधिं
पा पा खा पा

पंजाबी ठेका

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५ १
धी न धी न धा धी न धी न धा ती न ती न ता धी न धीन धा
पा पा खा पा

१ २ ३ ४    ५ ६ ७ ८    ९ १० ११ १२    १३ १४ १५ १६
तक्कधिं – धा    तक्कधिं – धा    तक्कति – ता    तक्कधि – धा
पा    पा    खा    पा

### १३. फरोदस्त—मात्रा १३

पाँच पात और एक खाली

१ २    ३ ४    ५ ६    ७ ८ ९    १०    ११    १२    १३
धा ऽ    धिन्ना    धिन्ना    धिंधिन्ना    तिटिकित    गदि गन
पा    पा    पा    पा    पा    खा

### १४. सूरफ़ाख्ता[1] (उसूले फ़ाख्ता)—मात्रा १०

तीन पात और दो खाली

१ २    ३ ४    ५ ६    ७ ८    ९ १०
धा गी    तिट    धा गी    धागी    तीट
पा    खा    पा    पा    खा    संप्रदाय—१

१ २    ३ ४    ५ ६    ७ ८    ९ १०
धिंधि    ना तू    ना क    त्ता धा    ती ना
पा    पा    खा    पा    खा    संप्रदाय—२

### १५. गजल का ठेका—मात्रा ९

दो पात

१ २ ३ ४    ५ ६ ७ ८ ९
तिं ऽ त क    धिं ऽ ना ना ऽ
पा    पा

### १६. होरी का ठेका—मात्रा १४

तीन पात और एक खाली

१ २ ३    ४ ५ ६ ७    ८ ९ १०    ११ १२ १३ १४
ना धिं ऽ    ना क धिं ऽ    ना तिं ऽ    ना क धिं ऽ
पा    पा    खा    पा

१. प्राचीन सालगसूड के मंठ या मठ्यताल के अंग '।०।' हैं। चतुरश्र जाति में ४+२+४=१० अक्षर हैं। अंगों का अनुसरण करके यहाँ हरएक लघु के लिए एक पात और खाली तथा द्रुत के लिए एक पात दिया गया है।

*

## नवाँ परिच्छेद

# प्रकीर्णक अध्याय

इस अध्याय में संगीत शास्त्र से सम्बद्ध प्रकीर्ण विषय बताये गये हैं।

**वाग्गेयकार और उनके लक्षण**

'वाक्' या 'मातु' गीत साहित्य में शब्दों का नाम है। 'गेय' या 'धातु' गान के प्रकार का नाम है। इन दोनों में जो निपुण हैं वे ही 'वाग्गेयकार' कहे जा सकते हैं। शब्द-शास्त्र-ज्ञान, गानशास्त्र एवं वाद्य शास्त्र का ज्ञान, विविध भाषा-ज्ञान, मधुर-शारीर, नूतन साहित्य रचना करने में निपुणता इत्यादि में सामर्थ्य की कमी हो तो उन वाग्गेयकारों को मध्यम कहते हैं। 'मातु' में समर्थ और धातु में असमर्थ हो तो 'अधम' कहलाता है। दूसरे कवियों की रचनाओं पर धातु रचनेवाले का नाम 'कुट्टि-कार' है। प्राचीन संगीत और नवीन संगीत दोनों का ज्ञान जिसे होता है वह 'गान्धर्व' कहलाता है। प्राचीन संगीत का ज्ञान-मात्र रखनेवाले का नाम 'स्वरादि' है।

**गायकों का लक्षण**

शारीर की मधुरता, राग का आरम्भ, राग विस्तार, राग को समाप्त करने का ज्ञान, विविध राग, रागाङ्ग, आदि मार्ग देशी रागों का रूप-भेद ज्ञान, तालबद्ध रूपकों को गाने में निपुणता, आलाप में मनोधर्म शक्ति, तीनों स्थानों में गमक प्रयोग करने की अनायास शक्ति, कण्ठ की वशता, ताल का ज्ञान, अवधान की पूर्णता, श्रम को जीतने की शक्ति, गायकों के जो दोष शास्त्रों में बताये गये हैं उनसे विमुक्त रहना, संप्रदाय-शुद्ध गाने की पद्धति, धारणा शक्ति ये सब गुण उत्तम गायकों के लिए आवश्यक हैं। जो दोष रहित, परंतु कम गुणवाले हैं, उन्हें 'मध्यम गायक' कहते हैं। दोषयुक्त गायक 'अधम' है।

गायकों के पाँच प्रकार हैं—

१. शिक्षाकार—किसी कमी के बिना शिक्षा देने की शक्ति रखनेवाले का नाम है 'शिक्षाकार'।

२. अनुकार—किसी दूसरे गायक का अनुसरण करनेवाले का नाम 'अनुकार' है।

३. रसिक—गायक जो स्वयं रसानुभव करता है वह 'रसिक' है।

४. रञ्जक—कर्णमधुर गायक का नाम 'रञ्जक' है।

५. भावुक—गीत को आश्चर्यजनक शक्ति के साथ गानेवाला 'भावुक' है।

गायकों में एकल, यमल, वृन्दगायक—ये तीन प्रकार हैं। इन तीनों में 'एकल' दूसरे आदमी की सहायता के बिना गा सकता है। 'यमल' दूसरे गायक के साथ मिलकर गानेवाले का नाम है। 'वृन्द' गायक समुदाय के साथ ही गा सकता है। स्त्री गायकों में रूप, यौवन, कण्ठ का माधुर्य, चतुरता—ये सब आवश्यक हैं।

## गायकों के दोष

१. सन्दष्ट—दांत पीसकर गानेवाला।

२. उद्धृष्ट—स्निग्धतारहित घोषण करनेवाला।

३. सूत्कारी—गाते समय मुँह से साँस छोड़नेवाला।

४. भीत—भय के साथ गानेवाला।

५. शंकित—जल्दी-जल्दी गानेवाला।

६. कंपित—कण्ठ में अनावश्यक कम्पन से युक्त।

७. कराली—भयंकर रूप में मुँह बनाकर गानेवाला।

८. विकल—स्वरों को, नियत श्रुति से ऊँचे और नीचे उच्चारण करनेवाला।

९. काकी—कौए की तरह कर्कश या मधुरता रहित आवाज करनेवाला।

१०. विताल—ताल को छोड़कर गानेवाला।

११. करभ—ऊँट की तरह गले को ऊँचा करके गानेवाला।

१२. उद्भट—बकरी के समान कण्ठ से गानेवाला।

१३. झोंबका—गाते समय गला, मुख इत्यादि की शिराओं को फुलानेवाला।

१४. तुँबकी—गालों को तूंबे की भाँति फुलाकर गानेवाला।

१५. वक्री—गले को ऐंठकर गानेवाला।

१६. प्रसारी—शरीर को लंबा या प्रसारित करके गानेवाला।

१७. निमीलक—आँखें बन्द करके गानेवाला।

१८. नीरस—रक्ति के बिना गानेवाला। इन्हें अधम गायक कहते हैं।

१९. अपस्वर—वर्ज्य स्वरों का भी प्रयोग करके गानेवाला।

२०. अव्यक्त—अस्पष्ट उच्चारण के साथ गानेवाला।

२१. स्थानभ्रष्ट—तीनों स्थानों में गाने की शक्ति से हीन।

२२. अव्यवस्थित—तीनों स्थानों में गाने की शक्ति न रहने से एक स्थान में गाते समय ही दूसरे स्थान में आकर पूरा करनेवाला।

२३. मिश्रक—रागच्छायाओं के सूक्ष्मभेद से अपरिचय के कारण रागच्छायाओं को मिश्रित करके गानेवाला।

२४. अनवधान—पकड़ों को अवधान रहित प्रयुक्त करनेवाला।

२५. सानुनासिक—नाक से स्वरों को उच्चारण करके गानेवाला।

## कण्ठ ध्वनि के चार भेद

काहुल, नारट, बोंबक और मिश्रक—कण्ठ ध्वनि के ये चार भेद हैं।

**काहुल**—कफ की अधिकता से उत्पन्न ध्वनि है। वह स्नेहयुक्त, मधुर, सुन्दर रहती है। मन्द्रमध्य स्थानों में पूर्ण सुखभाव के साथ रहे, तो उसका नाम 'आडिल्ल' है।

**नारट**—पित्त की अधिकता से उत्पन्न कण्ठध्वनि का नाम है। तीनों स्थानों में गंभीरता व लीनता से युक्त है।

**बोंबक**—वात की अधिकता से उत्पन्न ध्वनि का नाम है। स्नेहरहित, माधुर्य-रहित, ऊँची ध्वनि है।

**मिश्रक**—दोषों की अधिकता के मिश्रण से उत्पन्न होनेवाली ध्वनि का नाम है। मिश्रध्वनि में चार भेद हैं—नाराट काहुल, नाराट बोंबक, बोंबक काहुल, नाराट बोंबक काहुल। मिश्रित ध्वनि में दोनों ध्वनियों के दोष का थोड़ा परिहार हो जाता है। तीनों मिल जाते हैं तो दोषों का पूर्णपरिहार हो जाता है। ध्वनि उत्तमोत्तम बन जाती है। दो-दो के मिश्रण में नाराट काहुल मिश्रण उत्तम है अर्थात् कफ, पित्तज ध्वनि उत्तम है। काहुल-बोंबक अर्थात् कफवातज ध्वनि मध्यम है। बोंबक-नाराट मिश्रण या पित्तवातज ध्वनि अधम है।

कफ, पित्त, वात के अंश भेद से दशविध ध्वनियाँ उत्पन्न होती हैं।

(१) मधुर, स्नेहयुक्त, घन (२) स्नेहयुक्त, कोमल, घन (३) मधुर, मृदु, त्रिस्थान व्यापक (४) मृदु, त्रिस्थान गंभीर (५) स्नेहयुत, मृदु, घन (६) मधुर, मृदु, घन और त्रिस्थान व्याप्त (७) मधुर, स्नेहयुत मृदु, त्रिस्थान व्याप्त (८) मधुर, स्नेहयुत, गंभीर, घन, त्रिस्थान व्याप्त (९) स्नेहयुत, कोमल, गंभीर, घन, त्रिस्थान, लीन (१०) स्नेहयुत, मधुर, कोमल, घन, लीन, त्रिस्थान व्याप्त और गंभीर।

इनके अतिरिक्त दो-दो भेदों के मिश्रण में अंश भेद से बारह ध्वनि भेद, और तीन दोषों के मिश्रण में अंश भेद से आठ भेद भी 'संगीत रत्नाकर' में दिये गये

हैं। अब तक शब्द स्वरूप का वर्णन हुआ है। अब शब्दगुण और शब्ददोष के बारे में विचार करेंगे।

## शब्दगुण और शब्ददोष

शब्दगुण —

१. मृष्ट—कान को सुख से भरनेवाली ध्वनि का नाम है।

२. मधुर—तीनों स्थानों में पूर्ण रूप से वर्तमान ध्वनि।

३. चेहाल—चेहाल ध्वनि में छः गुण हैं।

(१) शस्त—सुख से अनुभव करने योग्य ध्वनि।

(२) प्रौढ़—असाधारण विशेषता से युक्त ध्वनि।

(३) नाति स्थूल—अतिस्थूल भी नहीं।

(४) नातिकृश—अति कृश भी नहीं।

(५) स्निग्धता—स्नेहयुक्तत्व।

(६) घन—घनत्व से युक्त।

'चेहाल' नामक गुण पुरुषों में कण्ठ पर्यन्त ही है। अर्थात् मध्यस्थान तक ही है। स्त्रियों के तो तीनों स्थानों में है।

४. त्रिस्थान—तीनों स्थानों में प्रकाश और रक्ति की पूर्णता रहना।

५. सुखावह—मन को सुखदायक ध्वनि।

६. प्रचुर—स्थूलता से युक्त।

७. कोमल—मृदुत्व और कोयल सरीखी रमणीयता से युक्त है।

८. गाढ—बल से युक्त।

९. श्रावक—बहुत दूर तक सुनने योग्य ध्वनि।

१०. करुण—सुननेवालों के हृदय में करुण रस की उत्पादक ध्वनि।

११. घन—अंतर्बल से युक्त ध्वनि।

१२. स्निग्ध—रुक्षता रहित, स्नेहयुक्त।

१३. श्लक्ष्ण—लगातार सुन्दर रूप में बहनेवाली ध्वनि।

१४. रक्तिभाव—अधिक रञ्जन पैदा करना।

१५. छविमान्—निर्मल कण्ठ की विशेषता से अक्षरोच्चारण, स्पष्टता या प्रकाश से युक्त ध्वनि।

शब्ददोष

१. रुक्ष—स्नेह-विहीन ध्वनि।

२. स्फुरित—बीच-बीच में भंग होनेवाली ध्वनि।

३. निस्सार—आन्तरिक बल रहित।

४. काकोलिका—कौओं के समूह की तरह शब्द करनेवाली कर्ण कठोर ध्वनि।

५. केटि—तीनों स्थानों में व्याप्त होने पर भी गुणरहित ध्वनि।

६. केणि—तार, मन्द्र स्थानों में कठिनता से संचार कर सकनेवाली ध्वनि।

७. कृश—अति सूक्ष्म ध्वनि।

८. मग्न—सूक्ष्म, कृश, नीरस ध्वनि का नाम है।

## शारीर

अभ्यास के बिना रागभाव की अभिव्यक्ति करने की शक्ति का नाम शारीर है। शरीर के साथ उत्पन्न होने के कारण इसका नाम शारीर पड़ा। यह जन्मान्तर की वासना-विशेष है।

## सुशारीर के गुण

१. तार—दीर्घ ध्वनि

२. अनुध्वनि—अनुरणन के सहित होना।

३. माधुर्य—सुनने में मधुरतापूर्ण।

४. रक्ति—रञ्जन शक्ति।

५. गांभीर्य—गहराई से युक्त।

६. मार्दव—मृदुलता से युक्त या कर्कशता रहित।

७. घनता—सारयुक्तता।

८. कान्ति—प्रकाशन और अन्य शब्द गुण।

## शारीर के दोष

१. निस्सारता—अन्तर्बल रहित होना।

२. विस्वरता—शारीर वश में न रहने के कारण स्वरान्तर हो जाना।

३. काकित्व—श्रुतिहीनता के कारण शारीर की अपुष्टता।

४. स्थान विच्युति—शारीर स्वाधीन नहीं होने के कारण एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा पड़ना।

५. कार्श्य—आवश्यक स्थूलता से रहित रहना।

६. कार्कश्य—मृदुता रहित होना।

सुशारीर की प्राप्ति विद्या, दान, तप और शिवभक्ति से होती है। पूर्वपुण्य-विशेष से ही सुशारीर प्राप्त होता है।

## रूपक आलप्ति

आलप्ति दो प्रकार की होती है। उनमें से रागालप्ति पहले ही बतायी गयी है। अब रूपक आलप्ति का विवरण किया जाता है।

'रूपक' या प्रबन्ध में मनोधर्म से रागों के विस्तार करने का नाम 'रूपक आलप्ति' है। इसमें रूपक के राग और तालों के नियमों का पालन करना आवश्यक है। इसके दो विभाग हैं। एक का नाम 'प्रतिग्रहणिका' दूसरे का नाम 'भञ्जनी' है।

'प्रतिग्रहणिका' में प्रस्तुत रूपक के ताल और राग में इच्छानुसार संचार करके रूपक के एक अवयव को ग्रहण करना चाहिए। इसे कर्नाटक संप्रदाय में 'स्वरगान' कहते हैं। और इसमें स्वरों को नामोच्चारणपूर्वक गाते हैं। पर हिन्दुस्थानी संप्रदाय में अकारादि उच्चारण से संचार करते हैं।[1]

'भञ्जनी' में दो प्रकार हैं—स्नाय भञ्जनी और रूपक भञ्जनी। स्थाय भञ्जनी में रूपक के एक पकड़ रूप अवयव को उसी राग ताल में रूपभेद करके गाना होता है। उसका नाम कर्नाटक पद्धति में 'संगति' डालना है। रूपक भञ्जनी में रूपक के किसी एक पूर्ण भाग को लेकर उसके पद, राग और ताल में इच्छानुसार रूप भेदों के साथ गाना होता है। इसका नाम कर्नाटक पद्धति में 'निरवल' है। 'भञ्जनी' का प्रयोग हिन्दुस्थानी पद्धति के 'ख्याल' नामक प्रबन्ध में बहुत है।

१. आजकल कुछ हिन्दुस्थानी विद्वान् लोग भी कर्नाटक विद्वानों की तरह स्वरोच्चारण करके प्रतिग्रहणिका गाते हैं। पर हिन्दुस्थानी संगीत में रहनेवाले स्वरों का स्वभाव स्वरोच्चारण के लिए उपयुक्त होने के कारण इस तरह गाना सुनने में अच्छा नहीं लगता। अकारादि से गाना ही रमणीय है।

*

## दसवाँ परिच्छेद

# प्रबन्ध

प्रबन्धों के अंग और धातु पहले ही चतुर्दण्डि-लक्षण में बताये गये हैं। प्रबन्ध के तीन नाम हैं—१. प्रबन्ध २. रूपक ३. वस्तु। और दो नाम, गीत और गेय भी लक्ष्य संप्रदाय में हैं।

धातुओं में 'अन्तरा' नामक धातु सालगसूड प्रबन्धों में ही प्रयुक्त किया जाता है। प्रबन्धों में तालनिबद्ध और अनिबद्ध के दो भेद हैं। प्रबन्धों में गुरु, लघु आदि अक्षरों का प्रयोग है। इनके प्रयोग करने में कुछ नियम भी हैं। इसी तरह प्रबन्धों के अवयवों की साहित्य रचना में भी आरंभ विषयक अक्षर और गुरु, लघु इत्यादि के नियम हैं। वे अब कहे जाते हैं।

गुरु, लघु के प्रयोग-विषय 'गण' या गुरु एवं लघु से नियमित हैं। हरएक 'गण' में ३ अंग हैं। गण आठ प्रकार के हैं। उनके नाम भी अक्षरों से सूचित किये जाते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यगण | = | । | S | S |
| रगण | = | S | । | S |
| तगण | = | S | S | । |
| भगण | = | S | । | । |
| जगण | = | । | S | । |
| सगण | = | । | । | S |
| मगण | = | S | S | S |
| नगण | = | । | । | । |

इन आठों गणों में य, र, त गणों में एक लघु है। भ, ज, स गणों में एक गुरु है। 'म' गण में सर्वगुरु है। 'न' गण में सर्वलघु है। य र त में क्रमशः आदि, मध्य और अन्त में लघु है। इसी तरह भ ज स में क्रमशः आदि, मध्य और अन्त में गुरु है।

'आदिमध्यावसानेषु भजसा यान्ति गौरवम्।
यरता लाघवं यान्ति मनौ तु गुरुलाघवम्।'

गणों के देवता और फल—

| गण | देवता | फल |
|---|---|---|
| य | अप् | वृद्धि। |
| र | अग्नि | मृत्यु। |
| त | पृथ्वी | निर्धनता या गरीबी। |
| भ | चन्द्र | कीर्ति। |
| ज | सूर्य | रोग। |
| स | वायु | स्थान भ्रष्टता। |
| म | पृथ्वी | धन की प्राप्ति। |
| न | इन्द्र | आयुर्वृद्धि। |

श्लोकों और गीतों के आरम्भ में प्रयोग किये जानेवाले गण से होनेवाला फल ऊपर बताया गया है। अक्षरों के देवता और फल—

अक्षर अवर्ग, कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, यवर्ग, शवर्ग—इन आठ वर्गों में विभाजित किये गये हैं। अवर्ग सब स्वर हैं। 'कवर्ग' क ख ग घ ङ। चवर्ग च, छ, ज, झ, ञ। टवर्ग ट, ठ, ड, ढ, ण। तवर्ग त, थ, द, ध, न। पवर्ग प,- फ, ब, भ, म। यवर्ग य, र, ल, व। शवर्ग श, ष, स, ह। वर्गों के देवता और हरएक वर्ग में श्लोक और गीतों के आरंभ करने का फल—

| वर्ग | देवता | फल |
|---|---|---|
| अ | सोम | आयुर्वृद्धि |
| क | अङ्गारक | कीर्ति |
| च | बुध | धन-प्राप्ति |
| ट | गुरु | सौभाग्य |
| त | शुक्र | कीर्ति |
| प | शनैश्चर | मन्दता |
| य | सूर्य | मृत्यु |
| श | राहु | शून्यता |

इनके साथ कुछ विशेष फल भी हैं। न, ह और म ध न, कीर्ति और सर्वस्व नाश करते हैं। उद्ग्राह में दकार, अन्तरा में भकार, आभोग में वकार—ये तीन लक्ष्मीप्रद हैं।

जैसे अक्षरों के गण आठ प्रकार के हैं, वैसे मात्रा के गण भी पाँच प्रकार के हैं जैसे—छगण (छः मात्रावाला), पगण (पाँच मात्रावाला), चगण (चार मात्रावाला), तगण (तीन मात्रावाला) और दगण (दो मात्रावाला)।

**प्रबन्धों के भेद**

सूड, आलि और विप्रकीर्ण—ये तीन प्रबन्ध के भेद हैं। सूड में दो भेद हैं, शुद्ध सूड और सालगसूड।

शुद्ध सूड के आठ भेद हैं। एला, करण, ढेंकी, वर्तनी, झोंबड़, लंब, रास, एकताली।

सालगसूड में ध्रुव, मठ्य, प्रतिमठ्य, निस्सारुक, अड्ड, रास, एकताली—ये सात भेद हैं।

आली प्रबन्ध में २५ भेद हैं। उनके नाम वर्ण, वर्णस्वर, गद्य, कैवाड, अंकचारिणी, कन्द, तुरङ्गलीला, द्विपदी, चक्रवाल, क्रौंचपद, स्वरार्थ, ध्वनिकुट्टनी, आर्या, धाता, द्विपद, कलहंस, तोटक, घट, वृत्त, मातृका, नन्द्यावर्त, रागकदम्बक, पञ्चतालेश्वर और तालार्णव हैं। प्रकीर्ण प्रबन्धों में ३६ भेद हैं। उनके नाम श्रीरङ्ग, श्रीविलास, त्रिपादी, चतुष्पदी, षट्पदी, वस्तु, विजय, त्रिपत, चतुर्मुख, सिंहलील, हंसलील, दण्डक, झम्पट, कन्दुक, त्रिभङ्गी, हरविलास, सुदर्शन, स्वरांक, श्रीवर्द्धन, हर्षवर्द्धन, वदन, चञ्चरी, चर्या, पद्धडी, राहडी, वीरश्रिय, मंगलाचर, धवल, मंगल, ओवि, लोलि, डोल्लरि, दन्ती हैं।

सब मिलाकर प्रबन्धों की संख्या ७५ है। हरएक प्रबन्ध के अनेक भेद हैं। जैसे—

**शुद्ध सूड प्रबन्ध**—एला = ३६५, करण = २७, ढेंकि = ३०, वर्तनि = ४, झोंबडा = ३५१०, लंबक = १, रास = ७७, और एक ताली = १।

**सालग सूड प्रबन्ध**—ध्रुव = १६, मण्ठ = ६, प्रतिमण्ठ = ४, निस्सारुकम् = ६, अड्ड = ६, रासताल = ४, एकताली = ३।

**आली प्रबन्ध**—वर्ण = १, वर्णस्वर = ४, गद्य = ३६, कैवाड = २, अङ्गचारिणी = ६, कन्द = २९, तुरङ्गलीला = ५, गजलीला = १, द्विपदी = ८, चक्रवाल = २, क्रौंचपद = १, स्वरार्थ = ८, ध्वनि कुट्टिनी = ३०, आर्या = २६, धाता = १, द्विपद = ९, कलहंस = २, तोटक = १, घट = १, वृत्त = १, मातृक = ३, रागकदम्बक = २, पञ्चतालेश्वर = २, तालार्णव = २।

**विप्रकीर्ण प्रबन्ध**—श्रीरङ्ग = २, श्रीविलास = ५, त्रिपदी = १, चतुष्पदी = १, षट्पदी = १, वस्तु = १, विजय = १, त्रिपत = १, चतुर्मुख = १, सिंहलील =

१, हंसलील = १, दण्डक = १, झम्पट = १, कन्दुक = १, त्रिभङ्गी = ५, हरविलास = १, सुदर्शन = १, स्वरांक = १, श्रीवर्द्धन = १, हर्षवर्द्धन = १, वदन = १, चच्चरि = १, चर्या = ४, पद्धडी = १, राहडी = १, वीरश्रिय = १, मंगलाचार = १, धवल = ३, मंगल = १, ओवि = १, लोलि = १, डोल्लरि = १, दन्ति = १।

**अन्य प्रसिद्ध प्रबन्ध**—वीरश्रृङ्गार = १, चतुरङ्ग = १, शरभलीला = १, सूर्यप्रकाश = १, चन्द्रप्रकाश = १, रणरङ्ग = १, नन्दन = १, नवरत्न प्रबन्ध = १।

प्रबन्धों का विभाजन, प्रबन्धों की प्रत्येक पांच जातियों से—अर्थात्, मेदिनी, आनंदिनी इत्यादि से युक्त तथा कई दूसरी जातियों से अप्रधानतया मिश्रण करके किया गया है। वह विभाजन यों हुआ है।

**पहली मेदिनी जाति से युक्त प्रबन्ध—७**

१. श्रीरंग, २. श्रीविलास, ३. पंचभंगी, ४. पंचानन, ५. उमातिलक, ६. करण, ७. सिंहलीलक ॥१॥

**दूसरी आनंदिनी जाति से युक्त प्रबन्ध—१०**

१. पंचतालेश्वर, २. वर्णस्वर, ३. वस्त्वविधान या वस्तु, ४. विजय, ५. त्रिपदा, ६. हरविलास, ७. चतुर्मुख, ८. पद्धडि, ९. श्रीवर्धन, १०. हर्षवर्धन ॥२॥

**तीसरी दीपनी जाति से युक्त प्रबन्ध—५**

१. सुदर्शन, २. स्वरांक, ३. त्रिभंगी, ४. कुन्तक, ५. वदन ॥३॥

**चौथी भाविनी जाति से युक्त प्रबन्ध—१६**

१. वर्ण, २. गद्य, ३. कंद, ४. कैवाड, ५. अंकचारिणी, ६. वर्तनी, ७. आर्या, ८. गाधा, ९. क्रौंचपद, १०. कलहंस, ११. तोटक, १२. हंसलील, १३. चतुष्पदी, १४. वीरश्री, १५. मंगलाचार, १६. दंडक ॥४॥

**पाँचवीं तारावली जाति से युक्त प्रबन्ध—२२**

१. एला, २. ढेंकी, ३. झोंपट, ४. लंभ, ५. रास, ६. एकतालिक, ७. चक्रवाक, ८. स्वरार्ध, ९. मातृका, १०. ध्वनिकुट्टनी, ११. त्रिपदी, १२. षट्पदी, १३. झोंपट, १४. चच्चरी, १५. चर्या, १६. राहटी, १७. धवल, १८. मंगल, १९. ओवी, २०. लोली, २१. डोल्लरी, २२. दन्ती ॥५॥

पहले कहे हुए मार्ग के अनुसार दो-दो जातियों से युक्त प्रबन्धों का भी नीचे लिखे अनुसार विभाजन कर सकते हैं। जैसे—

**तारावली व दीपनी जातियों से युक्त प्रबन्ध—२**

(१) हयलीला और (२) गजलीला ।

**भाविनी व तारावली से युक्त प्रबन्ध—३**

(१) द्विपदी, (२) द्विपदक और (३) व्रत ।

**दीपनी व भाविनी से युक्त प्रबन्ध —१**

१. घट

कुल मिलकर दोनों जातियों से युक्त प्रबन्ध छ: हुए । ऐसे ही पांचों जातियों से युक्त दो प्रबन्ध हैं । जैसे—तालार्णव व रागकदम्ब, अब क्रम से उनका लक्षण कहा जाता है ।

## प्रबन्धलक्षण

### १. श्रीरंग

इस प्रबन्ध की चार खण्डिकाएँ हैं । हरएक खण्ड के लिए एक-एक राग एवं ताल की आवश्यकता है । प्रत्येक खण्ड के अन्त में पदों का प्रयोग करना चाहिए । इसके अलावा स्वर इत्यादि पंचांग के प्रयोग में कोई नियम नहीं; इच्छा हो तो प्रयोग करेंगे । इन चारों खण्डों के पहले आधे भाग को उद्ग्राह कहते हैं । पिछले आधे भाग को ध्रुव कहते हैं । इसमें आलाप व आभोग नहीं होते । आभोग के न होने पर भी चौथी खण्डिका के अंत में, गायक तथा उद्दिष्ट नायक और प्रबन्धों के नाम का अंकन करना है । इसलिए यह द्विधातु प्रबन्ध, ताल आदि के नियमों के बिना रचे जाने के कारण अनिर्युक्त प्रबन्ध है ।

### २. श्रीविलासप्रबन्ध

इसमें पाँच खण्डिकाएँ हैं । प्रत्येक खण्ड के लिए राग व ताल अनिवार्य हैं । खण्डिकाओं के अंत में स्वरों का प्रयोग आवश्यक है । बाकी पाँच अंगों के प्रयोग इच्छानुसृत हैं । बाकी सब लक्षण श्रीरंग की भाँति हैं ।

### ३. पंचभंगिप्रबन्ध

इसकी दो ही खण्डिकाएँ हैं । प्रत्येक के लिए अलग-अलग राग एवं ताल होते हैं । प्रत्येक खण्ड के अंत में 'तेनक' का प्रयोग करना चाहिए । बाकी लक्षण श्रीरंग जैसे हैं ।

### ४. पंचाननप्रबन्ध

पंचभंगी के समान इसमें भी दो खण्डिकाएँ हैं। एक मात्र विशेषता यह है कि प्रत्येक खण्ड के अंत में तेनक के बदले पदों का प्रयोग होना है। अवशिष्ट विशेषताएँ पंचभङ्गी जैसी हैं।

### ५. उमातिलक

इसकी तीन खण्डिकाएँ हैं। राग-ताल प्रत्येक के लिए आवश्यक हैं। खण्डों के अंत में बिरुद की योजना करनी चाहिए। अवशिष्ट बातें श्रीरङ्ग के समान हैं।

### ६. करण-लक्षण

इष्टस्वर में प्रबन्ध का आरम्भ करके अंशस्वरों से मुक्त होकर रास-ताल तथा द्रुत-लय का संयोजन करना ही करण का लक्षण है। वे करण आठ प्रकार के होते हैं—(१) स्वरादि, (२) पाटपूर्वक, (३) प्रबन्धादि, (४) पदादि, (५) तेनादि, (६) बिरुदादि, (७) चित्र, (८) मिश्र।

#### १—स्वरादिकरण

जहाँ उद्ग्राह और ध्रुव मंद्रस्वर में होकर गवैया, नेता, प्रबन्ध—इन तीनों के नाम से अंकित पदों का आभोग भी पाया जाता है वहाँ स्वरादि करण समझना चाहिए।

#### २—पाट (पूर्वक) करण

हस्त या हाथ के पाटों अर्थात् घातों से युक्त स्वरों से संबद्ध करण हो तो उसे पाटकरण जानना चाहिए। वह पाटकरण भी दो प्रकार के होते हैं—क्रमपाटकरण और व्यत्यासपाटकरण। पहले स्वर और पीछे हस्तपाट हो, तो उसे क्रमपाटकरण कहते हैं। पहले हस्तपाट और पीछे स्वर हो तो उसे व्यत्यासपाटकरण कहते हैं। यह विभाजन मतङ्ग एवं भरत जैसे आचार्यों को भी संमत है।

#### ३—प्रबन्धकरण

स्वरों से उद्ग्राह और मुरज याने मृदंग के पाटों से ध्रुव की रचना हो तो उसे प्रबन्ध या बद्धकरण जानना चाहिए।

#### ४—पदादिकरण

उद्ग्राह और ध्रुव, क्रम से स्वरों या पदों से रचित होते हैं, तो पदादिकरण होता है।

### ५—तेनकरण

जिस प्रबन्ध के उद्ग्राह स्वरों से और ध्रुव तेनकों से बनाये हुए हैं उसे तेनकरण कहते हैं।

### ६—बिरुदादिकरण

जिस प्रबन्ध के उद्ग्राह और ध्रुव, क्रमशः स्वरों और बिरुदों से निर्मित होते हैं उसे बिरुदकरण जानना चाहिए।

### ७—चित्रकरण

जिस प्रबन्ध के उद्ग्राह, स्वर और हस्तपाट दोनों से तथा ध्रुव मुरज के पाटों एवं पदों से रचित होते हैं, तो उसे चित्रकरण जानना चाहिए।

### ८—मिश्रकरण

स्वर, पाट और तेनक, इन तीनों के उद्ग्राह तथा ध्रुव की रचना जिस प्रबन्ध में पायी जाती है वही मिश्रकरण है। तिल एवं चावल के मिश्रण की भाँति जहाँ की संसृष्टि भली-भाँति प्रतीत होती है वहाँ चित्रकरण और दूध एवं पानी के मिलन की भाँति जहाँ का संकर, स्वरूपनाश के कारण, स्पष्ट नहीं देख पड़ता वहाँ मिश्रकरण होता है। "रास-ताल" नामक ताल नियम के कारण यह निर्युक्त-प्रबन्ध है। एक-लघु का आदिताल ही रासताल है। मेलापक के अभाव के कारण यह त्रिधातु है।

### ७. सिंहलील

स्वर, पाट, बिरुद और तेनक—ये चार करण इस प्रबन्ध में प्रयुक्त होते हैं। सिंह-लील नामक ताल से युक्त होने के कारण इसका नाम सिंहलील है। सिंहलील ताल में ١००० । होते हैं। स्वर और पाट दोनों से उद्ग्राह, विरुदों तथा तेनकों से ध्रुव और पदों से आभोग निर्मित रहते हैं। इसीलिए यह त्रिधातु-प्रबन्ध है। ताल के नियम से युक्त होने के कारण निर्युक्त है। स्वरादि अंगों से रचित होने के कारण यह मेदिनी-जाति का है।

दूसरी आनंदिनी आदि जातियाँ भिन्न-भिन्न प्रदेशों में प्रसिद्ध हैं। तो भी निश्शंक श्रीशार्ङ्गदेव के 'संगीत रत्नाकर' में श्रीवर्धन-प्रबन्ध का उल्लेख है। तंजौर के महाराष्ट्र राजा तुलजा के आचार्य "व्यासपाचार्यजी" ने, "जय कर्णाटधारा" के पदों से आरम्भ होनेवाले एक श्रीवर्धन प्रबन्ध की रचना की है।

विरुद, पाट, पद, और स्वर इन चारों से युक्त इस श्रीवर्धन-प्रबन्ध का उदाहरण—

### नाटराग

मामा पामा पाससनिनिपपनिपपनिपम गममापाप ससनिमा पासससपससरी-ससससा ससमममपामममम मरिससा मसममरिसनिसा ममारिसारिसानिसा पम-पससानिपनिपम गाममा पासा।

पीछे मध्यमान में सस्स सस्स ससमगमपससा सससपपपममपपमरि सससस-सासपममपम ० ० डली इकअरअ ग ० ० ० डा आ त्तु २—द्रु ५ तोंगिण अंगिण ध ३ द्रु ४ द्रि ३ तों २ तो ओं गिणणंणंगिणमप।

फिर विलंबमान में—पा पाससस सा सा वुशी पनि पससा सा वुशि० मा मापामा प नीपपमपाप्पममामा रिसानि पामपससा; बिरुद और पाट से, सरीसरिसममरिस-निसा मा मा मा पा पा सा सा सपा पमममारिसा रिसानीसासमापा।

इसके द्विगुणमान में ससरि सससससनिपपनिमम मगमपमपसनिपममरिस मगम-पप्पमपनिप्पपससा मपपममरिरिससनिप रिविबे ससानिपाममारिसा पमापासनीसा रिसारीममरिससनिपमरिसरि मरेणे। ध्रुव।

आभोग—ममपपनिप मममपममममरि सममरिसममरिसपममप ससरिग-मपपनिपपमगम पपससप्पपसन्निपममरिसा।

विलंब में—पनिपपममापाममापाममममा मामारिसारि सानीस पनिपमप-सासासरिसा रिगामामारिसानिसा।

मध्यमान में—सससममपपसनिपममरिससरिस सनिपमरिस सममपपा।

इस प्रबन्ध में तीन धातु हैं; इसलिए यह त्रिधातु प्रबंध है। ताल के नियम नहीं, इसलिए अनिर्युक्त है। इसमें तेन्नक नहीं। आनंदिनी-जाति का है।

## आधुनिक प्रबन्ध

नवीन पद्धति में, प्रबन्ध के छः अंगों में से (स्वर, पाट, ताल, तेन, पद, बिरुद) प्रायः तीन अंगों में ही प्रबन्ध रचे जाने लगे। उनमें पद और बिरुद दोनों को ही मुख्यत्व दिया गया। स्वर, पाट, ताल, तेन—इनमें से एक ही अंग लिया जाता था।

### हिंदुस्थानी पद्धति के प्रबन्ध

इस तरह के ३ अंगों से, ध्रुवपद और अन्य प्रबन्ध, तानसेन के द्वारा रचे गये। पीछे, नये प्रबन्धों में, दो अंगों से रचे हुए प्रबन्ध ही अधिक हैं। उनके अंग हैं पद और बिरुद। इनके साथ स्वर से युक्त प्रबन्ध, पाट से युक्त प्रबन्ध, ताल से युक्त प्रबन्ध और तेन से युक्त प्रबन्धों का नाट्य में उपयोग करने के लिए अलग-अलग रचे गये। दोनों

अंगों से रचे हुए प्रबन्धों में ध्रुवपद, प्रबन्ध, वगैरह हैं। प्रबन्ध में स्वर ही एक अंग है। बाकी प्रबन्धों में, पद और बिरुद ही रहते हैं। आधुनिक प्रबन्धों में, प्रायः तीन अवयव हैं। हिंदुस्थानी पद्धति में इन तीनों के नाम स्थायी, अन्तरा और आभोग हैं। कर्नाटक पद्धति में इनके नाम क्रमशः—पल्लवी, अनुपल्लवी तथा चरण हैं। कभी-कभी दो ही अवयव रहते हैं।

## प्रचलित प्रबन्ध

### ध्रुवपद या ध्रुपद

हिंदुस्थानी पद्धति के प्रबन्धों में, ध्रुवपद श्रेष्ठ साहित्य माना जाता है। यह प्रबन्ध ध्रुपद नाम से प्रचार में है। यह प्रबन्ध प्रायः ब्रजभाषा या हिंदी में है। मराठी भाषा में भी कई ध्रुवपद हैं। यह शुद्ध राग-रागिनी में रचे गये हैं। तालों में चौताल, त्रिवट, धमार और कभी-कभी सूरफाक और झंपाताल प्रयुक्त किये गये हैं। इस प्रबन्ध के प्रायः तीन अवयव हैं। वे स्थायी, अंतरा और आभोग हैं। कुछ लोगों ने दो ही अवयवों से रचनाएँ की हैं। पद और बिरुद अनिवार्य अंग माने जाते थे। कहीं-कहीं पाट या स्वर का भी तीसरे अंग से प्रयोग किया है।

ध्रुपद, ध्रुवपद का बिगड़ा हुआ रूप है। ध्रुवपद प्राचीन काल से प्रत्येक नाटक का गीतांग होकर प्रधान हुआ था। भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र के ३२ वें अध्याय में ध्रुवपदों की विस्तृत रूपरेखा खींची थी। नाटकों के आदि, मध्य और अंत में ध्रुपदों का गाना प्रचार में था। उन पदों में, पात्र, संदर्भ तथा कभी-कभी देवताओं का वर्णन भी हुआ करता है। गाते समय, अभिनय के साथ गान। उन पदों की एक अलग विशेषता है। जब ध्रुवगान में, पात्रों का गुणवर्णन किया जाता है, तब वह पात्र अपने वर्णित गुणों के अनुसार चेष्टा और अभिनय करता है। उसके साथ नर्तन को भी जोड़ दिया गया।

दक्षिण भारत में, तेलुगु भाषा में, ध्रुवपद 'दरु' नाम से प्रचलित हुए थे। विजय-नगर साम्राज्य के अधीन होने के बाद यानी १५०० ई० के बाद—तमिल देश में भी, तमिल नाटकों में वे पद अपने-अपने अभिनय और नर्तन के साथ प्रयोग में आने लगे। पर आजकल, 'दरु' का प्रयोग, उत्तर तथा दक्षिण भारत के नाटकों में क्रमशः कम होकर रुक गया। तथापि उत्तर के गायकों के संप्रदाय में ध्रुपद नाम से वह न केवल जीवित है, अपितु उच्चस्थान भी पा चुका है। इतने पर भी उन पदों को गाने में जो कठिनता होती है, उसके कारण उत्तर में भी उन पदों के गायकों की संख्या कम हो रही है।

दक्षिण भारत में, तो 'दरु' के गान ने गायकों के संप्रदाय में स्थान नहीं पाया,

लेकिन, अब भी, प्राचीन संप्रदाय के नाटकों में, जो विरल ही हुआ करते हैं, तथा नृत्यों में कुछ-कुछ प्रचलित हैं।

ध्रुपदों के विषय प्रायः भक्ति, ईश्वरस्तुति, राजाओं की प्रशंसा, मंगल उत्सवों का वर्णन, धर्मतत्व, पुराणविषय, मतसिद्धान्त और संगीतशास्त्रों की श्रुतिस्वर, ग्राम मूर्च्छना आदि के लक्षण वर्णन इत्यादि हैं। श्रृंगार आदि नव रसों में इनकी रचना हुई है।

ध्रुपद गाते समय, रागालाप, रूपकालाप, अलंकार, स्वर, करण बोलतान इनका भी उपयोग करना प्रचलित है। कंप, आंदोलित आदि बहुविध गमकों के प्रयोग भी किये जाते हैं।

ध्रुपद गाने का नियम यह है कि पहले रागालाप बहुविध गमक अलंकारों के साथ विस्तार से करके, तत्पश्चात् ही ध्रुवपदों के पदों का उच्चारण करना चाहिए। ध्रुवपद में अंश, ग्रह, न्यास तथा अपन्यास स्वरों को उनके उचित स्थान में रखकर शास्त्रोक्त रीति से रचना किये जाने के कारण उन्हें बहुत ध्यान देकर, कुछ भी अदल-बदल के बिना, गाना चाहिए। इन कारणों से ही जो विद्वान् ध्रुवपद गा सकते हैं वे ऊँचे दर्जे के कलावंत माने जाते हैं। ध्रुवपदों की रचना में गोपालनायक, नायक बैजू, राजा मानसिंह, तानसेन, चिंतामणि—ये ही सिद्धहस्त थे।

गवैयों के संप्रदाय में ध्रुपद का स्थान, ग्वालियर नरेश राजा मानसिंहजी (१४-८६–१५१६ ई०) से सुप्रतिष्ठित हुआ।

## नवीन ध्रुपद का प्रचार

नाटक के संबन्ध के बिना मौलिक रूप में, प्रभु तथा इष्टदेवताओं की प्रशंसा करने के लिए ध्रुवपदों की रचना आरंभ हुई। प्राचीन संप्रदाय के, तेलुगु तथा तमिल में रचे हुए 'दरु' कहीं-कहीं प्रचार में हैं।

**ख्याल**

ध्रुपद की तरह ख्याल भी एक विस्तारपूर्ण साहित्य है। पर ख्याल भावप्रधान है। विस्तार करने योग्य मुख्य रागों में ही ख्यालों की रचना की गयी है। ताल में भी पूर्ण अवधान दिया जाता है। ख्याल को गाते समय भाव के विस्तार करने के लिए स्थायभंजनी, रूपकभंजनी, प्रतिग्रहणिका—इन रूपकालाप के भेदों का अधिक प्रयोग किया जाता है। ख्याल का विषय विप्रलंभश्रृंगार है। ख्याल में नायक-नायिकाओं के भेद, उनके गुण ये सब वर्णित किये जाते हैं। ध्रुपद से कुछ समय बाद यह रचना उत्पन्न हुई है। ध्रुपद केवल भारतीय रचना है; पर ख्याल भारतीय-फारसी मिश्रित

रचना है। कहा जाता है कि इस ख्याल का श्रीगणेश जौनपुर के सुलतान हुसेन शर्क़ी (१५ वीं सदी) के समय में हुआ था।

ख्याल में, अस्थायी अंतरे के दो अवयव और पद बिरुद ये दोनों अंग ही रहते हैं। प्रायः विलंबित लय में त्रिताल में रचे जाते हैं। ध्रुपद की तरह, ग्रह, अंश, न्यास, वादी-संवादियों का स्थाननियम ख्याल में नहीं है। केवल रंजन ही मुख्य है। ख्यालों के प्रमुख रचयिता सदारंग एवं अदारंग हैं। आजकल, हिंदुस्थानी संगीत में ख्याल का मुख्य स्थान है।

### होरी

शृंगार रसप्रधान और एक प्रबन्ध है, होरी। इसका विषय है राधाकृष्णलीला। ख्याल की तरह मुख्य रागों में ही रची गयी है। होरी में, स्थायी व अंतरा के दो ही अवयव और "पद" एक ही अंग है। ताल का मुख्यत्व है। होरी का ताल, प्रायः, "धमार" है। कभी झूमरा (१४ मात्रा) या दीपचंदी ताल भी प्रयोग किया जाता है। ख्याल के समान होरी भी मुख्य प्रबन्ध माना जाता है। होरी, कभी-कभी ताल के नाम "धमार" से पुकारी जाती है।

### टप्पा

शृंगाररस प्रधान साहित्य है। संकीर्ण राग में रचा गया है। विलंबित, तिवट या धीमा, तिवडा, तिलवाडा और झूमरा वगैरह तालों में होता है। इसमें स्थायी और अंतरा दो अवयव हैं। पद और बिरुद दो ही अंग हैं। स्फुरित, आहति, प्रत्याहति—इन गमकों से युक्त खटका, मुर्की, प्रयोग बहुत हैं। शोरी मियाँ ही टप्पे के प्रमुख रचयिता हैं। कहा जाता है कि टप्पे की उत्पत्ति पंजाब में हुई और ऊँट पालनेवाले ही उसको गाते थे। उसकी भाषा पंजाबी या पंजाबी मिश्रित हिंदी है। टप्पे का मुख्य विषय है हीर व रांझा का प्रणय।

### ठुमरी, दादरा, ग़ज़ल

नर्तन के अनुकूल शृंगाररस प्रधान चीज हैं। त्रिवट और एकताल में रची गयी हैं। यह आम जनता को बहुत प्रिय हैं।

त्र्यश्रजाति के विलंबित लय में, एकताल में या दादरा नामक छः मात्राओं के ठेके से युक्त ताल में रची हुई चीज़ का मुख्य नाम है दादरा।

त्र्यश्रजाति में ग़ज़ल नामक पांच मात्राओं के ठेके से युक्त रूपक ताल में रची हुई चीज़ का नाम ग़ज़ल है।

### बैत, रूबाई, रेखता, कजरी, रसिया, लेज

ये सब फ़ारसी या उर्दू में, चतुरश्र जाति में बनायी गयी हैं। पिछली तीनों चीजें एकलाताल में रची हुई हैं। ये तीनों, नीचे दर्जे के नर्तन में प्रयोग करने लायक हैं। ये चीजें पीलू, खमाच, झिंझोटी, काफ़ी वगैरह रागों में रची जाती हैं। इनमें कुछ चीजों के संचार को राग नाम देना युक्त नहीं है। अनिश्चित और अनियमित स्वरूप होने के कारण उनका धुन कहा जाना ही उपयुक्त है।

### भजन

ये चीजें भक्तिरस प्रधान हैं। संतों के द्वारा रचित हैं। ईश्वरस्तुति रूप में हैं। उत्तर हिन्दुस्थान की ब्रजभाषा, राजस्थानी और गुजराती में मीराबाई के भजन प्रसिद्ध हैं। पंजाब में नानक पंथ के भजन प्रसिद्ध हैं। बंगाल में, गौडीय संप्रदाय के भजन भी प्रसिद्ध हैं। इन भजनों में करुणरस ही प्रधान है। राग, ताल, करुणरस, ईश्वर की प्रार्थना, नम्रभाव आदि इनके अनुकूल रहते हैं। भजन में, पद और बिरुद ये दोनों अंग हैं।

### प्रबन्ध

ईश्वर और राजाओं के स्तोत्रों के रूप में, संस्कृत भाषा में रची हुई चीजें हैं। शांत, वीर, अद्भुत तथा भक्तिरस प्रधान हैं। प्रायः मुख्य रागों में ही हैं। तेवरा और झंपा ताल में हैं। इस कारण इन प्रबन्धों को झंपा प्रबंध भी कहते हैं। इन प्रबन्धों में ध्रुव, अंतर और आभोग—ये तीन अवयव हैं। पद और बिरुद दो अंग हैं। कुछ प्रबन्धों में स्वर तथा पाट भी हैं। इन प्रबन्धों को संस्कृत कविता प्रबन्ध कहते हैं।

### गद्य

संस्कृत भाषा प्रबन्ध है। ईश्वरस्तोत्र रूप में या सामान्य वर्णन के रूप में हैं। ताल का निबन्ध नहीं। इनमें ध्रुव और आभोग ये दो अंग हैं। अंग दो हैं; पर उनमें एक तो पद हैं; और दूसरा स्वर या पाट। इनमें अनुप्रास आदि शब्दालंकार का विशेष है।

### अष्टपदी

प्रसिद्ध भक्तकवि जयदेव के गीतगोविंद और उनके अनुकर्ता दूसरे कवियों के द्वारा रचित प्रबन्ध है। इनमें ध्रुव और आभोग के दो अवयव हैं। पद और बिरुद दो अंग हैं। उनके राग और ताल भावों के अनुकूल रहते हैं। जयदेव की अष्टपदी में हरएक पद का राग और ताल कवि के द्वारा ही निश्चित किये गये हैं। परंतु

बहुत-से पंडितंमन्य लोग दूसरे राग और तालों में गाकर इसके रस और भावों का भंग करते हैं।

### तिल्लाना या तराना

स्वर, ताल और वाद्य शब्दाक्षर इन तीनों से बनाये हुए प्रबन्ध हैं। स्थायी और अंतरा दो अवयव हैं। गाने और नाचने में बहुत प्रयोग किये जाते हैं। परंतु मनोहरतम चीज है।

### पद[1]

इन प्रबन्धों में पद ही मुख्य अंग है। इनमें दो ही अंग हैं पद और बिरुद या ध्रुव और आभोग। ये मराठी, कन्नडी और हिंदी भाषा में हैं। हिंदी भाषा में तुलसीदास, सूरदास, नानक, चैतन्य कबीर इत्यादि साधुओं और कवियों ने तथा कनडी भाषा में पुरंदरदास वगैरह दासरू कवियों ने, मराठी भाषा में केशवस्वामी, रंगनाथस्वामी, उद्धवचिद्घन, प्रेमाबाई, अमृतराव आदि ने बनाये हैं।

### द्विपदी, चतुष्पदी, षट्पदी

इन्हें हिंदी भाषा में क्रमशः दोहा, चौपाई, छप्पय कहते हैं। दोहे में पद एवं बिरुद दो अंग हैं। दो चरण हैं। इसका विषय सामान्यनीति और दृष्टान्त है। इनके प्रवर्तक तुलसीदास और कबीर वगैरह साधु कवि हैं। चौपाई व छप्पय में चार और छः चरण हैं। पद और बिरुद दो अंग हैं। इनका विषय राजाओं का पराक्रम वर्णन है। पृथ्वीराज के दर्बारी कवि चंदबर्दाई चौपाई और छप्पय शैली में प्रसिद्ध हैं। ये वीररस प्रधान हैं। उनमें राग और ताल का नियम है।

### लावणी, पोवाडा, कटाव, फटका

ये प्रबन्ध शुद्ध मराठी में हैं। इनमें ध्रुव और आभोग ये दो ही अवयव हैं। पद और बिरुद ये दो ही अंग हैं। मिश्रित रागों में त्रिवट, रूपक और एक्काताल में हैं। लावणी शृंगाररस विषयक और वेदांतपरक है। पोवाडा, वीर, रौद्र, अद्भुत और करुणरस प्रधान है। इसमें आभोग का छौक नाम है। कटाव विविध संदर्भों में वर्णन करते हैं। इसमें अनुप्रास एवं यमक की प्रचुरता है। फटका, संसार में विरक्ति पैदा करके सन्मार्ग का अवलंबन करने के लिए प्रेरित करनेवाला है।

**१. ये साहित्य-पद सरस्वती महल पुस्तकालय में बहुत हैं।**

**भूपाली, आरती, पालना**

ये तीनों प्रबन्ध इष्टदेवता की पूजा में उपयोग करने के लिए हैं। भूपाली देवता को जगाने का स्तोत्र है। 'आरती' नीराजन का साहित्य है। इसमें अवतार लीलाएँ वर्णित रहती हैं। पालना (हिंदोला) शयन कराने का साहित्य है। भूपाली प्रातः-काल के रागों में—अर्थात् भूप, विभास, भैरव, रामकली इत्यादि रागों में—गाते हैं। पालना, सारङ्ग, आरभी इत्यादि रागों में मध्याह्नकाल में गाते हैं। आरती मिश्र रागों में गाते हैं। इनके ताल रूपक और त्रिपुट हैं। ये साहित्य मराठी, गुजराती और हिंदी में हैं। इन साहित्यों में ध्रुव और आभोग के दो अवयव तथा पद और बिरुद दो ही अंग हैं।

**अभंग, ओवी, आर्या, साकी, दिण्डी, घनाक्षरी, अंजनीगीत**

ये साहित्य मराठी भाषा में रचे गये हैं। इनमें एक ही अंग पद है। इनमें राग और ताल के नियम नहीं। तुकाराम का अभंग, ज्ञानेश्वर की ओवी, मोरोपंत की आर्या, रघुनाथपंडित की दिण्डी—ये प्रसिद्ध हैं। घनाक्षरी और अंजनीगीत मोरोपंत के साहित्य वृत्तांत के वर्णन रूप में हैं।

## कर्नाटक पद्धति में प्रचलित प्रबन्ध

**कीर्तना या कृति**

ये प्रबन्ध, कर्नाटकी, तेलुगु, तमिल भाषा और संस्कृत भाषाओं में रचित हैं। प्रायः इष्टदेवता का गुणवर्णन या इष्टदेवता की प्रार्थना ये ही इनके विषय रहते हैं। इनमें ध्रुवा, अंतरा और आभोग ये तीन अवयव हैं, परंतु इनके नाम में परिवर्तन हुआ है। ध्रुवा का नाम पल्लवी है। अंतरा का नाम अनुपल्लवी है। आभोग का नाम चरण है। इनमें कुछ कीर्तना अनुपल्लवी रहित रहते हैं। ये सब कर्नाटक रागों में हैं। पद बिरुद दो ही अंग हैं। ये कीर्तन पुरंदरदास के पदों के अनुसार हैं।

पल्लवी, अनुपल्लवी, चरणं के संप्रदाय के प्रवर्तक पुरंदरदास, भद्राचलं रामदास, ताल्लपाक्कं, चिन्नमार्युल्ल, सहोदरुल हैं। प्रचलित कीर्तनों के रचयिता श्रीत्यागय्या, श्रीमुत्तुस्वामि दीक्षितार, श्रीश्यामाशास्त्री, स्वातितिरुनाल महाराज, पट्टणं सुब्रह्मण्य अय्यर, सदाशिवं ब्रह्मं, गोपालकृष्ण भारती, सुब्बराम दीक्षितार, पापनाशं शिवन्, पोन्नय्या, पल्लवि गोपालय्यर, सदाशिव राव, मैसूर वापुदेवाच्चार, मुत्तय्या भागवतार, मीसु कृष्णय्यर, पूच्छि श्रीनिवास आय्यंगार, लक्ष्मण पिल्लै, कोटीश्वर अय्यर इत्यादि हैं।

इनमें से पहले के—त्यागय्या, श्यामाशास्त्री और मुत्तुस्वामि दीक्षितार—इन तीनों को संगीत की त्रिमूर्ति कहते हैं। कीर्तन में दो पद्धतियाँ हैं। एक में "चरण", पिछली आधी अनुपल्लवी की धातु में ही रहते हैं। दूसरी पद्धति में इस तरह नहीं रहते। त्यागय्या और श्यामाशास्त्री ने पहले की पद्धति का अनुसरण किया है। दीक्षितार ने दूसरी पद्धति का अनुसरण किया है। दीक्षितार की कृतियाँ संस्कृत भाषा में हैं। त्यागय्या और श्यामाशास्त्री की कृतियाँ तेलुगु में हैं।

कई कीर्तनों में तीसरा अंग स्वर भी जोड़ा गया है। इसे चिट्टास्वर कहते हैं। अनुपल्लवी तथा चरणं के बाद इसे गाते हैं। कई कीर्तनों में चिट्टास्वर को अनुपल्लवी के बाद गाकर चरण के बाद चिट्टास्वर के अनुसार पदसाहित्य रूप में गाते हैं। श्यामाशास्त्री की कृतियों की यह एक विशेषता है। श्रीत्यागय्या के कीर्तनों में, पंचरत्न-कीर्तन नामक कीर्तनाएँ विशेष रचनाओं का एक गुच्छा है। इसमें पल्लवी तथा अनुपल्लवी गाने के बाद चरण में चिट्टास्वर के अनुरूप रचित मातु को भी गाकर पल्लवी या चरण के पहले भाग का ग्रहण करना अर्थात् मुक्तायि करना होता है।

प्राय: कीर्तनों को गाते समय पहले गवैये लोग, प्राय: उस कीर्तन के राग का आलाप करके फिर कीर्तन आरम्भ करते हैं। रूपक तथा आलाप के दोनों भेदों का भी प्रयोग करते हैं। प्रतिग्रहणिका स्वराक्षर के रूप में गाते हैं। इसका अन्त पल्लवी या चरण में करते हैं।

### १. गीतम्

यह प्रबन्ध सालगसूड प्रबन्ध के अनुसार उसके राग और तालों में ही रचा गया है। आजकल के प्रचलित गीतों में उद्ग्राह, ध्रुवा, आभोग—ये तीनों अवयव हैं। इनमें स्वर, पद और बिरुद ये तीनों अंग हैं। स्वर रूप धातु के अनुसार सब धातुओं की रचना है। गीतों को प्रारंभिक शिक्षा में रागों से परिचय कराने के लिए सिखाते हैं। प्राचीन गीतों में पुरंदरदास और वेंकट मखी दोनों के गीत ही प्रचार में हैं। इनका अनुसरण करके समीपकाल में गीतों की रचना हुई है।

### २. वर्ण

यह प्रबन्ध ३०० वर्ष पहले उत्पन्न रचना है। प्रत्येक राग के योग्य आरोही, अवरोही, संचारी, स्थायी इन चारों वर्णों में राग के प्रकाशन करने के लिए रचे जाने के कारण इस प्रबन्ध का नाम 'वर्ण' पड़ा। आजकल, रागस्वरूप को निर्धारित करने के लिए वर्ण एक मुख्य साधन है। इसमें उद्ग्राह और आभोग दो ही अवयव हैं। पद स्वर और बिरुद ये तीन अंग हैं। हरएक अवयव में पद, पद के बाद चिट्टास्वर, प्रति-

ग्रहणिका के रूप में रचे गये हैं। शिक्षा देते समय, पद के धातु को सिखाने के लिए उनको स्वररूप में पहले सिखाते हैं। इनके रचयिता वेंकट मखी, सुब्बराम दीक्षितार, वीणै कुप्पय्यर, कुलशेखर, पल्लवि गोपालय्यर, पट्टणं सुब्रह्मण्य अय्यर, गजपति राव, पूच्छि अय्यंगार, पोन्नय्या आदि है। वर्ण मुख्य रागों में ही रचे जाते हैं।

वर्णों में दो प्रकार हैं। एक का नाम तानवर्ण है। दूसरा है पदवर्ण। पहला भेद रागप्रधान है। वह केवल गाने के लिए है। पदवर्ण भाव ताल प्रधान है और नृत्य में उपयोग करने के लिए रचा गया है।

## ३. पद

पद ज्यादातर नीति, भक्ति और शृंगाररस प्रधान है। भाव ही इसके प्राण हैं। इसी कारण से रसभाव-प्रकाशक राग के संचारों को पदों से ही जान सकते हैं। इसमें भी पल्लवी, अनुपल्लवी और चरणं ये तीन अवयव हैं। चिट्टास्वर और जाति भी जोड़ते हैं। पद, तमिल, तेलुगु तथा कन्नड़ भाषाओं में रचे गये हैं। क्षेत्रज्ञर, सुब्बरामय्यर, मुत्तुताण्डवर, कविकुंजर भारती, शाहजी राजा (तंजौर के महाराष्ट्र राजा), चिन्नय्या, पोन्नय्या, आदि के द्वारा रचे हुए पद आज प्रचार में हैं। ये विशेषतया नृत्य में उपयुक्त किये जाते हैं। गाने में भी उपयोग होता है। मुख्य रागों में ही पद रचे जाते हैं।

## ४. जावलि

यह शृंगाररस प्रधान छोटा-सा प्रबन्ध है। इसकी गति मध्य और द्रुत है।

## ५. चिन्दु

यह मध्य और द्रुतगति के मिश्र रागों तथा आम जनता को पसंद आनेवाली रीति में, तमिल भाषा में रची जाती है। इसमें कई भेद हैं। कावडिचिन्दु, नोंडिचिन्दु, ईरडिचिन्दु, ओरडिचिन्दु, वलिनडैचिन्दु वगैरह हैं। कावडिचिन्दु रचना में सेन्निकुळं अण्णामलै रेड्डियार बहुत प्रसिद्ध हैं। दूसरी चिन्दुओं में सिरुमणऊर मुनुस्वामि प्रसिद्ध हैं। प्रायः शृंगाररस प्रधान और संभववर्णनात्मक भी हैं।

## ६. तिरुप्पुकळ्

अनेक तरह के तालों में, अनुप्रासयुक्त तमिल और संस्कृत पदों से रचित प्रबन्ध है। राग का नियम नहीं पर ताल का नियम है। हर एक चीज़ में ताल के रूप— "तन तन तनताना" के रूप—में दिये गये हैं। इस तरह की रचना के प्रवर्तक और

प्रमुख रचयिता "अरुणगिरिनाथ" हैं। उन्होंने स्कंद पर ही तिरुप्पुकळ की रचना की है। हर एक तिरुप्पुकळ के पहले भाग में शृंगार का वर्णन करके उसे छोड़कर इष्ट-देवता स्कंद की उपासना और स्तोत्र करने का मार्ग पिछले भाग में है। इन्हें अनुसरण करके दूसरी तिरुप्पुकळ भी रची गयी हैं।

**७. ओडम्**

यह नाव को खेने का अनुसरण करके पुन्नागवराळी जैसे रागों में गाया जाता है। ध्रुवा विलंबकाल में रहता है। आभोग का नाम है मुडुगु और द्रुत काल में रहता है।

**८. लाली ऊंजल**

यह झूला-गान है। लाली तालबद्ध है। ऊंजल अनिबद्ध है। लाली और ऊंजल, प्राय: नवरोज़, रीति-गौड़ तथा भैरवी में, क्रमशः गाये जाते हैं।

**९. तालाट्टु**

पालना गान है। नीलांबरी राग में ही प्राय: गाते हैं।

**१०. देवार**

तमिल देश की तमिल संगीत पद्धति का प्रबन्ध है। ये सातवीं या आठवीं शताब्दी की रचनाएँ हैं। इनके राग प्राचीन तमिल राग हैं। उनके नाम हैं फण् और तिरम्। इनके रचयिता ३ शैव आचार्य हैं। वे हैं ज्ञानसंबंधर अप्पर् या वागीशर् और सुंदरमूर्ति। प्रचलित देवारों में २४ राग या फण हैं। उन २४ फणों के नाम प्राय: मतंग, दत्तिल और शार्ङ्गदेव के ग्रंथों में पाये जानेवाले रागों के जैसे हैं। गाने की पद्धति अब भी प्रचार में है। शिवजी के मंदिरों में प्रतिदिन गाये जाते हैं।

**११. चार हजार दिव्यप्रबन्ध**

जैसे शैव-संप्रदाय को लेकर देवार रचे गये हैं वैसे ही प्राय: उसी काल में वैष्णव-संप्रदाय को लेकर दिव्यप्रबन्ध रचे गये हैं। उनके रचयिता १२ विष्णुभक्त हैं। उनके नाम आलवार हैं। शुरू में, ये चार हजार पाशुरं या छंद, देवार के जैसे प्राचीन तमिल रागों में—अर्थात् फणों में—रचे गये हैं। पर, बाद में, फण को भूल जाने के कारण वे देवगांधारी और आरभी मिश्रित रागों में गाये जाते हैं।

**१२. मंगलम्**

सभा के सामने या मेले में होनेवाले गान, नाच या नाटक के अंत में, शुभ प्रार्थना रूप में गाये जानेवाले गीत को मंगलं कहते हैं। यह चीज कीर्तना-रूप में है। तालबद्ध है। प्राय:, सुरटी व मध्यमादि रागों में रचे गये हैं।

**गीतों के गुण-दोष**

गीत-गुण—

१. श्लक्ष्ण—तीनों स्थानों में सुखभाव के साथ श्रमरहित संचार करना।

२. व्यक्त—स्पष्ट रूप में अक्षर और स्वरों का उच्चारण।

३. पूर्ण—गमक और अलंकारों का पूर्ण स्वरूप में गाना।

४. सुकुमार—कण्ठध्वनि में मृदुत्व।

५. अलंकृत—तीनों स्थानों में अलंकारों सहित गाना।

६. सम—वर्ण, लय और स्थान की समता होना।

७. सुरक्तम्—वीणा, वेणु आदि वाद्य शब्दों के साथ कण्ठ ध्वनि को लीन करना।

गीत-दोष

१. लोकदुष्ट—लौकिक संप्रदाय के विरुद्ध।

२. शास्त्रदुष्ट—संगीतशास्त्र के विरुद्ध।

३. श्रुतिविरोधी—आधार श्रुति और स्वरों की नियतश्रुति इनमें न्यूनता या अधिकता करना।

४. कालविरोधी—लयभ्रष्टता।

५. पुनरुक्त—एक ही स्थाय या पद का बार-बार प्रयोग करना।

६. कलाबाह्य—संगीत कला के नियमों का उल्लंघन करना।

७. गतत्रय—राग, भाव और ताल—इनमें किसी एक की हानि हो जाना।

८. अपार्थक—अर्थ या भाव से रहित गाना।

९. ग्राम्य—ग्राम्य या अनागरिक रीति की रचना या गाना।

१०. संदिग्ध—पद, स्वर या तालप्रयोग में संदेह या अनिश्चय।

*

*

## ग्यारहवाँ परिच्छेद

# वाद्याध्याय

वीणा आदि तन्त्री वाद्य, वेणु, काहल आदि सुषिर वाद्य, पटह, मुरज, मृदङ्ग, आदि अवनद्ध वाद्य, कांस्य, तालादि घनवाद्य हमारे देश में वैदिककाल से रहे हैं। वेदप्रोक्त यज्ञ करते समय वीणा-वादन के साथ सामवेद का गान विहित है। सामवेद के साथ बजाई जानेवाली वीणाओं के दस प्रकार रहते थे। उनके नाम ये हैं—

"आघाटी, पिच्छोला, कर्कटिका, अलाबु, वक्रा, कपिशीर्षणी, शीलवीणा, महा-वीणा, काण्डवीणा, बाण।" इनमें आघाटी लोह शलाका से बजायी जाती थी।

कर्कटिका दो तन्त्रियों की वीणा है।

अलाबु कद्दू से युक्त वीणा है।

वक्रा और कपिशीर्षणी नाम के अनुरूप हैं। अर्थात् वक्र वीणा वक्र है और कपि-शीर्षणी बन्दर के सिर के समान होती है।

'बाण' वीणा में १०० तन्त्रि थीं। औदुम्बर (अञ्जीर या गूलर) पेड़ की लकड़ी से बनायी जाती थी। लाल रंग की गाय के चर्म से मढ़ी होती थी। पीछे दस द्वार होते थे और हरएक द्वार के जरिये दस तन्त्रियों को बाँध देते थे। सौ तन्त्रियों को तीन भागों में बाँट देते थे। दर्भ और मूँज से इनका विभाजन करते थे। मध्य में ३४ तन्त्री, और तिरछी ३३ तन्त्रियों के दो समूह रहते थे। इस वाद्य को एक बारीक वक्र पलाश की शलाका से बजाते थे।

सामगायकों और उनकी स्त्रियों के द्वारा भी वीणा बजायी जाती थी। नारदीय शिक्षा में वेणु वाद्य स्वरों की तुलना सामगायकों के स्वरों से की गयी है।

'यस्सामगानां प्रथमः स वेणोर्मध्यमस्वरः'

यज्ञ में नर्तन भी विहित है। तैत्तिरीय ब्राह्मण के सप्तम (?) काण्ड में इसका उल्लेख है। नृत्य के उपयुक्त मृदङ्ग या पुष्कर वाद्य और कांस्य ताल भी रहे होंगे। इसलिए यह निश्चित होता है कि हमारे भारतवर्ष में विविध वाद्य—गीत और नृत्य के साधनरूप में रहकर—विकसित हुए हैं।

वाद्यों के बारे में लिखे हुए प्रथम ग्रन्थ के कर्ता नारद और स्वाति हैं। यह तथ्य भरतमुनि के द्वारा ही नाटचशास्त्र में स्पष्टतया बताया गया है। वाद्याध्याय के आरंभ में (अध्याय ३३ नाटचशास्त्र) भरतमुनि कहते हैं—

'मृदङ्ग पणवानाञ्च दर्दुरस्य तथैव च।
गान्धर्वञ्चैव वाद्यञ्च स्वातिना नारदेन च।
विस्तारगुणसम्पन्नमुक्तं लक्षणकर्मतः।
अनुवृत्या तदा स्वातेरातोद्यानां समासतः।
पौष्कराणां प्रवक्ष्यामि निर्वृत्ति सम्भवं तथा।'

(नाटचशास्त्र अध्याय ३३ श्लोक २–४)

'गान्धर्वमेतत् कथितं मया हि,
पूर्वं यदुक्तं त्विह नारदेन।
कुर्याद्य एवं मनुजः प्रयोगं,
सम्मानयोग्यः कुशलेषु गच्छेत्।'

(नाटचशास्त्र, अध्याय ३२, श्लोक ४७८)

इसका तात्पर्य यह कि "स्वाति और नारद ने मृदङ्ग, पणव, दर्दुर आदि अवनद्ध वाद्यों, तन्त्रीवाद्यों और अन्य वाद्यों के भी विस्तारपूर्वक सुस्पष्ट लक्षण और वादन-क्रम बताये हैं। उनका अनुसरण करके मैं भी पुष्कर (तीन मुख युक्त अवनद्ध वाद्य) आदि वाद्यों की उत्पत्ति, बनाने का क्रम और वादनक्रम बताऊँगा।"

'स्वातिनारदसंवाद' नामक एक ग्रन्थ अब भी खोज करें तो मिल सकता है। 'संगीत मकरन्द' नामक एक मुद्रित ग्रन्थ नारदोक्त कहा जाता है। पर इसमें बहुत से पश्चाद्वर्त्ती संप्रदाय भी जोड़ दिये गये हैं। उपलब्ध ग्रन्थों में नाटचशास्त्र ही वाद्यों पर भी प्रामाणिक आदि ग्रन्थ है। उसके ३३ वें अध्याय में पुष्कर, पणव, दर्दुर, मुरज, झल्लरी, पटह आदि के वादनक्रम उनमें बोलनेवाले अक्षर इत्यादि अवनद्ध वाद्यों के विवरण के रूप में विस्तारपूर्वक दिये गये हैं।

वाद्यों में चार भेद हैं। तत, सुषिर, अवनद्ध और घन। तन्त्री वाद्य को ही 'तत-वाद्य' कहते हैं। छिद्रों में फूँक मारने से ध्वनित होनेवाले वाद्यों का नाम 'सुषिरवाद्य' है। चमड़े से मढ़े हुए वाद्यों का नाम 'अवनद्ध' है। कांस्यादि धातुओं से निर्मित घन रूप करताल आदि वाद्यों का नाम है 'घन'।

ततवाद्य अनेक तरह की वीणाएँ—अर्थात् एक तन्त्री, नकुल, त्रितन्त्रिका, चित्रा, विपञ्ची, मत्तकोकिला, आलापिनी, किन्नरी, पिनाकी, और आधुनिक तन्त्री वाद्य

अर्थात् जन्त्र, चतुस्तन्त्री, विचित्र वीणा, रुद्रवीणा, सितार, सरोद, स्वरबत, बाल-सरस्वती, स्वरमण्डली, सारङ्गी, दिलरुबा, वायलिन, तंबूरा या तानपूरा, मोरसिंह आदि हैं।

सुषिर वाद्यों में वंशी आदि विविध प्रकार की बाँसुरियाँ, शहनाई, सुन्दरी, नाग-स्वर, मुखवीणा या छोटा नागस्वर, काहल, श्रीचिह्न (तिरुच्चिन्न), शंख, शृङ्ग, क्लारिनट, ट्रम्पेट, साक्सफोन आदि हैं।

अवनद्ध वाद्यों में प्राचीन काल के वाद्य मृदङ्ग या मार्दल या मद्दल, मुरज, पणव, दर्दुर, हुडुक्का, पुष्कर, घट, डिंडिम, ढक्का, आवुज, कुडुक्का, कुडुवा, ढबस, घढस, रुञ्जा, डमरुक, मण्डि ढक्का, ढक्कुलि, सेल्लुका, झल्लरी, भाण, त्रिवली, दुन्दुभि, भेरी, निस्साण, तुम्बकी आदि हैं।

इनमें प्रायः सब किसी न किसी जगह आज भी प्रयुक्त किये जा रहे हैं। इनके साथ ढोल, ढोलक, तबला, खञ्जरी, ड्रम, कुन्तल, किरिक्कट्टी, जुमिडिका, दासरीका तप्पट्टा, तमुक्कु, पम्बै, तबुल (डिंडिम), शुद्ध, मद्धल, ढोलकी आदि भी हैं।

घन वाद्यों में ब्रह्मताल, कांस्यताल, घण्टा, क्षुद्रघण्टा, जयघण्टा, कम्रा, शुक्ति पट्ट आदि हैं।

**तन्त्री वाद्य**

वीणा वादन में नारद और तुम्बुरु आदिकाल से अति प्रसिद्ध हैं। भरतमुनि ने भी अपने नाट्यशास्त्र में नारदस्वाति के मत का ही अनुसरण किया है। नारदरचित कहे जानेवाले मुद्रित ग्रन्थ 'संगीत मकरन्द' में वीणा के उन्नीस भेद बताये गये हैं। उनके नाम कच्छपी, कुब्जिका, चित्रा, वहन्ती परिवादिनी, जया, घोषावती, ज्येष्ठा, नकुली, महती, वैष्णवी, ब्राह्मी, रौद्री, कूर्मी, रावणी, सारस्वती, किन्नरी, सैरन्ध्री, घोषका हैं। पर इनका विवरण नहीं दिया गया है।

वीणा वादन के अंगों को पुरुषाकृति रूप में वर्णित किया गया है। तीन ग्राम तीन शिर हैं (नारदजी तीनों ग्रामों का वादन कर सकते थे)। मन्द्र मध्य आदि तीन स्थान तीन मुख हैं। वादी, संवादी, अनुवादी और विवादी चार जिह्वाएँ हैं। दूसरे तन्त्री वाद्यों, सुषिरवाद्यों और मृदङ्गादि अवनद्ध वाद्यों, कांस्य तालादि घन वाद्यों का वादन उपाङ्ग है। सात स्वर आँखें हैं। रागालप्ति और रूपकालप्ति दो हाथ हैं। षाडव, औडव, संपूर्ण राग, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र रूप हैं। विविध राग संदर्भ त्रिमूर्त्ति की सन्तान हैं। १९ गामक पाँव हैं। वीणावादन और श्रवण का परिणाम पापक्षय, पुत्रपौत्र, धन, धान्य आदि की प्राप्ति, शत्रु की निवृत्ति, राज्य वृद्धि और मोक्ष भी हैं।

नारदजी के मत का अनुसरण करके ही याज्ञवल्क्य भी संगीत की प्रशंसा करते समय कहते हैं कि 'वीणावादन का ज्ञान मोक्ष को भी प्राप्त कराता है।'

नाट्यशास्त्र में सप्ततन्त्री चित्रा, नवतन्त्री और विपञ्ची ये दो वीणाएँ बतायी गयी हैं। उँगलियों से चित्रा का वादन विहित है। धातु से बनाये एक 'कोण' नामक उपकरण को उँगली में धारण कर विपञ्ची का वादन करना विहित है।

एक तन्त्री का वर्णन 'संगीतरत्नाकर' में अच्छी तरह किया गया है। वीणा के दण्ड की लंबाई तीन हस्त अर्थात् ७२ अंगुल (५४ इंच) होती थी। दण्ड की परिधि या घेरे का नाप एक वितस्ति या बित्ता (९ इंच) होता था। दण्ड का छिद्र पूरी लंबाई में १$\frac{1}{2}$ अंगुल (१$\frac{1}{8}$ इंच) व्यास का रहता था। एक सिरे से १७ अंगुल की दूरी पर अलाबु या कद्दू को बाँधना होता था। दण्ड आबनूस की लकड़ी से बनाया जाता था। कद्दू का व्यास ६० अंगुल (४५ इंच) होता था। दूसरे सिरे में ककुभ रहता था। ककुभ के ऊपर धातु से बनायी हुई कूर्म पृष्ठ की भाँति पत्रिका होती थी। कद्दू के ऊपर नागपाश सहित रस्सी बाँधी जाती थी। ताँत अर्थात् स्नायु की तन्त्री को नागपाश में बाँधकर ककुभ के ऊपर की पत्रिका के ऊपर लाकर शंकु या खूँटो से बाँधा जाता था। तन्त्री और पत्रिका के बीच में नाद सिद्धि के लिए वेणु निर्मित 'जीवा' रखते थे। इस वीणा में सारिकाएं नहीं हैं। बायें हाथ के अंगूठा, कनिष्ठिका और मध्यमा पर वेणुनिर्मित कम्रिका को धारण कर तर्जनी से आघात करके सारण किया जाता था। तन्त्री को ऊर्ध्वमुख करके तथा कद्दू को अधोमुख करके, ककुभ को दाहिने पाँव पर रखकर, कद्दू को कंधे के ऊपर रहने की स्थिति में रखकर, जीवा से एक वित्ता की दूरी पर उँगली से वादन किया जाता था।

इस वीणा को 'घोष' या 'ब्रह्मवीणा' भी कहते हैं। यह सब वीणाओं की जननी है। इसके दर्शन एवं स्पर्श भी भुक्तिमुक्तिदायक हैं। यह सब पापों से विमुक्त कर सकती है, क्योंकि इसमें शिवजी दण्ड रूप, पार्वतीजी तंत्री रूप, ककुभ विष्णु रूप, लक्ष्मीजी पत्रिकारूप, ब्रह्मा तुँब (कद्दू) रूप, सरस्वती कद्दू की नाभिरूप, दोरक वासुकि रूप है, चन्द्र जीवा रूप और सूर्य (सारि से युक्त वीणा में) सारिका रूप है। इसलिए वीणा सर्वदेवमयी होने के कारण सारे मंगलों का स्थान है।

### एकतन्त्री वीणा या घोषक का वादन क्रम

कम्रिका (बायें हाथ में धारण करने का साधन) की क्रिया के चार भेद हैं—

१. उत्क्षिप्ता—इसमें तन्त्री का स्पर्श करके हाथ ऊपर उठाकर तन्त्री पर तत्काल पात करना।

२. सन्निविष्टा—तन्त्री का स्पर्श के साथ ही सारणा करना।

३. उभयी—उत्क्षिप्ता और सन्निविष्टा को जोड़कर प्रयोग करना।

४. कम्पिता—स्वरस्थानों में कम्पन देना।

**वादन में हाथों का व्यापार**

दाहिने हाथ के व्यापार ९ हैं—

१. घात—मध्यम उँगली को भी जोड़कर तर्जनी से आघात करना।

२. पात—मध्यम उँगली के बिना तर्जनी मात्र से पातन करना।

३. संलेख—तन्त्री को उँगली के अन्दर रखकर बजाना।

४. उल्लेख—मध्यम उँगली के अन्दर रखकर तन्त्री को बजाना।

५. अवलेख—मध्यम उँगली को तन्त्री के बाहर रखकर बजाना। मतान्तर के अनुसार उल्लेख और अवलेख तर्जनी मध्यमा और अनामिका दोनों से या तीनों से संयुक्त रूप में बज सकते हैं।

६. भ्रमर—चार उँगलियों से क्रमशः वेगपूर्वक बजाना।

७. संधित—मध्यमा और अंगूठे को बाहर रखकर बजाना।

८. छिन्न—तर्जनी के पार्श्व भाग से तन्त्री का स्पर्श करते समय अनामिका के द्वारा बाहर से बजाने का नाम है 'छिन्न'।

९. नखकर्तरी—चार नखों से वेगपूर्वक क्रमशः बजाना।

बायें हाथ के व्यापार २ हैं—

१. स्फुरित—कम्पन देने के समान तन्त्री के पिछले भाग का स्पर्श करके सारण करना।

२. खसित—तन्त्री से हाथ न उठाकर घर्षण कर सारण करना।

उभय हाथों का व्यापार :—

१. घोष—दाहिने हाथ के अंगूठे के पार्श्व भाग से और दूसरी उँगली से कैंची की तरह एक को सामने से, दूसरी को अपनी ओर से, एक ही समय बजाना। इसका नाम है घोष। अथवा बायें हाथ की छोटी उँगली दाहिने हाथ की छोटी उँगली और बायें हाथ की कनिष्ठिका से कैंची की तरह परस्पर विपरीत दिशाओं में वादन।

२. रेफ—दाहिने हाथ की अनामिका को अन्दर रखकर और बायें हाथ की मध्यम उँगली को बाहर रखकर एक ही समय बजाना।

३. बिन्दु—दाहिने हाथ की अनामिका से बजाकर उस ध्वनि को तर्जनी उँगली से धारण करना अर्थात् स्पर्शास्पर्श से शब्द को एकरूप बढ़ाना।

४. कर्तरी—दोनों हाथों की चारों उँगलियों को कैंची की तरह रखकर बाहर की ओर क्रमशः वेग से बजाना।

५. अर्धकर्तरी—दाहिने हाथ की उँगलियों से कैंची की तरह बजाने के बाद बायें हाथ की कन्निका से तन्त्री पर आघात करना।

६. निष्कोटित—बायें हाथ की तर्जनी उँगली से सारण न करके उसी उँगली से तन्त्री पर आघात करना।

७. स्खलित—बायें हाथ से उत्क्षिप्त सारण करके वेग से दाहिने हाथ से कर्तरी के तुल्य बजाना।

८. शुकवक्त्र—अंगूठा और तर्जनी दोनों उँगलियों से तन्त्री को पकड़ कर छेड़ना है।

९. मूर्च्छना—तर्जनी को पहले उठाकर दाहिना हाथ घुमाने का नाम 'उद्वेष्टन' और छोटी उँगली को पहले नीचे लाकर घुमाने का नाम 'परिवर्तन' है। इन दो प्रकारों से दाहिने हाथ को घुमाकर तन्त्री को बजाते समय बायें हाथ से स्वरस्थानों में वेगपूर्वक कन्निका से सारण करना।

१०. तलहस्त—दाहिनी हथेली से बजाते समय बायें हाथ की तर्जनी के द्वारा तन्त्री का स्पर्श करना या धीरे बजाना।

११. अर्धचन्द्र—दाहिने हाथ के अंगूठे और तर्जनी को अर्धचन्द्र रूप में रखकर तन्त्री का स्पर्श करना।

१२. प्रसारक—दाहिने हाथ के अगूठे को हथेली पर रखकर बाकी चारों उँगलियों को संयुक्त करके तर्जनी और छोटी उँगली से बजाना।

१३. कुहर—सब उँगलियों को सिकोड़कर छोटी उँगली से बजाना।

**दशविध वाद्य** (क्रियाओं के जोड़ने का क्रम)—

१. छन्द—खसित (बायें हाथ की क्रिया २) और स्फुरित (बा० १) करके तुरन्त तारस्थान के स्पर्श करने का नाम 'छन्द' है।

२. धारा—स्खलित (उ० ७), मूर्च्छना (उ० ९), कर्तरी (उ० ४) और रेफ (उ० २), उल्लेख (दा० ४) और रेफ इनको जोड़ने का नाम है 'धारा'।

३. कैंकुटी—शुकवक्त्र (उ० ८), स्फुरित (बा० १), घोष (उ० १), अर्धकर्तरी (उ० ५), इनको क्रमपूर्वक जोड़ने का नाम है 'कैंकुटी'।

४. कंकाल—स्फुरित (बा० १), मूर्च्छना (उ० ९) इनके साथ तीन बार कर्तरी (उ० ४) के भी प्रयोग करने का नाम है 'कंकाल'।

५. वस्तु—स्पष्टतया तारस्वरों के साथ कर्तरी (उ० ४), खसित (बा० २) और कुहर (उ० १३) का प्रयोग करना।

६. द्रुत—कर्तरी (उ० ४), खसित (बा० २), कुहर (उ० १३), रेफ (उ० २), भ्रमर (दा० ६), घोष (उ० १) इनको क्रम से जोड़ना।

७. गजलील—मूर्च्छना (उ० ९), स्फुरित (बा० १), कर्तरी (उ० ४), खसित (बा० २) इनको जोड़ना।

८. दण्डक—स्खलित (उ० ७), मूर्च्छना (उ० ९), कर्तरी (उ० ४), रेफ (उ० २), खसित (बा० २) इन्हें जोड़ना।

९. उपरिवाद्य—ऊपर और नीचे सारण करके रेफ (उ० २), कर्तरी (उ० ४), निष्कोटित (उ० ६) और तलहस्त (उ० १०) का प्रयोग करना।

१०. पक्षिरुत—इसमें सब हस्त-व्यापारों का मिलन है।

**सकल-निष्कल वादन प्रकार**

तन्त्री-संलग्न जीवा के कारण जब ध्वनि स्थूल रूप में उत्पन्न होती है, तब वह सकल 'वाद्य' कहलाता है।

नाद की स्थूलता के लिए तन्त्री-पत्रिका के बीच जीवा को स्पृश्यास्पृश्य रूप में रखना चाहिए। इसे 'कला' कहते हैं। कला स्थापित किये बिना वादन किया जाय, तो नाद सूक्ष्म रहता है। इस तरह के वादन का नाम 'निष्कल' है।

एक-तन्त्री वीणा के पर्य्यायवाची नाम ब्रह्मवीणा या घोष हैं। एक-तन्त्री वीणा ही विविध वीणाओं की जननी है। एक-तन्त्री वीणा के अनुसार ही दूसरी वीणाओं का भी वादन विहित है।

दो तन्त्रीवाली वीणा का नाम 'नकुल' और तीन तन्त्रीवाली का नाम त्रितन्त्री या जन्त्र है।

सात तन्त्रीवाली वीणा का नाम 'चित्रा' और नौ तन्त्रीवाली वीणा का नाम 'विपञ्ची' है। चित्रा और विपञ्ची में कोण और नख दोनों से वादन विहित है। इक्कीस तन्त्रीवाली वीणा का नाम 'मत्तकोकिला' है। इसे 'सुरमण्डल' भी कहते हैं। यह वीणा सब वीणाओं में मुख्य कही गयी है, क्योंकि इसमें हर एक स्थान या सप्तक के सातों स्वरों के लिए सात-सात तन्त्रियाँ हैं।[1]

१. मतंग की वीणा चित्रा है। स्वाति की वीणा विपञ्ची है। नारदजी की वीणा महती (२१ तन्त्रीवाली) है। इन इक्कीस तन्त्रियों में तीन ग्राम स्थापित किये जाते थे। नारदजी के सिवा और कोई गान्धार ग्राम का वादन नहीं कर सकता। विपञ्ची

**वृन्द में वीणा का वादन-प्रकार**

विविध वीणाओं का वादन करते समय मुख्य स्थान 'मत्तकोकिला' का ही है। अन्य वीणाएँ उसी की अंगरूप हैं। मुख्य वीणा के वादन के अनुसार दूसरी वीणाओं में कुछ-कुछ गति भेद करके बजाने की परम्परा है। ऐसा भेदन 'करण' कहलाता है।

करण के छः भेद हैं। उनके नाम—(१) रूप (२) कृतप्रतिकृत (३) प्रतिभेद (४) रूपशेष (५) ओघ और (६) प्रतिशुष्क हैं।

१. रूप नामक करण में एक ही समय में जब मुख्य वीणा में गुरु-लघु आदि के प्रयोग किये जाते हैं तब अंगवीणा में गुरु स्थान पर दो लघु, लघुस्थान में दो द्रुत का— इस प्रकार भञ्जन युक्त प्रयोग विहित है।

२. इसी प्रकार वादन करने में एक ही समय के बदले मुख्य वीणा के बाद अंगवीणा के वादन करने का नाम 'कृतप्रतिकृत' है।

३. रूप के विरुद्ध प्रकार में वादन करना 'प्रतिभेद' है। अर्थात् मुख्य वीणा में दो लघु का प्रयोग करते समय अंगवीणा में एक गुरु का प्रयोग करना इत्यादि।

४. मुख्य वीणा के वादन के समय बिदारी विच्छेद के अवसर पर, अर्थात् 'चीज़' के एक भाग के अंत और दूसरे भाग के आरंभ के मध्य को अंगवीणा के वादन से पूर्ण करना 'रूपशेष' है।

**की नौ तन्त्रियों में सात स्वर तथा अन्तर एवं काकली स्वर स्थापित थे। यज्ञों में उपयोग करने के लिए ४ तन्त्री, १२ तन्त्री और शत-तन्त्री वीणाएँ थीं। नान्यभूपाल ने, जो 'संगीत रत्नाकर' में आचार्यों में उद्धृत किये गये हैं, अपने 'सरस्वतीहृदयालंकार हार' नामक भरत भाष्य में वीणाओं को शैव आगमों के प्रमाण के अनुसार तीन भेदों में विभाजित किया है। उनके नाम वक्रा, कूर्मा और अलाबु हैं। विपञ्ची, वल्लकी, मत्तकोकिला, ऐन्द्री, सरस्वती, गान्धर्वी, ब्राह्मिका ये सात वक्रवीणा हैं। उनकी तन्त्रियाँ ९ हैं। संवादिनी, वितन्त्री, किन्नरी, परिवादिनी, घ्रासक्ता—ये पाँच कूर्मवीणा हैं। वितान, नकुल, त्रितन्त्रिका, बिम्बोका, ईश्वरी, परिवादिनी—ये सात अलाबुवीणा हैं।**

**'संगीत नारायण' में रत्नाकर में कही हुई वीणाओं के अलावा वल्लकी, ज्येष्ठा, जया, हस्तिका, कुब्जिका, कूर्मा, सारंगी, त्रिसरी, शततन्त्री, ऐन्द्री, कर्तरी, औदुम्बरी, रावण-हस्त, रुद्रवीणा, स्वरमण्डल, कपिलासी, मधुस्यन्दी और घोणा के नाम भी दिये गये हैं।**

५. मुख्य वीणा में विलंबित लय में वादन करते समय अंगवीणा में अतिद्रुत लय में वादन करने का नाम 'ओघ' है। इस तरह के वादन के लिए राग एवं स्वरों का पूर्ण ज्ञान और अभ्यास तथा हस्तलाघव आवश्यक है।

६. मुख्य वीणा के स्वरों के संवादी या निकट अनुवादियों को अंगवीणा में प्रयुक्त करके वादन को सुशोभित करना 'प्रतिशुष्क' है।[1]

**विविध वादनों के धातु**

विविध वादनों की समीचीन योजना के द्वारा रक्ति और दोषरहित पुष्टि उत्पन्न कराने की विधि 'धातु' है। धातु के चार भेद हैं--विस्तार, करण, आविद्ध और व्यञ्जन।

विस्तार धातु के चार प्रकार हैं—विस्तारज, संघातज, समवायज और अनुबन्ध।

विस्तारज प्रकार में एक ही बार तन्त्री को छेड़ना है। संघातज प्रकार में दो बार छेड़ना है। समवायज प्रकार में तीन बार छेड़ना है। अनुबन्ध प्रकार में इन तीनों प्रकारों को यथोचित जोड़ना है।

संघातज प्रकार के चार भेद हैं। समवायज प्रकार के आठ भेद हैं। विस्तारज और अनुबन्ध के प्रकार के एक-एक भेद हैं। कुल मिलकर विस्तार धातु के १४ प्रकार हैं।

विस्तार धातु के छेड़ने में दो प्रकार हैं—उत्तर और अधर। वीणा के उत्तर भाग में छेड़ने से मन्द्रस्थानीय स्वर की उत्पत्ति होती है। अधर भाग में छेड़ने से तार-स्थानीय स्वर की उत्पत्ति होती है।

संघातज प्रकार में उत्तर में दो बार छेड़ना पहला भेद है। अधर में दो बार छेड़ना दूसरा भेद है। अधर के बाद उत्तर में छेड़ना तीसरा भेद है। उत्तर के बाद अधर में छेड़ना चौथा भेद है।

समवायज प्रकार के आठ भेद हैं—(१) तीन उत्तर (२) तीन अधर (३) दो उत्तर और एक अधर (४) दो अधर और एक उत्तर (५) एक उत्तर के बाद दो अधर (६) एक अधर के बाद दो उत्तर (७) अधर के बाद उत्तर और उसके बाद फिर अधर (८) उत्तर के बाद अधर और उसके बाद उत्तर।

**१. ये छः करण तंजौर के राजा सरफ़ोजी (१८०० ई०) के द्वारा परिष्कृत तंजौर बैण्ड में आज भी सुने जा सकते हैं। यह बैण्ड पाश्चात्य वाद्यों के द्वारा भारतीय संगीत का वादन करनेवाली वाद्यगोष्ठी है।**

करण धातु के पाँच प्रकार हैं। इनके नाम—रिभित, उच्चय, नीरटित, ह्लाद और अनुबन्ध हैं।

आविद्ध धातु के पाँच भेद हैं—क्षेप, प्लुत, अतिपात, अतिकीर्ण और अनुबन्ध।

करण और आविद्ध प्रकारों में छेड़ने के लघु-गुरुत्व कालप्रमाण भेदों से धातु बनाये गये हैं। करण में गुरु का प्रयोग अधिक नहीं है। आविद्ध में प्रायः गुरु या गुरु की विहीनता है।

**करण धातु**—'रिभित' में दो लघु के बाद एक गुरु है। 'उच्चय' में चार लघु के बाद एक गुरु है। 'नीरटित' में छः लघु के बाद एक गुरु है। 'ह्लाद' में आठ लघु के बाद एक गुरु। 'अनुबन्ध' में इन प्रयोगों का मिश्रण है।

**आविद्ध धातु**—आविद्ध धातु के पाँच भेद हैं—(१) क्षेप—एक लघु के बाद दो गुरु। (२) प्लुत—लघु, गुरु और लघु (३) अतिपात—लघु, गुरु लघु गुरु या लघु लघु गुरु गुरु (४) अतिकीर्ण—लघु गुरु, लघु गुरु, लघु गुरु, लघुगुरु, या लघुलघु, लघुलघु गुरुगुरु, गुरुगुरु (५) अनुबन्ध—इन चारों प्रकारों का मिश्रण। मतान्तर के अनुसार आविद्ध के पहले चार भेदों में क्रमशः दो, तीन, चार और नौ लघु होते हैं।

**व्यञ्जन धातु**—व्यञ्जन धातु में उँगलियों के विविध प्रयोग से विचित्रता का संपादन करते हैं। इसमें दस भेद हैं—पुष्प, कल, तल, बिन्दु, रेफ, अनुस्वनित, निष्कोटित, उन्मृष्ट, अवमृष्ट और अनुबन्ध।

अंगूठे और छोटी उँगली से समकाल में मारना 'पुष्प' है।

दो तन्त्रियों पर एक ही स्वर को भिन्न-भिन्न स्थानों पर दोनों अंगूठों से बजाने का नाम है 'कल'।

बायें हाथ के अंगूठे से तन्त्री को छेड़ने का नाम है 'तल'।

एक ही स्वर पर क्रमशः हरएक उँगली से छेड़ना 'रेफ' है।

'तल' का प्रयोग करके उसके बाद अवरोह में स्वर प्रयोग करना 'अनुस्वनित' है।

बायें हाथ के अंगूठे से ऊपर और नीचे छेड़ने का नाम 'निष्कोटित' है।

तर्जनी के द्वारा अति मधुरता के साथ धीरे से छेड़ने का नाम है 'उन्मृष्ट'।

तीन तन्त्रियों में तीन जगहों पर दाहिने हाथ की छोटी उँगली और दोनों हाथों के अंगूठों से एक ही स्वर का उत्पादन करने का नाम है 'अवमृष्ट'। इन सब का मिश्रण है 'अनुबन्ध'।

इन धातुओं के समस्त भेदों का योग ३४ है। ये धातु सब तन्त्रीवाद्यों में प्रयुक्त करने योग्य हैं। पर एक नियम यह है कि जिस धातु से जिन रागों की रक्ति बढ़ती है उसी धातु को उन रागों में प्रयुक्त करना चाहिए।

## वृत्ति

गीत, वाद्य और नृत्त में भिन्न-भिन्न देश की जनता के रुचि-भेद के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार का प्रयोग हुआ करता है। इन प्रकारों का नाम 'वृत्ति' है। ये वृत्तियाँ तीन हैं। अर्थात् चित्रवृत्ति, वार्त्तिकवृत्ति और दक्षिणवृत्ति।

चित्र वृत्ति में वाद्य का मुख्यत्व है। वाद्यों का अनुसरण करने में ही गीत का महत्त्व है। वार्त्तिक वृत्ति में गीत का प्राधान्य है। गीत का अनुसरण ही वाद्यों की श्रेष्ठता है। एक दूसरा मत यह है कि द्रुत, मध्य और विलम्ब लय; सम, स्रोतोगत, गोपुच्छ यति; मागधी, संभाषिता और पृथुला गीति; ओघ, अनुगत और तत्त्व वाद्य; (इन तीनों का विवरण ऊपर देखिए) चित्र, वार्त्तिक और दक्षिण ताल का मार्ग; अनागत, सम और अतीत ग्रह; इन्हें इन तीनों वृत्तियों में क्रमशः मुख्यत्व देते हैं।

## वाद्यवादन का प्रकार

वाद्यों के वादन में तीन प्रकार 'तत्त्व', 'ओघ' और 'अनुगत' हैं।

१. गीत के लय, ताल, विराम (अन्त करने की जगह), उस राग की जाति, अंश, ग्रह, न्यासादि के प्रकाशन करने के मार्ग का अवलंबन करके गीत में लीन होकर वाद्यों के वादन करने का प्रकार 'तत्त्व' है।

२. गीत का थोड़ा-थोड़ा अनुसरण करके वादन करने का नाम 'अनुगत' है।

३. गीत के अन्त में तो वाद्य मिल जाता है, पर अवशिष्ट प्रयोगों को दूसरे प्रकार में विभाजित करके वादन करने का नाम 'ओघ' है।

## निर्गीत प्रबन्ध

वाद्यों के गीतरहित वादन का नाम 'निर्गीत' है। इसका पर्य्यायवाची शब्द 'शुष्कवाद्य' है। रक्ति और मनोहरता के साथ वाद्यों का वादन करने के लिए शास्त्र-रीति से धातुओं एवं तालों और वादी-संवादी स्वरों का भी संयोजन करना चाहिए। इस तरह के संयोजन प्रबन्धरूप में हैं। इसके दस भेद हैं—आश्रावणा, आरम्भ-विधि, वक्त्रपाणि, संघोटना, परिघट्टना, मार्गासारित, लीलाकृत और त्रिविध आसारित। इनके लक्षण 'संगीत रत्नाकर' के वाद्याध्याय में (श्लोक १८२ से २४० तक) दिये गये हैं।

हरएक निर्गीत वाद्य-प्रबन्ध के विवरण में धातुओं का विवरण, गुरु, लघु आदि के प्रयोग का विवरण, ताल कलाओं का विवरण, तालों तथा सशब्दादि क्रियाओं के

विवरण दिये गये हैं। इस संप्रदाय का अत्यन्त लोप हो जाने के कारण इनकी सम्यक् जानकारी रखना और इनके अनुसार वादन करना तब तक साध्य नहीं है जब तक कि इसके अनुसार लक्ष्य-साहित्य की खोज न हो जाय।

## आलापिनी

आलापिनी का दण्ड बाँस से बनाया जाता था और नौ मुष्टि लंबा होता था (लगभग ४५ अंगुल—३४ इंच)। छिद्र का व्यास दो अंगुल था, तन्त्री बकरी की आंत से बनी होती थी। मतान्तर के अनुसार दण्ड दस मुष्टि लंबा है और रक्त चन्दन, खैर या आबनूस की लकड़ी से भी बनाया जाता है। तन्त्री रेशम या कपास की है।

इस वीणा के ककुभ में पत्रिका नहीं है। परंतु ककुभ पिण्डयुत है। तुम्ब या कद्दू का परिणाह एक वितस्ति है। उसका मुख चार अंगुल का है। उसकी नाभि हाथीदांत से बनायी जाती है। नीचे से पौने दो मुष्टि की दूरी पर तुम्ब या कद्दू का स्थान है। इसका विशिष्ट लक्षण यह है कि नारियल का कर्पर, दोरक एवं सारिका इसमें नहीं हैं।

### आलापिनी का वादन-क्रम

तुम्ब या कद्दू को वक्ष पर रखकर दण्ड के निचले भाग को बायें हाथ के अंगूठे और मध्यमा उँगली से धारण करके बायें हाथ की चार उँगलियों से चार स्वर और दाहिने हाथ की तीन उँगलियों से तीन स्वर का वादन करना है। बिन्दु (उभय हस्त व्यापार) की तरह वादन करना चाहिए। इसमें तालबद्ध गीतों का वादन उल्लेख्य है।

### किन्नरी

किन्नरी के दो भेद हैं—लघ्वी और बृहती। इसके दण्ड की लंबाई तीन बित्ता और पाँच अंगुल है। दण्ड बाँस का रहना चाहिए। उसके घेरे का नाप पाँच अंगुल है। उसके ककुभ में धातु की पत्रिका है। उसमें कांस्य, गीध (के वक्ष) की हड्डी या लोहे की चौदह नलिकाएँ (सारिकाएँ) छोटी उँगली के परिमाण की स्थापित करनी चाहिए। स्थापना के लिए वस्त्र और मसी (स्याही) का मिश्रण कर और कूटकर लगाना है। नीचे से पहली सारिका दूसरे स्वर-सप्तक के निषाद का स्थान है। उससे एक अंगुल दूर पर दूसरी सारिका रखना है और क्रमशः दूरी को बढ़ाते हुए सारिकाओं का स्थापन करना है। आठवीं सारिका की दूरी दो अंगुल हो जाती है।

उसके बाद की ६ सारिकाओं की दूरी उससे ४ अंगुल तक रहनी चाहिए। ककुभ के नीचे एक कद्दू का स्थापन करना चाहिए। तीसरी और चौथी सारिकाओं के बीच में दूसरे कद्दू को रखना चाहिए। यह कद्दू पहले कद्दू से जरा बड़ा रहना चाहिए। नीचे दण्ड के सिरे से दो अंगुल की दूरी पर छेद करके, उसमें भ्रमण करने योग्य खूँटी रखनी चाहिए। उसके आगे एक अंगुल ऊँची एक स्थिर खूँटी रखनी है। उसका ऊपरी भाग तन्त्री को धारण करने योग्य बाण-पुंख के आकार का होना चाहिए। तन्त्री लोहे की हो जो हाथी के बाल के समान मोटी हो। तन्त्री को ककुभ से बाँधकर सारिकाओं के ऊपर लाते हुए स्थिर खूँटी के ऊपर रखकर घुमाई जा सकनेवाली खूँटी से बाँध देना है।

दाहिने हाथ की उँगलियों से तन्त्री को छेड़ना और बायें हाथ की उँगलियों से स्वरस्थान में दबाना चाहिए।

**बृहती किन्नरी**—यह किन्नरी एक बित्ता ज्यादा लंबाई की है। तन्त्री इसमें स्नायुनिर्मित है। कद्दू तीन हैं। तीसरे कद्दू को आलापिनी के समान रखना है।

किन्नरी के देशी भेद तीन हैं—बृहती, मध्यमा और लघ्वी। इनके परिमाण के विषय में अनेक मत हैं।

### पिनाकी

पिनाकी आधुनिक वायलिन की जननी है। उसका रूप धनुषाकार है। इसी आकार में उसे स्थिर रखने के लिए एक रस्सी से दोनों सिरे बाँध रखे गये हैं। हरएक सिरे में एक-एक शिखा है। उसका निचला सिरा एक कद्दू पर स्थापित किया जाता है। शिखाओं पर स्नायु की तन्त्री बाँधी जाती है। तन्त्री की दोनों शिराओं के मध्य में तन्त्री से नीचे पौने दो अंगुल विस्तार का एक साधन स्वरस्थानों पर तन्त्री को दबाने के लिए रखा जाता है। इसका वादन धनुषाकार कोण से होता है, जो घोड़े की पूँछ के बालों से बँधा हुआ है। इस पर राल (रेजिन) रगड़कर वादन किया जाता है। कद्दू को पाँव से पकड़े हुए ऊपर की शिखा को कन्धे पर रखकर बायें हाथ से तन्त्री को दबाकर वादन करना है।

### वैणिकों के लिए आवश्यक गुण

अंगों का सौष्ठव, स्थिर बैठने की शक्ति, श्रम को जीतने की शक्ति रखनेवाले हाथ, भय रहितता, इन्द्रियों को जीतना, प्रगल्भता, गीत-वाद्य में होशियारी, अवधान से युक्त मन आदि वैणिकों के लिए आवश्यक गुण हैं।

## प्रचलित तन्त्री वाद्य

**रुद्रवीणा**—यह वीणा अब उत्तर भारत में प्रचलित है। सोमनाथ (१६०० ई०—रागविबोध कर्ता) के ग्रन्थ में भी इसका विवरण है। अहोबल (संगीतपारिजात कर्ता—१७ वीं शताब्दी) और नारायण (संगीतनारायण कर्ता—१६ वीं शताब्दी) इन दोनों ने भी रुद्रवीणा का विवरण दिया है। इसका दण्ड ११ मुष्टि का है। रन्ध्र अंगूठे के व्यास का है। दोनों सिरों में कांस्य की टोपी लगी हुई है। दण्ड का घेरा साढ़े पाँच अंगुल है। उसके ककुभ के तीन सिरे हैं, वे उच्च, उच्चतर तथा उच्चतम हैं। ऊर्ध्व सिरे में चार मूल तंत्रियों का स्थापन करना है। दाहिने सिरे में 'सुर' देनेवाली दो या तीन तंत्रियों का स्थापन करना है। ककुभ से सात अंगुल दूर एक कद्दू का स्थापन करना है। ३४ अंगुल की दूरी पर दूसरे कद्दू का स्थापन करना है। दोनों कद्दुओं के मुख के घेरे १८ अंगुल के हैं। उसके ऊपर कुम्भ का स्थापन करना है। पिछले कद्दू की ऊँचाई कुछ अधिक चाहिए। इस वीणा में सारिकाएँ १८ हैं। दस बड़ी हैं और आठ छोटी। छोटी सारिकाएँ तारस्थान के लिए हैं। चारों मूलतन्त्रियाँ क्रमशः षड्ज, पञ्चम, षड्ज-पञ्चम का वादन करती हैं।

**तंजौर वीणा या दाक्षिणात्य वीणा**—इसमें एक ही कद्दू है। पर दाहिने सिरे में लकड़ी का घट दण्ड के साथ जोड़ दिया जाता है। एक ही लकड़ी में भी दण्ड और घट खुदवाये जाते हैं। तब उसे 'एकाण्ड वीणा' कहते हैं। कद्दू का स्थान बायीं ओर है। सारिकाएँ २४ हैं। हरएक स्थान की बारह सारिकाएँ हैं। मूलतन्त्रियाँ चार हैं और चिकारियाँ तीन हैं। चिकारी दण्ड के पार्श्व में रहती है। मूल तन्त्रियों पर मुक्तावस्था में मध्य षड्ज, मन्द्र पञ्चम, मन्द्र षड्ज, अति मन्द्र पञ्चम बोलते हैं। चिकारियों पर तारस्थानीय षड्ज, पञ्चम और अतितारस्थानीय षड्ज बोलते हैं। तीनों चिकारियाँ और मूल तन्त्रियों में पहली दो तन्त्रियाँ लोहे की हैं। बाकी दो मूलतन्त्रियाँ पीतल की हैं।

**महानाटक वीणा या गोट्टुवाद्य**—कर्नाटक पद्धति का यह एक नवीन वाद्य है। इसमें अनुध्वनि के लिए सात तन्त्रियाँ दण्ड के अन्दर हैं। आकार वीणा के अनुसार है। उँगली से बजायी जाती है, पर सारण उँगलियों से नहीं किया जाता। एक लकड़ी के टुकड़े से तन्त्री को दबाकर स्वरों का उत्पादन करते हैं। यह काष्ठदण्ड लंबाई में ३ इंच है और १ इंच इसका व्यास है। यह आबनूस की लकड़ी से बनाया जाता है। इसमें विविध गमकों को अच्छी तरह उत्पन्न किया जा सकता है, परंतु वीणा के कुछ विशेष प्रयोग इसमें साध्य नहीं हैं।

**सारंगी**—सारङ्गी का विवरण 'संगीत नारायण' में बताया गया है। यह विवरण प्रायः आधुनिक सारङ्गी के समान है। संगीत नारायण में पाये जानेवाले विवरण यों हैं—उसका वदन साल, पनस या घनता से युक्त अन्य लकड़ी से बनाया जाता है। उसकी लंबाई तीन बित्ते की है। सिर का विस्तार १५ अंगुल है (लगभग ११ इंच), सिर सर्पफणाकार है। सिर के मध्य भाग में एक शिखर है। गला पतला है। दण्ड गले के नीचे है। उसकी लंबाई १७ अंगुल है। ऊपर स्थूल होता जाता है और नीचे क्रमशः कृश है। दण्ड और सिर इन दोनों का गर्भ खुदा हुआ है। दण्ड के पिछले भाग में और सिर के गर्भ भाग में सारण करने का स्थान चतुरश्र रूप में है। उसकी लंबाई छः अंगुल और चौड़ाई चार अंगुल है।

उसके सिर का प्रदेश चमड़े से मढ़ा जाता है। उसकी तीन तन्त्रियाँ रेशमी धागे की हैं। धनुष (गज़) से इसका वादन करना है। धनुष (गज़) घोड़े की पूँछ के बालों का रहता है। इसमें राल रगड़कर वादन करना है। धनुष की लंबाई ३० अंगुल (२२½ इंच) है।

आधुनिक सारङ्गी का रूप इसके समान है, पर वादन करते समय वाद्य को रखने में अन्तर है। सिर को नीचे रखकर वादन करते हैं। इसकी तीन तन्त्रियाँ ताँत की हैं और चौथी तन्त्री लोहे की है। इसके अतिरिक्त अनुध्वनि के लिए मुख्य तन्त्रियों के नीचे लगभग लोहे की १५ तन्त्रियाँ हैं। सब तन्त्रियाँ घूम सकनेवाली खूँटी से बाँधी जाती हैं।

**सितार**—सितार भारतीय त्रितन्त्री वीणा का एक भेद है। कहा जाता है कि उसके नाम और रूप की कल्पना अमीर खुसरो ने की। सितार का 'घट' पनस की लकड़ी से या कद्दू के आधे भाग से बनाया जाता है। घट के ऊपरी भाग पर पतला तख्ता लगाया जाता है। उसका ककुभ सीधा रहता है। इसमें कद्दू नहीं है। घट के ऊपरी भाग में छोटे-छोटे द्वार हैं। तन्त्रियाँ चार हैं। दण्ड और उसके ऊपर की पीतल की सारिकाएँ कूर्मपृष्ठ के आकार की हैं। कुछ सितारों में अनुध्वनि के लिए मुख्य तन्त्रियों के नीचे तन्त्रियाँ रखी जाती हैं। सारिकाएँ सरकने योग्य रखने के लिए कमानी स्प्रिङ्ग से बाँधी जाती हैं। सारिकाएँ अठारह से बीस तक होती हैं।

**सरोद**—सारङ्गी, सितार और वीणा के गुणों से युक्त है और लंबाई दो हाथ की है। घट से ककुभ तक की चौड़ाई में क्रमशः कमी होती है।

**दिलरुबा**—सारङ्गी के आकार में रहता है, पर दण्ड की लंबाई कुछ ज्यादा है। धनुष (गज़) से बजाया जाता है, इसमें सारिकाएँ हैं। सारङ्गी की तरह इसके घट-स्थान के नीचे के भाग चमड़े से मढ़े जाते हैं। चार मुख्य तन्त्रियाँ हैं और अनुध्वनि

के लिए उनके नीचे २२ तन्त्रियाँ रहती हैं। सारिकाएँ १९ हैं और वे सरकने योग्य हैं। चार मुख्य तन्त्रियों में दो लोहे की और दो पीतल की हैं।

**सुरबहार**—सितार के आकार में रहता है, परंतु इसकी सारिकाएँ सरकने योग्य नहीं हैं, स्थिर रहती हैं। इसे उँगलियों से और कोण से बजाते हैं।

**इसराज**—सारङ्गी के आकार और प्रकार में रहता है। पर सब तन्त्रियाँ लोहे की हैं।

**तंबूरा**—भारतीय संगीत का, 'सुर' देने का वाद्य है। आकार में वीणा के समान है। पर इसमें कद्दू और सारिकाएँ नहीं हैं। घट मात्र है। इसमें चार तन्त्रियाँ हैं। उन्हें क्रमशः बजाने से 'प स स स' बोलते हैं।

## सुषिर वाद्य

**बाँसुरी**—वेणु (बाँस), आबनूस की लकड़ी, हाथी दाँत, चन्दन, रक्त चन्दन, लोहे, कांसे, चाँदी या सोने से बनायी जा सकती है। यह ग्रन्थि, भेद, और व्रण से रहित रहती है। इसका रंध्र-प्रमाण छोटी उँगली का व्यास है। यह रंध्र पूरी बाँसुरी में एक-सा रहता है। सिर स्थल बंद रहता है। दो, तीन या चार अंगुल की दूरी पर फूँकने के लिए एक उँगली के प्रमाण का पहला रंध्र बनाना है।

अग्र भाग में एक या दो अंगुल छोड़कर उसके पीछे बदरी-बीज के समान परिधि-वाले आठ रंध्र करना है। इन आठ में से पहला रंध्र वायु के निर्गमन या बाहर जाने के लिए नियत है। बाकी सात रंध्र सात स्वरों के लिए निर्धारित हैं। ये आठ रंध्र उनके बीच में समान दूरी के स्थान छोड़कर करना है।

मुखरंध्र के निकटतम रंध्र से, सप्त स्वररंध्रों को मूँदकर उत्पन्न होनेवाले स्वर का तारस्वर] निकलता है। मुखरंध्र औरताररंध्र के बीच में जो जगह छोड़ी जाती है उस जगह की दूरी से विविध भेद होते हैं। संगीत रत्नाकर में इस बात पर पहले एक नियम बताया है, उस नियम को शास्त्रीय नियम कहा गया है। उसके बाद देशी-मत नाम का दूसरा नियम बताया, परंतु उसी ग्रन्थ में बताया गया है कि ये दोनों नियम ठीक नहीं। ऐसा कहकर स्वकल्पित नये नियम को प्रस्तुत किया गया है।

पहले-पहल बताया हुआ शास्त्रीय नियम यह है—"स्वररंध्रों का परस्पर अंतर आधा अंगुल और मुखरंध्र से ताररंध्र की दूरी एक, दो, तीन, चार, पाँच, छः, सात, आठ, नौ, दस, ग्यारह, बारह, चौदह, सोलह या अठारह अंगुल हो सकती है। इन पंद्रह प्रकार के वंशों के अलग-अलग नाम—एकवीर, उमापति, त्रिपुरुष, चतुर्मुख,

पंचवक्त्र, षण्मुख, मुनि, वसु, नाथेन्द्र, महानन्द, रुद्र, आदित्य, मनु, कलानिधि और अष्टादशाङ्गुल दिये गये हैं।

मुखरंध्र तारस्वर रंध्र की दूरी को बढ़ा सकते हैं। मुखरंध्र से १३, १५ और १७ अंगुल दूरी पर यदि ताररंध्र रहता है, तो स्वरों का अन्तर स्पष्ट नहीं होता। बीस या बाईस अंगुल की दूरी पर भी कुछ लोग ताररंध्र बनाते हैं, पर उनमें शब्द अतिमन्द्र होने के कारण वे मान्य नहीं हैं। यह दूरी पाँच अंगुल के नीचे होती है तो ध्वनि अतितार रहती है। इसलिए इनके प्रयोग विरल हैं।"

"इनमें सप्त स्वरों के द्वारों को मुद्रित किया जाय अर्थात् बंद कर दें, तो अष्टादशाङ्गुल नामक बाँसुरी में मन्द्रषड्ज उत्पन्न होता है। दूसरी बाँसुरियों में क्रमशः मन्द्रऋषभ, मन्द्रगान्धार, मन्द्रमध्यम, मन्द्रपञ्चम, मन्द्रधैवत और मन्द्रनिषाद उत्पन्न होते हैं। उसके बाद की आठ बाँसुरियों में क्रमशः मध्यस्थानीय षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत, निषाद और तारस्थानीय षड्ज क्रमशः उत्पन्न होते हैं।"

"इसी प्रकार इन बाँसुरियों के अन्तिम दो रंध्रों को खुला रखें तो, क्रमशः हरएक बाँसुरी में मन्द्रऋषभ, मन्द्रगान्धार—इत्यादि अग्रिम स्वर की उत्पत्ति होती है। तीन रंध्रों को खुला रखें तो बाँसुरी में तीसरा स्वर उत्पन्न होता है। इस तरह सात रंध्र तक खुले रहने से क्रमशः हरएक बाँसुरी में सातवाँ स्वर तक उत्पन्न होता है।" इसी को शास्त्रीय नियम कहते हैं।[1]

प्राचीन तमिल ग्रन्थों में पाये जानेवाले विवरण और आज कर्नाटक संप्रदाय में प्रचलित पद्धति—ये दोनों भी प्रायः समान हैं। इसके अनुसार बाँसुरी की लंबाई २० अंगुल (१५ इंच) है। उसके सिर से दो अंगुल (१½ इंच) छोड़कर फूँकने का रंध्र बनाया जाता है। उससे सात अंगुल (५¼ इंच) दूर छोड़कर और अन्त में दो अंगुल (१½ इंच) छोड़कर बाकी जगह में समान दूरी के आठ छिद्र बनाये जाते हैं। इन आठ रंध्रों में अन्तिम रंध्र वायु संचार के लिए है। बाकी सात द्वारों में दाहिने हाथ की चार उँगलियाँ और बायें हाथ की तर्जनी से अर्थात् तर्जनी, मध्यमा और अना-

१. संगीत रत्नाकर में बताये हुए 'शास्त्रीय मत' के विषय में ग्रन्थकार का कथन है कि यह मत ठीक नहीं है। हमें मूल ग्रन्थों को ढूँढ़कर उसके असली स्वरूप का निश्चय करना है। क्योंकि हमारी संगीतकला का विकास शास्त्रीय (वैज्ञानिक) आधार पर हुआ है। इसलिए बाँसुरी के बारे में भी सच्चे शास्त्र का पता लगाना आवश्यक है।

मिका उँगलियों से बंद और खुला रखकर बजाते हैं। बायें हाथ की अनामिका को खोलने से षड्ज, मध्यमा उँगली को खोलने से ऋषभ, सब द्वारों को खुले रखने से गान्धार, बायें हाथ की तर्जनी उँगली को खोलने से मध्यम, दाहिने हाथ की अनामिका से पञ्चम और मध्यमा को खोलने से धैवत, तर्जनी को खोलने से निषाद—उत्पन्न होते हैं। इनके साथ शास्त्र वचन के अनुसार चतुःश्रुति स्वर, त्रिश्रुति स्वर और द्विश्रुति स्वर के उत्पादन का प्रकार भी अनुभव के अनुसार प्रयुक्त करना है। शास्त्र का वचन है कि उँगली को हटाकर रंध्र को पूरी तरह खुले रखने से चतुःश्रुति स्वर की उत्पत्ति होती है। उँगली से द्वार को बार-बार खुला और बंद रखने से त्रिश्रुति स्वर और आधा खोलने से द्विश्रुति स्वर की उत्पत्ति होती है। कभी-कभी फूँकने के बल में कमी करके त्रिश्रुति स्वर उत्पन्न किया जाता है।

### फूँकने के प्रकार

मुँह को रंध्र के अति निकट में रखकर फूँकने से तार स्वर की उत्पत्ति होती है। इसका नाम 'टीपा' है। मुँह को थोड़ी दूर पर रखकर फूँका जाय तो, मन्द्र स्वर की उत्पत्ति होती है। फूँकने में वायु को वेगयुक्त या मन्द रखना, पूर्ण या अपूर्ण रखना, बढ़ाते जाना या कम करते आना इत्यादि क्रियाओं से एक ही स्वरस्थान में विविध स्वरों की उत्पत्ति हो सकती है।

### बाँसुरी की गतियाँ

बाँसुरी की पाँच गतियाँ हैं; कम्पिता, वलिता, मुक्ता, अर्धमुक्ता, निपीडिता—इन गतियों से विविध वर्णालंकारों का प्रकाशन होता है।

बाँसुरी को अधर में रखकर कम्पन करें तो 'कम्पिता' गति उत्पन्न होती है।

उँगलियों को टेढ़ी करके चालन करने से 'वलिता' गति हो जाती है।

रंध्र पूरा खोल दिया जाय तो 'मुक्ता' गति है।

आधा खोलने का नाम 'अर्धमुक्ता' है। शब्द को कुछ देर धारण करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

सब रंध्रों को बंद करके जोर से बजाने का नाम 'निपीडिता' है।

### नाटक में बाँसुरी का प्रयोग

शृङ्गार रस में मध्य, द्रुत लय में बाँसुरी के द्वारा ललित ध्वनि का प्रयोग करना विहित है। शोक भाव प्रदर्शन के लिए मध्य लय में मृदुत्व के साथ बाँसुरी बजाना है।

क्रोध और अभिमान की अवस्था का प्रदर्शन करने के लिए द्रुत लय में कम्पित, एव स्फुरित गति में बजाना है। यह मतङ्ग मुनि का कथन है।[१]

**बाँसुरी के नाद अर्थात् फूत्कार के गुण**

१. स्निग्धता—रूखापन न रहना।

२. घनता—स्थूलता।

३. रक्ति—रञ्जन शक्ति।

४. व्यक्ति—स्पष्टता।

५. प्रचुरता—नादपूर्णता।

६. लालित्य—ललित भाव।

७. कोमलत्व—मृदुलता।

८. अनुरणन—अनुरणनत्व।

९. त्रिस्थानत्व—तीनों सप्तकों में बिना रुकावट के संचार करना।

१०. श्रावकत्व—सुनने में रमणीय रहना।

११. माधुर्य—मधुरता।

१२. सावधानता—अनवधान राहित्य अर्थात् फूँकने में न्यूनाधिकता के बिन एक सा फूँकना।

**फूँकने के दोष**

१. यमल—फूत्कार के साथ प्रतिफूत्कार की उत्पत्ति।

२. स्तोक—फूत्कार की कमी, नाद स्थूल होने पर भी स्थान को पाने कं शक्ति का लोप।

३. कृश—स्थान प्राप्ति होने पर भी नाद का अस्थूल रहना।

४. स्खलित—बीच-बीच में ध्वनि स्थगित होना।

मतान्तर के अनुसार और पाँच दोष हैं—

१. कम्पित—कफ की युक्तता के कारण ध्वनि का विकृत भाव।

२. तुम्बकी—कद्दू के नाद की तरह रहना।

**१. बताया गया है कि बाँसुरी वाद्य मतंग मुनि ने ही परिष्कृत किया और बाँसुरं वादन में उनका मत ही प्रमाण माना जाता है, परन्तु मतंग मुनि के उपलब्ध ग्रन 'बृहद्देशी' में [illegible]।**

३. काकी—तारप्राप्ति के अभाव के कारण कौए-जैसी ध्वनि रहना।

४. सन्दष्ट—दाँत पीसने की तरह फूँकना।

५. अव्यवस्थित—नाद की एकरूपता न होना।

**बाँसुरी बजानेवाले के गुण**

उँगलियों के चलाने का अभ्यास, अच्छी तरह स्थानों की प्राप्ति, मधुरता से रागभाव को व्यक्त करने की शक्ति, वेग से आगे और पीछे संचार करने की शक्ति, गीत और वादन में कुशलता, गवैयों को सुर देना, गायक के दोष को छिपाना, मार्ग और देशी रागों की अच्छी जानकारी, अपस्थान स्वरों में भी रागभाव को उत्पन्न करने की शक्ति—आदि ही बाँसुरी बजानेवाले के गुण हैं।

**बाँसुरी बजानेवाले के दोष**

मिथ्या प्रयोग अर्थात् अनुचित स्थान में आलाप करना या गमक का ज्यादा प्रयोग करना, इष्ट स्थान तक पहुँचने में अशक्तता, सिर का कम्पन आदि बाँसुरी बजानेवाले के दोष हैं।

**बाँसुरी का वृन्द**

एक मुख्य बाँसुरी बजानेवाला और चार लोग अंग-बाँसुरी बजानेवाले रहने चाहिए।

**मुरली**—मुरली की लंबाई दो हस्त की है। वादन करने के लिए मुखरंध्र है और स्वरों के लिए ४ द्वार हैं। नाद रमणीय है। शृङ्ग से या लकड़ी से बनायी जाती है। आकार काहल के समान है। लंबाई २८ अंगुल है।

**काहल**—पीतल, ताम्र और चाँदी से बनाया जाता है। धतूरे के फूल के आकार में रहता है। लंबाई तीन हाथ की है। उससे उत्पन्न होनेवाले शब्द 'हा' और 'हू' हैं। वीर-बिरुद के प्रकाश के लिए इसका प्रयोग करते हैं।

**तुण्डकी या तुरुतुरी या त्तित्तिरी या तुरुत्ति**—दो हस्त की लंबाई का जोड़ेवाला सुषिर वाद्य है। ४ हस्त की लंबाई हो तो उसका नाम 'चुक्की' है।

**शृङ्ग**—भैंस के शृङ्ग से बनाया जाता है। उसके मूल में साँड़ का आठ अंगुल लंबा सींग रखना चाहिए। उसके मूल में फूँकने का छिद्र करना चाहिए। इसका आकार हाथी की सूँड की तरह और इसके अन्तिम भाग का आकार धत्तूर के फूल की तरह रहता है। वादन में 'तुथुकार' उत्पन्न होता है। इसकी ध्वनि गंभीर है। गोपकेलि में इसका उपयोग होता है।

**शंख**––दोषरहित ११ अंगुल लंबाई के एक शंख की नाभि को खुदवाकर उसके शिखर में एक रंध्र बाहर से आधा अंगुल और अंदर से उरद के प्रमाण का करना है। उसे कर्कट मुद्रा हस्त से पकड़कर पूर्ण बल से फूंक मारना चाहिए। इसके शब्द 'हुं, धुं तो, दिगिद् दीं'––इत्यादि हैं।

**नागस्वर या तूर्य**––ये दक्षिण भारत के देवालयों में उत्सव, शादी, जुलूस आदि मंगल अवसरों पर बजाये जाते हैं। इनका आकार लंबे धत्तूर जैसा है। 'आच्चा' (द्राविड़ी) नामक लकड़ी से बनाये जाते हैं। इनकी लंबाई डेढ़ हाथ होती है। मुख का व्यास धीरे-धीरे बड़ा होता जाता है। अन्त में फूल के खिलने की जगह व्यास दो अगुल का रहता है। उसमें सप्त स्वरों के रंध्र ¼ अंगुल व्यास के बनाये जाते हैं। वायु-संचार के लिए सातों रंध्रों के नीचे कुछ दूर पर आठवाँ रंध्र है। सातवें रंध्र के नीचे दोनों तरफ दो रंध्र हैं, और आठवें रंध्र के नीचे इसी तरह के और दो रंध्र दोनों तरफ रहते है। फूंकने का एक उपकरण शीवाली नामक है। वह शीवाली गोलाकार न रहकर उभरा हुआ एवं खुलने तथा बंद करने योग्य छोटे नाल जैसा है। उसका अधर भाग वाद्य के मुंह में संलग्न करने योग्य एक शलाका जैसा है। उसे वाद्य के मुख मे लगाकर बजाते हैं। अधर के चालन से विविध घन, नय आदि ध्वनि, स्वरों के वर्णालंकार उत्पन्न कर सकते है। और इसी क्रिया से स्वरों की एक या दो श्रुतियाँ ऊँची और नीची भी कर सकते हैं। नागस्वर सुर देने के लिए है। 'ओत्तु' नामक स्वर-द्वारों से रहित, नागस्वर के आकार का वाद्य और ताल रखने के लिए कांस्य ताल, अवनद्ध वाद्य के लिए 'डिंडिम' रहते हैं। वाद्यवादकों में पूर्ण सगीत-संप्रदाय-विशारद बहुत हैं।

**मुखवीणा**––यह छोटा नागस्वर है। इसका उपयोग नाटच में है। पर आजकल इसका स्थान क्लारिनट ले रहा है।

**शहनाई**––नागस्वर का प्रतिरूप है शहनाई। यह उत्तर भारत मे बजायी जाती है, परंतु उसकी लंबाई नागस्वर से आधी है। उसका नाद कोमलतर है। नागस्वर-वालों की तरह शहनाई बजानेवालों में सप्रदायकुशल लोग बहुत हैं।

**क्लारिनट**––पाश्चात्य नागस्वर है। इसमें स्वरस्थानों को बंद करने या खोलने के लिए उँगलियों का प्रयोग सीधे नहीं करते हैं। हरएक रंध्र को बंद करने और खोलने का एक उपकरण है। उसे दबाकर स्वरों का उत्पादन करते हैं। दक्षिण भारत में आज इस वाद्य में कर्नाटक और हिन्दुस्थानी संगीत को अच्छी तरह बजाया जाता है। इसके साथी साज दूसरे पाश्चात्य वाद्य हैं। उनके नाम साक्सफोन, ट्रम्पेट आदि हैं।

## अवनद्ध वाद्य

मृदङ्ग शब्द आदिकाल में 'पुष्कर' वाद्य का नाम था। पुष्कर वाद्य में चमड़े से मढ़े हुए तीन मुख थे। दो मुख बायीं और दाहिनी ओर रहते थे, तीसरा मुख ऊपर रहता था। उसका पिण्ड मृत् या मिट्टी से बनाया जाता था। इसी कारण इसका नाम मृदङ्ग पड़ा। कुछ समय के बाद बायीं और दाहिनी ओर दो ही मुख वाले वाद्य की सृष्टि हुई। फिर उसका पिण्ड लकड़ी से बनाया गया। इन पुष्कर आदि वाद्यों की उत्पत्ति के बारे में नाट्यशास्त्र में एक वृत्तान्त है।

पहले भी बताया गया है कि स्वाति और नारद ही संगीत वाद्यों के आदि ग्रन्थ-कर्ता हैं। इनमें स्वाति एक बार छुट्टी के दिन (अनध्ययन दिन) एक सरोवर पर पानी लाने के लिए गये थे। आकाश बादलों से घिरा हुआ था, वेगपूर्वक वर्षा होने लगी। तब वायु वेग से सरोवर में पानी की बड़ी-बड़ी बूँदों के पड़ते समय पद्म की बड़ी, छोटी और मंझोली पंखुड़ियों पर वर्षा-बिन्दुओं के आघात से विभिन्न ध्वनियाँ उत्पन्न हुईं। उनकी अव्यक्त मधुरता को सुनकर आश्चर्यचकित स्वाति ने उन ध्वनियों को अपने मन में धारण कर लिया और आश्रम पहुँचने पर विश्वकर्मा से कहा कि इसी तरह के शब्द उत्पन्न करने के लिए एक वाद्य बनाना चाहिए। फलतः पहले-पहल तीन मुख से युक्त 'मृत्' से पुष्कर की सृष्टि हुई। बाद मे उसका पिण्ड लकड़ी या लोहे से बनाया गया। तब हमारे मृदङ्ग, पटह, झल्लरी, दर्दुर आदि चमड़े से मढ़े हुए वाद्यों की सृष्टि हुई।

आगमों में बताया गया है कि लकड़ी से बनाये हुए मृदङ्ग की सृष्टि ब्रह्मा ने की है और शिवताण्डव का साथ देने के लिए ही उसकी उत्पत्ति हुई। पुष्कर आज व्यवहार में नहीं है। पर मृदङ्ग आदिकाल से अब तक अवनद्ध वाद्यों मे मुख्य स्थान पाता रहा है।

मृदङ्ग का पिण्ड बीजवृक्ष (तमिल में वेङ्गै) या पनस की लकड़ी से बनाया जाता है। उसकी लंबाई २१ अंगुल (१५$\frac{3}{4}$ इंच) है। लकड़ी का दल आधे अगुल का है। दाहिना मुख १४ अंगुल और बायां मुख १३ अगुल है, मध्य में १५ अंगुल है। दोनों ओर के मुख चमड़े से मढ़े जाते थे। किनारे पर चमड़ा घनता से युक्त रहता था। उस चमड़े के घेरे में २४ छिद्र रहते थे। छिद्रों का पारस्परिक अन्तर एक अंगुल रहता था। उन छिद्रों में से वेणी की तरह चमड़े की रस्सी (वध्र, बद्धी) से बाँधा जाता था। इन दोनों 'पुडियों' को चमड़े की रस्सी से दोनों ओर खींचकर दृढ़ता से बाँधा जाता था। रस्सी के बंधन को ढीला करने या तानने से मृदङ्ग के स्वर को ऊँचा या नीचा कर सकते थे। पकाये हुए चावल को अपामार्ग के भस्म के साथ मिलाकर दोनों पुडियों के मध्य

में लगाया जाता था। उसका नाम 'वोहण' है। संगीतरत्नाकर में कहा गया है कि बायीं ओर अधिक और दाहिनी ओर थोड़ा कम लगाया जाता था। पर आजकल बायें मुख में, बजाने से पूर्व गुँथा हुआ आटा छोटी आकृति में लगाते हैं और दाहिने मुख में मृदङ्ग बनाते समय ही लकड़ी का कोयला, पकाया हुआ चावल, गोंद—इनको मिश्रित कर तीन इंच व्यास के चक्राकार में लगाते हैं। उसे स्थिर रहने देते हैं।

इस तरह के मृदङ्गों में तीन प्रकार हैं। आङ्किक, आलिङ्ग्य, ऊर्ध्वक। आलिङ्ग्य भूमि में रखकर बजाने योग्य है। आङ्किक कटि में बाँधकर बजाने योग्य है। ऊर्ध्वक छाती में बाँधकर बजाने योग्य है। रक्तचन्दन और आबनूस की लकड़ी से भी मृदङ्ग बन सकते हैं। पर उनकी मोटाई एक अंगुल (¾ इंच) रहनी चाहिए। लंबाई तीस अंगुल रहती है। दाहिना मुख ११½ अंगुल और बायां मुख १२ अंगुल व्यास का रहता है। इस वाद्य का देवता नन्दिकेश्वर है।

इस वाद्य में बोलनेवाले पाट या वाद्यशब्द ये हैं—दाहिने मुख में तद्धि, थे, टें, हें, नं, दें। बायें मुख में त, ट, ह्ला, द, ध, ल—इनका नाम 'शुद्ध संज्ञा' है। इनके सिवा इस वाद्य से उत्पादित किये जा सकनेवाले अक्षर भी शास्त्रों में बताये गये हैं। उन्हें 'कूट संज्ञा' कहते हैं। क, ख, ग, घ, ट, ठ, ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, य, र, ल, ह, म, झ—ये सब व्यञ्जन कई स्वर अक्षरों के साथ बोलते हैं।

ककार अ, ई, उ, ए, ओ, अं से युक्त बोलता है। उसके रूप क, कि, कु, के, को, कं हैं।

खकार इ, उ, ओ के साथ आता है, इसके रूप खि, खु, खो हैं।

गकार से उ, ए, ओ के साथ गु, गे, गो बनते हैं। घकार अ, ए, ओ के साथ घ, घे, घो, के रूप में आता है।

टकार से अ, ई, ओ, अं के साथ ट, टि, टो, टं बनते हैं।

ठकार अ, ई, ओ, अं के साथ ठ, ठि, ठो, ठं के रूप में आता है।

डकार अ, ओ, के साथ ड, डो बन जाता है।

ढकार आ, ए, अं के साथ ढा, ढे, ढं बन जाता है।

तकार अ, आ, इ, ए के साथ त, ता, ति, ते बनता है।

थकार अ, आ, इ, ए के साथ थ, था, थि, थे के रूप में बोलता है।

दकार अ, उ, ए, ओ के साथ द, दु, दे, दो के रूप में ध्वनित होता है।

धकार अ, इ, ओ, अं के साथ ध, धि, धो, धं के रूप में आता है।

रकार या रेफ अ, आ, इ, ए के साथ र, रा, रि, रे बन जाता है।

लकार अ, आ, ई, ए के साथ ल, ला, लि, ले बन जाता है।

हकार यकार के साथ अर्थात् ह और य मिलकर आते हैं।

मकार अं के साथ 'मं' के रूप में आता है और झकार अ, ए और अं के साथ झ, झे, झं बोलता है।

क, घ, त, ध—इनके साथ रेफ का अनुबन्ध होता है, अर्थात् क्रं, घ्रं, त्रं, ध्रं—इस तरह रूप होते हैं। ककार, पकार और तकार के साथ लकार भी आता है, जैसे—क्लां, प्लां, त्लां—आदि।

उन्हें उत्पादन करने का मार्ग—

दोनों हाथों से एक ही समय बजाने से 'धं' शब्द निकलता है। एक मुख से भी 'धकार' की उत्पत्ति होती है।

दोनों मुखों में उँगलियों को सरकाने से 'कुं' शब्द निकलता है।

दोनों मुखों में अवष्टम्भ (उठाने की तरह की क्रिया) करने से 'यकार' शब्द निकलता है।

बजाते समय पुड़ी के आधे भाग में ही हाथों को खींच लेने से 'थ' कार शब्द निकलता है।

दाहिने मुख में पीडन करने से 'क्ल' कार, उँगलियों से घर्षण करने से 'क्षकार', दोनों तर्जनियाँ बलपूर्वक रखने से 'क्ले', एक मुख में नख के द्वारा 'र', बायें मुख में 'द' कार।

दाहिने मुख के ऊपरी भाग में 'म' कार और बायें मुख के ऊपरी भाग में ओंकार की उत्पत्ति होती है।[1]

**पञ्च पाणि प्रहृतम्**

अक्षरों की उत्पत्ति के लिए कराघात पाँच प्रकार के हैं—समपाणि, अर्धपाणि, अर्धार्धपाणि, पार्श्वपाणि, प्रदेशिनी। नाम से ही उनकी क्रिया स्पष्ट है।

समपाणि से मारकर हाथ खींच लेने से मकार की उत्पत्ति होती है।

अर्धपाणि से मारते समय हाथ को आधा खींच लेने से गकार, दकार, धकार आदि शब्द निकलते हैं।

पार्श्वपाणि से मारकर खींच लेने से ककार, खकार, णकार, उकार आदि शब्द निकलते हैं।

**१. वाद्य शब्द-अक्षरों का विवरण और उनका उत्पत्ति-क्रम नाट्यशास्त्र, ३३वें अध्याय से उद्धृत है।**

अर्धार्धपाणि से मारने से त, थ, ह कार शब्द निकलते हैं।

प्रदेशिनी से बजाते हैं तो गंकार, थंकार, णंकार शब्द निकलते हैं।

**हस्तपाट या वाद्यशब्दों की योजना**

१. आदि हस्तपाट—शिवजी के पाँच मुखों में हरएक से सात संयुक्त हस्त-पाट उत्पन्न हुए हैं। उनमें **सद्योजात** मुख से उत्पन्न हस्तपाट—

| | | | |
|---|---|---|---|
| वनगिन गिननगि | — | इसका नाम है | नागबन्ध |
| ननगिड गिडदगि | — | ,, | पवन |
| गिडगिडगिडदत्था | — | ,, | एक |
| किटतत किटतत | — | ,, | एक सर |
| नखु नखु | — | ,, | दुस्सर |
| खिर्रतकिट | — | ,, | संचार |
| थोंगि थोंगि | — | ,, | विक्षेप |

**वामदेव मुख से उत्पन्न हस्तपाट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ततकिट | — | इसका नाम है | स्वस्तिक |
| थोंहता | — | ,, | बलिकोहल |
| थोंगिन थों थोंगिन | — | ,, | फुल्लविक्षेप |
| थों थों गों गों | — | ,, | कुण्डली विक्षेप |
| थोंगिण तत्ता | — | ,, | संचारविलिखी |
| किटथोंथों गिनखेंखें | — | ,, | खण्ड नागबन्ध |
| टकुझेंझें | — | ,, | पूरक |

**अघोरमुख से उत्पन्न हस्तपाट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ननगिडगिडदगिदा | — | इसका नाम है | अलग्न |
| दत्थरिक्रि दत्थरिकि | — | ,, | उत्सर |
| तकिधिकि तकिधिकि | — | ,, | विश्राम |
| टगुनगु टगुनगु | — | ,, | विषमखली अथवा विषमस्खलित |
| खिरिट खिरिट | — | ,, | सरी |
| खिरि खिरि | — | ,, | स्फुरी |
| नरकित्थरिकि | — | | स्फरण |

**तत्पुरुष मुख से उत्पन्न हस्तपाट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| दरिगिड गिडदगिदा | — | इसका नाम है | शुद्धि |
| टटकुटट | — | ,, | स्वरस्फुरण |
| ननगिनखिरिखिरि | — | ,, | उच्छल्ल |
| दखें दखें दखें खें | — | ,, | वलित |
| थों गिनगि थों गिनगि | — | ,, | अवघट |
| तत्ता | — | ,, | तकार |
| धिधि | — | ,, | माणिक्यवल्ली |

**ईशान मुख से उत्पन्न हस्तपाट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तझें तझें झें | — | इसका नाम है | समस्खलित अथवा समस्खली |
| गिरिग्ड गिरिग्ड | — | ,, | विकट |
| किण किणकि | — | ,, | सदृश |
| धिधि किटकि | — | ,, | अड्डुखली अथवा स्खलित |
| गिदिनगि दिगिनगि | — | ,, | खली |
| धरकट धरकट | — | ,, | अनुच्छल अथवा अनुच्छल्ल |
| दों नकट दों नकट | — | ,, | खुत्त |

मृदङ्ग वादकों में चार कोटियाँ हैं। वादक, मुखरी, प्रतिमुखरी और गीतानुग।

'वादक' का वादन इस प्रकार रहना चाहिए—

पहले 'त्राटन' नामक वादन करना चाहिए। मृदङ्ग में ताल का अनुसरण न करके 'वोहण' लगाने से पहले 'देहडडग'—इत्यादि ध्वनियों की उत्पत्ति करनी चाहिए।

उसके बाद 'ओडवाड' नामक घन ध्वनि की अधिक उत्पत्ति करनी चाहिए।

उसके बाद 'उधार' नामक अनुरणन ध्वनि रूप 'देहडडाद' आदि शब्दों का वादन करना उचित है। उसके बाद 'स्थापन' का वादन करना है। बायें मुख में वोहण को लगाकर बायें मुख में 'गडदग धों' और दाहिने मुख में 'गडदग धां' इत्यादि शब्द उत्पन्न करना चाहिए। उसके बाद द्वितीय ताल (१०८ ताल देखिए) के मध्य लय में दोनों मुखों में तीन बार क्रमशः शब्दों को अधिक करते हुए वादी संवादी का संयोग करके वादन करना चाहिए। उसके बाद विलम्ब, मध्य, द्रुत लय में क्रमशः एक, दो, तीन थोंकार से अंत करके वादन करना चाहिए। उसके बाद तीनों स्थानों में आलाप करने की तरह विलम्ब, मध्य, द्रुत लय में मनोधर्म का विस्तार

करते हुए मधुरता और सुन्दर रचना के साथ वादन किया जाना चाहिए। इस प्रकार के वादन का नाम 'स्थापन' है।

इसके बाद 'अन्तर' नामक वादन करना चाहिए, इसमें थोंकार का बहुत्व है। उसके बाद 'टाकणी' और 'वाद' का वादन करना चाहिए। टाकणी में दो प्रकार— सर टाकणी और जोडा टाकणी है। बाद में भी एक सरवाद, जोड़ा वाद होता है। इनमें चतुरश्र, त्र्यश्र, मिश्र, खण्ड तालों में एक तरह का ताल लेकर वादन करना। टाकणी में पहले श्रमवहनी नामक शब्द समूह का वादन करना। इसका रूप यह है—

तद्धितोटें

तत धिधि थोंथों टेंटें

ततत धिधिधि थोंथोंथों टेंटेंटें

ततत धिधिधिधि थोंथोंथोंथों टेंटेंटेंटें

उसके बाद एक सर टाकणी में 'तकधिकट तकधिकट, धिकटतक, तकधिकट, तकतकधिकट, धिकटकतधिकट'—इत्यादि के रूप में आठ वाद्यखण्डों का ताल की आठ कलाओं में वादन करना चाहिए। जोड़ा टाकणी में ऐसा वादन दो बार करना चाहिए।

'वाद' में पहले श्रमवहनी का वादन करके शुद्ध वर्णाभ्यास से 'दं दं टिरिटिट्टि कड्द—कड्दगझेक-उदवाझे-थरिक्कुथरि टगणगणथरि-गणगण धरि-धथरिगडदग-धथरिगडदग-हथरिगडदग-धतरि धतरि-तर्गड्दक्-तरिक्क टत्तक—इत्यादि ताल के सोलह खण्डों में वादन करना चाहिए।

'जोड़ावाद' में इसी प्रकार का दो बार वादन करना है। उसके बाद 'ताट' और 'वाद' का वादन करना उचित है। इनमें अतिद्रुत लय में दिगि दिगि दिग्दिग्—इत्यादि शब्दों का वादन करना। इसी प्रकार दूसरे वादन क्रम भी ऊहनीय हैं। इस तरह वादन करने से मृदङ्गवादक स्पर्धा में विजयी होता है।

**मुखरी**—वाद्य प्रबन्ध का रचयिता, नर्तन की शिक्षा में कुशल, गीत और वादन में पारङ्गत, सुस्वरूप, अवधान के साथ रहने के लिए अंतर्मुख रहनेवाला, नृत्य के अर्धाङ्ग के समान नृत्य में लीन होनेवाला, दूसरे वादकों के आगे खड़ा होनेवाला वादक 'मुखरी' कहलाता है।

इससे कुछ न्यून कोटि के वादक का नाम 'प्रतिमुखरी' है। शुद्ध, सालग गीतों के वर्ण, कठिन, कोमल, सम, विपम, मन्द्र, मध्य, तार, प्रौढ़ या मधुर शब्दों का अनुसरण वादन के द्वारा भली-भाँति करनेवाला, सालगगीत के उद्ग्राह नामक पूर्वभाग में तथा आभोग में, निस्सारुक ताल में अनुलोम, प्रतिलोम, उभयमिश्र गति रचना से वादन

करनेवाले, तकार से आरंभ करके थोंकार से अंत करनेवाले वादक का नाम है 'गीतानुग'।

**मद्दल आदि वाद्यों के प्रबन्ध**

गीत प्रबन्ध के समान उद्ग्राह आदि खण्डों के साथ वाद्य शब्दों का प्रबन्ध भी बनाया गया है। उनके भेद ४३ हैं। वाद्य प्रबन्धों के अन्त में 'दे' कार रहता है।

**मृदङ्ग वादकों के गुण**

अक्षरों की स्पष्टता, मुख आदि अंगों की सुरूपता, दूसरे वाद्यों का अनुसरण करने की पटुता, मधुर और गंभीरता के साथ वादन करने का कौशल, हस्तलाघव, सावधानी, श्रम को जीतने की शक्ति, मुख (आरंभ) वाद्य में पटुता, रञ्जनशक्ति, दूसरे अवनद्ध वाद्यों का अनुसरण करना, शब्दों की बहुलता, यति, ताल और लय की अच्छी जानकारी, गीत का अनुसरण करना—ये मृदङ्ग वादकों के गुण हैं। इनसे रहित होना 'दोष' है।

**पञ्च संच**

वादन करते समय वादकों के पाँच अंग हिलते हैं। इन्हीं कन्धे, कोहनी, अंगूठा, कलाई और बायें पाँव में होनेवाले कम्पन का नाम 'पञ्च संच' है। श्रेष्ठ वादकों के अंगूठे और मणिबन्ध (कलाई) ही हिलते हैं। मध्यम वादकों की कोहनी हिलती है। कन्धा अधम वादकों का हिलता है। बायें पाव का कम्पन हो तो वह सर्वश्रेष्ठ है।

**मृदङ्ग वृन्द**

दो, तीन या चार मृदङ्ग वादक वृन्द मे रह सकते हैं। सब वादक 'मुखरी' का अनुसरण करते हैं।

मृदङ्ग के अलावा पटह, आवुज आदि प्राचीन अवनद्ध वाद्य हैं। पर आज इन सब का प्रयोग नहीं हो रहा है। ढूँढा जाय तो कहीं देखने को मिल सकते हैं।

**पटह**—आबनूस की लकड़ी से बनाया जाता था। उसकी लंबाई २½ हाथ की है। मध्य में घेरे का नाप ६० अंगुल है। दाहिने मुख का व्यास ११½ अंगुल है। बायें मुख का व्यास १० अंगुल है। दाहिनी ओर लोहे का पट्टा होता है। बायीं ओर लताओं का पट्टा लगाना होता है। उससे चार अंगुल दूर पर लौह-निर्मित तीसरा पट्टा लगता है। दोनों ओर मृत बछड़े के चमड़े से मढ़ाया जाता है। बायीं ओर के चमड़े के घेरे में सात छिद्र बनाकर उनमें पतली रस्सी से, सोने चाँदी आदि से बनाये हुए चार अंगुल लम्बे सात कलशों को ढीला बाँधा जाता है। दाहिनी

ओर से उन्हें फिर उस चमड़े से बाँध दिया जाता है। इसे 'कोण' नामक साधन से या हाथ से बजाते हैं। इसी तरह का पटह कुछ छोटा रहे तो उसे 'देशी पटह' या 'अड्डावुज' कहते हैं। पटह का देवता स्कन्द है।

**हुडुक्का**—इसकी लंबाई एक हस्त की होती है। परिधि या घेरे का नाप २८ अंगुल होता है। पिण्ड का दल एक अंगुल होता है। दोनों मुखों का व्यास ७ अंगुल होता है। हरएक मुख में चमड़े से बनी हुई मण्डली बाँधी जाती है। मण्डली का व्यास ग्यारह अंगुल है। दोनों मण्डलियों को रस्सी से बाँध दिया जाता है। रस्सी के मध्य में रहनेवाली स्कन्ध-पट्टिका को बायें हाथ से पकड़कर दाहिने हाथ से बजाया जाता है। उसमें बोलनेवाले १६ अक्षर हैं, पर देंकार नहीं है। हुडुक्का की देवी सप्त माता हैं—ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी और चामुण्डा।

**करटा**—लंबाई में २१ अंगुल और घेरे का नाप ४० अंगुल है। मुख का व्यास १४ या १२ अंगुल है। दोनों मुखों में चमड़े से मढ़ी हुई लोह-मण्डली है। मण्डली की परिधि ४२ अंगुल है। दोनों मण्डलियाँ चमड़े से मढ़ी हुई हैं। हरएक चमड़े में १४ छिद्र हैं। दो-दो छिद्रों के बीच में विग्निका नामक लोह-कर्पर रहते हैं, जो कपाल की तरह हैं। 'कुडुप' नामक कोण से इसका वादन करते हैं। इसके पाट 'करट' और 'तिरिकिरि' हैं। इसका देवता 'चर्चिका' (देवी का एक रूप) है।

**घट**—घट का उदर बड़ा रहता है। मुख छोटा है। इसका पिण्ड घनतायुक्त है। अच्छी तरह पका रहता है। हाथों से इसका वादन किया जाता है। मर्दल में बोलनेवाले पाट घट में भी बोलते हैं।

**घडस**—इस वाद्य का दाहिना मुख मात्र चमड़े से मढ़ा जाता है। बायां मुख रस्सी से बाँधा जाता है। बायें हाथ की तर्जनी से रस्सी को दबाते हैं। दाहिनी ओर हाथ से और बायी ओर उँगली से वादन किया जाता है। वादन करते समय हाथ में मोम लगा लेते हैं। इसका पाट 'धोंकार' है। दाहिने हाथ से घर्षण के द्वारा धोंकार की उत्पत्ति होती है।

**ढवस**—इसकी लंबाई एक हस्त की है। परिधि ३९ अंगुल और मुख का व्यास १२ अंगुल है। लता का वलय है। चमड़े से मढ़ा रहता है। चमड़े में सात छिद्र रहते हैं। यह छिद्रों के द्वारा रस्सी से बाँधा जाता है। मध्य भाग को हाथ से पकड़कर दाहिने हाथ से 'कुडुप' नामक कोण के द्वारा वादन किया जाता है। इसका पाट 'ढंकार' है।

**ढक्का**—ढवस के समान है, परन्तु मुख का व्यास १३ अंगुल है। उसका पाट 'ढेंकार' है।

**कुडुक्का**—हुडुक्का का एक भेद है। हाथ से या कोण से बजाया जाता है।

**कुडुवा**—इसकी लंबाई २१ अंगुल है। बीज वृक्ष या लोहे का बनाया जाता है। दो मुख रहते हैं। पिण्ड और दोनों मुखों का व्यास सात अंगुल है। दोनों मुखों में चमड़े के अन्दर लता का वलय रहता है। उन्हें भी रस्सी से बाँध देते हैं। कोण से मोम को रगड़कर बजाना होता है। इसका पाट 'क्रेंकार' है।

**डमरुका**—इसकी लंबाई एक बित्ता है। मुखों का व्यास ८ अंगुल है। मुख को मण्डली से बाँधा करते हैं, जो मण्डली चमडे से मढ़ी जाती है। मध्य में व्यास कम है। मध्य में कटि-प्रदेश के आकार में रस्सी से बाँधना होता है। वादन के लिए मध्य में मिट्टी और मोम की गोली से लिपटी हुई एक रस्सी टाँगी जाती है। मध्यभाग को हाथ से पकड़कर वादन किया जाता है। इसका पाट 'डग' है। मतान्तर के अनुसार 'कख, रट' भी हैं।

**डक्का**—इसकी लंबाई एक बित्ता है। मध्य भाग कृश रहता है। मुखों का व्यास आठ अंगुल है। पिण्ड की घनता आधा अंगुल है। हरएक मुख में दो-दो तन्त्रियाँ हैं। तन्त्रियों को बाँधने के लिए हरएक मुख में ताम्र की दो-दो खूँटियाँ हैं। अन्य विषयों में हुडुक्का के समान है।

**दिण्डिमा या तवुल**—यह वाद्य नागस्वर की भाँति है। एक या सवा हाथ की लंबाई है। दोनों मुखों का व्यास पौन हाथ है। बदन कठोर लकड़ी से बनाया जाता है। दोनों मुख चमड़े से मढ़े जाते हैं। दोनों मुखों के घेरे में चमड़े की डेढ़ अंगुल घनता की मण्डली बाँधी जाती है। बायीं ओर का मुख मण्डली के अंदर है। दाहिनी ओर की मण्डली सीधी है। दाहिने मुख को हाथ से बजाते हैं और बायें मुख को एक बित्ता की लंबाई की लकड़ी से। इस लकड़ी की घनता एक अंगुल से क्रमशः ½ अंगुल हो जाती है। इस वाद्य को गले और दाहिने पार्श्व में टांगकर बजाते हैं। इसके शब्दों में 'डिं डिं' मुख्य है। इसी कारण से इसका नाम 'डिंडिं' पड़ा।

**तबला**—तबले में मृदङ्ग के दो भाग अलग-अलग हैं। दोनों भागों में मुख रहते हैं। दाहिने भाग में मृदङ्ग की दाहिनी ओर उत्पन्न होनेवाले शब्द उत्पन्न होते हैं। उसी तरह बनाया जाता है। बायें में मृदङ्ग की बायी ओर के शब्द बोलते हैं। दाहिना भाग लकड़ी से और बायां भाग धातु से बनाया जाता है। उत्तर भारत में तबला मृदङ्ग के स्थान में है।

**पखावज**—मृदङ्ग से कुछ बड़ा रहता है। उत्तर भारत मे ध्रुपद गाते समय बजाया जाता है।

**ढोलक**—मृदङ्ग की तरह है। पर इसके मध्य भाग का व्यास मुखों के समान है।

दोनों मुखों के ऊपर से कोई लेप नहीं किया जाता। कपास की रस्सी से दोनों मुख बाँधे जाते हैं। रस्सी को ढीला करने या तानने के लिए दो दो रस्सियों के बीच में पीतल के छल्ले रहते हैं। उन्हें सरकाने से इसकी ध्वनि को चढ़ाया उतारा जा सकता है।

**कञ्जिरा** (खंजरी)—एक ही मुख से युक्त है। मूल्य और वादन दोनों दृष्टियों से सस्ता वाद्य है। बायें हाथ से पकड़कर दाहिने हाथ से बजाया जाता है। इसका व्यास पौन बित्ता है। लंबाई तीन या चार अंगुल की है। मुख गोधिका (Varanus) (गोह) के चमड़े से मढ़ा जाता है। पिण्ड मे तीन या चार द्वार हैं जिनमें दो ताम्र के सिक्के शब्द की उत्पत्ति के लिये लगाये जाते हैं।

## घनवाद्य ताल

कांस्य-धातु से बनाया जानेवाला वाद्य घनवाद्य है। इस धातु को आग में भली-भाँति पकाकर, पहले चक्राकार कर लेते हैं। इस चक्र का मुख सवा दो अंगुल का होता है। उसका मध्यभाग अंगुल-भर नीचा रहता है। उस निम्न-देश के ठीक बीच में एक रंध्र होता है जिसमें डोरा पिरोया जाता है। जो उन्नत भाग निम्न-प्रदेश को घेरे रहता है वह डेढ़ अंगुल का बनाना चाहिए, जिससे तालों की ध्वनि कानों को अच्छी लगेगी। उसी रंध्र मे टिका रखने के लिए सूत्र को एक ग्रंथि से ग्रथित करते हैं।

ऐसे दोनों तालों को, दोनों हाथों की तर्जनी व अंगूठे से सूत्रों को पकड़कर बजाते हैं। ध्वनि कम उत्पन्न होती हो तो वह शक्ति है; अधिक होती हो तो वह शिव है। बायें हाथ के ताल से उत्पन्न होनेवाली ध्वनि अल्प होनी चाहिए। वैसे ही दाहिने हाथ के ताल से उत्पन्न ध्वनि घनता से युक्त होनी चाहिए। ऐसे नियम से वादन करने में वादक को अश्वमेध का फल प्राप्त होता है। अन्यथा वादक का अमङ्गल होता है। इन दोनों तालों का देवता तुंबुरु है; अलग-अलग रूप में शक्तिताल का देवता शक्ति और शिवताल का देवता शिव है। इस तालवाद्य को बजाने में भी कल्पना होती है, जो अगुलियों को ऊँचा करके बजाने से सिद्ध होती है।

### कांस्यताल

पंकज के नालों जैसे कांस्य-धातु के बने हुए, एक-से-आकार वाले दो वाद्यों को कांस्यताल कहते हैं। उनके मुखभाग १३ अंगुलों के तथा नीचे के तलभाग दो

अंगुलों के होते हैं। मध्यभाग तो अंगुल भर के ही होते हैं। उनके पाट 'झनकटा' आदि हैं।

### घण्टा

घंटा कांस्य की बनी हुई है। उन्नति ८ अंगुल तक की होती है। मूलभाग से मुख-भाग की परिधि ज्यादा होती है। प्रासाद के ऊपर एक दण्ड है। प्रासाद के गर्भ में लोह का बना हुआ 'लालक' लटक रहा है। दण्ड को हाथ में लेकर वादन करते हैं। खासकर देवताओं के पूजन में इसका वादन करना अभीष्टद मात्र नहीं, आवश्यक भी है।

*

*

## बारहवाँ परिच्छेद

# वाग्गेयकारों का संक्षिप्त इतिहास

### १. श्रीशार्ङ्गदेव

यह, "दौलताबाद" के राजा सिंहण, जिन्होंने ई० १२१० से १२४७ तक राज्य किया था, के समकालिक थे। काश्मीरी भास्कर देव के पुत्र और सोढलदेव के पौत्र थे। इन्होंने "संगीतरत्नाकर" नामक ग्रंथ की रचना संस्कृत भाषा में की, जिसके सातों अध्यायों में संगीतशास्त्र के सारे विषय, क्रम से यों प्रतिपादित हैं; जैसे—१ अध्याय स्वरगताध्याय, २ अ० रागविवेकाध्याय, ३ अ० प्रकीर्णकाध्याय, ४ अ० प्रबंधाध्याय, ५ अ० तालाध्याय, ६ अ० वाद्याध्याय, ७ अ० नृत्याध्याय।

इसकी सात व्याख्याएँ हैं जिनमें गंगाराम की ब्रजभाषा-व्याख्या भी एक है, जो सरस्वती महल पुस्तकालय में भी उपलभ्य है। शार्ङ्गदेव की दूसरी रचना "अध्यात्म-विवेक" वेदांत विषयक है।

उन्होंने भरत, मतंग, कीर्तिधर, कोहल, कंबल, अश्वतर, आंजनेय, अभिनव गुप्त और सोमेश्वर जैसे प्राचीन आचार्यों के मतों की विवेचना की है।

### २. अहोबल पंडित

यह अहोबल में कोई ४५० वर्षों के पहले रहे होंगे। इन्होंने शार्ङ्गदेव व आंजनेय के मतानुसार "संगीतपारिजात" की रचना की, जिसके कई लक्ष्य-लक्षण आजकल की पद्धति से मेल खाते हैं।

### ३. रामामात्य

यह, नियोगी तेलुगु ब्राह्मण तिम्मामात्य के पुत्र थे। इन्होंने "स्वरमेलकलानिधि" की रचना वेंकटाद्रिराय की इच्छा के अनुसार की, जो विजयनगर सम्राट् कृष्णदेव राय के दामाद का भाई था। इन्होंने दूसरे कई प्रबंधों की—जैसे एला, रागकदंब, गद्यप्रबंध, पंचतालेश्वर, स्वरांक, श्रीरंगविलास इत्यादि की रचना की थी, लेकिन उन प्रबंधों में किसी एक का भी पता नहीं। स्वरमेलकलानिधि के अनुसार इनका समय १५५० ई० है।

### ४. गोविंद दीक्षित

यह पंडित तंजौर के नायकराजा अच्युतय्य एवं उनके पुत्र रघुनाथ नायक दोनों के दरबार के मुख्य मंत्री थे। प्रसिद्ध अप्पय्य दीक्षित के समकालिक होने के कारण इनका समय ई० १५५४ से १६२६ तक है। शिष्ट व नयनिष्ठ ब्राह्मण-मंत्री होने के कारण इनकी शासन-पद्धति की प्रसिद्धि अब भी सुनाई पड़ती है। इन्होंने रघुनाथ नायक के साथ संगीतशास्त्र में "संगीतसुधा" की रचना की। इस लक्षणग्रंथ का उल्लेख मात्र, इनके पुत्र वेंकट मखी की "चतुर्दण्डिप्रकाशिका" में पाया जाता है।

### ५. वेंकट मखी

यह गोविंद दीक्षित के कनिष्ठ पुत्र और अपने बड़े भाई यज्ञनारायण दीक्षित के शिष्य भी हैं। इन्होंने तानप्पाचार्य से संगीत की शिक्षा पायी। इनकी पहले-पहल की रचना "गंधर्वजनता खर्व दुर्वार गर्वभंजनु रे" अब भी गायी जाती है। तंजौर के नायकराजा रघुनाथ के पुत्र विजयराघव राजा की प्रेरणा से "चतुर्दण्डिप्रकाशिका" नामक लक्षणग्रंथ की रचना इन्होंने की। इसमें वेंकट मखी ने वीणा, श्रुति, स्वर, मेल, राग, आलाप, ठाय, गीत, प्रबंध और ताल—इन दस विषयों को दस प्रकरणों में बाँटा है। इन्होंने कई गीत और प्रबंध निर्मित किये हैं।

### ६. गोविंदामात्य

यह षट् सहस्र-नियोगी ब्राह्मण थे। इन्होंने संगीतशास्त्र की रचना तेलुगु भाषा में की। उसमें, कई स्थानों पर संगीतरत्नाकर का तथा मेल एवं राग के विषय में स्वरमेलकलानिधि का अनुसरण किया है। ये वेंकट मखी से पहले और रामामात्य से पीछे रहे होंगे।

### ७. पुरंदर विट्ठलदास

ये कर्णाटक ब्राह्मण एवं भक्तकवि थे। सरलि, अलंकार तथा गणेशगीत—इनके प्रवर्तक ये ही महानुभाव हैं। इन्होंने प्रायः सूलादि प्रबंधों और हजारों की संख्या में पदों की रचना की है। दक्षिण भारत में आज भी इनकी कृतियों का अधिक सम्मान होता है। इनका काल सोलहवीं शताब्दी का मध्यभाग है।

### ८. रामदास

ये नियोगी ब्राह्मण गोपन्नामात्य के पुत्र हैं। इन्होंने रामभक्त होने के कारण संगीतसाहित्य में आत्मनैपुण्य के निदर्शक कीर्तन प्रायः श्रीराम की सेवा के रूप में बनाये हैं। वे कीर्तन तेलुगु भाषा में हैं।

**९. ताळपाकं चिन्नय्य**

ये तैलंग ब्राह्मण थे और वेंकटाचलपति के भक्त। ये ही भजनपद्धति के प्रवर्तक माने जाते हैं। उस पद्धति में प्रातःकाल के प्रबोधन से, रात के शयन तक के भिन्न-भिन्न समय में किये जानेवाले कार्य-कलापों के साथ गाये जानेवाले कीर्तन इन्होंने रचे हैं और ये अब भी गाये जाते हैं।

**१०. क्षेत्रज्ञ**

यह त्रिलिंग ब्राह्मण एवं कृष्णभक्त हैं। इनके पद तेलुगु भाषा एवं साहित्य में सर्वश्रेष्ठ हैं एवं अपनी-अपनी अलग विशेषताओं से संबद्ध हैं। हरएक पद में प्रयुक्त शृंगार रसानुसारी कैशिकी रीति, अर्थ पुष्टि, संदर्भानुसारी राग, धातु और पदविन्यास, गाने एवं सुननेवालों को मुग्ध कर लेते हैं, जो कि "मुव्वगोपाल" की मुद्रा से अंकित हैं। ये तंजौर के विजयराघव के समकालीन हैं।

**११. श्रीनिवास**

यह तमिलब्राह्मण और मीनाक्षी के भक्त हैं। तमिल में, इन्होंने जो पद व कीर्तन रचे हैं, उनमें "विजयगोपाल" की मुद्रा है। वे अर्थपुष्टि, शब्द व धातु शय्या के कारण मनोहर हैं। इनका जीवन-काल चोक्कनाथ नायक भूपाल के समय (ई० १६५०) में है।

**१२. जयदेव**

यह गोवर्धनाचार्य के शिष्य एवं कृष्णभक्त हैं। संस्कृत भाषा में इन्होंने "अष्ट-पदी" या "गीतगोविंद" की रचना की है। यह संस्कृत भाषा तथा संगीत-साहित्य में उच्चकोटि का ग्रंथ होने के कारण अद्वितीय है। इन्होंने "प्रसन्नराघव नाटक" इत्यादि दूसरी कई रचनाएँ की हैं; (?) तो भी उनकी ख्याति "गीतगोविंद" से ही हुई है। यह शार्ङ्गदेव के समकालिक हैं।

**१३. घनं सोनय्य**

इन्होंने "शशांक विजय" नामक शृङ्गाररस का प्रबंध रचा है। संगीत और संस्कृत एवं तेलुगु भाषा में प्रवीण थे। इस प्रबंध के अलावा "मन्नारुरंग" की मुद्रा से अंकित कई कीर्तनों एवं पदों के भी रचयिता हैं। यह बात उनके "शशांक विजय" से मालूम होती है। क्षेत्रज्ञ के समकालिक हैं।

**१४. मार्गदर्शी शेषय्यंगार**

वैष्णव ब्राह्मण एवं रंगनाथ के भक्त हैं। संस्कृत पंडित हैं और संगीतशास्त्रज्ञ भी। इनके ६० कीर्तन श्रीरंग के रंगनाथ स्वामी के बारे में रचे हुए हैं। इनकी चातुरी

देखकर पण्डित लोगों ने, 'मार्गदर्शी' के बिरुद से इन्हें सम्मानित किया है। कहा जाता है कि अय्यंगारजी सोनय्य के पूर्वकालिक हैं।

### १५. गिरिराज कवि

यह तैलंग ब्राह्मण हैं और इनका वासस्थान तंजौर जिले में तिरुवारूर था। प्रसिद्ध संत त्यागराज के दादा हैं। तंजौर के दूसरे महाराष्ट्र राजा शाहजी ने इनका सम्मान किया था। इनके कीर्तन भक्तिरसपूर्ण व वेदांतप्रधान है।

### १६. शाहजी महाराज

यह तंजौर-महाराष्ट्र-राजवंश के स्थापक एकोजी राजा के पुत्र है। संस्कृत, महाराष्ट्र, हिंदुस्थानी तथा तेलुगु भाषा के प्रकांड पंडित थे। साथ ही संगीत-साहित्य-विद्या के पंडित होने के कारण इन्होंने बहुत-से कीर्तनों एवं पदों की रचना की। तिरुवारूर के त्यागराज स्वामी के बारे में, इन्होंने एक पालकी-नाटक तेलुगु भाषा में रचा, जो "पल्लकि सेवा प्रबंध" नाम से प्रसिद्ध है। इनका शासनकाल ई० सन् १६८४ से १७११ तक है।

### १७. वीरभद्रय्य

तंजौर के महाराष्ट्र राजा प्रतापसिंह की, जिन्होंने ई० सन् १७४१ से १७६५ तक शासन किया था, संगीतरसिकता एवं उदारता को सुनकर, यह वाग्गेयकार उत्तर से तंजौर पधारे। यह तैलंग ब्राह्मण हैं; [illegible] की रचना में सिद्धहस्त भी हैं। इन महाशय के आने का समाचार सुनते ही, राजा ने स्वयं ही इनके पास जाकर इनका भली-भाँति आतिथ्य किया। इन्होंने बहुत-से कीर्तन तरह-तरह के रक्तिपूर्ण रागों में रचे हैं, जो "प्रतापराम" की मुद्रा से मुद्रित हैं। इनके अलावा इस राजा के प्रशस्तिगान के रूप में कई दरु, पद, तिल्लाना इत्यादि की रचना की है। हरएक कृति गेय कल्पनाओं से सज्जित है। इन्हीं महाशय को दक्षिण देश की गानरीति के परिष्कर्ता कहें तो यह अतिशयोक्ति या अत्युक्ति न होगी।

### १८. कवि मातृभूतय्य

ये त्रिशिरपुरीवासी तैलंग ब्राह्मण और भक्तकवि हैं। इन्होंने नीति व भक्तिमार्ग के कीर्तन रचे हैं। पारिजातापहरण नामक गांधर्वनाटक की भी रचना की है। "त्रिशिरगिरि" की मुद्रा से युक्त इनके कीर्तन, वहाँ की देवी सुगंधिकुंतलांबा की सेवा के रूप में रचित हैं। अपनी विकराल दरिद्रता से छुटकारा पाने के लिए भी देवीजी के पदों में ही भरोसा रखकर इन्होंने भक्ति की थी और सफलता भी पायी।

थी। कहा जाता है कि देवीजी की आज्ञा से तंजौर के राजा प्रतापसिंह ने ही, दस हजार रुपये देकर उन्हें बचाया था।

## १९. आदिप्पय्य एवं उनकी संतान

यह आदिप्पय्य कर्णाटक ब्राह्मण हैं। तेलुगु तथा संस्कृत के पंडित हैं। इन्होंने वीरभद्रय्य के मार्ग पर चलकर, रक्तिपूर्ण देशी रागों में अनेक कीर्तन, विशेष गमक-जातियों से युक्त रचे हैं जो "श्रीवेंकटरमण" की मुद्रा से मुद्रित हैं। रागालापन की मध्यमकाल-पल्लवी का परिष्कार इन महाशय के द्वारा हुआ है। इनका तानवर्ण "विरिबोणि" जो भैरवी राग का है, बहुत प्रसिद्ध है। वह वर्ण मौखिक व वीणागान में समानरूपेण रंजक है।

आदिप्पय्य के पुत्र वीणा-कृष्णय्य हैं, जो प्रसिद्ध वैणिक हैं। इनके तीन प्रबंध, जो "सप्ततालेश्वरम्" नाम से प्रसिद्ध हैं, मैसूर, विजयनगर तथा पुदुक्कोट्टै के राजाओं के विषय में रचे हुए हैं। इनके पुत्र वीणा-सुब्बुक्कुट्टि अय्य भी प्रसिद्ध वैणिक थे, इनका तालज्ञान, जो वैणिकों में थोड़ा ही पाया जाता है, बेजोड़ था।

## २०. सोंटि वेंकटसुब्बय्य

यह तैलंग ब्राह्मण है। तेलुगु भाषा में तथा संगीतशास्त्र में निपुण थे। वेंकटमखी के रागांगादि रागों के संप्रदायज्ञ थे। तंजौर के महाराष्ट्र राजा तुलजा के बारे में इनका बिलहरी राग में रचित एक वर्ण, विचित्र कल्पनाओं से युक्त एवं मनोरंजक है। इनके पुत्र वेंकटरमणय्य भी संगीत-साहित्य तथा गान दोनों मार्गो मे अपने पिता की अपेक्षा भी निपुणतर निकले थे।

## २१. रामस्वामी दीक्षित

ये द्राविड ब्राह्मण हैं। संस्कृत व तेलुगु भाषा के पंडित हैं। पहले वीरभद्रय्य से तथा पीछे वेंकटवैद्यनाथ दीक्षित से इन्होंने शिक्षा पायी। इनकी तथा इनके पुत्र मुद्दुस्वामी दीक्षित की कई रागतालमालिकाओं, तानवर्णों और कीर्तनों ने इनकी आर्थिक परिस्थिति की श्रीवृद्धि की और वे ही इनकी ख्याति के कारण भी हुए।

## २२. श्यामाशास्त्री

इन्होंने १७६३ ई० में जन्म लिया, संस्कृत व तेलुगु के पंडित होकर एक यतीन्द्र से संगीत का भी अभ्यास किया था। श्रीविद्या के प्रसाद से प्राप्त इनकी प्रखर प्रतिभा की झलक इनके प्रत्येक कीर्तन में पायी जानेवाली गेय-कल्पना व साहित्य-चमत्कार के कारण स्पष्ट दिखाई पड़ती है। इनकी रचनाएँ "श्यामकृष्ण" की मुद्रा से अंकित हैं। ये महानुभाव संगीत की त्रिमूर्तियों में अन्यतम हैं।

इनके दूसरे पुत्र सुब्बराय शास्त्री भी संस्कृत और तेलुगु, दोनों भाषाओं में प्रवीण और सगीतमर्मज्ञ थे। इनके बहुत-कुछ कीर्तन एवं स्वरजातियाँ अब भी प्रसिद्ध हैं।

### २३. वीण पेरुमालय्य

यह आंध्र ब्राह्मण और तंजौर आस्थान के पंडित थे। घनराग के तानों को बजाने मे सिद्धहस्त थे। भैरवी जैसे रक्तिरागों को लगातार नौ या दस दिनों तक वजाकर पूर्ण करना इनकी अपनी विशेषताओं में से एक है। सौराष्ट्र और सावेरीराग के दो तानवर्णों की रचनाएँ, उनकी गेयरचना की चातुरी के नमूने है।

### २४. श्री त्यागराजय्य

ये गिरिराज कवि के पौत्र और दरबारी विद्वान् सोंटि वेंकटरमणय्य के शिष्य थे। सस्कृत तथा तेलुगु भाषा की शिक्षा पाकर एक ही वर्ष के अभ्यास से संगीत के विविध विषयों के विज्ञ निकले। इसके पहले ही वेदाध्ययन कर चुके थे। अचानक ही कांचीनगरी के एक भागवतोत्तम का साक्षात्कार इनसे हुआ। उन्होंने रामनाम का उपदेश दिया था। इन्होंने इसी तारकमंत्र के प्रभाव से भगवद्दर्शन किये थे। पहले-पहल जब दर्शन पाया था, वही समय इनकी रचना का आरंभकाल था। भगवान् नारदजी ने भी इनकी भक्तिपरायणता से मुग्ध होकर, "स्वरार्णव" नामक पुस्तक दी थी। उस समय में ही नारदजी के विषय में कई एक कीर्तन रचे हैं। इनकी रचनाएँ प्राय: समयानुकूल हैं और "रामचंद्रजी" की सेवा के रूप में रची हुई है। प्रत्येक कीर्तन "त्यागराज" की मुद्रा से अंकित, तेलुगु भाषा में है। इनकी कृतियों मे बहुत प्रसिद्ध पाँच हैं, जो "पंचरत्न कीर्तन" कहाते हैं। सारी रचनाओं में भक्ति रस की ही प्रधानता है। इन्होंने अपने जीवन को राम की सेवा में ही अर्पित किया था। तंजौर के राजा शरभोजी की आज्ञा एवं प्रार्थना का अनादर करके आदर एवं संपत्ति से वंचित रहने का साहस इन्होंने ही किया था। ऐसे समयों में जो परिस्थिति सामने आ पड़ी थी, उससे लाचार होकर इन्होंने कई कीर्तन रचे थे। वे कृतियाँ भी अब गायी जाती हैं।

ये तीर्थयात्रा के कारण अनेक स्थानों में घूमे। श्रीरंग, शेषाद्रि आदि तीर्थों के देवताओं के बारे में कीर्तन गाते थे। अंतिम दिनों मे इन्होंने प्रव्रज्या ले ली थी। संत त्यागराज स्वामीजी सतहत्तर वर्ष की अवस्था में गोलोकवासी हुए थे। इनकी समाधि तंजौर के पास के पंचनदक्षेत्र में है।

ये संगीत की त्रिमूर्तियों में अन्यतम हैं। केवल ये महात्मा ही तेलुगु तथा अतेलुगु लोगों में समानरूपेण लोकप्रिय हुए हैं।

### २५. वीणा कुप्पय्य और उनके पुत्र

गायन एवं वीणावादन में ये बहुत श्रेष्ठ हैं। इन्होंने गेयचमत्कृति से युक्त तानवर्ण कीर्तनों की रचना की है। इनके पुत्र त्यागय्य ने, जिसका नामकरण अपनी गुरुभक्ति के कारण कुप्पय्या ने किया था, कई तानवर्ण रचे थे। इनके अलावा "पल्लवी-स्वरकल्पवल्ली" के रचयिता भी ये ही हैं।

### २६. वैकुंठ शास्त्री

शास्त्रीजी संस्कृत वाग्गेयकारों में प्रमुख हैं। अन्य काव्य नाटक अलंकारशास्त्रों की तरह संगीतशास्त्र भी इनके अध्ययन का विषय था। गेयकल्पनायुक्त संस्कृत-कीर्तन, रक्ति एवं देशी रागों में इन्होंने रचे थे। "वैकुंठ" की मुद्रा से इनके कीर्तन अंकित हैं।

### २७. कुप्पुस्वामी अय्यर

यह द्रविड ब्राह्मण हैं। तेलुगु भाषाविज्ञ भी थे। इनके कीर्तन प्रायः भक्ति रस के हैं। कई एक शृंगार रस के भी हैं। दोनों गेयकल्पनाएँ बहुत चमत्कारयुक्त हैं। पदविन्यास ललित है। "वरदवेंकट" की मुद्रा से मुद्रित है।

### २८. पल्लवि गोपालय्यर

इनकी इस "पल्लवि" पदवी का मुख्य कारण इनकी प्रतिभा थी, जिससे ये पल्लवी के गाने में बेजोड़ हुए थे। इनके रचे हुए एक "वनजाक्षी" कल्याणी नामक तानवर्ण से ही, संगीतकल्पनाचमत्कार, गमक, स्वरकल्पनाशय्या इत्यादि का पता चलेगा। इन्होंने "वेंकट" की मुद्रा से अंकित अन्य कई तानवर्णों की रचना भी की है। ये अमरसिंह तथा शरभोजी के समकालिक हैं।

### २९. मुद्दुस्वामी दीक्षित

ये रामस्वामी दीक्षित के पुत्र थे। ई० सन् १७७५ में उत्पन्न हुए थे। सोलह बरस में ही साङ्गवेदाध्ययन कर चुके थे। ज्योतिष, वैद्यक तथा मंत्रशास्त्र में भी विशेष प्रज्ञा थी। सौभाग्य से चिदंबरनाथ योगी नामक एक सिद्धपुरुष ने इनको श्रीविद्या का उपदेश दिया था। पीछे सुब्रह्मण्य का अनुग्रह भी इन्हें मिला था। इन्होंने प्रायः सभी तीर्थों की यात्रा की है। वहाँ के देव-देवियों के स्तोत्ररूप विविध कीर्तन रचे हैं। इनकी भाषा पूर्णरीति से संस्कृत है, तो भी गेयकल्पना, अर्थपुष्टि, ललितपदविन्यास आदि से युक्त है। इनके कीर्तन "गुरुगुह" की मुद्रा से अंकित हैं। इनके कीर्तन

वेंकट मखी के संप्रदाय के अनुसार हैं। रागों के नाम से भी शोभित हैं। अर्थपुष्टि, विन्यासचातुरी इत्यादि उच्चकोटि की हैं। इनके अलावा सूडादि सात तालों में रचे हुए नवग्रह कीर्तन और कमलांबा देवीजी की नवावरणपूजा के अनुसार रचित नौ कीर्तनों से इनकी प्रशस्ति सर्वतोमुखी हुई।

ये महानुभाव सगीत की त्रिमूर्ति मे अन्यतम हैं। ई० सन् १८३५ में, एट्टयपुरं राजा के अनुरोध से वहाँ चले गये थे। वहीं उसी साल में उनका वियोग हुआ था।

### ३०. चिन्नस्वामी दीक्षित

यह मुद्दुस्वामी दीक्षित के भाई हैं। संस्कृत और आंध्र भाषा के विद्वान् हैं। संगीतशास्त्र का अध्ययन करके वैणिकश्रेष्ठ हुए थे। कई राजसभाओं में इन्होंने वैणिकश्रेष्ठ के रूप में प्रशंसा पायी है। तोडी तथा कल्याणी के इनके दो कीर्तन प्रसिद्ध हैं।

### ३१. बालस्वामी दीक्षित

ये भी मुद्दुस्वामी दीक्षित के भाई हैं। वीणा ही नहीं, इनके लिए सितार, फिडिल, मृदंग इत्यादि वाद्यों का बजाना बाये हाथ का खेल था। मणलि मोदलियार के सौजन्य से इन्होंने एक अंग्रेजी फिडिल वादक का शिष्य होकर पाश्चात्य संगीत की शिक्षा भी पायी थी। एट्टयपुरं राजा के सभापंडित होकर उस राजा के बारे में कई कीर्तन रचे थे। उस राजा के पुत्र को संगीत सिखाया था। पीछे उस कुँवर राजा के द्वारा रचित विविध रागों के संस्कृत कीर्तनों को, विशेष चमत्कार व कल्पनायुक्त मुक्तायिस्वरों से सज्जित किया था। इनके नाट तथा दूसरे रागों के तानवर्ण, जो चमत्कारिक स्वरों और जातियों से युक्त हैं, बेजोड़ हैं। इनका समय ई० सन् १७८६ से १८५९ तक है।

### ३२. चौकं सीनु अय्यर

यह द्रविड ब्राह्मण एवं संगीत के चतुर विद्वान थे। रागालाप आदि को बहुत विलंब से गाने में चतुर थे। इसी कारण "चौकं सीनु अय्यर" नाम से प्रसिद्ध हुए थे। शरभोजी तथा उनके पुत्र शिवाजी के समय हुए थे।

### ३३. मध्यार्जुन प्रतापसिंह महाराज

तंजौर के महाराष्ट्र राजा अमरसिंह के पुत्र हैं। संस्कृत तथा महाराष्ट्री में विचक्षण थे। इनके मृदंगवादन का कौशल प्रसिद्ध है। इनकी साहित्य रचना में,

"नवरत्नमालिका" नाम की [illegible] वर्णक्रम और स्वरचमत्कृति से लसित है।

### ३४. कुलशेखर पेरुमाळ्

तिरुवनंतपुर के राजा कुलशेखर संस्कृत, केरली, तेलुगु, हिंदुस्तानी, अंग्रेजी इत्यादि भाषाओं में प्रवीण थे। साथ ही संगीत के प्रतिभावान् विद्वान् थे। इनके द्वारा रचित तरह-तरह के रक्ति व देशी रागों के [illegible], जो गेयकल्पना तथा चातुरी से रंजित और "पद्मनाभ" की मुद्रा से अंकित है, असंख्य हैं। इनके अलावा तेलुगु तथा केरली भाषा में भी संगीत साहित्य की रचनाएँ इन्होंने की है।

### ३५. शेषाचल भागवत

यह पुदुक्कोट्टै के आस्थानपंडित थे। प्राचीन सप्रदाय के रागालापन और कीर्तन के गाने में अद्वितीय थे। प्रसिद्ध श्यामाशास्त्रीजी के शिष्य थे। इनके भाई, पुत्र तथा पौत्र, सब वंशानुगत सगीतविशारद थे और उसी आस्थान के विद्वान् भी हुए थे।

### ३६. सदाशिव ब्रह्म

संत सदाशिव ब्रह्म अमानुषिक विभूतिवाले महानुभाव थे। ब्रह्मानंद में निमग्न ये योगिराट् अखंड कावेरी के प्रान्तों में गाते-गाते विचरते थे। गेय वाक्-रूप इनके संस्कृत कीर्तनों मे पदलालित्य व श्रवणसुख के अलावा अलौकिक शक्ति भी सुननेवाले अनुभव करते हैं। विविध रागों में इनके संस्कृत कीर्तन, संस्कृतज्ञों और असंस्कृतज्ञों में प्रसिद्ध हैं। इनकी समाधि नेरूर में है, जो आजकल एक तीर्थस्थान है।

### ३७. अक्किल स्वामी

ये यतींद्र कृष्णभक्त थे। चिदंबरं के पास रहा करते थे। संस्कृत में इन्होंने कीर्तन रचे थे। कहा जाता है, श्रीकृष्ण के प्रसाद से इनकी एक शारीरिक व्याधि नष्ट हुई थी। उसी समय इन्होंने एक कीर्तन रचा था जो कल्याणी राग का "तावक-करकमले" कीर्तन है।

### ३८. शिवरामाश्रमी

ये तैलंग ब्राह्मण थे। इन्होंने संगीतकीर्तन और भक्तिमार्ग के पदों को सीखकर "निजभजनसुखपद्धति" की रचना की और बीस ही वर्ष की आयु में प्रव्रज्या ग्रहण की थी। सारे देश का भ्रमण करके, अन्ततः तिरुवारूर में रहकर त्यागराज स्वामी की भक्ति की। इनकी रचनाएँ तेलुगु और संस्कृत, दोनों में पायी जाती हैं।

### ३९. सारंगपाणि

इनके पद शृंगार और हास्यरस-प्रधान हैं। हास्यरस की रचनाओं में ग्राम्योक्तियाँ तथा चाटु मुख्य हैं। "वेणुगोपाल" की मुद्रा से अंकित हैं। यह भी तैलंग ब्राह्मण हैं।

### ४०. मेलट्टूर वेंकटराम शास्त्री

यह तैलंग ब्राह्मण और शरभोजी के समसामयिक एवं तेलुगु भाषा के पंडित थे। इनके पद, कैशिकी रीति के पदविन्यास मे युक्त शृंगाररस-प्रधान हैं।

### ४१. तोडि सीतारामय्य

तोडी राग इनकी संपत्ति थी। कहा जाता है कि आर्थिक परिस्थिति जब बिगड़ जाती, तब तोडी को धरोहर रखकर उससे प्राप्त धन द्वारा ये कालयापन करते थे। राजा-रईसों की सहायता से ऋण चुकाकर ही तोडी गाते। इनके तोडीराग को सुनने के लिए लोग तरसते रहते थे। इन्होंने कई और रचनाएँ भी की थीं, जो कल्पना की खान है।

### ४२. तच्चूरू शिंगराचार्य

यह आंध्र वैष्णव ब्राह्मण थे। फिडिल बजाने में बहुत समर्थ थे। इनके कई संस्कृत कीर्तन गेय कल्पनाओं से युक्त हैं। स्वरमंजरी, गायकपारिजात, सगीतकलानिधि, गायकलोचन और गायकसिद्धांजन आदि पुस्तकों के प्रकाशन मे इनका बड़ा हाथ था।

### ४३. अरुणगिरिनाथ

इनका वासस्थान शीयाळि था। तमिल भाषा के पचलक्षणो के विज्ञ थे। इनके समय मे तुलजा राजा ने तंजौर का शासन किया था। यह सगीत शास्त्र मे दक्ष थे। श्रीमद्रामायण के प्रत्येक कथासदर्भ को संदर्भानुसृत रसों के ह्लादजनक रागों मे, तमिल कीर्तन के रूप में इन्होंने रचा था। प्रत्येक कीर्तन वर्णक्रमचातुरी से निबद्ध है। इन रामायण-कीर्तनों को इन्होंने मणलि मुद्दुकृष्ण मोदलियार की सभा मे गाकर उनके हाथों कनकाभिषेक पाया था। तमिल प्रांत में इनकी बहुत ख्याति है।

### ४४. मुत्तुत्तांडवर्

यह द्रविड भाषा और संगीत के पंडित और शिवभक्त शिखामणि हैं। चिदंबर के सभापति के बारे में, भक्ति और शृंगाररस के विविध पद तथा कीर्तन इन्होंने रचे हैं। इनका समय अरुणगिरिनाथ के पूर्व है।

### ४५. पापविनाश मोदलियार

तंजौर के तुलजा राजा के समकालिक मोदलियारजी तमिल तथा संगीत के विशारद थे। उनके पद "पापविनाश" की मुद्रा से अंकित हैं। वे निंदास्तुति के रूप में रचे हुए हैं।

### ४६. घनं कृष्णय्यर

यह प्रसिद्ध त्यागय्य के समकालिक ब्राह्मण हैं। इनका पल्लवि-गायन बहुत रंजक होता था। इनके पद श्रृंगाररस में प्रसिद्ध हैं। इनका स्थान उडधार पालयम् था। वहाँ के राजा को सम्बोधित करके कई पद रचे हैं। उन पदों में सारी विशेषताएँ पायी जाती है।

### ४७. शंकराभरणं नरसय्य

शरभोजी के समकालिक इन सज्जन ने तमिल भाषा में कई पदों की रचना की थी जो गेय कल्पनाओं से रंजक है। इन ब्राह्मण-विद्वान् का शंकराभरण राग अनुपम है। इसी कारण इनका नाम शंकराभरणं नरसय्य पड़ा है।

### ४८. आनतांडवपुरं बालकृष्ण भारती

यह ब्राह्मण शिवभक्त हैं। रक्ति व देशी रागों के अलावा और कई रागों के कीर्तन गेय कल्पना एवं चमत्कार से युक्त रचे थे, जो "गोपालकृष्ण" की मुद्रा से मुद्रित हैं। इस भक्त-ब्रह्मचारी ने "नंदनार" नाम के प्रसिद्ध शिवभक्त का चरित रचा था।

### ४९. वैद्दीश्वरनकोइल सुब्बरामय्य

इन्होंने श्रृंगाररस के कीर्तन, "मुद्द्क्कुमरन" की मुद्रा से अंकित रचे हैं। द्राविड़ी भाषा और संगीत शास्त्र के विद्वान् थे।

### ५०. वेंकटेश्वर एट्टप्प महाराज

इनका शासन समय ई० सन् १८१६ से १८३९ तक का था। यह राजा संस्कृत, आंध्र और द्राविड के पंडित थे। संगीत शास्त्र के मर्मज्ञ थे। वैणिक श्रेष्ठ भी थे। "शिवगुरुनाथ" की मुद्रा से अंकित मुखारि राग का द्राविड कीर्तन इन्हीं का है। इन्होंने कई द्राविड वृत्त रचे थे।

### ५१. सुब्बराम दीक्षित

मुद्दुस्वामी दीक्षित के दत्तक पुत्र हैं। इन्होंने संस्कृत तथा तेलुगु भाषा की और संगीत शास्त्र की भी ऊँची शिक्षा पायी थी। वीणा की शिक्षा पिता से मिली थी।

पहले-पहल श्री कार्तिकेय के बारे में दरबार राग का एक तानवर्ण रचकर राजसभा में गा सुनाया था। इनके कर्तृत्व में संदेह होने के कारण, संदेह को दूर कराने के लिए यमुना राग का एक जातिस्वर इनसे रचाया गया था। इनकी रचनाओं में कीर्तन, तानवर्ण, चौक-वर्ण, रागमालिका आदि हैं।

**५२. पट्टणं सुब्रह्मण्यय्य**

यह तमिल ब्राह्मण १९ वी सदी के उत्तरार्ध में थे। इनका वासस्थान तंजौर के आस-पास का पंचनद क्षेत्र था। आंध्र भाषा और संगीत शास्त्र दोनों की शिक्षा पायी थी। इनके तेलुगु कीर्तन बहुत प्रसिद्ध है।

**५३. वेंकटेश्वर शास्त्री**

संस्कृत और तमिल के पंडित थे। साथ ही सगीत शास्त्रज्ञ तथा श्रेष्ठ वैणिक भी। सगीतस्वरबोधिनी के प्रकाशक है। इनके रचे हुए संस्कृत-कीर्तन कई एक मिलते है।

**५४. गर्भपुरी धर्मपुरी वाले**

ये यमल विद्वान् "गर्भपुरी" और "धर्मपुरी" की मुद्राओं से अंकित शृंगाररस की जावलियों के रचयिता है।

**५५. रावबहादुर नागोजीराव**

यह महाराष्ट्र ब्राह्मण बहुभाषाविज्ञ तथा संगीतज्ञ भी थे। रागविबोधिनी तथा दूसरी सगीत पुस्तकों के प्रकाशक है। इन्होंने पाठशालाओं के इंस्पेक्टर के पद पर रहकर सगीत पुस्तकों के प्रकाशन मे काफी दिलचस्पी ली थी।

## कल्लिनाथ

सगीतरत्नाकर की प्रसिद्ध व्याख्या "कलानिधि" के रचयिता है। विद्यानगर के महाराज इम्मडि देवराय के आस्थान पंडित थे। इनका समय ई० सन् १५५० के आसपास था।

## वेंकटरामय्य

जातीय ज्ञान के साथ कीर्तनों के गाने में जो कठिनता होती है उसका तनिक भी अनुभव किये बिना, यह महाशय गाते थे। इसलिए "इनुपसनिगेल"—अर्थात् "लोहे के चने" की उपाधि इन्हें मिली थी। बोधेंद्र स्वामी के बारे में रचा हुआ इनका "सत-

नि" तोड़ी कीर्तन प्रसिद्ध है। इनकी कृतियों में "गोपालकृष्ण" की मुद्रा सुनाई ड़ती है। इनका समय भी आदिप्पय्य का अंतिम काल है।

### त्यागराजय्य के शिष्य

१. वीण कुप्पय्य (२५ देखिए)

**२. बालाजीपेट वेंकटराम भागवत**

इनके शिष्य प्रायः सौराष्ट्रभाषी थे। उनके द्वारा त्यागराजय्य के कीर्तन का चार व प्रसार इन्होंने कराया था।

न्य शिष्य—

अय्या भागवत
सुब्बराम भागवत
तिल्लस्थानं रामय्यंगार
उमयापुरं कृष्णभागवत
सुंदर भागवत

### गोविंदसामय्य

यह तैलंग ब्राह्मण थे। इनकी रचनाएँ शृंगाररस प्रधान हैं। कावेरी नगर ंस्थान के राजा के प्रति मोहनराग मे एक वर्ण इन्होंने रचा था। इनके कई न्य वर्ण देवताओं के विषय में रचे हुए हैं। नवरोज व केदारगौड़ राग के इनके वर्ण हुत प्रसिद्ध हैं।

### विजयगोपाल

ये भक्त-विद्वान् थे। संस्कृत तथा तेलुगु में इनके कीर्तन भक्तिरस-स्निग्ध हैं। नकी कृतियाँ "विजयगोपाल" की मुद्रा से अंकित हैं। इनका समय १७ वी सदी का ंतिम भाग है।

### मुद्दुस्वामी दीक्षित (२९) के शिष्य

(१) संगीत व द्राविडी के पंडित तिरुक्कडयूरु भारती।
(२) आवडयार कोयिल वीणा वेंकटरामय्यर।
(३) तेवूरु सुब्रह्मण्यय्य।
(४) संगीत-मृदंग-लक्ष्य-लक्षणदक्ष तिरुवारूर शुद्ध मृदंगं तंबियप्पा।
(५) भरतश्रेष्ठ तंजाऊर पोन्नय्या।
(६) वडिवेलु।

(७) भरतलक्ष्यलक्षणविशारद कोरनाडु रामस्वामी।
(८) नागस्वरप्रज्ञ तिरुवळुंदूर बिल्लवनं।
(९) तानवर्णपद रचयिता तिरुवारूर अय्यास्वामी।
(१०) नाट्यगानविद्या विदुषी तिरुवारूर कमलं।
(११) गानयशस्विनी वळ्ळलार कोइल अम्मणि।

## दोरसामय्य

इनकी तेलुगु कृतियों में "सुब्रह्मण्य" की मुद्रा से अंकित कीर्तन प्रसिद्ध है। सहज शैली और रंजनयुक्त हैं। ये द्रविड ब्राह्मण हैं। इनका समय शरभोजी का अंतिम तथा शिवाजी का आदिम काल है।

## रामानंद यतींद्र

ये संस्कृत साहित्य रचना में दक्ष थे। इनके गौरीराग-प्रबन्ध को देखने से इनके पांडित्य की स्पष्ट झलक दिखाई पड़ती है। ये अहोबल पंडित के पिछले समय में थे।

## नारायण तीर्थ

इनकी रची हुई तरंगों से संस्कृत साहित्य की रचना का पता चलेगा। प्रायः ३५० वर्षों के पहले इनका समय है।

## स्वयंप्रकाश यतींद्र

मायूर क्षेत्र के रहनेवाले ये यतिराट् संस्कृत तथा तेलुगु के प्रकाण्ड पंडित थे। साथ ही संगीत शास्त्र निष्णात भी थे। इनके संस्कृत कीर्तन प्रसिद्ध हैं।

## युवरंगपद

उडयारपालयं संस्थान के अधीश युवरंग, रसिकशिखामणि एवं उदार दाता थे। इनके बारे में, कई वाग्गेयकारों के द्वारा गेयकल्पनायुक्त पद रचे गये। वे ही युवरंगपद नाम से प्रसिद्ध हैं। तुलजा राजा के समकालिक थे।

## परिमलरंग

"परिमलरंग" की मुद्रा से जो पद, प्रास तथा गमक से युक्त सुनाई पड़ते हैं उनके रचयिता यही परिमलरंग हैं। इन्होंने तेलुगु भाषा में रचना की थी। प्रायः २५० वर्ष पहले, चेन्नपुरी के उत्तर प्रांत में रहते थे।

**शृंगारपद के रचयिता तेलुगु कवि**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १. घटपल्लिवाला | — कैलासपति की मुद्रा से युक्त पदों के रचयिता | | | | | |
| २. बोल्लपुरवाला | — बोल्लवरं | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ३. जटपल्लिवाला | — जटपल्लिगोपाल | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ४. शोभनगिरिवाला | — शोभनगिरि | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ५. इनुकोंडवाला | — इनुकोंडविजयराम | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ६. शिवरामपुरीवाला | — शिवराम पुरम् रामपुर | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ७. वेणंगिवाला | — वेणंगि | ,, | ,, | ,, | ,, |
| ८. मल्लिकार्जुन | — मल्लिकार्जुन | ,, | ,, | ,, | ,, |

ये कवि आंध्रदेशस्थ तैलंग ब्राह्मण थे। लगभग २५० वर्ष पहले रहे होंगे।

*

# अनुबन्ध १

(कर्नाटक पद्धति के रागों का आरोहण-अवरोहण-क्रम)

## कर्नाटक संप्रदाय की आधुनिक पद्धति (शिङ्गाराचार्य के गायकलोचन के अनुसार)

| राग | आरोही | अवरोही | श्री सुब्बराम दीक्षित की संगीत सम्प्रदाय प्रदर्शिनी के अनुसार |
| १८२. | जोग | सा, गमपमगम, गम, पनिप, निसंनिप, मगमपमगस, निपस। |
| १८३. | जोग कौंसा | स गमगमा मगम, धनिसा निधम, ग, मगस, धनिस गम। |
| १८४. | ललित (मार्वा) | निरेगम, ममग, मध, मध, निरे निध मम, गनिरे गम ममग, मगरेसा, निरेगस। |

# अनुबन्ध ३

(तालों का प्रस्तार क्रम)

**संख्या**

नियत मात्रावाले अमुक ताल को कुल कितने प्रस्तार मिल सकते हैं इस प्रश्न का, अंक-पंक्ति-रूप जो उत्तर पाया जाता है वही संख्या है।

चतुर्मेरु प्रस्तार के एक-द्रुतवाले ताल का प्रस्तार—१
,, ,, ,, द्वि-द्रुतवाले ,, के ,, —२

आगे ३, ४, ५, ६, ७, ८ इत्यादि द्रुतवाले तालों को, मिलने योग्य सारे प्रस्तारों को, अंक-पंक्ति के रूप में खोजने की विधि बतायी जाती है—

अंत्य (अन्तिम अंक) उपांत्य (अंत्य से पहला अंक) तुरीय (चौथा अंक) षट्क (छठा अंक) इनको जोड़कर लिखें तो अगला अंक पंक्ति में मिलेगा। जहाँ-जहाँ तुरीय और षट्क नहीं उपलब्ध होते वहाँ, क्रम से तृतीय और पंचम को मिला लीजिए। यों लिखने पर—

३ द्रुतवाले का अंत्य— २
,, ,, ,, उपांत्य— १
कुल मिलकर— ३ १, २, ३ (अंक-पंक्ति)

४ द्रुतवाले का अंत्य — ३
,, ,, ,, उपांत्य— २
(तुरीय की अनुपस्थिति— १
के कारण) तृतीय
कुल — ६ १, २, ३, ६ (अंक-पंक्ति)

५ द्रुतवाले का अंत्य— ६
,, ,, ,, उपांत्य— ३
,, ,, ,, तुरीय— १
कुल — १० १, २, ३, ६, १० (अंक-पंक्ति)

६ द्रुतवाले का अत्य—१०
,, ,, ,, उपात्य— ६
,, ,, ,, तुरीय — २
(षट्क की अनुपस्थिति— १
के कारण) पचम ———
कुल — १९ १, २, ३, ६, १०, १९ (अक-पक्ति)

७ द्रुतवाले का अत्य —१९
,, ,, ,, उपात्य—१०
,, ,, ,, तुरीय — ३
,, ,, ,, षट्क — १
कुल — ३३ १, २, ३, ६, १०, १९, ३३ (अक-पक्ति)

८ द्रुतवाले का अत्य — ३३
,, ,, ,, उपात्य—१९
,, ,, ,, तुरीय — ६
,, ,, ,, षट्क — २
कुल — ६० १, २, ३, ६, १०, १९, ३३, ६० (अक-पक्ति)

इस अक-पक्ति के द्वारा किसी ताल के समग्र प्रस्तारो की सख्या की जानकारी-मात्र नही, अपितु उन प्रस्तारो के बीच द्रुतात्य, लघ्वत्य, गुर्वत्य और प्लुतांत्य प्रस्तार कितने-कितने होते है, इस बात का भी पता चलता है। इसमे, ये चार अक नीचे जोड़े गये हैं वे ही यों इसे समझा देते है। जैसे—

| | | |
|---|---|---|
| अत्याक | द्रुत | में समाप्त होने का बोधक है |
| उपात्याक | लघु | ,, ,, ,, ,, ,, |
| तुरीयांक | गुरु | ,, ,, ,, ,, ,, |
| षट्कांक | प्लुत | ,, ,, ,, ,, ,, |

उदाहरण—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ६ | द्रुतवाले | ताल के | द्रुत | में समाप्त | होनेवाले | प्रस्तार— | १० |
| ,, | ,, | ,, | लघु | ,, | ,, | ,, | ६ |
| ,, | ,, | ,, | गुरु | ,, | ,, | ,, | २ |
| ,, | ,, | ,, | प्लुत | ,, | ,, | ,, | १ |

**नष्ट**

तालों की प्रस्तार-श्रेणी मे, अमुक प्रस्तार कैसा होगा ? यह प्रश्न यदि कोई पूछे तो उसे नष्ट प्रश्न कहते हैं। किसी नष्ट के बारे में पूछा जानेवाला प्रश्न, इसका अर्थ है। इस प्रश्न का उत्तर देने का मार्ग 'सगीतरत्नाकर' मे कही हुई रीति के अनुसार यों है—

उद्दिष्ट ताल के जिस प्रस्तार के बारे में प्रश्न किया जाता है उसके अक तक की अंक-पक्ति को पहले लिखिए। उस प्रस्तार के जो कुल-अक हैं उसमें उस अक को जो प्रश्न में दिया गया है घटा दीजिए। घटित होकर बाकी जो अंक रह गया है उससे अत्यांक को, संभव हो तो उपांत्य को तथा इसी प्रकार दूसरे अकों को भी घटा दीजिए। ऐसे घटा देने में, यदि कोई अंक न घटेगा, तो प्रस्तार का एक द्रुत मिलेगा; घटेगा तो उससे एक लघु मिलेगा। लगातार दो लघु मिलने पर दोनों को एक गुरु मान लीजिए। इसी तरह गुरु के मिलने के बाद उसका तृतीय अंक भी घटा तो गुरु को प्लुत में बदल लीजिए। घटे हुए अंक से एक लघु के मिलने के बाद, चाहे दूसरा अक घटे ही, पर उससे द्रुत की प्राप्ति न होगी—यानी दूसरे अंक से द्रुत को मत लीजिए। ऐसे प्राप्त अकों को लिखते समय यदि वे ताल की कालमात्राओं से न्यून हुए तो कमी को द्रुत करके मिला दीजिए।

उदाहरण—जैसे कोई पूछे कि ६, द्रुतकाल की मात्रा के ताल-प्रस्तार मे पद्रहवाँ भेद कैसा है तो अंक-पंक्ति को पहले लिखिए। जैसे—१, २, ३, ६, १०, १९।

प्रश्नविषयक प्रस्तार-भेद की क्रम-संख्या १५ है। इसे, कुल-अक से—अर्थात् १९ से घटा दीजिए तो बाकी ४ मिलेगा। इस शेष-अंक (४) से अत्यांक (१०) को घटा देना असम्भव है। इससे हमारा आवश्यक एक द्रुत प्राप्त होता है।

बाद में, उसी शेष-अंक (४) से उपांत्यांक (६) को भी घटा देना असम्भव होने के कारण और एक द्रुत मिलता है। तदनंतर उसी शेषांक (४) से उपांत्य के बगलवाले तृतीयांक (३) को घटाना संभव है। घट जाने से एक लघु की प्राप्ति होती है। अब के शेष-अंक (१) से ३ के बगलवाले २ को घटाना चाहे संभव क्यों न हो, परंतु उससे द्रुत की प्राप्ति इसलिए नही स्वीकृत की गयी है कि वह एक लघु के मिलने के पीछे

मिली है। इसलिए इस द्रुत को छोड़ दीजिए। पीछे, शेषांक (१) से आखिरी अंक (१) को घटाना मुमकिन है। इससे एक लघु मिल जाता है। इसके पश्चात् शेष के न रहने के कारण खतम हो जाता है। अब प्रस्तार का रूप यों हुआ है—।।०० इसकी अधिकता ताल की काल-मात्रा के समान रहने से द्रुतों के मिलाने की कोई जरूरत नही। ऐसे ही नष्ट प्रश्न का उत्तर देना साध्य है।

## उद्दिष्ट

किसी रूप के बारे में यह कहना कि इस रूप का प्रस्तार अमुक भेद का—अर्थात् चतुर्थ, पंचम इत्यादि का—है, उद्दिष्ट है। इसे खोज लेने के लिए, पहले-पहल, नष्ट की पहचान के निमित्त जो रीति, प्रयुक्त की गयी है, उसी प्रकार अंक-पक्ति को लिखिए। नष्ट में जो अंक घटित न हुए हों उनसे द्रुत, और जो घटित हुए हों उनसे लघु, गुरु प्लुत इत्यादि प्राप्त होकर, अन्ततः कुछ शेष न रहने के कारण उसकी ठीक उलटी रीति में प्रस्तार की संख्या को जान सकते है। वह रीति यह है कि द्रुत-प्राप्ति के कारण जो अंक हैं उनको छोड़ दीजिए। लघु आदि की प्राप्ति के कारण जो अंक है उन सबों को जोड़ कर कुल-संख्या से घटा देने पर अभीष्ट प्रस्तार की भेद-संख्या मिल जायगी।

उदाहरणतया इस प्रश्न को, कि प्लुतप्रस्तार के ।।०० रूपवाले प्रस्तार की क्रम-संख्या कौन है, लीजिए। शुरू में, अंक-पंक्ति को लिखें। जैसे—१, २, ३, ६, १०, १९।

हमारे अभीष्ट प्रस्तार के आदि में दो द्रुत हैं। अंत्यांक से पहला अंक (१०) और उसके बगल का अंक (६) ये दोनों अंक, नष्ट में नही घटे हैं। इसलिए इनको छोड़ दीजिए। अब उनके बगल में लघु है। इस लघु की प्राप्ति घटे हुए अंक से ही उत्पन्न हुई होगी। इसी कारण "३" को लीजिए। इसके पार्श्व में और एक लघु है। साधारणतया दो लघु मिलकर एक गुरु हो जाता है। यहाँ तो दो लघु अलग-अलग हैं; इसलिए गुरु के रूप में अपरिवर्तित रहने के कारण—इनके बीच कोई अंक न घटा होगा। अतः "२" को भी छोड़कर बगलवाले "१" को लेना चाहिए। अब हमारे लिये हुये अंक "३" और "१" ही है। इन दोनों को मिलाकर प्राप्त "४" को कुल-अंक (१९) से घटाने पर (१५) मिलेगा। यही "१५" इस प्रस्तार की क्रमसंख्या है। दूसरे शब्दों में यह प्रस्तार पन्द्रहवें भेद का है।

दूसरा उदाहरण—प्लुतप्रस्तार के १००१ रूपवाले प्रस्तार की क्रम-संख्या कौन है ?

अभीष्ट प्रस्तार के आदि में लघु है। इसकी प्राप्ति का कारण अंक "१०" है। उसे लीजिए। लघु के पार्श्व मे दो द्रुत है। इस नियम के अनुसार कि घटे हुए अंक

से एक लघु के मिलने के बाद, चाहे कोई दूसरा घट भी जाय, परतु उससे द्रुत की प्राप्ति न होगी, विवरणतया "६" को और दोनों द्रुतों की प्राप्ति के कारण "३" तथा "२" को भी छोड़ दीजिए। तदनतर एक लघु होने के कारण घटे हुए अंक "१" को भी लीजिए। हमारे लिए हुए अक "१०" और "१" हैं। इनको मिलाकर प्राप्त "११" को कुल-अंक "१९" से घटा देने पर शेष "८" है। वही प्रस्तार की क्रमसंख्या अथवा अभीष्टप्रस्तार "आठवें भेद का है"।

## पाताल

पाताल एक तालिका है जिससे यह पता चलता है कि किसी एक ताल के समग्र प्रस्तारों मे लघु, गुरु, प्लुत, द्रुत इत्यादि कितने-कितने है।

इसकी जानकारी के लिए, पहली पंक्ति में ताल की क्रम-सख्या को लिखिए। दूसरी पंक्ति के आदि के दो अको को "१" "२" लिखकर तीसरे अक से, "अंत्य", "उपांत्य", "चतुर्थ" और "षष्ठ" के शीर्षक के नीचे लिखे हुए अंकों तथा अत्य के ऊपरी अकों को भी जोड़कर लिखते जाइए। इसमें, सख्या की कही हुई रीति की भाँति चतुर्थ और षष्ठ की अनुपस्थिति मे तृतीय और पचम को न जोड़िए। अक-पक्ति की प्राप्ति का ब्यौरा यों है--

### तालों के द्रुत

| | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संख्या | १ | २ | ३ | ६ | १० | १९ | ३३ | ६० | १०६ | १९१ |
| पाताल | १ | २ | ५ | १० | २२ | ४४ | ९१ | १८० | ३५८ | ६९८ |

पहले के दो अंक--१, २

| | | अंत्य | + | उपांत्य | + | चतुर्थ | + | षष्ठ | + | अंत्य का ऊपरी अंक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तीसरा | = | २ | + | १ | + | नही | | नही | + | २ | = | ५ |
| चौथा | = | ५ | + | २ | + | ,, | | ,, | + | ३ | = | १० |
| पाँचवाँ | = | १० | + | ५ | + | १ | + | ,, | + | ६ | = | २२ |
| छठवाँ | = | २२ | + | १० | + | २ | + | ,, | + | १० | = | ४४ |
| सातवाँ | = | ४४ | + | २२ | + | ५ | + | १ | + | १९ | = | ९१ |

इस तालिका के अत्य, उपांत्य, चतुर्थ और षष्ठांकों से, प्रस्तार के सारे द्रुतों का पता चल सकता है। उसका एक उदाहरण देखिए--

६ द्रुतवाले एक ताल को लीजिए। उसके पाताल-अंक १, २, ५, १०, २२, ४४, इन अंकों की पक्ति के अत्यांक (४४) से प्रस्तार के समग्र द्रुतों की, उपांत्याक (२२) से कुल लघुओं की, चतुर्थांक (५) से मारे गुरुओं की और षष्ठांक (१) से सब प्लुतों की संख्या जानी जाती है। ऐसे ही आगे देखिए।

**द्रुतमेरु**

द्रुतमेरु भी एक तालिका है जिससे यह पता चलता है कि तालप्रस्तारों के बीच, बिना द्रुत और द्रुत के १, २, ३, ४ आदि द्रुतवाले प्रस्तार कितने-कितने है।

इस तालिका में, विषम संख्या के द्रुतों के अधिक मात्रा वाले तालप्रस्तारों के बीच, एक द्रुतवाले, तीन द्रुतवाले, पाँच द्रुतवाले तथा अन्य विषम सख्या के द्रुतवाले भेदो के अंकों की और समसंख्या के द्रुतवाले तालप्रस्तारो के बीच, बिना द्रुत के, दो द्रुतों के, चार द्रुतों के तथा दूसरे समसंख्या के द्रुतवाले भेदो के अको की जानकारी प्राप्त करने की श्रेणियाँ रहेंगी। इसे बनाने की विधि यों है—

नीचे से, क्रमशः, कम कोठेवाली श्रेणियों को ऊपर बनाते जाए। नीचे की पहली श्रेणी में, हमारे अभीष्ट द्रुतों की संख्या जितने कोठों में भर जायगी, उतने कोठे बना लीजिए। उसके ऊपर कोठों की ऐसी पंक्ति बनायी जाय कि जिसमें एक कोठा बाई ओर कम रहे। इसी तरह, इस पक्ति की ऊपरवाली पक्ति की रचना भी उसी बाई ओर दो कोठे कम करके की जाय। इसी प्रकार दो-दो कोठे कम करके ऊपर बढाते रहें तो अन्त में दो या एक कोठेवाली श्रेणी पाकर रुक जाइए। सबसे नीचे द्रुतो की सख्या के सूचनार्थ, बाई ओर से १, २, ३ आदि अको से अकित कीजिए। तब कोष्ठ-विन्यास यो होगा—

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | १ | १ |
| | | | | | १ | १ | ७ | ८ |
| | | | १ | १ | ५ | ६ | २० | २७ |
| | १ | १ | ३ | ४ | ९ | १४ | २५ | ४४ |
| १ | १ | २ | २ | ५ | ४ | १२ | ७ | २६ |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ |

इन कोठों में अंक भरने की विधि यह है कि हरएक पक्ति की बाई ओर के पहले दोनों कोठों को १,१ अंक से भरो। पीछे, नीचे की पहली पंक्ति के विषम संख्याक कोठों में, अत्य, उपांत्य, चतुर्थ और षष्ठ इनके अधिकांश अकों को लिखो। चतुर्थ एव षष्ठ अप्राप्य है, तो तृतीय और पंचम से पूर्ति करो।

समसंख्याक कोठों में अंत्य को छोड़कर बाकी अंकों को जोड़कर लिखो। तब तीसरे कोठे का अंक (विषमसंख्याक) अंत्य १+ उपांत्य १=२ है। चौथे कोठे का, (समसंख्याक) अंत्यांक २ को छोड़कर उपांत्य १+ चतुर्थ की अनुपस्थिति से तृतीय १=२ अंक है। पाँचवें कोठे का अंक, अंत्य २ + उपांत्य २ + चतुर्थ १=५ है। छठे कोठे का अंक, अंत्य को छोड़कर उपांत्य २+चतुर्थ १+षष्ठ के न रहने से पचम १=४ है। ऐसे ही अंको को लिखिए।

उसके ऊपरवाली पंक्तियों के समसंख्याक कोठों मे अंत्य, उपांत्य, चतुर्थ और षष्ठ इनको उसी श्रेणी से एवं विषमसंख्याक कोठों में अंत्य को उसकी नीचेवाली पक्ति से और उपांत्य, चतुर्थ तथा षष्ठ इनको उसी पक्ति से, जोड़कर लिखना है। तब नीचे से दूसरी श्रेणी के तीसरे कोठे का अंक, उसी श्रेणी का उपांत्य १+ नीचेवाली पक्ति का अंत्य २=३ है। चौथे कोठे का अंक, उसी पंक्ति का अंत्य ३+ उपांत्य १=४ है। यहाँ यह याद रखना है कि इसमें चतुर्थ व षष्ठ के बदले तृतीय और पचम को न जोड़ा जाय। पाँचवें कोठे का अक, उसी श्रेणी का उपांत्य ३ + चतुर्थ १ + नीचेवाली पंक्ति का अंत्य ५=९ है। छठे कोठे का अंक, उसी पक्ति का अत्य ९ + उपांत्य ४+ चतुर्थ १=१४ है। सातवें कोठे का अंक, उसी पक्ति का उपांत्य ९ + चतुर्थ ३ + षष्ठ १ + नीचे वाली पंक्ति का अंत्य १२=२५ है। आठवें कोठे में, उसी पक्ति का अंत्य २५ + उपांत्य १४ + चतुर्थ ४ + षष्ठ १ = ४४ से भरना है। इसी तरह अन्य कोठों को भी अकों से भर कर लेना है।

इस द्रुत मेरु से इसका पता चलता है कि ९ द्रुतवाले ताल के प्रस्तारों में एक द्रुत प्रस्तार के भेद नीची पक्ति के अतिम कोठे के लिखे अनुसार २६ है; तीन द्रुतों के प्रस्तार भेद उसके ऊपरवाले कोठे के लिखे मुताबिक ४४ है; उसके ऊपरवाला अंक "२७" पाँच द्रुतों के प्रस्तार भेदों का द्योतक है। उसके ऊपरवाला अंक "८" सप्तद्रुत के प्रस्तार भेदो का द्योतक है। उसके ऊपरवाले अंक "१" से नौ द्रुतवाले प्रस्तार के भेद का पता चलता है। इन सबों को जोड़ने पर पानेवाले अक "१०६" से प्रस्तारों के तमाम भेदों का विवरण मिलता है।

आठ द्रुतवाले ताल के प्रस्तारों में, बिना द्रुत के प्रस्तार के जितने भेद हो सकते है उसका द्योतक है नीचेवाली पंक्ति का अंक "७"। दो द्रुतों के प्रस्तार भेद, उसके

ऊपरवाले अंक "२५" से ज्ञात हो जाते हैं। ऐसे ही चार, छः और आठ द्रुतो के प्रस्तार-भेद, क्रमशः ऊपरवाले अकों से अर्थात् २०, ७, १ से क्रमश. पाये जाते हैं। इन सबों को जोड़ने पर मिलनेवाले अक "६०" से प्रस्तारों के कुल भेदों का ब्यौरा पाया जाता है। इसी तरह बाकी, ७, ६, ५, ४, ३, २ द्रुतवाले ताल के विभिन्न प्रस्तारो को भी जान सकते हैं।

## लघुमेरु

लघु मेरु नाम की तालिका से इस बात का परिचय होता है कि अमुक मात्रा-काल-वाले ताल के प्रस्तारों मे बिना लघु के, एकलघु के, द्विलघु के तथा तीन आदि लघुओं के प्रस्तार कितने होते है। उसे बनाने की रीति यह है—

द्रुतमेरु के सामन कोठों को बनाओ। उनमें अकों को यों भर दो—

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | १ |
| | | | | | | | १ | ५ | १५ |
| | | | | | १ | ४ | १० | २० | ३९ |
| | | | १ | ३ | ६ | १० | १८ | ३३ | ६१ |
| | १ | २ | ३ | ४ | ७ | १२ | २१ | ३४ | ५८ |
| १ | १ | १ | २ | ३ | ५ | ७ | १० | १४ | २१ |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |

प्रत्यक पंक्ति के पहले कोठे में "१" अंक को लिखो। नीचेवाली पक्ति के कोठों को, अंत्य, चतुर्थ और षष्ठ के अधिकांश के अकों से भरो। चतुर्थ एव षष्ठ अप्राप्य हैं, तो उनके स्थान पर तृतीय और पचम से काम निकालो। अन्य पंक्ति के कोठों में, इन तीनों से, उन-उन पंक्तियो की नीचेवाली पक्ति के उपात्य को भी जोड़कर लिखना है। इसमें भी चतुर्थ व षष्ठ के बदले तृतीय और पचम को ले लो। तब नीचेवाली पंक्ति के तीसरे कोठे मे एक मात्र अंत्यांक "१" लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे | कोठे | में | अंत्य | १ + | तृतीय | १ | = | २ | | | | | |
| पाँचवें | ,, | ,, | ,, | २ + | चतुर्थ | १ | = | ३ | | | | | |
| छठे | ,, | ,, | ,, | ३ + | ,, | १ + | पचम | १ | = | ५ | | | |
| सातवे | ,, | ,, | ,, | ५ + | ,, | १ + | षष्ठ | १ | = | ७ | | | |
| आठवे | ,, | ,, | ,, | ७ + | ,, | २ + | ,, | १ | = | १० | | | |
| नौवें | ,, | ,, | ,, | १० + | ,, | ३ + | ,, | १ | = | १४ | | | |
| दसवें | ,, | ,, | ,, | १४ + | ,, | ५ + | ,, | २ | = | २१ | | | |

नीचे से दूसरी पक्ति के कोठो में—

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दूसरे | कोठे | में | अंत्य | १ + | नीचेवाली पंक्ति का | | | उपांत्य | १ = | २ | | | |
| तीसरे | ,, | ,, | ,, | २ + | ,, | | ,, ,, | ,, | १ = | ३ | | | |
| चौथे | ,, | ,, | ,, | ३ + | ,, | | ,, ,, | ,, | १ = | ४ | | | |
| पाँचवे | ,, | ,, | ,, | ४ + | चतुर्थ | १ + | नी प० | ,, | २ = | ७ | | | |
| छठवे | ,, | ,, | ,, | ७ + | ,, | २ + | ,, ,, | ,, | ३ = | १२ | | | |
| सातवे | ,, | ,, | ,, | १२ + | ,, | ३ + | ,, ,, | ,, | ५ + | षष्ठ | १ | = | २१ |
| आठवे | ,, | ,, | ,, | २१ + | ,, | ४ + | ,, ,, | ,, | ७ + | ,, | २ | = | ३४ |
| नौवें | ,, | ,, | ,, | ३४ + | ,, | ७ + | ,, ,, | ,, | १० + | ,, | ३ | = | ५४ |

इसी तरह बाकी पक्तियों के कोठो को भी भर लीजिए।

## इस लघुमेरु से पाये जानेवाले प्रस्तार-भेद

१० द्रुतवाले ताल के प्रस्तारों में, बिना लघु के प्रस्तार-भेद, नीचेवाली पंक्ति के दाहिने छोर के "२१" से मालूम होते है। एक लघुवाले ताल के प्रस्तार-भेदों का द्योतक है उसके ऊपरवाला अंक ५४। दो लघुवाले ताल के प्रस्तार-भेदों का द्योतक है उसके ऊपरवाला अंक ६१। तीन लघुओं के ताल के प्रस्तार-भेद उसके ऊपरवाले कोठे के अनुसार ३९ है। चार लघुओं के ताल के प्रस्तार-भेद उसके ऊपरवाले अक के अनुसार १५ है। पाँच लघुओं के ताल के प्रस्तार-भेदो का द्योतक है उसके ऊपरवाला अक "१"।

ऐसे ही ९, ८, ७, ६, ५, ४, ३, २, १ आदि द्रुतवाले ताल के प्रस्तारों के बीच, बिना लघु के, एक लघु के, द्विलघु के तथा दूसरी सख्या के लघुओं के भेदों को समझ सकते है। एक द्रुतवाले ताल के प्रस्तार मे लघु का रहना असम्भव है। बिना लघु के एक प्रस्तार भेद का द्योतक है "१" अंक; यह ध्यान देने योग्य है।

**गुरु-मेरु**

गुरुमेरु की नीचेवाली पक्ति से उसकी ऊपरवाली पंक्ति ऐसी छोटी की जाय कि जिससे उस पंक्ति की बाई ओर तीन कोठे कम हो जायँ। इसी तरह, कम कोठेवाली इस पक्ति की ऊपरवाली पक्ति भी, इसकी अपेक्षा बाई ओर चार कोठो की कमी से रची जाय।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | १ | ३ | ९ |
| | | | १ | २ | ५ | १० | २० | ३८ | ७२ |
| १ | २ | ३ | ५ | ८ | १४ | २३ | ३९ | ६५ | १०९ |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |

इन कोठों में अंक भरने का प्रकार—

हरएक पक्ति की बाई ओर के कोठो में "१" लिखिए। नीचेवाली पक्ति के दूसरे कोठे मे "२" लिखिए। तीसरे आदि कोठों मे अत्य, उपात्य और षष्ठ इनके अधिकांश लिखिए। षष्ठ की अनुपस्थिति मे पचम को लीजिए। बाकी पक्तियों के कोठो में, अत्य, उपांत्य और षष्ठ के अलावा नीचेवाली पक्ति के चतुर्थाक को भी मिला लीजिए। इनमें षष्ठ की अनुपस्थिति के कारण पचम को नही लेना है।

तब नीचेवाली पक्ति के

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तीसरे कोठे में | अंत्य | २ + | उपात्य | १ | | | = ३ |
| चौथे ,, ,, | ,, | ३ + | ,, | २ | | | = ५ |
| पाँचवे ,, ,, | ,, | ५ + | ,, | ३ | | | = ८ |
| छठवें ,, ,, | ,, | ८ + | ,, | ५ + | पचम | १ | = १४ |
| सातवें ,, ,, | ,, | १४ + | ,, | ८ + | षष्ठ | १ | = २३ |
| आठवें ,, ,, | ,, | २३ + | ,, | १४ + | ,, | २ | = ३९ |
| नौवें ,, ,, | ,, | ३९ + | ,, | २३ + | ,, | ३ | = ६५ |
| दसवें ,, ,, | ,, | ६५ + | ,, | ३९ + | ,, | ५ | = १०९ |

नीचे से दूसरी पक्ति के—

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दूसरे | कोठे | में | अंत्य | १ + | नीचेवाली | | पक्ति | का | चतुर्थ | | १ = २ |
| तीसरे | ” | ” | ” | २ + | उपांत्य | १ + | नी० | पं० | ” | ” | २ = ५ |
| चौथे | ” | ” | ” | ५ + | ” | २ + | ” | ” | ” | ” | ३ = १० |
| पाँचवें | ” | ” | ” | १० + | ” | ५ + | ” | ” | ” | ” | ५ = २० |
| छठवें | ” | ” | ” | २० + | ” | १० + | ” | ” | ” | ” | ८ = ३८ |
| सातवें | ” | ” | ” | ३८ + | ” | २० + | ” | ” | ” | ” | १४ = ७२ |

ऊपरवाली पक्ति के—

दूसरे कोठे में अंत्य १ + नीचवाली पंक्ति का चतुर्थ २ = ३

तीसरे ” ” ” ३ + ” ” ” ” ५ + उपांत्य १ = ९

इस तालिका मे, प्रत्येक द्रुतवाले तालों के प्रस्तारो के बिना, गुरु के, एक गुरु के, दो गुरुओं के तथा दूसरी संख्या के गुरुओं के प्रस्तार-भेद, क्रम से, तलेवाली पक्ति के अक, उसके ऊपरवालेअक, उसी तरह उसके ऊपरवाले अक आदि से खोज ले सकते है।

**प्लुत मेरु**

इसमें नीचवाली पंक्ति की ऊपरवाली पक्ति ५ कोठों से, कम कोठेवाली करनी है। उसके ऊपरवाले कोठों की संख्या भी उसकी अपेक्षा छः कोठों की कमी की होनी चाहिए।

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | १ | ३ |
| | | | | | १ | २ | ५ | १० | २२ | ४४ | ८९ | ७४ |
| १ | २ | ३ | ६ | १० | १८ | ३१ | ५५ | ९६ | १६९ | २९६ | ५२० | ८१२ |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ |

इन कोठों में अक भरने का प्रकार—

प्रत्येक पंक्ति की बाई ओर के कोठों में "१" लिखिए। नीचेवाली पक्ति के दूसरे कोठ में "२" लिखिए। पीछे, शेष कोठे अत्य, उपांत्य और चतुर्थ को जोड़कर लिखते जाइए। चतुर्थ न पाकर तृतीय को जोड़ देना। बाकी पक्तियों में, अंत्य, उपांत्य और चतुर्थ के अलावा नीचेवाली पक्ति के षष्ठ को भी मिलाकर लिखना है। इनमें चाहे चतुर्थ न मिले, परंतु तृतीय को नही मिलाना है।

अब नीचे वाली पंक्ति के--

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तीसरे | कोठे | में | अंत्य | २ | + | उपांत्य | १ | = | ३ | | | | |
| चौथे | " | " | " | ३ | + | " | २ | + | तृतीय | १ | = | ६ |
| पाँचवे | " | " | " | ६ | + | " | ३ | + | चतुर्थ | १ | = | १० |
| छठवें | " | " | " | १० | + | " | ६ | + | " | २ | = | १८ |
| सातवें | " | " | " | १८ | + | " | १० | + | " | ३ | = | ३१ |
| आठवें | " | " | " | ३१ | + | " | १८ | + | " | ६ | = | ५५ |
| नौवें | " | " | " | ५५ | + | " | ३१ | + | " | १० | = | ९६ |
| दसवें | " | " | " | ९६ | + | " | ५५ | + | " | १८ | = | १६९ |
| ग्यारहवें | " | " | " | १६९ | + | " | ९६ | + | " | ३१ | = | २९६ |
| बारहवें | " | " | " | २९६ | + | " | १६९ | + | " | ५५ | = | ५२० |
| तेरहवें | " | " | " | ५२० | + | " | २९६ | + | " | ९६ | = | ८१२ |

उसकी ऊपरवाली पंक्ति के—

दूसरे कोठे में अंत्य १ + नीचेवाली पंक्ति का षष्ठ १ = २
तीसरे कोठे में अंत्य २ + उपांत्य १ + नी० पंक्ति का षष्ठ २ = ५
चौथे कोठे में अंत्य ५ + उपांत्य २ + नी० पंक्ति का षष्ठ ३ = १०
पांचवें कोठे में अंत्य १० + उपांत्य ५ + नी० पंक्ति का षष्ठ ६ + चतुर्थ १ = २२
छठवें कोठे में अंत्य २२ + उपांत्य १० + नी० पंक्ति का चतुर्थ २ + चतुर्थ १० = ४४
सातवें कोठे में अंत्य ४४ + उपांन्य २२ + नी० पंक्ति का चतुर्थ ५ + चतुर्थ १८ = ८१
आठवें कोठे में अंत्य ८९ + उपांत्य ४४ + नी० पंक्ति का चतुर्थ १० + चतुर्थ ३१ = १७४

सबसे ऊपरवाली पंक्ति के—

२ रे कोठे में अंत्य १ + नीचेवाली पंक्ति का षष्ठ २ = ३

**संयोग मेरु**

अभीष्ट मात्रा-कालवाले ताल के प्रस्तारों में तरह-तरह के भेद अर्थात्---सर्वद्रुत, सर्वलघु, सर्वगुरु, सर्वप्लुत, द्रुतलघुवाले, द्रुतगुरुवाले द्रुतप्लुतवाले, लघुगुरुवाले लघुप्लुतवाले, गुरुप्लुतवाले, द्रुतलघुगुरुवाले, द्रुतलघुप्लुतवाले, द्रुतगुरुप्लुतवाले, लघुगुरुप्लुतवाले इत्यादि के भेद होने की संभावना है। इन भेदों के बारे में कोई यदि पूछे कि अमुक प्रकार का प्रस्तार कौन भेद है, तो इस संयोगमेरु के सहारे उत्तर दे सकते हैं कि यह दूसरा, तीसरा इत्यादि। इसकी रचना ऊपर से नीचे की कोठेवाली पंक्ति श्रेणियों से होती है। शुरू में, हमारे अभीष्ट ताल की कालमात्रा के द्रुतों की संख्या तक, ऊपर से नीचे की ओर १, २, ३ इत्यादि लिखते जाइए। बगलवाली, ऊपर से नीचे की, चारों पंक्तियों में भी उसके समानसंख्याक कोठे बना लीजिए। परंतु

पाँचवी पक्ति के ऊपरी भाग में एक कोठा कम करके बाकी कोठों की रचना की जाय। उसकी पार्श्व-पक्ति भी और दो कोठों से कम कोठेवाली हो। उसकी बगलवाली दोनों पक्तियों में भी और एक कोठे की कमी करना है। इन दोनों की बगलवाली ३ पक्तियों की रचना ऐसी हो कि जिससे इन तीनों के कोठे और एक से कम हों। इन तीनों की पार्श्ववर्ती पक्ति और दो कम कोठेवाली हो। उसकी पार्श्वपंक्ति में और एक कोठा कम करो। उसकी बगलवाली पक्ति में और एक कोठा कम हो। तब, उसका रूप यों होगा—

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ० | ० | । | ऽ | `ऽ | | | | | | | | | | | |
| १ | १ | ० | ० | ० | | | | | | | | | | | |
| २ | १ | १ | ० | ० | ०। | | | | | | | | | | |
| ३ | १ | ० | ० | ० | २ | | | | | | | | | | |
| ४ | १ | १ | १ | ० | ३ | ०ऽ | | | | | | | | | |
| ५ | १ | ० | ० | ० | ७ | २ | ०`ऽ | ।ऽ | | | | | | | |
| ६ | १ | १ | ० | १ | ११ | ३ | ० | २ | ।` | ऽ`ऽ | ०।ऽ | | | | |
| ७ | १ | ० | ० | ० | २० | ४ | २ | ० | ० | ० | ६ | | | | |
| ८ | १ | १ | १ | ० | ३२ | ५ | ३ | ३ | २ | ० | १२ | ०।`ऽ | | | |
| ९ | १ | ० | ० | ० | ५४ | ९ | ४ | ० | ० | ० | ३२ | ६ | | | |
| १० | १ | १ | ० | ० | ८७ | १३ | ५ | ७ | ३ | २ | ६० | १२ | ०ऽ`ऽ | | |
| ११ | १ | ० | ० | ० | १४३ | १८ | ६ | ० | ० | ० | १३८ | ३२ | ६ | ।ऽ`ऽ | |
| १२ | १ | १ | १ | १ | २३१ | २४ | ७ | ११ | ४ | ० | २५१ | ६० | १२ | ६ | ०।ऽ`ऽ |
| १३ | १ | ० | ० | ० | ३७६ | ३५ | ११ | ० | ० | ० | ५०० | १२२ | २० | ० | २४ |

संयोग मेरु

ऊपर से नीचे की ओर पहली चार पंक्तियों की पहली पंक्ति के कोठों में हमारे अभीष्ट ताल के सर्वद्रुत भेदों की संख्या, दूसरी पंक्ति के कोठो में, सर्वलघु भेदों की संख्या,तीसरी पंक्ति के कोठों मे सर्वगुरु भेदों की संख्या और चौथी पंक्ति के कोठों मे सर्वप्लुत भेदों की संख्या पायी जाती है। प्रत्येक पंक्ति मे किन-किन अंगों के भेद दिखाये जाते है, इसकी याद दिलाने के निमित्त, उनको पंक्तियों के ऊपर लिखना चाहिए। पाँचवी पंक्ति द्रुतलघु-मिश्रित भेदों की संख्या की द्योतक है। छठी पंक्ति द्रुतगुरु-मिश्रित भेदों की संख्या की द्योतक है। सातवी पंक्ति से द्रुत-प्लुत मिश्रित भेदों की जानकारी होती है। आठवी पंक्ति से लघु-गुरु मिश्रित भेदों का बोध होता है। नौवी पंक्ति लघु-प्लुत मिश्रित भेदों की बोधक है। दसवी पंक्ति गुरुप्लुत-मिश्रित भेदों का बोध कराती है। ग्यारहवी पंक्ति द्रुतलघुगुरु मिश्रित भेदों की और तेरहवी पंक्ति द्रुतगुरुप्लुत मिश्रित भेदों की द्योतक है।

इन पंक्तियों के कोठों मे अंक भरने की विधि——

पहली पंक्ति के सर्वद्रुत भेद एक ही होने से पहले कोठे में "१" लिखो। दूसरी पंक्ति के आद्य कोठे मे शून्य और दूसरे कोठे मे "१" लिखो। तीसरी पंक्ति के आद्य तीन कोठों मे शून्य और चोथे कोठे में "१" लिखो। चौथी पंक्ति के पहले पाँच कोठों में शून्य और छठवें कोठे मे "१" लिखो। पहली चार पंक्तियों के दूसरे कोठों में क्रम से, द्रुत की पंक्ति हो तो अंत्यांक, लघु की हो तो उपांत्यांक, गुरु की हो तो चतुर्थांक तथा प्लुत की हो तो पष्ठांक लिखो।

दो-दो अगों से मिश्रित इकाइयों की पंक्तियों में अंक भरने की विधि——

प्रत्येक इकाई के द्रुत, लघु, गुरु और प्लुत के लिए उसी पंक्ति के अंत्य, उपांत्य, चतुर्थ और षष्ठ को एवं पहली चार पंक्तियों के अंत्य, उपांत्य चतुर्थ और षष्ठ के अंकों को क्रम से मिला लेना है। वैसे, आद्य ४ पंक्तियों से अंक लेते समय, इकाई के अगों के लिए जो-जो अंक-अंत्य, उपांत्य, चतुर्थ या षष्ठ का अंक——नियत है उसको बदल कर लेना चाहिए। उदाहरणार्थ द्रुतलघु-इकाई की पंक्ति में अंक इस प्रकार भरना है——

पहले, उसी पंक्ति के अंत्य को द्रुत के लिए एवं लघु के लिए उपांत्य को लेना चाहिए। उनके साथ द्रुत और लघु की पंक्तियों से भी कई-एक अंक जोड़ लेना है। द्रुत व लघु के लिए जो अंत्य तथा उपांत्य अंक नियत थे, उनके बदले द्रुतपंक्ति के उपांत्य और लघुपंक्ति के अंत्य को लेना है।

द्रुतगुरु की इकाई की पंक्ति मे अंक भरने की विधि——

पहले, द्रुत के लिए उसी पंक्ति के अंत्य और गुरु के लिए चतुर्थ को मिला लेना है।

उनके साथ द्रुत और गुरु की पक्तियों से भी जोड़ लेने के कई-एक अक है। द्रुत एवं गुरु के लिए नियत अंत्य और चतुर्थ के बदले द्रुतपक्ति के चतुर्थ तथा गुरुपंक्ति के अत्य को लेना चाहिए। इसी तरह, दूसरी इकाइयों के नियम भी यों ही जान लेना है। तब, आगे लिखे अनुसार अक का पूरण होगा।

*

## द्रुतलघु-ईकाई

| | | | उसी पक्ति के | | | | पहली चार पक्तियों के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंत्य | + | उपांत्य | + | द्रुत-पंक्ति का उपांत्य | + | लघु पंक्ति का अंत्य | | |
| पहले | कोठे | में | नही | + | नही | + | १ | + | १ | = | २ |
| दूसरे | ,, | ,, | २ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ३ |
| तीसरे | ,, | ,, | ३ | + | २ | + | १ | + | १ | = | ७ |
| चौथे | ,, | ,, | ७ | + | ३ | + | १ | + | ० | = | ११ |
| पाँचवें | ,, | ,, | ११ | + | ७ | + | १ | + | १ | = | २० |
| छठे | ,, | ,, | २० | + | ११ | + | १ | + | ० | = | ३२ |
| सातवे | ,, | ,, | ३२ | + | २० | + | १ | + | १ | = | ५४ |
| आठवे | ,, | ,, | ५४ | + | ३२ | + | १ | + | ० | = | ८७ |

इसी तरह इस पक्ति के अन्य कोठो मे भी अक भरना है।

## द्रुतगुरु-इकाई

| | | | उसी पक्ति के | | | | पहली चार पक्तियों के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंत्य | + | चतुर्थ | + | द्रुत-पंक्ति का चतुर्थ | + | गुरु-पंक्ति का अंत्य | | |
| पहले | कोठे | में | नही | + | नही | + | १ | + | १ | = | २ |
| दूसरे | ,, | ,, | २ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ३ |
| तीसरे | ,, | ,, | ३ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ४ |
| चौथे | ,, | ,, | ४ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ५ |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाँचवें | ,, | ,, | ५ | + | २ | + | १ | + | १ | = | ९ |
| छठे | ,, | ,, | ९ | + | ३ | + | १ | + | ० | = | १३ |
| सातवें | ,, | ,, | १३ | + | ४ | + | १ | + | ० | = | १८ |
| आठवें | ,, | ,, | १८ | + | ५ | + | १ | + | ० | = | २४ |
| नौवें | ,, | ,, | २४ | + | ९ | + | १ | + | १ | = | ३५ |

द्रुत-प्लुत-इकाई

| | | | उसी पंक्ति के | | | | पहली चार पंक्ति के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **अंत्य** | + | **षष्ठ** | + | **द्रुत-पंक्ति का षष्ठ** | + | **प्लुत-पंक्ति का अंत्य** | | |
| पहले | कोठे | मे | नही | + | नही | + | नही | + | ० | = | ० |
| दूसरे | ,, | ,, | ० | + | ,, | + | १ | + | १ | = | २ |
| तीसरे | ,, | ,, | २ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ३ |
| चौथे | ,, | ,, | ३ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ४ |
| पाँचवें | ,, | ,, | ४ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ५ |
| छठवें | ,, | ,, | ५ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ६ |
| सातवें | ,, | ,, | ६ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ७ |
| आठवें | ,, | ,, | ७ | + | २ | + | १ | + | १ | = | ११ |

## लघुगुरु-इकाई

| | | | उसी पक्ति के | | | | पहली चार पक्तियों के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उपांत्य | + | चतुर्थ | + | लघु-पंक्ति का चतुर्थ | + | गुरु-पंक्ति का उपांत्य | | |
| पहले | कोठे | में | नही | + | नही | + | १ | + | १ | = | २ |
| दूसरे | ,, | ,, | ,, | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| तीसरे | ,, | ,, | २ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ३ |
| चौथे | ,, | ,, | ० | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| पाँचवें | ,, | ,, | ३ | + | २ | + | १ | + | १ | = | ७ |
| छठवें | ,, | ,, | ० | + | ० | + | ० | + | ० | = | ० |
| सातवें | ,, | ,, | ७ | + | ३ | + | १ | + | ० | = | ११ |
| आठवें | ,, | ,, | ० | + | ० | + | ० | + | ० | = | ० |

## लघु-प्लुत-इकाई

| | | | उसी पंक्ति के | | | | पहली चार पक्तियों के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उपांत्य | + | षष्ठ | + | लघु-पंक्ति का षष्ठ | + | प्लुत-पंक्ति का उपांत्य | | |
| पहले | कोठे | में | नही | + | नही | + | ० | + | ० | = | ० |
| दूसरे | ,, | ,, | ,, | + | ,, | + | १ | + | १ | = | २ |
| तीसरे | ,, | ,, | ० | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| चौथे | ,, | ,, | २ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ३ |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाँचवें | ,, | ,, | ० | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| छठे | ,, | ,, | ३ | + | ,, | + | १ | + | ० | = | ४ |
| सातवें | ,, | ,, | ० | + | ० | + | ० | + | ० | = | ० |

गुरु-प्लुत-इकाई

| | | | उसी पंक्ति के | | | | पहली चार पक्तियां के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **चतुर्थ** | + | **षष्ठ** | + | **गुरु-पंक्ति का षष्ठ** | | **प्लुत-पंक्ति का चतुर्थ** | | |
| पहले | कोठे | में | नही | + | नही | + | ० | + | ० | = | ० |
| दूसरे | ,, | ,, | ,, | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| तीसरे | ,, | ,, | ,, | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| चौथे | ,, | ,, | ,, | + | ,, | + | १ | + | १ | = | २ |
| पाँचवे | ,, | ,, | ,, | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| छठे | ,, | ,, | ० | + | ,, | + | ० | + | ० | = | ० |
| सातवें | ,, | ,, | ० | + | ० | + | ० | + | ० | = | ० |

तीन अंगों की इकाई की पंक्तियों मे अंक भराने के लिए, पहले, उन अंगों की नियत पक्ति के अत्य, उपात्य, चतुर्थ और षष्ठांकों को मिला लेना है। पीछे, इकाई के अगों को जोड़े-जोड़े के रूप में ऐसे लेकर मिलाना है जैसे दो अगों की इकाई के, पहली चार पक्तियों के अंत्य, उपांत्य, चतुर्थ और षष्ठांक बदलकर लिये गये है। अर्थात्—बड़े अगों की इकाई की अत्य और उपात्य पक्तियो मे आद्यांक को तथा छोटे अंगों की इकाई में अत्यांक को जोड़ लेना है।

## द्रुतलघुगुरु-इकाई

| | | | उसी पंक्ति के | | | | | | दो अंगों की इकाई के | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंत्य | + | उपांत्य | + | चतुर्थ | + | लघु-गुरु पंक्ति का अंत्य | + | द्रुतगुरु-पंक्ति का उपांत्य | + | द्रुत-लघु पंक्ति का चतुर्थ | | |
| पहले | कोठे | में | नहीं | + | नही | + | नहीं | + | २ | + | २ | + | २ | = | ६ |
| दूसरे | ,, | ,, | ६ | + | ,, | + | ,, | + | ० | + | ३ | + | ३ | = | १२ |
| तीसरे | ,, | ,, | १२ | + | ६ | + | ,, | + | ३ | + | ४ | + | ७ | = | ३२ |
| चौथे | ,, | ,, | ३२ | + | १२ | + | ,, | + | ० | + | ५ | + | ११ | = | ६० |
| पाँचवें | ,, | ,, | ६० | + | ३२ | + | ६ | + | ७ | + | ९ | + | २० | = | १३४ |
| छठवें | ,, | ,, | १३४ | + | ६० | + | १२ | + | ० | + | १३ | + | ३२ | = | २५१ |
| सातवें | ,, | ,, | २५१ | + | १३४ | + | ३२ | + | ११ | + | १८ | + | ५४ | = | ५०० |

## द्रुतलघुप्लुत-इकाई

| | | | उसी पंक्ति के | | | | | | दो अंगों की इकाई के | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंत्य | + | उपांत्य | + | षष्ठ | + | लघु-प्लुत पंक्ति का अंत्य | + | द्रुत-प्लुतपंक्ति का उपांत्य | + | द्रुत-लघुपंक्ति का षष्ठ | | |
| पहले | कोठे | में | नही | + | नही | + | नही | + | २ | + | २ | + | २ | = | ६ |
| दूसरे | ,, | ,, | ६ | + | ,, | + | ,, | + | ० | + | ३ | + | ३ | = | १२ |
| तीसरे | ,, | ,, | १२ | + | ६ | + | नही | + | ३ | + | ४ | + | ७ | = | ३२ |
| चौथे | ,, | ,, | ३२ | + | १२ | + | ,, | + | ० | + | ५ | + | ११ | = | ६० |
| पाँचवें | ,, | ,, | ६० | + | ३२ | + | ,, | + | ४ | + | ६ | + | २० | = | १२२ |

## द्रुतगुरुप्लुत-इकाई

| | उसी पंक्ति के | | | | | दो अंगों की इकाई के | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अंत्य | + | चतुर्थ | + | षष्ठ | + | गुरुप्लुत-पंक्ति का अंत्य | + | द्रुतप्लुत-पंक्ति का चतुर्थ | + | द्रुतगुरु-पंक्ति का षष्ठ | = | |
| पहले | कोठे में नहीं | + | नही | + | नहीं | + | २ | + | २ | + | २ | = | ६ |
| दूसरे | ,, ,, ६ | + | ,, | + | ,, | + | ० | + | ३ | + | २ | = | १२ |
| तीसरे | ,, ,, १२ | + | ,, | + | ,, | + | ० | + | ४ | + | ४ | = | २० |

## लघुगुरुप्लुत-इकाई

| | उसी पंक्ति के | | | | | दो अगों की इकाई के | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | उपांत्य | + | चतुर्थ | + | षष्ठ | + | गुरुप्लुत-पंक्ति का उपांत्य | + | लघुप्लुत-पंक्ति का | + | लघुगुरु-पंक्ति का षष्ठ | = | |
| पहले | कोठे में नही | + | नही | + | नही | + | २ | + | २ | + | २ | = | ६ |
| दूसरे | ,, ,, ,, | + | ,, | + | ,, | + | ० | + | ० | + | ० | = | ० |

इसी रीति से दूसरे कोठों का पूरण कर सकते हैं। चार अंगों की इकाइयों में, अंक भरने के लिए, पहले, उसी पक्ति के उन अंगों के नियत अत्य, उपांत्य, चतुर्थ और षष्ठांकों को मिला लेना है। बाद में, उन-उन इकाइयों के अगों को तीन-तीन करके मिलाना। उन तीन अगों की इकाइयों की नियत-पक्ति की बड़े अंगवाली इकाई की अत्य व उपांत्य श्रेणियों के आद्यांक को एवं छोटे अगवाली इकाई में अंत्यांक को जोड़ लो।

## द्रुतलघुगुरुप्लुत-इकाई

| उसी पंक्ति के | | | | | ३ अंगों की इकाई के | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अंत्य + | उपांत्य + | चतुर्थ + | षष्ठ + | लघुगुरुप्लुतपंक्ति का अंत्य + | द्रुतगुरुप्लुतपंक्ति का उपांत्य + | द्रुतलघुप्लुतपंक्ति का चतुर्थ + | द्रुतलघुगुरुपंक्ति का षष्ठ | |
| पहले कोठे में | | नही | | | + ६ | + ६ | + ६ | + ६ | = २४ |

**खंडप्रस्तार**

यह तालिका ही द्रुतमेरु के रूप में नीचे बनायी गयी है जो अभीष्ट मात्राकालवाले ताल के, प्लुत, गुरु, लघु और द्रुत जैसे अगों सहित, प्रस्तारों को क्रमशः लिखने पर, उनमें से बिना द्रुत के द्विद्रुत के तथा चतुर्द्रुत आदि के प्रस्तार भेदों की एव एकद्रुत के त्रिद्रुत के और पचद्रुत आदि के प्रस्तार भेदों की संख्या को जान लेने में काम आनेवाली है। इसी प्रयोजन के लिए, लघुमेरु, गुरुमेरु प्लुतमेरु आदि की रचना हुई है।

अब प्रस्तार रचते समय, बिना द्रुत के, एकद्रुत, द्विद्रुत, त्रिद्रुत आदि के, एवं बिना लघु के, एकलघु आदि के समस्त प्रस्तार क्रमशः कैसे लिखे जायँ और ऐसे ही प्रकार गुरु और प्लुतों के प्रस्तारों की रचनामात्र कैसी की जाय, यह बात अवशिष्ट रह गयी है। इसे रचकर दिखाने की रीति का नाम है खंडप्रस्तार।

## खंड प्रस्तार बनाने की विधि

अभीष्ट मात्राकालवाले द्रुत, लघु, गुरु या प्लुतों से युक्त केवल इच्छित प्रस्तारों को क्रमशः लिखिए। उनके बीच अन्य जाति के प्रस्तार आ जायँ तो, पहले लिखने योग्य नीचे के अंग को छोड़कर, उसके न्यूनांग को एवं उसकी दाहिनी ओर के अंग की नीची श्रेणी को लिखने की विधि को प्रयोग में लाना चाहिए। ऐसे करके, दाहिनी ओर के ऊपरवाले अंगों को लिखने के बाद, कमी को पूरा करने के लिए, बाई ओर

लिखे जानेवाले अंगों को, इच्छित संख्यावाले द्रुत आदि जैसे लिखने पर स्थान पायें, वैसे लिखना चाहिए।

उदाहरणार्थ एक प्लुतमात्रावाले ताल के प्रस्तार को लीजिए। पहले केवल बिना द्रुत के प्रस्तारों को लिखें। तब प्रस्तारों का पहला भेद "`S"; उसके नीचे का दूसरा प्रस्तार "। S" हम, क्रम से, प्रस्तार करते जायँ तो लघु के नीचे "०" लिखना पड़ेगा। पर, हमें तो वे ही प्रस्तार चाहिए, जिनके रूप में द्रुत ही न आये। इसलिए लघु के नीचे द्रुत न लिखकर उसकी दाहिनी ओर के गुरु के नीचे लघु लिखना चाहिए। अब की कमी को पूरा करने के लिए केवल एक गुरु लिखें, तो प्रस्तार का रूप " S।" होगा। आगे का प्रस्तार, गुरु के नीचे लघु, उसकी दाहिनी ओर ऊँचेवाले लघु का प्रतिरूप एक लघु और कमी के पूरणार्थ बाईं ओर एक और लघु लिखकर बना सकते हैं। अर्थात् प्रस्तार का रूप "।।।" होगा। इससे प्रस्तार की रचना समाप्त कर लेनी पड़ती है, क्योंकि आगे के प्रस्तार की रचना में द्रुतहीन होने का अवकाश नहीं है। अतः हमने बिना द्रुत के चार प्रस्तार पाये हैं। द्रुतमेरु की तालिका में, जो बात लिखी हुई है कि ६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों में बिना द्रुत के चार ही प्रस्तार होंगे, वह सच्ची निकली।

इसी तरह, द्विद्रुत-प्रस्तार की रचना करनी पड़ती है, तो प्रत्येक प्रस्तार में दो द्रुत होने चाहिए। तब, पहला प्रस्तार "००S" होगा। पहले प्रस्तार के द्रुत के नीचे लघु लिखिए। न्यूनता-पूर्ति-निमित्त गुरु का प्रयोग न करके, एक लघु और उसके पार्श्व मे दो द्रुत लिखिए। लीजिए, अब हुआ दूसरा प्रस्तार "०० ।।" तीसरे प्रस्तार में, लघु के नीचे द्रुत लिखो। दाहिनी ओर के लघु को ज्यों-का-त्यों उतार कर लिखो। कमी के पूरणार्थ एक लघु और एक द्रुत लिख सकोगे। तीसरा प्रस्तार हुआ है ०।०।, चौथा प्रस्तार ।००।, पाँचवाँ प्रस्तार ०S०, छठा प्रस्तार ०।।०, सातवाँ प्रस्तार ।०।०, आठवाँ प्रस्तार S००, नौवाँ प्रस्तार ।।००,

आगे, प्रस्तार कर जायँ तो, ज्यादा दो द्रुतों के प्रस्तार ही अवश्य आ पड़ेंगे। इससे यह मालूम पड़ता है कि हमें अभीष्ट इस खड-प्रस्तार में नौ ही द्विद्रुत-प्रस्तार मिलेंगे। द्रुतमेरु की तालिका में भी इसे भली-भाँति समझ सकते है। इसी तरह, दूसरे प्रस्तार भी लिखने योग्य है।

**द्रुतमेरु का नष्ट—१**

द्रुतमेरु की तालिका द्वारा, बिना द्रुत के तथा एक, दो, तीन आदि द्रुतों के प्रस्तार-भेदों की सख्या हमें मिलती है। उन भेदों के बीच, किसी भेद के बारे में यदि कोई पूछे,

कि अमुक भेद कैसा है, तब उत्तर देना पड़ता है। इसी प्रश्नोत्तर का नाम है द्रुतमेरु का नष्ट। इसे खोज लेने की विधि यों है––

## नीचे से पहली पंक्ति में

(अ) समसंख्यक द्रुतवाले कोठों के निर्दिष्ट-भेदों का नष्ट प्रश्न––

अभीष्ट भेद की पंक्ति-संख्या को निर्दिष्ट कोठे के अंक से, पहले घटाओ। घटने पर बाकी जो रहा उससे, उस कोठे के ऊपरवाले तीसरे कोठे के अंक को घटाओ। घटे तो अभीष्ट भेद का एक गुरु मिला; अन्यथा एक लघु मिलेगा शेषांक से, पांचवें कोठे के अंक को घटाओ। घटा, तो पहले मिला हुआ गुरु प्लुत हो जाता है। पहले लघु मिला हो तो उससे एक गुरु ही मिलेगा। घटित न होने पर, पहले लघु मिला हो तो उससे एक और लघु मिलेगा। गुरु की प्राप्ति पहले हुई तो, अब घटने की क्रिया न होने से कुछ की भी प्राप्ति नहीं। इतने में ही, ताल के मात्रा-काल के आवश्यक अंग मिल गये तो यहीं रुकना चाहिए। यदि, आगे, घटा देने के लिए शेषांक कुछ भी न पाने पर, मात्रा-काल के आवश्यक भी अंग न प्राप्त हुए, तो उस कमी को लघुओं से पूरा करना चाहिए। यदि अंग पूरे न हों और अंक भी शेष रहें तो, पाँचवें कोठे को अंत्य बनाकर उसके तीसरे एवं पाँचवे के अंकों को, पहले कहे अनुसार घटाओ। जहाँ तक शेष पाओ [illegible] यों ही घटाओ।

उदाहरणार्थ, आठ द्रुतवाले ताल के, बिना द्रुत के प्रस्तारों को लीजिए। उनकी संख्या "७", द्रुत-मेरु की नीचेवाली पंक्ति से स्पष्ट प्रतीत होती है। उनमें से पहले, प्रस्तार के रूप के बारे में प्रश्न किया जाता है, तो शुरू में, ७ में से १ को घटाओ। बाकी रहा ६। उस अंक ६ से, तृतीय कोठे के "४" को घटा देने पर शेष हुआ २। घटने के कारण मिला एक गुरु। अब के शेषांक "२" से पाँचवे अंक "२" को घटाने पर बच जाता है शून्य। पंचम के भी घटने के कारण पहले का मिला हुआ गुरु प्लुत हो जाता है। कुछ भी शेष बचा नहीं; पर तालमात्रा के अंगों की कमी तो रह गयी है। इसलिए इसके पूरणार्थ बाईं ओर एक लघु को मिला लेना। ऐसा करने पर पहला प्रस्तार । ऽ हुआ।

दूसरे प्रस्तार की जानकारी के लिए "७" से "२" को घटाकर शेष अंक "५" से तृतीयांक "४" को घटा देने पर बाकी रहा "१" अंक। घटित होने से मिला एक गुरु। अब के शेषांक "१" से पंचमांक "२" को घटा देने की गुंजाइश नहीं; इसलिए किसी की भी प्राप्ति न होगी। इस अवस्था में, तालांग भी पूर्ण निकले नहीं, अंक भी शेष रह गये हैं। इसलिए, पंचम को अंत्य बनाकर उसके तृतीयांक "१" को घटाने

पर शून्य शेष हुआ है। घटाने से एक और गुरु मिला; तालांग भी पूर्ण हुआ। इससे दूसरा प्रस्तार ऽऽ हुआ है। ऐसे ही दूसरे भेदों को समझ लेना चाहिए।

(आ) विषमसंख्याक द्रुतवाले कोठो के निर्दिष्ट भेदों का नष्ट-प्रश्न।

इसको जानने के लिए, सर्वप्रस्तार के नष्ट-प्रकरण में जो रीति कह आये है उससे काम लेना चाहिए। उसके अनुसार, पहले अंत्याक से नष्ट को घटाने पर जो अंक बच जाता है उससे अंत्यांक के पूर्वांको को क्रमशः घटाते जाइए। घटा तो लघु मिलेगा; नही तो द्रुत मिलेगा; साथ-साथ दो अक घटे, तो गुरु मिलेगा; गुरु के मिलने बाद उसका तीसरा अक भी घटा, तो गुरु प्लुत हो जाता है। लघु की प्राप्ति के बाद (पहला) एक अंक न घटकर द्रुत प्राप्त हुआ हो तो भी उसे मत लेना। प्लुत एवं गुरु इन दोनो की प्राप्ति के बाद, दो अंक न घटे हों तब भी उनसे प्राप्त होनेवाले द्रुतों को मत लेना। सर्वप्रस्तार की रीति में, नष्ट की खोज करते समय एक द्रुत मिल गया तो, उसके आगे इस विधि से काम करना है कि जो द्रुतमेरु के समसंख्याक पंक्ति के कोठों के नष्टान्वेषण के योग्य हुई हो। उदाहरणतया, ७ द्रुतमात्रावाले ताल के एक-द्रुत प्रस्तारों को लीजिए। द्रुतमेरु की तालिका से यह जाना जाता है कि वे प्रस्तार १२ है। इनके पहले प्रस्तार-भेद के बारे में प्रश्न किया है, तो उत्तरनिमित्त "१२" से नष्ट "१" को घटाना। तब शेष ११ हुआ। उस शेषांक "११" से उसके पूर्वांक "४" को घटाने पर "७" शेष हुआ। घटने के कारण मिलता है एक लघु। उस अंक "७" से पूर्वांक "५" को घटाओ। तब "२" बच जाता है; और एक लघु की प्राप्ति के कारण लघु गुरु हो जाता है। उस शेषांक "२" से तीसरे अक "२" को घटा देने पर शेष रहा शून्य। और लघु के मिलने से गुरु प्लुत के रूप में बदल जाता है। कमी के पूरणार्थ सिर्फ एक द्रुत को जोड़ देना। अब यह रूप ० ऽ पहले भेद का है।

दूसरा उदाहरण—पूर्वोक्त (विषम) कोठों के भेदो के बीच कोई पूछे कि ११ वाँ भेद कैसा है, तो उसे जान लेने के लिए "१२" से नष्टांक "११" को घटाना है। शेष हुआ "१"। इससे पूर्वांक "४" को घटाना असम्भव है। इसलिए एक द्रुत मिला। द्रुत-प्राप्ति के कारण, भेद के दूसरे अगों की जानकारी के लिए समसख्याक पक्तियो की पद्धति का प्रयोग करना है। "४" को अंत्य बनाकर उसके तृतीयांक "२" को "१" से घटाना है, परन्तु यह भी असंभव है। इससे एक लघु की प्राप्ति हुई। इसके बाद, पंचमांक "१" को "१" से घटाने पर बाकी शून्य हुआ। घटने से गुरु मिला। अन्ततः ११ वाँ भेद ऽ।० हुआ। इसी तरह, अन्य विषमसख्याक कोठों के नष्ट की जानकारी भी प्राप्त कर लेनी चाहिए।

## नीचे वाली पंक्ति से अन्य पंक्तियों में

इन कोठों के नष्ट को खोज लेने के लिए, नीचे से पहली पंक्ति के समसंख्याक द्रुतकाल के कोठों के बारे में जिस रीति का प्रयोग किया गया है, उसके अनुसार तृतीय पंचमांकों को घटाना है। साथ ही उपांत्य के नीचेवाले अंक को भी घटा देना है। घटे, तो लघु मिलेगा। नहीं तो द्रुत मिलेगा। प्रस्तार के अंग पूर्ण न हों और अंक शेष भी रह जाते हों, तो पंचम को अंत्य बनाकर फिर, पहली रीति के अनुसार, घटाकर जाना है। अंत्य हो जानेवाला पंचम, विषमसंख्याक द्रुतपंक्ति में रहे तो, नीचेवाली पंक्ति के विषमसंख्याक प्रभेद और समसंख्याक द्रुतपंक्ति में रहता तो उसी पंक्ति के (नीचेवाली) समसंख्याक प्रभेद के अनुसार घटाने की क्रिया करना है।

उदाहरण—द्रुतमेरु-तालिका से यह समझा जाता है कि ६ द्रुतमात्राकालवाले ताल के प्रस्तारों में द्विद्रुत के भेद ९ हैं। उनमें से यदि कोई पूछे कि पहला भेद कौन है तो उसे समझा देने के लिए पहले, ९ से नष्टांक "१" को घटाओ। शेष ८ हुआ उससे उसके उपांत्य "५" को घटाने पर बाकी हुआ "३"। घटाने से एक लघु मिला। "३" से तृतीयांक "३" को घटाने पर बाकी शून्य हुआ। घटने के कारण लघु गुरु हुआ। घटाने के लिए बाकी अंक न रहने के कारण तालांग की कमी के पूरणार्थ "२" द्रुतों को जोड़ लो। अब पहला भेद ००ऽ सिद्ध हुआ है।

**द्रुतमेरु का उद्दिष्ट—२**

नष्ट प्रश्न में, जिन अंकों के घटित होने के कारण हमें तालांग मिले थे उन्ही सारे अंकों को एक-साथ जोड़कर प्रस्तार संख्या से घटाने पर भेद (अभीष्ट) की क्रम-सख्या प्राप्त होती है।

## नीचे से पहली पंक्ति में

(अ) समसख्याक द्रुतवाली पंक्ति के कोठों का उदाहरण—

८ द्रुतमात्रावाले ताल-प्रस्तारों के बीच, बिना द्रुत के भेदों मे ।।ऽ रूपवाले भेद की क्रमसख्या क्या है? इसे जानने के लिए प्रस्तार के आदि अग गुरु की प्राप्ति कैसी हुई होगी—यह समझ लेना है। गुरु होने के कारण, तृतीयांक "४" के घटित होने से प्राप्त होना चाहिए। इसलिए उसे लेना चाहिए। लघु तो जो अंक न घटे होंगे उनसे मिले है। इसी कारण उसके मूलभूत अकों को मत लो। तदनन्तर समग्र भेदों की संख्या "७" से "४" को घटाने पर बाकी "३" बचा। इससे यह जाना जाता है कि अभीष्ट प्रस्तार बिना द्रुत के प्रस्तारों के तीसरे भेद का है।

(आ) विषमसंख्याक द्रुतवाली पंक्ति के कोठों का उदाहरण—

७ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों के बीच एकद्रुत के भेदों की संख्या है "१२"। उनके बीच ०।।। रूपवाले भेद की क्रम-संख्या जान लेना है, तो सर्वप्रस्तार के उद्दिष्ट-मार्ग की विधि का अनुसरण करना है। प्रस्तार का पहला अंग तो लघु है। इसकी प्राप्ति उपांत्यांक "४" के घटने के कारण मिली होनी चाहिए। उसके पार्श्व में दूसरा लघु है। इसकी प्राप्ति का कारण भी वही होना चाहिए कि बीच में एक अक न घटने वाला अवश्य रहा होगा। वैसा न हुआ होता तो पहले का लघु, गुरु के रूप में अवश्य परिणत हो चुका होगा। इसी कारण उपांत्य के पूर्वांक को (५ को) छोड़ देना पड़ता है, परंतु उसके पूर्वांक दो को ले लेना है। बाद में और एक लघु है। पहले कहे अनु-सार पंचमांक (२) को छोड़कर, इस लघु के लिए, षष्ठांक "१" को मिला लेना है। इसके बगलवाले द्रुत की प्राप्ति एक अघटित-अक से होनी चाहिए। अतः इस द्रुत के कारण किसी भी अक को मत लेना। अन्ततः, जो अंक घटे है उनको—अर्थात् ४, २, १ को जोड़कर प्राप्तांक ७ को सारे भेदो की संख्या "१२" से घटाने पर शेप हुआ "५"। यही शेपांक "५" एकद्रुत के प्रस्तार-भेदो के बीच अभीष्ट-प्रस्तार की क्रम-सख्या का बोधक ह।

नीचेवाली पहली पंक्ति के अलावा अन्य पक्तियो के कोठे का उदाहरण—

६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारो में, द्विद्रुत के प्रस्तार-भेद है ९। उनके बीच ० ० ऽ वाले रूप की क्रम-संख्या क्या है, यह खोज लेना है।

इस भेद का पहला अग है गुरु। साथ-साथ दो अको के घटने से यह गुरु प्राप्त होना चाहिए। यानी उपांत्य का नीचेवाला अंक "५" और तृतीयांक "३" घटे है, इसलिए उनको लेना है। उस गुरु के बगलवाले दो द्रुत न घटे हुए अगो से प्राप्त है; अतः इनके लिए किसी अक को लेने की गुंजाइश नही। अब घटा हुआ अक "५" और "३" को जोड़कर कुल-संख्या "९" से घटाने पर बाकी हुआ १। इस शेपांक से यह जाना जाता है कि ६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों मे, द्विद्रुत के भेदों के बीच निर्दिष्ट-भेद पहले प्रकार का है।

## लघुमेरु का नष्ट

नीचे से पहली पंक्ति में—

इस पंक्ति के कोठों में, विना लघु के ही भेदों के अंक निर्दिष्ट हैं। इसके नष्ट को समझ लेने के लिए अंत्यांक से नष्ट-प्रश्न की संख्या को घटाकर बचे हुए शेषांक से उसके पहले कोठों के अंकों को क्रमशः घटाते जाइए। अंक, यदि, न घटे, तो द्रुत मिलेगा

घटे तो गुरु मिलेगा। घटे हुए अंक से एक गुरु मिलने पर उसके पार्श्ववर्ती एक या दो अंक, चाहे घटे ही, परन्तु उसके लिए द्रुतों को न मिलाया जाय। एक गुरु की प्राप्ति के बाद एक या दो बगलवाले अंक न घटें और उसके पार्श्व का अंक घटता हो तो, पहले प्राप्त गुरु प्लुत हो जायेगा। दो अंकों से अधिक के तीसरा अंक भी न घटकर चौथा अक घटता हो, तो एक और गुरु मिलेगा।

उदाहरण—६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों में, बिना लघु के भेद ५ है, यह लघुमेरु की तालिका से जाना जाता है। अब यदि कोई पूछे कि इनमें से तीसरा भेद कौन-सा है, हम इसका इसी रीति से उत्तर देंगे।

पहले, भेदों की कुल-संख्या "५" से नष्ट प्रश्नांक "३" को घटाने पर प्राप्त शेषांक "२" से, पांच के पहलेवाले अक "३" को घटाना है। यह संभव नही; इसलिए एक द्रुत मिला। बाद में, उसके पूर्वांक "२" को "२" से घटाने पर बाकी रहा शून्य। घटने से मिलता एक गुरु। तालांग पूर्ण न होने के कारण, कमी की निवृत्ति के लिए एक द्रुत को जोड़ लो। ऐसा हुआ तीसरा भेद ० ऽ ०.

नीचे से पहली के बिना अन्य पंक्तियों में—

पहले, भेदों की सारी संख्या से नष्टांक को घटा करके, पीछे द्वितीय एवं तृतीय के नीचेवाले अक और पंचमांक को घटा लेना है। ऐसे घटाते समय, न घटने वाले अक से द्रुत और घटनेवाले अक से लघु मिलेगा। एक लघु मिल गया तो उसके बाद घटाने योग्य-अकों को उसकी नीचेवाली पंक्ति से लेना चाहिए। ऐसा करते समय उस नियम को निभाना है, जो नीचेवाली पंक्ति के लिए नियत है। अग पूर्ण न होकर, घटाने के लिए अंक भी यदि बच रहे तो पहले कहे अनुसार फिर, पंक्ति-क्रम से घटाते जाइए। अंक बाकी न हो, तो कमी का आवश्यक लघुओं से, पूरण कर लेना है। यह संगीतरत्नाकर के भाग से (५ वाँ अध्याय, श्लोक ३९८–४०१) लिया गया है। परंतु इस विधि पर, बिना अदल-बदल किये, चलने से नष्ट-भेद का सच्चा रूप ठीक-ठीक नहीं प्राप्त होता। कल्लिनाथ और सिंहभूपाल—इन टीकाकारो की टीका के अनुसार भी अभीष्ट-भेद का रूप प्राप्त नही होता।

## गुरुमेरु का नष्ट

नीचे से पहली पंक्ति में—

पहले, समग्र भेदों की संख्या से नष्टांक को घटा कर, पीछे उसके पूर्ववर्ती अंको को, सर्वप्रस्तार के नष्ट को घटाने की भाँति क्रमशः घटाते जाइए। इसमें विशेषता यह है कि घटाते समय प्राप्त होनेवाले गुरु को प्लुत में बदल कर लेना है।

उदाहरण—६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों में बिना गुरु के भेद "१४" हैं, यह गुरुमेरु की तालिका से ज्ञात होता है। इनमें पहला भेद कौन सा है ? यह प्रश्न पूछा जाय, तो इसका जवाब इसी रीति पर दिया जायेगा।

पहले सारे भेदों की सख्या "१४" से नष्टांक "१" को घटाने पर शेष हुआ "१३"। इससे "१४" के पूर्वांक "८" को घटाओ। बाकी हुआ "५"; घटाने की क्रिया होने के कारण मिला लघु । शेषांक से पहला अंक "५" घटित हुआ; केवल शून्य बच गया। इस बार पहले प्राप्त लघु गुरु हुआ। विशेष विधि के अनुसार गुरु को प्लुत करके बदल लेना है। अब हुआ पहला भेद ऽ.

नीचे से पहली के अलावा अन्य पक्तियों में—

यहाँ उसी विधि का अनुसरण करना चाहिए, जो लघुमेरु की नीचेवाली पहली पंक्ति के अलावा अन्य पंक्तियों में नष्ट की खोज के लिए अनुसृत की गयी है। लेकिन यहाँ, तृतीय के नीचेवाले अंक के बदले, उसी पक्ति के तृतीयांक को लेना चाहिए। उसी पंक्ति के पंचम के बदले पंचम के नीचेवाले अंक को लेना है। अंग पूर्ण न हुए हों तो, गुरु से पूर्ति कर लेनी चाहिए।

उदाहरण—६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों में एकद्रुतभेद "५" है तो पहला भेद क्या है ? इसका उत्तर देंगे। "५" से नष्टांक "१" को घटाने पर शेष "४" हुआ। शेषांक से पूर्वांक "२" को घटाने से यह अंक "२" बचा तथा एक लघु मिला। "२" से तृतीयांक "१" को घटाने पर शेष हुआ "१" और पहले प्राप्त लघु गुरु हुआ। "१" से पंचम के नीचेवाले अंक "२" को घटाना संभव नही; इसलिए कुछ भी न मिला। पीछे, "२" के पूर्वांक "१" को घटाने से केवल शून्य बचा। इससे एक लघु की प्राप्ति हुई। अन्ततः पहला भेद ।ऽ हुआ है।

## प्लुतमेरु का नष्ट

नीचे से पहली पक्ति में—

इसके लिए सर्वप्रस्तार के नष्ट की रीति के अनुसार क्रमशः घटाते हुए आगे बढ़ाना है।

उदाहरण—६ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों में बिना प्लुत के भेद "१८" है, यह प्लुतमेरु की तालिका से ज्ञात होता है। यदि कोई पूछे कि इनमें दूसरा भेद क्या है, इसका उत्तर इस रीति से प्राप्त होगा। पहले तमाम भेदों की संख्या से (१८ से) नष्टांक "२" को घटा लीजिए। बचे हुए अंक "१६" से पहले के अंक "१०" को घटाने पर शेष है अंक ६ और एक लघु मिलता है। "६" से पूर्वांक "६" को घटाने पर

केवल शून्य बच जाता है। पहले मिला हुआ लघु गुरु हो जाता है। तालांग पूर्ण न होने से कमी के पूरणार्थ दो द्रुतों को जोड़ लीजिए। दूसरे भेद का रूप होता है ० ० ऽ.

नीचेवाली पहली के अतिरिक्त अन्य पक्तियों में––

इसके लिए गुरुमेरु की पद्धति से घटाना चाहिए। उसी पंक्ति के आखिरी कोठे तक घटाते जाते समय, अंत्य कोठे में द्रुत, लघु या गुरु के मिलने पर वह प्लुत हो जाता है। प्लुत मिल गया तो, नीचेवाली पंक्ति के आद्य ६ कोठों को छोड़कर सातवें कोठे से फिर से घटाना आरम्भ करना है।

उदाहरण––आठ द्रुतमात्रावाले ताल के प्रस्तारों में, एक प्लुत के भेद "५" है। इनमें से पहले भेद की खोज अब करनी है। पहले, "५" से नष्टांक "१" को घटाने पर प्राप्त शेषांक "४" से पूर्वांक "२" को घटाओ। अब "२" बच जाता है और घटित होने से मिलता है एक लघु। बाकी अंक "२" से पूर्वांक "१" को घटाओ। शेषांक "१" बच जाता है तथा पहले प्राप्त लघु गुरु हो जाता है। उसी पक्ति के आखिरी कोठे में गुरु की प्राप्ति होने के कारण गुरु को प्लुत के रूप में बदल लीजिए। शेषांक से (१ से) नीचेवाली पक्ति के सातवें अंक "२" को घटाना संभव नहीं। अतः उसके पूर्वांक "१" को घटाना है। अब शेष रहा शून्य। घटाने की क्रिया होने से एक लघु मिलता है। पहला भेद ।ऽ̀ का होता है।

## द्रुत, लघु, गुरु और प्लुत मेरुओं के उद्दिष्ट

इनके उद्दिष्ट की जानकारी, सर्वप्रस्तार के उद्दिष्ट की खोज के लिए जिस विधि का अनुसरण किया गया है, उसके अनुसरण करने पर प्राप्त होगी। इन मेरुओं की प्रत्येक पंक्ति के उद्दिष्ट जान लेने निमित्त, नष्ट के घटित-अंकों को जोड़कर, उसे समग्र भेदों की संख्या से घटाने पर भेद की क्रम-संख्या मिलेगी।

ताल-प्रस्तार से सम्बन्ध रखनेवाले खंड-प्रस्तार, द्रुत-मेरु, लघु-मेरु, प्लुतमेरु, संयोग-मेरु और इनके नष्ट व उद्दिष्ट––ये विषय, 'सगीतरत्नाकर' में कहे अनुसार विशद रूप से लिखे गये हैं।

*